श्री संघदासगणि विरचित

व्यवहार भाष्य

VYAVAHĀR BHĀSYA



वाचना प्रमुख

गणाधिपति तुलसी

प्रधान संपादक

आचार्य महाप्रज्ञ

संपादिका

समणी कुसुमप्रज्ञा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निग्गंथं पावयणं

व्यवहार भाष्य

[मूलपाठ, पाठान्तर, पाठान्तर-विमर्श, निर्युक्ति, विस्तृत भूमिका तथा
विविध परिशिष्टों से समलंकृत]

वाचना प्रमुख
गणाधिपति श्री तुलसी

प्रधान संपादक
आचार्य महाप्रज्ञ

संपादिका
समणी कुसुमप्रज्ञा

जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक :
जैन विश्व भारती संस्थान
लाडनूं-३४१ ३०६ (राजस्थान)

© जैन विश्व भारती, लाडनूं

प्रथम संस्करण
विक्रम संवत् २०५३
सन् १९९६

पृष्ठांक सं. ८७०

मूल्य : ७००/-

कम्प्यूटर सेटिंग : सुदर्शन कम्प्यूटर्स, जोधपुर

मुद्रक : पवन ऑफसैट प्रिंटर्स, नवीन शाहदरा
दिल्ली-११००३२ फोन : २२७३६४५, २२९६४२७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

VYĀVĀHĀR BHĀSYĀ

[Original text, varaint readings, critical notes, niryukti, preface and various appendixes]

Vachanapramukha
Ganadhipati Sri Tulsi

Chief Editor
Acharya Mahaprajna

Editor
Samani Kusumprajna

JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Publisher :
Jain Vishva Bharati Institute
Ladnun–341306 (Rajasthan)

© Jain Vishva Bharati, Ladnun

First Edition
Vikram Samvat 2053
August 1996

Price : Rs. 700/-

Computer Setting by : Sudarshan Computers, Jodhpur
Printerts : Pawan Offset Printers, Naveen Shahdara
Delhi-110032, ☎ 2273645, 2299427

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समर्पण

पुट्ठो वि पण्णापुरिसो सुदक्खो,
आणापहाणो जणि जस्स निच्चं।
सच्चप्पओगे पवरासयस्स,
भिक्खुस्स तस्स प्पणिहाणपुव्वं ॥

जिसका प्रज्ञापुरुष पुष्ट पटु,
होकर भी आगमप्रधान था।
सत्ययोग में प्रवर चित्त था,
उसी भिक्षु को विमल भाव से ॥

विलोडियं आगमदुद्धमेव,
लद्धं सुलद्धं णवणीयमच्छं।
सज्झाय-सज्झाणरयस्स निच्चं,
जयस्स तस्स प्पणिहाणपुव्वं ॥

जिसने आगम दोहन कर-कर,
पाया प्रवर प्रचुर नवनीत।
श्रुत सद्ध्यान लीन चिर चिन्तन,
जयाचार्य को विमल भाव से ॥

पवाहिया जेण सुयस्स धारा,
गणे समत्थे मम माणसे वि।
जो हेउभूओ स्स पवायणस्स,
कालुस्स तस्स प्पणिहाणपुव्वं ॥

जिसने श्रुत की धार बहाई,
सकल संघ में, मेरे मन में।
हेतुभूत श्रुत-सम्पादन में,
कालुगणी को विमल भाव से ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतस्तोष

अंतस्तोष अनिर्वचनीय होता है उस माली का, जो अपने हाथों से उप्त और सिंचित द्रुमनिकुंज को पल्लवित-पुष्पित और फलित हुआ देखता है, उस कलाकार का, जो अपनी तूलिका से निराकार को साकार हुआ देखता है और उस कल्पनाकार का, जो अपनी कल्पना को अपने प्रयत्नों से प्राणवान् बना देखता है। चिरकाल से मेरा मन इस कल्पना से भरा था कि जैन आगमों का शोधपूर्ण सम्पादन हो और मेरे जीवन के बहुश्रमी क्षण उसमें लगें। संकल्प फलवान् बना और वैसा ही हुआ। मुझे केन्द्र मान मेरा धर्मपरिवार उस कार्य में संलग्न हो गया। अतः मेरे इस अंतस्तोष में मैं उन सबको समभागी बनाना चाहता हूँ, जो इस प्रवृत्ति में संविभागी रहे हैं। संक्षेप में यह संविभाग इस प्रकार है—

प्रधान संपादक	**आचार्य महाप्रज्ञ**
संपादिका	**समणी कुसुमप्रज्ञा**
निर्युक्ति पृथक्करण	**मुनि दुलहराज**
ग्रंथ समायोजन	**मुनि हीरालाल**
	मुनि दुलहराज

संविभाग हमारा धर्म है। जिन-जिन ने इस गुरुतर प्रवृत्ति में उन्मुक्त भाव से अपना संविभाग समर्पित किया है, उन सबको मैं आशीर्वाद देता हूँ और कामना करता हूँ कि उनका भविष्य इस महान् कार्य का भविष्य बने।

गणाधिपति तुलसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आशीर्वचन

जैन आगम ज्ञान के अक्षय कोष हैं। आगम साहित्य का प्रत्येक ग्रन्थ अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। ढाई हजार वर्षों के इस लम्बे अन्तराल में आगम ग्रन्थों पर काफी काम हुआ है। आगमों में निहित ज्ञानराशि को विस्तार देने के लिए इन पर व्याख्या ग्रन्थ लिखे गए। कुछ व्याख्याएं संक्षिप्त हैं, कुछ विस्तृत हैं। भाष्यकार आचार्यों ने अपने कार्य को बहुत विस्तार देने का प्रयास किया। निशीथ, व्यवहार, बृहत्कल्प आदि छोटे-छोटे आगमों पर बृहद् भाष्य लिखकर उन्होंने जैन शासन की अनेक मूल्यवान् परम्पराओं को सुरक्षित रख लिया। उक्त तीनों आगम छेदसूत्रों में आते हैं। छेदसूत्रों पर विदेशी विद्वानों ने भी अच्छा काम किया है।

हमने अपने धर्मसंघ में आगम-सम्पादन का कार्य शुरू किया, उसी समय हमारा संकल्प था कि हमें मूल आगमों के साथ व्याख्या ग्रंथों पर भी काम करना है। बत्तीसी के रूप में विश्रुत आगम-सम्पादन का हमारा काम चल ही रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ उसमें प्रारम्भ से ही संलग्न हैं। उनके निर्देशन में अनेक साधु-साध्वियां काम कर रही हैं। व्याख्या-साहित्य के सम्पादन में सबसे पहले व्यवहार सूत्र के भाष्य का काम हाथ में लिया गया।

'व्यवहार भाष्य' आकार में निशीथ और बृहत्कल्प से थोड़ा छोटा हो सकता है, पर इसका संपादन बहुत ही जटिल प्रतीत हो रहा था। इसका एक कारण था भाष्य और निर्युक्ति का सम्मिश्रण। कोई भी काम कितना ही जटिल क्यों न हो, संकल्प और पुरुषार्थ का प्रबल योग हो तो उसे सहजता से सम्पादित किया जा सकता है। हमने इस कार्य में **'समणी कुसुमप्रज्ञा'** को नियोजित किया। कोई भी अकेला व्यक्ति इतना बड़ा काम नहीं कर सकता। उसे भी मार्गदर्शन और सहयोग की अपेक्षा थी। संघीय जीवन में यह सुविधा सरलता से मिल सकती है। उपयुक्त मार्गदर्शक और अपेक्षित सहयोगियों के अभाव में काम लम्बा हो जाता है। अनेक व्यक्तियों की निष्ठा और लगन से व्यवहार भाष्य के संपादन का कार्य संपन्न हुआ। इस कार्य में जितना श्रम और समय लगा, उसका अनुभव कार्य करने वालों को ही नहीं, देखने वालों को भी हुआ।

प्रसन्नता की बात यह है कि यह काम हमारे धर्मसंघ की समणी कुसुमप्रज्ञा ने किया है। महिलाओं द्वारा किए गए ऐसे गुरुतर कार्य को उपलब्धि माना जा सकता है। शताब्दियों में यह प्रथम अवसर होगा, जब साध्वियां और समणियां इस रूप में आगम कार्य में अपना योगदान कर रही हैं। मैं इस कार्य को श्रुत की उपासना और संघ की सेवा के रूप में स्वीकार करता हूं। भाष्य-सम्पादन के साथ-साथ निर्युक्ति का पृथक्करण, इसके परिशिष्ट और भूमिका अपने आपमें एक शोध कार्य है। विद्वद् जगत् में इस कार्य का पूरा मूल्यांकन और उपयोग होगा, ऐसा विश्वास है।

गणाधिपति तुलसी

३१ मई १९९६
जैन विश्व भारती, लाडनूं
भिक्षु विहार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मंगलवचन

आगम के वट-वृक्ष का विस्तार व्याख्या ग्रंथ रूपी शाखाओं से हुआ है। निर्युक्ति से लेकर टब्बा और जोड़ तक व्याख्या ग्रंथों की अनेक विधाएं हैं और अनेक रचना शैलियां हैं। इन व्याख्या ग्रंथों में निर्युक्ति साहित्य के बाद भाष्य ग्रंथों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। बृहत्कल्प, व्यवहार और निशीथ—इन तीनों छेद सूत्रों पर विशाल भाष्य लिखे गए हैं। इनमें व्यवहार भाष्य का प्रकाशन अत्यंत अगम्य शैली में हुआ। उसे सामग्री की सुलभता से अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता। निर्युक्ति और भाष्य का मिश्रण, क्रमांक की अव्यवस्था, पाठ की अशुद्धि आदि अनेक समस्याएं रही हैं।

पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी के वाचना प्रमुखत्व में चार दशक से आगम-संपादन का कार्य अनवरत चल रहा है। इस कालावधि में अनेक आगमों, व्याख्याग्रंथों तथा कोश ग्रंथों का प्रणयन और संपादन हुआ है। उनमें से एक महत्त्वपूर्ण व्याख्या ग्रंथ है व्यवहार भाष्य। इसका संपादन **समणी कुसुमप्रज्ञा** ने अत्यधिक श्रम और जागरूकता के साथ किया है। संपादन की पृष्ठभूमि में **मुनि दुलहराजजी** का श्रम अत्यंत प्रखर है। वे व्यक्त की अपेक्षा अव्यक्त को अधिक पसंद करते हैं। हमारी आगम-संपादन की गति मंथर हो सकती है, शोध पूर्ण कार्य की गति बहुत त्वरित हो नहीं सकती, किन्तु उसकी पहुंच मंथर नहीं है, यह आनंदानुभूति का विषय है। इस आनंदानुभूति में पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद और कार्य में संलग्न साधु-साध्वियों, समणियों का प्रमोदभाव निरन्तर विकसित होता रहे।

२२ मई १९९६ **आचार्य महाप्रज्ञ**

जैन विश्व भारती,
लाडनूं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रंथानुक्रम

१. प्रकाशकीय	१३
२. संपादकीय	१५
३. व्यवहार भाष्यः एक अनुशीलन	२६
४. The Glimpses of Vyavahar Bhasya	६३
५. संकेत-निर्देशिका	१११
६. विषयानुक्रमणिका	११३
७. मूलपाठ	१-४४७
—पीठिका	१
प्रथम उद्देशक	१८
द्वितीय उद्देशक	६७
तृतीय उद्देशक	१३४
चतुर्थ उद्देशक	१६८
पंचम उद्देशक	२२०
षष्ठ उद्देशक	२३३
सप्तम उद्देशक	२६८
अष्टम उद्देशक	३२०
नवम उद्देशक	३४६
दशम उद्देशक	३६२
८. परिशिष्ट	
व्यवहार भाष्य-गाथानुक्रम	१
निर्युक्ति-गाथानुक्रम	६१
सूत्र से संबंधित भाष्य-गाथाओं का क्रम	७०
टीका एवं भाष्य की गाथाओं का समीकरण	७२
एकार्थक	१०५
निरुक्त	१०८
देशीशब्द	११३
कथाएं	१२४
परिभाषाएं	१६४
उपमा	१७७
निक्षिप्त शब्द	१८०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	सूक्त-सुभाषित	१८१
	अन्य ग्रंथों से तुलना	१६२
	आयुर्वेद और आरोग्य	२१३
	कायोत्सर्ग एवं ध्यान के विकीर्ण तथ्य	२१६
	दृष्टिवाद के विकीर्ण तथ्य	२२५
	विशिष्ट विद्याएं	२३०
	टीका में उद्धृत गाथाएं	२३३
	विशेषनामानुक्रम	२३६
	वर्गीकृत विशेषनामानुक्रम	२४५
	टीका में संकेतित निर्युक्तिस्थल	२५३
	टीका में उद्धृत चूर्णि के संकेत	२५४
	वर्गीकृत विषयानुक्रम	२५५
६.	प्रयुक्त ग्रंथ सूची	२५८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

वि. सं. २०१२ का चातुर्मास उज्जैन में हुआ। उससे पूर्व जब गणाधिपति श्री तुलसी यात्रा पर थे तब आगम-संपादन का स्वप्न संजोया। स्वप्न साकार हुआ। आज आगम-संपादन के कार्य को ४० वर्ष हो गए। इस अवधि में बत्तीस आगमों (११ अंग, १२ उपांग, ४ मूल, ४ छेद और एक आवश्यक) का मूल पाठ संपादित होकर प्रकाश में आया। इनका शब्द-इन्डेक्स भी प्रकाशित हो गया तथा अन्यान्य अनेक आगमों का सटिप्पण हिन्दी अनुवाद भी संपन्न हुआ।

अभी-अभी भगवती भाष्य तथा आचारांग भाष्य का भी प्रकाशन हुआ और उनका अंग्रेजी रूपान्तरण प्रकाशनाधीन है।

इसी बीच चार कोश—(१) एकार्थककोश, (२) निरुक्तकोश, (३) दशीशब्दकोश, (४) जैन आगम वनस्पतिकोश भी प्रकाशित हुए। सांप्रतं श्रीभिक्षु आगम विषय कोश का प्रकाशन संपन्नता पर है।

व्यवहार भाष्य के संपादन की वात गुरुदेव ने सोची और इस कार्य का दायित्व समणी कुसुमप्रज्ञाजी को दिया गया। पूर्व प्रकाशित सटीक व्यवहार भाष्य अस्त-व्यस्त तथा त्रुटिपूर्ण लगा। तब समणीजी ने अनेक हस्तप्रतियों से पाठ का अनुसंधान कर, सही पाठ का निर्धारण और तदनुरूप उसकी विमर्शयुक्त स्वीकृति को अंकित किया। हस्तप्रतियों से पाठ का निर्धारण सहज-सरल नहीं था। जितने आदर्श उतने ही पाठ-भेद। ऐसी स्थिति में पौर्वापर्य तथा अन्य छेद ग्रन्थों के आधार पर पाठ का निर्धारण कर व्यवहार भाष्य को अंतिम रूप दिया।

भाष्यगाथाएं और निर्युक्तिगाथाएं एक साथ होने के कारण उनका पृथक्करण करना बहुत जटिल था। फिर भी उन्होंने अपनी कुछेक कसौटियां बना कर निर्युक्ति गाथाओं को अलग कर दिया। यह एक दुरूह कार्य था, परन्तु गुरुकृपा से उन्होंने कार्य इस कार्य को सफलतापूर्वक संपादित कर ही दिया।

इस ग्रन्थ में पाठ-संपादन तथा पाठ-विमर्श की विशेषता तो है ही, साथ ही साथ इस ग्रन्थ में संदृब्ध २३ परिशिष्ट इस ग्रन्थ की महत्ता को बताते हुए समणीजी के परिश्रम को उजागर करते हैं। इसकी बृहद्काय भूमिका—'व्यवहार एक अनुशीलन'—भी एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है और पूरे व्यवहार भाष्य का प्रतिबिम्ब प्रस्तुत कर देता है। समणीजी ने अपनी सूक्ष्म संधित्सा के आलोक में ग्रन्थगत अनेक सूक्ष्मताओं को अनावृत किया है। हमें लगा कि अनेक अपेक्षित-अनपेक्षित कारणों से श्रम और समय की दीर्घता ने निराशा के भाव उत्पन्न किए, परंतु समणीजी की अपनी धीरता और कार्यनिष्ठा ने निराशा को क्रियान्वित नहीं होने दिया। शोधकार्य धैर्य-सापेक्ष है। वह तभी निष्ठा तक पहुंचता है जब शोधार्थी चंचल न हो, अधीर न हो। समणीजी में ये दोनों गुण हैं। ग्रन्थ की संपूर्ण समायोजना से उनके कर्तृत्व की यथार्थ झांकी प्राप्त हो जाती है।

नारी जाति द्वारा निष्पन्न यह कृति अवश्य ही एक महान् अवदान माना जाएगा। गुरुदेव श्री तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ ने नारी जाति को विद्या के क्षेत्र में अहमहमिकया बढ़ने का जो साहस और बुद्धि-वैभव दिया है वह युगयुगान्त तक याद किया जाता रहेगा।

ग्रन्थ की संपूर्ण समायोजना में मुनि श्री दुलहराजजी का अविकल योग रहा है। उनके सतत दिशा-निर्देशन एवं परामर्श के अभाव में इस महान् ग्रन्थ की यह प्रस्तुति कदापि संभव नहीं हो पाती।

जैन विश्व भारती के उपमंत्री श्रीयुत् कुशलराजजी समदड़िया की कार्यनिष्ठा और श्रमशीलता इस ग्रन्थ की संपूर्ति में पूर्ण सहायक रही है। तदर्थ उनको साधुवाद।

जैन विश्व भारती, लाडनूं
विकास महोत्सव
सितम्बर १९९६

ताराचन्द रामपुरिया
मंत्री
जैन विश्व भारती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपादकीय

युग-परिवर्तन के साथ परिवेश भी बदलता है। युगीन समस्याएं, सामाजिक स्थितियां, प्रचलित मान्यताएं एवं तत्कालीन अवधारणाएं मानव जीवन को ही प्रभावित नहीं करतीं, तत्कालीन साहित्य की अनेक विधाओं में भी वे अभिव्यंजित होती रहती हैं। जिस साहित्य में सत्यं-शिवं-सुन्दरं का दर्शन होता है, उसमें त्रैकालिकता एवं सामयिकता—दोनों का पुट होता है। प्राचीन आगम एवं उनके व्याख्या साहित्य को इसी कोटि के साहित्य में रखा जा सकता है। हजारों वर्षों का अंतराल होने पर भी इनकी महत्ता और प्राणवत्ता में कोई अन्तर नहीं आया है।

समय के बदलते पहरुए के साथ भाषा और शैली में परिवर्तन होता है। कुछ शब्द अर्थयात्रा करते हैं, अतः कालान्तर में उनका अर्थबोध करना कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति में उनकी वाचना और पाठ-शुद्धि का कार्य सरल नहीं होता। युगप्रधान गणाधिपति तुलसी ने आगम के समुद्र-मंथन का दुरूह कार्य जो चालीस वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया, वह आचार्य महाप्रज्ञजी के निर्देशन में आज तक निर्बाध गति से चल रहा है। पूज्य गुरुदेव एवं आचार्यश्री के मन में उदग्र आकांक्षा है कि पुराने साहित्य को नए संदर्भों में प्रस्तुति दी जाए। उनका चिन्तन रहा कि यदि अनुसंधानपूर्वक तटस्थ दृष्टि से परिश्रमपूर्वक आगमों का कार्य किया जाएगा तो इसके आलोक में नए तथ्य प्रकट होंगे और जिनवाणी की गरिमा बढ़ेगी।

आगम साहित्य में छेदसूत्रों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। मुनि की समग्र चर्या के अवबोधक होने के कारण आचारशास्त्र की दृष्टि से इन ग्रन्थों का अपना विशेष महत्त्व है। आचार में स्खलना होने पर ये ग्रन्थ नीति का निर्धारण करते हैं अतः नीतिशास्त्र की दृष्टि से भी इनका विशेष स्थान है। गीतार्थ और कृतयोगी—ये जैन मुनि की विशेष अवस्थाएं या उपाधियां हैं। इन दोनों अवस्थाओं को प्राप्त करने के लिए छेदसूत्रों का अध्ययन आवश्यक है। बिना छेदसूत्रों का अध्ययन किये मुनि आचार्य पद पर प्रतिष्ठित नहीं हो सकता तथा स्वतन्त्र होकर भिक्षा आदि भी नहीं कर सकता। छेदसूत्रों को सीखकर भूलने वाला भी प्रायश्चित्त का भागी होता है। ये सब तथ्य छेदसूत्रों की महत्ता को प्रकट करने वाले हैं।

छेदसूत्रों में व्यवहार सूत्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पदविभाग सामाचारी का जितना व्यवस्थित वर्णन व्यवहार सूत्र में है, वैसा अन्य छेदसूत्रों में नहीं मिलता।

ग्रंथ परिचय

व्यवहार भाष्य एक आकर ग्रंथ है। इसमें कुल ४६६४ गाथाएं हैं। प्रारम्भ में भाष्यकार ने पीठिका लिखी है, जिसे आज की भाषा में भूमिका कह सकते हैं। इसमें कुल १८३ गाथाएं हैं। मूल ग्रंथ १० उद्देशकों में विभक्त है। किस उद्देशक पर कितनी गाथाएं लिखी गयीं इसका संकेत हमने परिशिष्ट नं. ३ में कर दिया है। कुछ अतिरिक्त गाथाएं, जिनको हमने मूल में नहीं स्वीकारा है, उनको पादटिप्पण में दे दिया है। मूल ग्रंथ में भी कुछ अतिरिक्त गाथाओं को लिया है पर उनको मूल क्रमांक में नहीं जोड़ा है। प्रस्तुत ग्रंथ में अनेक विषयों का प्रतिपादन है। हमने कुछ विषयों का संकलन परिशिष्टों में किया है। प्रस्तुत ग्रंथ के साथ २३ परिशिष्ट संलग्न हैं, जो इसके महत्त्वपूर्ण तथ्यों की ओर संकेत करने वाले हैं। इन परिशिष्टों के माध्यम से शोधार्थी अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारियां हासिल कर सकते हैं। परिशिष्टों का क्रम इस प्रकार है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१
व्यवहारभाष्य गाथानुक्रम
२. निर्युक्ति-गाथानुक्रम
३. सूत्र से सम्बन्धित भाष्य गाथाओं का क्रम
४. टीका एवं भाष्य की गाथाओं का समीकरण
५. एकार्थक
६. निरुक्त
७. देशीशब्द
८. कथाएं
९. परिभाषाएं
१०. उपमा
११. निक्षिप्तशब्द
१२. सूक्त-सुभाषित
१३. अन्य ग्रंथों से तुलना
१४. आयुर्वेद और आरोग्य
१५. कायोत्सर्ग एवं ध्यान के विकीर्ण तथ्य
१६. दृष्टिवाद के विकीर्ण तथ्य
१७. विशिष्ट विद्याएं
१८. टीका में उद्धृत गाथाएं
१९. विशेष नामानुक्रम
२०. वर्गीकृत विशेष नामानुक्रम
२१. टीका में संकेतित निर्युक्तिस्थल
२२. टीका में उद्धृत चूर्णि के संकेत
२३. वर्गीकृत विषयानुक्रम

इन परिशिष्टों के साथ एक परिशिष्ट की कमी अखर रही है। यदि हम मूल ग्रंथ की अविकल शब्दसूची प्रस्तुत कर सकते तो शोध-विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होती। इसकी आंशिक संपूर्ति परिशिष्ट नं. १९ एवं २० से हो सकेगी।

भाषा शैली

आगमों की मूल भाषा अर्धमागधी है।[1] निर्युक्तियां प्राकृत भाषा में निबद्ध हैं। इनमें अर्धमागधी एवं महाराष्ट्री का प्रभाव भी परिलक्षित होता है। प्रस्तुत ग्रंथ में भाषागत अनेक वैशिष्ट्य देखे जा सकते हैं।

प्राकृत भाषा में निबद्ध होने पर भी भाष्यकार ने अनेक स्थलों पर संस्कृत से प्रभावित भाषा के प्रयोग भी किये हैं। व्याकरण की दृष्टि से निम्न उद्धरण महत्त्वपूर्ण हैं—

१. **जद्द वि** (४०५४)	३. **पाहु** (३७९७)
२. **अगुरोरवि** (४६०१)	४. **कासवसि**[2] (५३८)

ऐसे प्रयोग प्रायः सामान्य प्राकृत में नहीं मिलते। इनके स्थान पर **'जइ वि' 'अगुरु वि'** तथा **'आह'** पाठ मिलते हैं। ये प्रयोग संस्कृत के अधिक निकट हैं। ऐसे और भी अनेक प्रयोग भाष्य में यत्र-तत्र देखने को मिलते हैं।

---

१. सम ३४/२२ : भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ।
२. कस्य त्वं असि—इन तीन शब्दों से कासवसि रूप बना है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्यकार ने एक ही शब्द के लिए अनेक पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग किया है। जैसे—सूर्य के लिए दिणकर, आइच्च, सूर तथा गधे के लिए खर, गद्दभ, रासह आदि शब्दों का प्रयोग किया है। लेकिन कहीं-कहीं विशेष प्रयोजन से एक ही शब्द या चरण की पुनरुक्ति भी भाष्यकार ने की है—

सइं जंपंति रायाणो, सइं जंपंति धम्मिया।
सइं जंपंति देवावि, तं पि ताव सइं वदे ॥ (३३२६)

इसी प्रकार १६८२ से १६८५ तक की चार गाथाओं का उत्तरार्ध एक जैसा है—**जे सच्चकरणजोगा, ते संसारा विमोयंति।**

स्थान-स्थान पर अनेक एकार्थकों का प्रयोग भाष्य में मिलता है। अनेक ऐसे एकार्थक हैं, जिन्हें अन्य कोशों में नहीं देखा जा सकता। जैसे—

लोट्टण लुटण पलोट्टण, ओहाणं चेव एगट्ठा। (६०७)
बहुजणमाइण्णं पुण, जीयं उचियं ति एगट्ठं। (६)

भाष्यकार ने प्रसंगवश अनेक निरुक्तों का भी उल्लेख किया है जो भाषा की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। जैसे—व्यवहार शब्द का निरुक्त—**विविहं वा विहिणा वा,ववणं हरणं च ववहारो** (गा. ३)।

आप्त शब्द का निरुक्त—**णाणमादीणि अत्ताणि तेण अत्ता उ सो भवे** (४०६३)

अनेक स्थलों पर शब्द का संक्षिप्त अर्थ भी गाथाओं में दिया है जैसे—

रहिते णाम असंते (४५१०)

वत्तो णामं एक्कसि (४५२२)

अणुवत्तो जो पुणो बितियवारं (४५२२)

तइयवारं पवत्तो (४५२२)

पया उ चुल्ली समक्खाता (३७१६)

संस्कृत ग्रन्थों में ऐसे प्रयोग क्रम देखने को मिलते हैं। व्याकरण एवं भाषा की दृष्टि से ये महत्त्वपूर्ण प्रयोग हैं। प्रस्तुत भाष्य में कहीं-कहीं भाषा सम्बन्धी नए प्रयोग भी मिलते हैं। जैसे निरुत्तर करने के अर्थ में **'अमुहं'** शब्द का प्रयोग भाषा एवं साहित्य की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। (२५६६)

सैद्धान्तिक या तात्त्विक वर्णन करते समय भाष्यकार ने अनेक पारिभाषिक शब्दों की परिभाषा भी स्पष्ट कर दी है। परिशिष्ट नं. ६ में हमने उन परिभाषाओं का संकलन किया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के भाषागत वैशिष्ट्य का एक कारण है—अनेक सूक्त एवं सुभाषितों का प्रयोग। सूक्तियों के प्रयोग से ग्रन्थ की भाषा सरस, मार्मिक, वेधक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है। कहीं-कहीं तो जीवनगत मूल्यों के गंभीरतम तथ्य बहुत सरल एवं सहज भाषा में प्रकट हुए हैं—

न उ सच्छंदया सेया। (८६)
तणाण लहुतरो होहं इति वज्जेति पावगं। (२७५५)

अनेक उपमाओं के प्रयोग से ग्रन्थ की भाषा में विचित्रता एवं सरसता उत्पन्न हो गई है। भाष्यकार ने अनेक नवीन उपमाओं का प्रयोग किया है। जैसे—**निहाणसम ओमराइणिए** (गा. २३३७)। मन की चंचलता को व्यक्त करने वाली उपमाएं भाष्यकार के मस्तिष्क की नयी उपज है (गा. २७५७-६४)। किसी भी विषय को स्पष्ट करने के लिए दृष्टान्तों का प्रयोग तो बहुत अधिक मात्रा में किया गया है। ये दृष्टान्त लौकिक दृष्टि से ही नहीं, मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।

भाष्यकार ने गहन विषयों को सरसता से समझाने के लिए अनेक कथाओं का संकेत दिया है। कुछ कथाओं को छोड़कर लगभग सभी कथाएं इतनी संक्षिप्त हैं कि बिना टीका के उन्हें समझ पाना कठिन है। परिशिष्ट नं. ८ में हमने भाष्य में आई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सभी कथाओं का टीका के आधार पर अनुवाद प्रस्तुत किया है। हमने कथाओं का विषयानुगत वर्गीकरण न कर भाष्यगाथाओं के क्रम से ही उनको प्रस्तुत किया है।

टीका में कुछ कथाएं संस्कृत में तथा कुछ प्राकृत में हैं। प्राकृत की कथाएं टीकाकार ने निशीथ चूर्णि, दशवैकालिक चूर्णि, आवश्यक चूर्णि आदि चूर्णि-ग्रन्थों से ली हैं, ऐसा प्रतीत होता है। निशीथ चूर्णि के चौथे भाग में आई अनेक कथाएं व्यभा के प्रथम उद्देशक में वर्णित कथाओं से शब्दशः मिलती हैं। कथा नं. ६६ से ७२ तक की कथाएं पंचतंत्र से प्रभावित हैं। कथा परिशिष्ट में कुछ अत्यन्त संक्षिप्त कथाएं भी हैं। कहीं-कहीं भाष्यकार ने कथा का संकेत दिया है लेकिन टीकाकार ने उस कथा की कोई व्याख्या नहीं की है। उनका अनुवाद हमने प्रस्तुत नहीं किया है। जैसे ५६१ वीं गाथा में अनुशिष्टि के अन्तर्गत सुभद्रा एवं उपालम्भ में मृगावती की कथा, १०७६ वीं गाथा में भय से क्षिप्तचित्त बने सोमिल ब्राह्मण की कथा तथा ४४२० वीं गाथा में चाणक्य और सुबंधु की कथा आदि। लेकिन ऐसे प्रसंग बहुत कम हैं जहां टीकाकार ने कथा का विस्तार या स्पष्टीकरण न किया हो।

भाष्यकार ने धर्म, इतिहास, एवं समाज से सम्बन्धित कथाओं का उल्लेख किया है किंतु इनमें राजनीति से सम्बंधित कथाएं अधिक हैं। इन कथाओं के माध्यम से उस समय की राज्य व्यवस्था, युद्ध, राजा की दूरदर्शिता आदि का ज्ञान किया जा सकता है।

भाष्यकार ने अनेक स्थलों पर प्रसंगवश व्याकरण सम्बन्धी विमर्श भी प्रस्तुत किया है। एक ही अव्यय अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता है इसका संकेत करते हुए भाष्यकार लिखते हैं—

अपरीमाणे पिहब्भावे, एगत्ते अवधारणे।
एवं सद्दो उ एतेसुं, एगत्ते तु इहं भवे ॥ (१६८४)

'एवं'—यह अव्यय चार अर्थों में प्रयुक्त होता है—अपरीमाण, पृथक्भाव, एकत्व और अवधारण। इसी प्रकार 'सिया' (स्यात्) अव्यय आशंका एवं अवधृत अर्थ में प्रसिद्ध है—**आसंकमवहितम्मि सिया** 'नो' अव्यय देशतः प्रतिषेध अर्थ में प्रयुक्त होता है—**नोकारो खलु देसं पडिसेहती** (१३६०)।

व्याकरण एवं भाषाशास्त्र की दृष्टि से निर्देशवाची शब्दों के प्रयोग भी द्रष्टव्य हैं—**जे त्ति व से त्ति य के ति व निद्देसा होंति एवमादीया (१८७)।**

प्राकृत भाषा में प्रायः अलाक्षणिक 'मकार' का प्रयोग मिलता है। परन्तु प्रस्तुत भाष्य में अलाक्षणिक 'हकार' का भी प्रयोग हुआ है। जैसे 'सीसाहा'[1]। भाष्यकार ने उच्चारण की अशुद्धि से होने वाले अनर्थ की ओर भी संकेत किया है। (गा. २०६५-६७)

भाष्यकार ने समास और व्यास दोनों शैलियों को अपनाया है। अनेक स्थलों पर एक ही विषय या शब्द की विस्तृत व्याख्या की है; जैसे—'साधर्मिक' शब्द की व्याख्या तथा आचार्य को गोचरी नहीं करनी चाहिए आदि अनेक विषयों का वर्णन विस्तार से हुआ है। संक्षिप्त शैली के भी अनेक उदाहरण इस ग्रंथ में देखने को मिलेंगे। जैसे—अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार एवं अनाचार[2] की व्याख्या एक ही गाथा में बहुत कुशलता से कर दी है।

कहीं-कहीं तो इतनी संक्षिप्त शैली में वर्णन है कि बिना टीका के भाष्य को समझा ही नहीं जा सकता। जैसे— ७१वीं गाथा में **'काइ'** शब्द में कायिक, वाचिक एवं मानसिक तीनों चेष्टाओं का समाहार है। तथा उसी गाथा में 'थद्ध'—शारीरिक जड़ता, 'फरुसत्त'—वाचिक कठोरता एवं 'नियडी'—मानसिक कपट का प्रतीक है।

'जाव' का प्रयोग प्रायः गद्य आगमों में मिलता है, लेकिन भाष्यकार ने इस ग्रंथ में इसका प्रयोग किया है। **'पियधम्मो जाव सुयं,** (गाथा २६) में 'जाव' शब्द १४वीं गाथा का संक्षेपीकरण है। यहां 'जाव' शब्द से पियधम्म से लेकर बहुस्सुय तक के सभी विशेषण गृहीत हो जाते हैं। १४वीं गाथा निर्युक्तिकार की है। इन विशेषणों का संकेत भाष्यकार ने २६वीं गाथा में किया है।

भाष्यकार ने अनेक विषयों को चतुर्भंगी के माध्यम से समझाया है। अनेक महत्त्वपूर्ण चतुर्भंगिया इस भाष्य में मिलती हैं।[3]

१. व्यभा १३२४ टी. प. ७७, हकारोऽलाक्षणिकः।

२. व्यभा ४३ : आधाकम्मनिमंतण, पडिसुणमाणे अतिक्कमो होति।
पदभेदादि वतिक्कम, गहिते ततिएतरो गिलिए ॥

३. व्यभा ९९३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनेक लौकिक एवं सैद्धान्तिक न्यायों का प्रयोग भी भाष्य में यत्र-तत्र देखने को मिलता है—

लोगम्मि सयमवज्झं, होइ अदंडं सहस्स मा एवं (१६३६)।

न हि अग्गिनाणतोऽग्गीणाणं (२०६)।

कुछ न्यायों का भाष्यकार ने संकेत मात्र किया है लेकिन टीकाकार ने उनकी विस्तृत व्याख्या दी है. जैसे—'वणिग्न्याय'[1]।

अलंकार

यद्यपि प्राकृत के आचार-प्रधान ग्रंथों में अलंकारों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है, परंतु इस भाष्य में अनुप्रास, उपमा, रूपक, दृष्टान्त, अर्थान्तरन्यास आदि अलंकारों का प्रयोग भी यत्र-तत्र मिलता है।

रूपक अलंकार के उदाहरण

वयणघरवासिणी वि हु, न मुंडिया ते कहं जीहा? (२५८५)।

पव्वयहिययं पि संपकप्पंति (२४६४)।

तव-नियम-नाणरुक्खं (४४४७)।

उपमा अलंकार के उदाहरण

कोमुदीजोगजुत्तं वा, तारापरिवुडं ससिं (२०००)।

सेविज्जंतं विहंगेहिं, सरं व कमलोज्जलं (२००१)।

छंद विमर्श

भाष्य पद्यबद्ध रचना है। यह अनेक छंदों में निबद्ध है। भाष्यकार ने मुख्यतः मात्रा छंद के अन्तर्गत आर्याछंद का प्रयोग किया है। इसके अतिरिक्त बीच-बीच में अनुष्टुप्, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा आदि छंदों का प्रयोग भी हुआ है। आर्या छंद की अनेक उपजातियां हैं। प्रस्तुत भाष्य में भी आर्या की कुछ उपजातियों का प्रयोग मिलता है।

छंद में मात्रा का बहुत महत्त्व होता है। इस दृष्टि से कभी-कभी ग्रंथकार को उत्क्रम भी करना होता है। भाष्यकार स्वयं इस सत्य को स्वीकार करते हैं—**बंधाणुलोमयाए, उक्कमकरणं तु होति सुत्तरस** (७१६)।

छंद की दृष्टि से भाष्यकार ने कहीं-कहीं शब्दों का संक्षेपीकरण भी किया है। जैसे—

जीवा—जीविता
साग—श्रावक
जीए—जीवित
आत—आयात आदि।

प्रस्तुत ग्रंथ में अनेक स्थलों पर एक ही गाथा में अनुष्टुप् एवं आर्या—दोनों छंदों का प्रयोग हुआ है। जैसे—तीन चरण आर्या के तथा एक अनुष्टुप् का अथवा तीन चरण अनुष्टुप् के तथा एक आर्या का। जहां भी छंदों का मिश्रण हुआ है, हमने पादटिप्पण में उसका उल्लेख कर दिया है।

कहीं-कहीं शब्द का विस्तार एवं मात्रा का दीर्घीकरण भी किया है—

निमित्ताग-निमित्त
आयरीओ-आयरिओ
एवमागम-एवागम

छंद की दृष्टि से अनेक स्थलों पर भाष्यकार ने निर्विभक्तिक प्रयोग भी किए हैं। तथा जे, इ, मो, च आदि पादपूर्ति रूप अव्ययों का प्रयोग भी किया है।

१. व्यभा १२०० टी. प. ५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छंद के आधार पर भी हमने पाठ-निर्धारण करने का प्रयत्न किया है। अनेक स्थलों पर छंद के आधार पर ही पाठ की अशुद्धियां पकड़ी गयी हैं। मुद्रित टीका एवं हस्तप्रतियों में अनेक स्थलों पर पूर्वार्द्ध के शब्द उत्तरार्ध में तथा उत्तरार्ध के पूर्वार्द्ध के साथ संलग्न हैं। बिना छंद की दृष्टि से ऐसी अशुद्धियों को पकड़ना कठिन होता है। पश्चिमी विद्वान डॉ. ल्यूमेन ने दशवैकालिक तथा एल्फ्सडोर्फ ने उत्तराध्ययन का छंद की दृष्टि से अनेक स्थलों पर पाठ-संशोधन एवं विमर्श किया है।

छंद की दृष्टि से कहीं-कहीं हमने द्वित्व पाठ भी स्वीकृत किया है जैसे 'अगीत' के स्थान पर 'अग्गीत', 'सचित्त' के स्थान पर 'सच्चित्त', 'अफासु' के स्थान पर 'अप्फासु' आदि।

जहां कहीं हमें छंद की दृष्टि से पाठ संगत नहीं लगा वहां हमने उसका वैकल्पिक पाठ क्या होना चाहिए उसका निर्देश पादटिप्पण में कर दिया है। लेकिन जहां भिन्न पाठ स्वीकृत किया है, उसका उल्लेख भी प्रामाणिकता की दृष्टि से नीचे पादटिप्पण में कर दिया है—जैसे १५६वीं गाथा में प्रतियों में 'पढमो इंदो-इंदो त्ति' पाठ मिलता है पर हमने 'पढमो त्ति इंद इंदो' पाठ स्वीकृत किया है। इसी प्रकार प्रतियों में इस गाथा का चौथा चरण 'रस्सिणो त्ति चरमो घड पडो त्ति' पाठ मिलता है पर हमने 'रस्सी चरमो घड पडोत्ति' पाठ स्वीकृत किया है।

छंद की दृष्टि से मात्रा को ह्रस्व करने के लिए ˘ चिह्न का प्रयोग किया है। कम्प्यूटर में प्रकाशित होने के कारण चिह्न मात्रा के साथ मिलकर ऊर्ध्व 'र' की भ्रान्ति उत्पन्न करता है, जैसे—करेँ पगतेँ बितिओँ आदि।

अनेक स्थलों पर सप्तमी के लिए प्रयुक्त एकार विभक्ति के स्थान पर इकार विभक्ति का पाठ स्वीकृत किया है। जैसे गाथा २० में 'अवंके' और 'अवंकि' दोनों पाठ मिलते हैं, पर हमने 'अवंकि' पाठ स्वीकृत किया है।

हमने एक प्रयत्न प्रारम्भ किया था कि सम्पूर्ण ग्रंथ में कौन-सी गाथा में कौनसा छंद प्रयुक्त हुआ है, इसका एक चार्ट प्रस्तुत किया जाए लेकिन समयाभाव के कारण यह कार्य सम्पन्न नहीं हो सका।

पाठ-संपादन

भारतीय परम्परा में मौखिक ज्ञान की परम्परा या गुरुमुख से प्राप्त ज्ञान का अधिक महत्त्व रहा है। यही कारण है कि यहां हजारों वर्षों तक कंठस्थ ज्ञान की परम्परा चलती रही। ज्ञान की इस विधि में किसी बाह्य उपकरण की अपेक्षा नहीं रहती थी। गुरुमुख से साक्षात् ज्ञान होने के कारण विद्यार्थी की उच्चारण-शुद्धि एवं बोलने में शब्दों के उतार-चढ़ाव का ज्ञान भी सहज हो जाता था। मौखिक परम्परा का महत्त्व संस्कृत के निम्न सुभाषित से समझा जा सकता है—

पुस्तकप्रत्ययाधीतं, नाधीतं गुरुसन्निधौ।
भ्राजते न सभामध्ये, जारगर्भ इव स्त्रियः॥

वीर निर्वाण के बाद लगभग १००० वर्ष तक आगम मौखिक परम्परा से सुरक्षित रहे। भाष्य एवं निर्युक्ति-साहित्य भी सैकड़ों वर्षों तक मौखिक परम्परा से संक्रान्त होते रहे। अतः लेखक द्वारा स्वतः लिखी हुई या उसके द्वारा संशोधित या प्रमाणीकृत भाष्य आदि की कोई प्रति आज नहीं मिलती।

वैदिकों ने मौखिक परम्परा से ही वेदों की सुरक्षा अत्यन्त जागरूकता से की। ब्राह्मण वर्ग ने स्वर के आरोह-अवरोह आदि अनेक उच्चारणों से वेदपाठ की सुरक्षा की। आज भी वेदों का अस्खलित पाठ करने वाले अनेक वेदपाठी ब्राह्मण मिलते हैं। किंतु जैन आगमों का बहुत बड़ा भाग काल के अंतराल में विस्मृत एवं लुप्त हो गया। आचारांग का प्रमाण नंदी में १८ हजार श्लोक प्रमाण मिलता है लेकिन आज उसका अधिकांश भाग लुप्त हो गया है। वेदों में पाठान्तर न आने का एक कारण संभवतः यह रहा कि वेदों को अपौरुषेय मानकर उन्हें अलौकिक ग्रंथ की कोटि में रखा गया। अतः किसी भी विद्वान ने उसमें भाषा या विषय सम्बन्धी परिवर्तन की हिम्मत नहीं की लेकिन जैन आगमों के विषय में यह बात नहीं रही। वाचनाकाल में जैन आगमों का परिवर्धन एवं परिवर्तन भी हुआ है। स्थानांग में अनेक ऐसे स्थल हैं, जो बाद में प्रक्षिप्त हैं।

जैन आगमों के पाठ सुरक्षित न रहने का एक मुख्य कारण यह भी रहा है कि आचार्यों ने आगम-वाचना को केवल साधु-समुदाय तक सीमित रखा, गृहस्थों को वाचना देने का अधिकारी नहीं समझा गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेखन की परम्परा कब प्रारम्भ हुई इसका प्रामाणिक विवरण नहीं मिलता। पर ऐतिहासिक श्रुति के अनुसार प्राग् ऐतिहासिक काल में ऋषभ ने अपनी पुत्री ब्राह्मी को लिपिकला का ज्ञान कराया, जिसके आधार पर उस लिपि का नाम ब्राह्मीलिपि पड़ा। ७२ कलाओं में भी लेखनकला को एक स्थान प्राप्त है।

आगमों को लिपिबद्ध करने का महत्त्वपूर्ण कार्य देवर्धिगणि ने प्रारम्भ किया।[1] संभव है प्रारम्भ में साधु-साध्वी समुदाय ही लिपिक का कार्य करते थे किन्तु कालान्तर में वैतनिक लिपिकों का उपयोग अधिक किया जाने लगा। यतिवर्ग ने भी आगमों की प्रतिलिपि करने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। सेठ लोग प्रतिलिपि करवाकर साधुओं को दान में देते थे तथा इसे पुण्य का कार्य मानते थे। पद्मपुराण के उत्तरखंड में वर्णन आता है कि पुस्तक को दान में देने से देवत्व की प्राप्ति होती है।[2] वैदिक परम्परा में भी प्रति-लेखन को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया। गरुड़ पुराण का निम्न श्लोक इसी बात की पुष्टि करता है—

इतिहासपुराणाणि, लिखित्वा यः प्रयच्छति।
ब्रह्मदानसमं पुण्यं, प्राप्नोति द्विगुणीकृतम्॥[3]

प्राचीन काल में ग्रंथ के प्रचार-प्रसार का यही साधन था। आज कल्पसूत्र की हजारों प्रतियां भंडारों में मिलती हैं। उनमें अनेक स्वर्णाक्षरों में लिखी हुई हैं।

हस्तप्रतियों से प्राचीन ग्रंथों का पाठ-संपादन श्रमसाध्य एवं कष्ट-साध्य कार्य है। बिना धैर्य एवं स्थिरता के यह कार्य होना कठिन है। पाठ-निर्धारण में पौर्वापर्य का अनुसंधान करना अत्यन्त अपेक्षित रहता है। उसके लिए अनुसंधाता को एक-एक शब्द पर चिन्तन केन्द्रित करना पड़ता है।

पाठ संपादन की प्रक्रिया

आधुनिक विद्वानों ने पाठानुसंधान के विषय में पर्याप्त प्रकाश डाला है। पाश्चात्य विद्वान् इस कार्य को चार भागों में विभक्त करते हैं—१. सामग्री संकलन, २. पाठचयन, ३. पाठसुधार, ४. उच्चतर आलोचना। प्रस्तुत भाष्य के संपादन में हमने चारों बातों का ध्यान रखने का प्रयत्न किया है।

पाठ संशोधन के लिए तीन आधार हमारे सामने रहे हैं—१. व्यवहार भाष्य की हस्तलिखित प्रतियां २. मलयगिरि की प्रकाशित टीका ३. व्यवहार भाष्य की सैकड़ों गाथाएं, जो बृहत्कल्प, निशीथ एवं जीतकल्प आदि के भाष्यों में मिलती हैं।

बृहत्काय ग्रंथ होने के कारण व्यवहार भाष्य की ताड़पत्रीय प्रतियां कम लिखी गयीं। अतः पन्द्रहवीं-सोलहवीं शती में कागज पर लिखी प्रतियों का ही हमने उपयोग किया है। पाठ संशोधन में चार प्रतियां मुख्य रही हैं। पाठ चयन में हमने प्रतियों के पाठ को प्रमुखता दी है किन्तु किसी एक प्रति को ही पाठ-चयन का आधार नहीं बनाया है और न ही बहुमत के आधार पर पाठ का निर्णय किया है। अर्थ-मीमांसा, टीका की व्याख्या, पौर्वापर्य के आधार पर जो पाठ संगत लगा उसे मूल पाठ के अन्तर्गत रखा है।

पाठ-संपादन एवं निर्धारण में मलयगिरि की टीका का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा। अनेक पाठ हस्तप्रतियों में स्पष्ट नहीं थे लेकिन टीका की व्याख्या से उनकी स्पष्टता हो गई। जैसे २६६वीं गाथा में सभी प्रतियों में 'च इमो' पाठ है लेकिन टीका में 'व्रजामः' के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि 'वइमो' पाठ होना चाहिए। हस्तप्रतियों में 'च' और 'व' का अंतर करना अत्यन्त कठिन है। इसी प्रकार गाथा १६६८ में प्रतियों में 'गीयत्थोहोइण्णा' एवं—'गीयत्थेहाइण्णा' दोनों पाठ मिले पर टीका के 'गीतार्थैराचीर्णा' के आधार पर 'गीयत्थेहाइण्णा' (गीयत्थेहि + आइण्णा) पाठ स्पष्ट हो गया।

कहीं-कहीं सभी प्रतियों में एक ही पाठ मिलने पर भी यदि पूर्वापर के आधार पर टीका का पाठ उचित लगा तो उसे हमने मूलपाठ में रखा है तथा प्रतियों के पाठ को पाठान्तर में दिया है। गा. ३६६० में प्रतियों में 'अण्णयरा' पाठ मिलता है किंतु यहां

१. वलहिपुरम्मि नयरे, देवड्ढिपमुहेण समणसंघेण।
पुत्थइ आगमु लिहिओ, नवसयअसीयाओ वीराओ॥
२. पद्मपुराण, उत्तरखंड अ. ११७।
३. गरुड़पुराण अ. २१५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका की व्याख्या एवं पौर्वापर्य के अनुसार 'अणंतरा' पाठ अधिक संगत लगता है।

अनेक स्थलों पर जहां प्रतियों एवं टीका में एक ही अर्थ के दो पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग मिलता है, वहां हमने टीका की व्याख्या में मिलने वाले पाठ को प्राथमिकता दी है। जैसे ४३वीं गाथा में सभी प्रतियों में **'आहाकम्मामंतण'** पाठ मिलता है। हमने टीका की व्याख्या के आधार पर **'आहाकम्मनिमंतण'** पाठ स्वीकृत किया है। इसी प्रकार सभी प्रतियों में 'निग्गमप्पवेसे' पाठ मिलता है पर हमने टीका का 'निक्खमप्पवेसे' पाठ स्वीकृत किया है।

आवश्यक निर्युक्ति, निशीथ एवं बृहत्कल्प आदि के भाष्यों की सैकड़ों गाथाएं व्यवहार भाष्य में संक्रान्त हुई हैं। अतः अनेक स्थलों पर अन्य ग्रंथों के पाठ के आधार पर भी पाठ का निर्धारण किया है। अनेक गाथाएं जो न अन्य ग्रंथों में हैं और न टीका में व्याख्यात हैं वहां केवल प्रतियों तथा प्रसंग की समीचीनता के आधार पर ही पाठ संशोधन किया है।

कहीं-कहीं किसी प्रति में कोई शब्द, चरण या गाथा नहीं है उसका निर्देश हमने पादटिप्पण में x चिह्न द्वारा किया है। जहां पाठान्तर एक से अधिक शब्दों पर या एक चरण पर है उसे ' ' चिह्न द्वारा दर्शाया है, जिससे पाठक को सुविधा हो सके।

प्रस्तुत भाष्य में जहां भी समान गाथाएं पुनरुक्त हुई हैं उनमें जहां जैसा पाठ मिला उसको वैसे ही रखा है। अपनी ओर से पाठ को संवादी या समान बनाने का प्रयत्न नहीं किया, जैसे--व्यभा १६१ तथा ६०६।

जहां कहीं हमें प्रति में प्राचीन रूप मिले वहां मूलपाठ में उन्हीं को प्रधानता दी है, लेकिन जहां प्रतियों में पाठ नहीं मिले वहां उन पाठों को तद्वत् रखा है। प्राचीनता के व्यामोह में व्यञ्जनों को बदलने की कोशिश नहीं की है। प्रामाणिकता की दृष्टि से ऐसा करना आवश्यक था अतः इसी ग्रंथ में पाठकों को जध-जह, एते-एए, जीतं-जीयं, तित्थगर-तित्थयर, होति-होइ आदि दोनों प्रकार के पाठ मिलेंगे।

प्राचीनता की दृष्टि से जहां कहीं हमें मूल व्यञ्जनयुक्त पाठ मिला हमने उसे मूल में स्वीकार किया है लेकिन पाठ न मिलने पर यकारश्रुति वाले पाठ को स्वीकृत किया है, तकारश्रुति वाले पाठ जैसे—बितितो, कणतो, आयरितो, विणतो आदि को नहीं।

प्राकृत व्याकरण के अनुसार संयुक्त व्यंजन से पूर्व का स्वर ह्रस्व हो जाता है। हमें दोनों रूप मिले पर प्राचीनता की दृष्टि से हमने दीर्घ रूप को ही स्वीकार किया है और न मिलने पर यत्र-तत्र ह्रस्व रूप भी।

हेमचन्द्र की व्याकरण से प्रभावित व्यञ्जनविशेष एवं स्वरविशेष से जुड़े पाठान्तरों का हमने प्रायः उल्लेख नहीं किया है। जैसे—

आदेस—आएस	**तधा—तहा**
होति—होइ	**बोधव्वा—बोद्धव्वा**
कुक्कुडग—कुक्कुडय	**पण्णा—पन्ना**
असंखेज्ज—असंखिज्ज	**तेणोत्ति—तेणुत्ति**
पभू—पहू	**सोधी—सोही**
परिसडिंति—परिसडेंति	**साहइ—साहई**
कधिति—कधेति आदि।	

सप्तमी आदि विभक्ति के लिए 'य' का प्रयोग प्राचीन है। अतः जहां भी हमें 'य' विभक्ति वाले पाठ मिले वहां हमने उनको प्राथमिकता दी है। जैसे—वीसाय, वीसुंभिताय आदि। इसी प्रकार सप्तमी विभक्ति के अर्थ में जहाँ अंसि और म्मि दोनों विभक्ति वाले रूप मिले वहां हमने अंसि विभक्ति वाले रूप को प्राचीन मानकर स्वीकृत किया है। जैसे पुव्वंसि, चित्तंसि आदि।

अनेक स्थलों पर स्पष्ट प्रतीत होता था कि हस्तप्रतियों में लिपिकर्ता द्वारा लिपि सम्बंधी भूल से पाठभेद हुआ है, उन पाठान्तरों का उल्लेख प्रायः नहीं किया है। पर कहीं-कहीं उसके दूसरे रूप बनने की संभावना थी, वहां ऐतिहासिकता की दृष्टि से भी हमने उन पाठान्तरों का उल्लेख किया है, जैसे—ठवित्तु—वावित्तु।

नीचे टिप्पणों में दी गई अतिरिक्त गाथाओं के पाठान्तरों का हमने उल्लेख नहीं किया है पर उनके पाठशोधन का लक्ष्य अवश्य रखा है।

सम्पादन की असावधानी के कारण टीकायुक्त प्रकाशित व्यवहार भाष्य में अनेक स्थलों पर अशुद्धियां रह गयी हैं। उसमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्दों की जोड़-तोड़ संबंधी अनेक अशुद्धियां हैं, जैसे—तु दडिव (तुद डेव) व्यभा ६५ आदि। अनेक स्थलों पर शब्द भी छूट गये हैं जैसे—गा. ५८ में 'अन्नं च छाउमत्थो' के स्थान पर 'छाउमत्थो' से गाथा प्रारम्भ होती है।

कहीं-कहीं श्लोक के पूर्वार्द्ध के शब्द उत्तरार्ध तथा उत्तरार्ध के शब्द पूर्वार्द्ध में छप गये हैं। अनेक स्थलों पर तो संस्कृत के शब्द भी छप गये हैं। जैसे—३०८५वीं गाथा में **'पूर्वं तु किटी असतीए'** आदि। अनेक अशुद्धियों के कारण मुद्रित व्यवहार भाष्य के केवल महत्त्वपूर्ण पाठान्तरों का ही हमने उल्लेख किया है।

अन्य ग्रन्थों में प्रकाशित व्यभा के संवादी गाथा के पाठान्तर देने का उद्देश्य था कि विद्वानों को एक ही स्थान पर पाठभेद देखने में सुविधा हो सके।

टीकाकार की विशेष टिप्पणी का भी हमने टिप्पण में उल्लेख किया है। जहां कहीं टीकाकार ने किसी विशेष शब्द का संक्षिप्त अर्थ किया है उसका टिप्पण में उल्लेख कर दिया गया है जैसे—**एकाहं नाम अभक्तार्थः** आदि। इसी प्रकार देशी शब्दों के लिए जहां कहीं **'देशीत्वात्' 'देशीवचनमेतत्'** आदि का उल्लेख हुआ है उनका भी टिप्पणों में उल्लेख कर दिया गया है। जैसे—**मूइंग इति देशीपदं मत्कोटवाचकम्** आदि।

यत्र-तत्र टीकाकार ने अलाक्षणिक मकार, पादपूर्ति रूप जे, इ, र आदि का उल्लेख किया है, उसका भी हमने पादटिप्पण में उल्लेख किया है। तथा अन्य व्याकरण सम्बन्धी विशिष्ट निर्देश का उल्लेख भी पादटिप्पण में किया है। जैसे—**सूत्रे विभक्तिलोप आर्षत्वात्।**

हस्तप्रतियों में अनेक गाथाओं के आगे 'दारं' का उल्लेख है पर उन सबको द्वारगाथा नहीं माना जा सकता। फिर भी यदि एक भी प्रति में 'दारं' का उल्लेख है तो हमने उस गाथा के आगे 'दारं' का संकेत कर दिया है।

व्यवहार भाष्य में कहीं-कहीं गाथाओं का क्रमव्यत्यय मिलता है। इसका संभवतः एक कारण यह रहा होगा कि प्रति लिखते समय लिपिकार द्वारा बीच में एक गाथा छूट गयी। बाद में ध्यान आने पर वह गाथा दो या तीन गाथा के बाद लिख दी गयी। प्रति की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए इस बात का संकेत नहीं दिया गया कि गाथा में क्रमव्यत्यय हुआ है। इस बात की पुष्टि टीका की व्याख्या के आधार पर तथा पौर्वापर्य के आधार पर हो जाती है। ऐसे स्थलों का हमने पादटिप्पण में उल्लेख कर दिया है, जैसे—व्यभा. गा. ३२७।

कहीं-कहीं प्रतियों में लिपिकार की अनवधानता से पूर्ववर्ती गाथा का पूर्वार्द्ध तथा बाद में आने वाली गाथा का उत्तरार्ध लिख दिया गया है। बीच की दो लाइनें छूट गयीं। ऐसे प्रसंगों का हमने पादटिप्पण में उल्लेख कर दिया है।

आदर्शों का लेखन मुनि एवं यतिवर्ग करते थे। वे व्याख्यान की सामग्री के लिए प्रसंगवश कुछ संवादी गाथाओं को हासिए में लिख देते थे। कालान्तर में अन्य लिपिकों द्वारा जब उस आदर्श की प्रतिलिपि की जाती तब 'हासिए' में लिखी गाथाएं मूल में लिख दी जातीं। व्यवहार भाष्य में भी अनेक गाथाएं प्रसंगवश प्रक्षिप्त हुई हैं। उदाहरण के लिए निम्न उद्धरण प्रस्तुत किया जा सकता है—

अमिलायमल्ल (गा. १२७८) गाथा का मूल भाष्य के साथ कोई संबंध नहीं है। टीका में रोहिणेय की कथा दी गयी है। उसमें यह गाथा रोहिणेय के मुख से कहलवाई है। लेकिन कालान्तर में यह गाथा मूल भाष्य के साथ जुड़ गयी। यह गाथा सभी हस्तप्रतियों में मिलती है। अतः हमने भाष्य के क्रमांक में इसे जोड़ा है। कुछ गाथाएं अन्य आचार्यों की थीं। वे भी कालान्तर में भाष्य के साथ जुड़ गयीं, जैसे—२२४७ वीं गाथा के बारे में टीकाकार स्पष्ट उल्लेख करते हैं कि **अयमेव वृत्तबद्धोऽर्थोऽन्येनाचार्येण श्लोकेन बद्धस्तमेवाह।"** यह गाथा २२४६ की ही संवादी है तथा अन्यकर्तृकी है पर यह कालान्तर में भाष्य के साथ जुड़ गयी। सभी हस्तप्रतियों में भी यह भाष्यगाथा के क्रम में है। जहां भी हमें गाथाएं प्रक्षिप्त लगीं उनके बारे में हमने पादटिप्पण में संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत कर दी है।

प्राचीनकाल में पूर्ववर्ती आचार्यों की रचना को उत्तरवर्ती आचार्य आंशिक रूप से अपनी रचना के साथ बिना किसी नामोल्लेख के जोड़ लेते थे। अथवा कुछ पाठभेद के साथ उसे अपनी रचना का अंग बना लेते थे। जैसे आवश्यक निर्युक्ति की अस्वाध्याय संबंधी गाथाएं ओघनिर्युक्ति, निशीथभाष्य तथा व्यवहारभाष्य में मिलती हैं। इस पूरे प्रकरण को भाष्यकार ने अपने ग्रंथ का अंग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बना लिया है पर साथ ही गाथाओं में परिवर्तन एवं परिवर्धन भी किया है। कहीं-कहीं चरण एवं श्लोक का पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्ध भी परिवर्तित एवं आगे-पीछे मिलता है, जैसे—निशीथभाष्य की १२५३वीं गाथा का पूर्वार्द्ध व्यभा ३४२४ के पूर्वार्द्ध के समान है तथा उसका उत्तरार्ध व्यभा ३४२६ के पूर्वार्द्ध का संवादी है। हमने पादटिप्पण में भी सभी ग्रंथों के पाठभेद एवं संवादी प्रमाण दे दिये हैं जिससे शोध विद्यार्थी को यह परिवर्तन देखने में सुविधा हो सके। एक ही प्रकरण में इतने पाठभेद एवं परिवर्तन वाचनाभेद, स्मृतिभ्रंश तथा लिपिकों की असावधानी आदि अनेक कारणों से हो सकते हैं।

विद्वानों ने पाठभेद के अनेक कारणों की मीमांसा की है। उन कारणों का प्रभाव भाष्य की प्रतियों पर भी पड़ा है अतः कोई भी प्रति ऐसी नहीं मिली जिसके सभी पाठ दूसरी प्रति से मिलते हों। प्रयुक्त प्रतियों में वर्णसाम्य की त्रुटियां भी मिलती हैं। कुछ व्यञ्जन समान लिखे जाने के कारण उनका भेद करना कठिन होता है जैसे—च और व, ठ और व, द और ब। कहीं-कहीं वर्णसाम्य होने के कारण लिपिकारों द्वारा बीच का एक वर्ण छूट भी गया है जैसे—अववाय के स्थान पर अवाय, उववाय के स्थान पर उवाय आदि।

वर्ण विपर्यय से होने वाली अशुद्धियां भी इन प्रतियों में अनेक स्थलों पर मिलती हैं। जैसे—वेदयंतो—देवयंतो, बितियो-तिबियो गहणं-हगणं, मूलदेवो-देवमूलो आदि।

व्यञ्जन ही नहीं स्वर संबंधी विपर्यय के भी अनेक उदाहरण प्रयुक्त प्रतियों में देखने को मिलते हैं, जैसे—३६६१वीं गाथा में क प्रति में छम्मीसं के स्थान पर छम्मासं पाठ मिलता है।

प्रस्तुत ग्रंथ की हस्तप्रतियों में पाठभेद ही नहीं, गाथाओं में भी अनेक स्थलों पर विभेद मिलता है। किसी प्रति में एक गाथा मिलती है तो किसी में उसके स्थान पर उसी की संवादी अनेक गाथाएं भी प्राप्त होती हैं। औचित्य के अनुसार गाथाओं को मूल भाष्य में तथा पाठभेद की गाथाओं को टिप्पण में दे दिया है। उदाहरण के लिए देखें गा. ८५८, ८५६ एवं ८६८ की गाथाओं के टिप्पण।

अ प्रति में लिपिकार की लिखावट की भिन्नता अथवा उच्चारण भेद के प्रभाव से प्रायः ल के स्थान पर ण, भ के स्थान पर त तथा ध के स्थान पर व का प्रयोग मिलता है—

वल्लिदुगं—वण्णिदुगं
भिण्णपिंडं तिण्णपिंडं
धमएण वमएण आदि।

हमने कहीं-कहीं ही ऐसे पाठान्तरों का उल्लेख किया है।

प्रति परिचय

अ : यह प्रति देला के उपाश्रय अहमदाबाद से प्राप्त है। इसका क्रमांक ६४६६ है। इसमें १०६ पत्र हैं। प्रत्येक पत्र में करीबन १५ पंक्तियां हैं। प्रति साफ-सुथरी एवं स्पष्ट है। लिपिकार ने प्रशस्ति में २४ संस्कृत गाथाएं लिखी हैं तथा अंत में **इति प्रशस्तिकाव्यानि पत्तनवास्तव्य सं. षीमसिंह. सहसाभ्यां। पु. समधर देवदत्त नोताइसर सुत हेमराज सोनपाल धरणा-अमोपाल-पूनपाल-आसपालप्रमुख कुटुंबयुताभ्यां लिखितमिदं पुस्तकं॥ आचंद्रार्क नंदतात्॥ सं. १५३८ वर्षे ॥छ॥**

ब : यह प्रति लालभाई दलपतभाई विद्या मंदिर अहमदाबाद से प्राप्त है। इसका क्रमांक १२ है। इसमें ७४ पत्र हैं। इसके अक्षर स्पष्ट एवं साफ हैं। अंतिम पत्र का पिछला पन्ना खाली है। प्रत्येक पत्र में लगभग १७ पंक्तियां हैं। इसके अंत में प्रशस्ति रूप में निम्न गाथा मिलती है—

जयति जिणो वीरवरो, सक्खह तवणिज्जपुंजपिंजरदेहो।
सव्वसुरासुरनरवर, मउडतडावली पावीढंताडो॥

गाथा ४६२६ ॥छ॥श्री॥ व्यवहारभाष्यं समाप्तं ॥श्री॥ अनुमानतः इसका समय १६वीं शती होना चाहिए।

क : यह प्रति देला का उपाश्रय अहमदाबाद से प्राप्त है। इसका क्रमांक १०५१५ है। इसमें १२ पत्र हैं। वर्तमान में इसमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केवल दसवें उद्देशक की गाथाएं हैं। प्रत्येक पत्र में करीबन १८ पंक्तियां हैं। इसमें प्रशस्तिरूप में ब प्रति वाली गाथा ही लिखी हुई है। गाथा ४६२६ व्यवहार भाष्य समाप्त ।।छ।। प्रस्तुत प्रति ब प्रति से मिलती है। यह प्रति लगभग १६वीं शती की होनी चाहिए। यह प्रति किसी समय सम्पूर्ण थी लेकिन कालान्तर में इसके प्रारम्भिक पन्नों का लोप हो गया ऐसा प्रतीत होता है क्योंकि पुष्पिका के अंत में ग्रंथाग्र ४६२६ लिखा हुआ है।

स : यह प्रति भंडारकर इंस्टीट्यूट पूना से प्राप्त है। इसमें कुल १२७ पत्र हैं। प्रत्येक पत्र में लगभग १३ पंक्तियां हैं। यह प्रति साफ-सुथरी है। अंत में प्रशस्ति रूप में जयति''ब प्रति वाली गाथा लिखी हुई है। प्रस्तुत गाथा के बाद **"णमो सुतदेवयाए भगवतीए।। इति व्यवहारभाष्यं समाप्तं। शुभं भवतु।"** का उल्लेख है। तथा इसके पश्चात् लिपिकर्त्ता की ओर से निम्न गाथा लिखी हुई है—

यादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा, तादृशं लक्षितं मया।
यथो (अतो) शुद्धमशुद्धं वा, मम दोषो न दीयति (दीयते)।।

।।कल्याणमस्तु।। साह श्री वच्छासुत साहसहस्रकिरणेन पुस्तकमिदं गृहीतं सुतवर्द्धमानं शांतिदासपरिपालनार्थं नवूलखा व्य उ जो उ लेखक जो ० भूपति ।। ग्रं० ५२०० माहाजतइ।।

पुस्तक का अंतिम अवतरण पुष्पिका कहलाता है। उसमें दी गयी सूचनाएं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती हैं। पर प्राचीन प्रतियों में लिपिकर्त्ता विशेष जानकारी प्रस्तुत नहीं करते थे अतः व्यभा की हस्तप्रतियों में भी विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं हुई है। चारों प्रतियों में भाष्यकार और रचनाकाल आदि के बारे में कोई उल्लेख नहीं मिलता।

आगमसाहित्य का सम्पादन

आज से चालीस वर्ष पूर्व मंचर (महाराष्ट्र) में पूज्य गुरुदेव के मन में आगम-सम्पादन की तीव्र इच्छा जागृत हुई। मुनि नथमल जी (वर्तमान आचार्य महाप्रज्ञ) ने गुरुदेव की इच्छा को संकल्प का रूप दिया और आगम-सम्पादन के कार्य में जुट गए। अनेक साधु-साध्वियों की इस कार्य में नियुक्ति हुई और देखते-देखते यह कार्य गुरुदेव की प्रमुख प्रवृत्ति बन गया।

तब से लेकर अब तक आगम-सम्पादन का कार्य अबाध गति से चल रहा है। गुरुदेव तुलसी आगम कार्य के प्रति अपनी अनुभूति इन शब्दों में व्यक्त करते हैं—**"विहार चाहे कितना ही लम्बा क्यों न हो, आगम कार्य में कोई अवरोध नहीं होना चाहिए। आगम-कार्य करते समय मेरा मानसिक तोष इतना बढ़ जाता है कि समस्त शारीरिक क्लांति मिट जाती है। आगम-कार्य हमारे लिए खुराक है। मेरा अनुमान है कि इस कार्य के परिपार्श्व में अनेक-अनेक साहित्यिक प्रवृत्तियां प्रारंभ होंगी, जिनसे हमारे शासन की बहुत प्रभावना होगी।"**

गुरुदेव तुलसी के वाचना प्रमुखत्व एवं आचार्य श्री के सम्पादकीय कौशल से विशाल आगम-साहित्य प्रकाश में आ चुका है। बत्तीस आगम का मूलपाठ शब्द इन्डेक्स सहित प्रकाशित हो चुके हैं। अनेक आगमों के अनूदित संस्करण भी प्रकाश में आए हैं। परिपार्श्व में आगम-साहित्य संबंधी अन्यान्य कार्य भी सम्पादित हुए हैं। एकार्थककोश, निरुक्तकोश, देशीशब्दकोश, आगम वनस्पति कोश आदि। इन प्रकाशित आगम ग्रंथों को विद्वानों ने विशेष रूप से सराहा है तथा इस कार्य को अनुपम माना है। इस कार्य की उत्तमता और प्रामाणिकता में पूज्य गुरुदेव का असाम्प्रदायिक, उदार एवं विनम्र दृष्टिकोण प्रमुख रहा है। आगमकार्य प्रारम्भ करने से पूर्व पूज्य गुरुदेव ने आगम कार्य में संलग्न साधुओं को प्रतिबोध देते हुए कहा—**"यह कार्य बहुत दायित्वपूर्ण है। इस गंभीर दायित्व का हमें अनुभव करना है। आगम का जो सही अर्थ है उसे पूरी सच्चाई के साथ प्रस्तुत करना है। हमारी साम्प्रदायिक परम्परा से भिन्न अर्थ फलित होता हो तो भले हो। हमें आगम के मौलिक अर्थ की प्रस्तुति करनी है। साम्प्रदायिक परम्परा भेद को पादटिप्पण में उल्लिखित किया जा सकता है किन्तु मूल में परिवर्तन या परिवर्धन नहीं करना है।"** गुरुदेव के इस असाम्प्रदायिक एवं उदार दृष्टिकोण ने इस कार्य की गुरुता एवं महत्ता को शतगुणित कर दिया। आज तक सम्पादित एवं अनूदित प्रकाशित आगम-साहित्य की सूची इस प्रकार है—

१. अंगसुत्ताणि भाग १, २, ३,—मूलपाठ, समीक्षात्मक पाठान्तर आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. आगम शब्दकोश—अंगसुत्ताणि के तीनों भागों की समग्र शब्द-सूची।
३. नवसुत्ताणि—चार मूल, चार छेद तथा आवश्यक।
४. उवंगसुत्ताणि (खंड-१)—प्रथम तीन उपांग।
५. उवंगसुत्ताणि (खंड-२)—शेष नौ उपांग।
निम्न आगम मूलपाठ, संस्कृत छाया, हिन्दी अनुवाद तथा विश्लेषणात्मक टिप्पणों से युक्त प्रकाशित हुए हैं—
६. दसवेआलियं
७. आयारो
८. ठाणं
९. समवाओ
१०. सूयगडो भाग-१
११. सूयगडो भाग-२
१२. उत्तरज्झयणाणि भाग-१
१३. उत्तरज्झयणाणि भाग-२
१४. आचारांगभाष्यम्
१५. भगवतीभाष्यम् (दो शतक)
१६. गाथा

कोश साहित्य

१. एकार्थककोश
२. निरुक्तकोश
३. देशीशब्दकोश
४. आगम वनस्पति कोश

प्रस्तुत ग्रंथ सम्पादन का इतिहास

आज से १७ साल पूर्व महावीर जयंती के अवसर पर पूज्य गुरुदेव एवं युवाचार्य महाप्रज्ञजी (वर्तमान आचार्य महाप्रज्ञ) की सन्निधि में पारमार्थिक शिक्षण संस्था की मुमुक्षु बहिनों की एक गोष्ठी आहूत की गयी। गोष्ठी के दौरान कुछ मुमुक्षु बहिनों को साध्वियों के निर्देशन में आगम कोश का कार्य करने का निर्देश मिला। लगभग १½ साल के पश्चात् कार्य में नियुक्त कुछ बहिनों की विलक्षण दीक्षा घोषित हो गयी।[1] दीक्षित होने के बाद भी आगम कोश का कार्य तीव्रगति से चला। हजारों कार्ड बनाए पर वह कार्य कुछ कारणों से सफल नहीं हो सका। कार्य स्थगित हो गया पर इससे हमारा अनुभव वृद्धिंगत हुआ और उसके आलोक में अन्य कोशों की समायोजना की गई। उसमें मुख्य थे—एकार्थककोश, निरुक्तकोश एवं देशीशब्दकोश।

विक्रम संवत् २०४०। नाथद्वारा मर्यादा महोत्सव के बाद मुनि श्री दुलहराजजी को आगम कार्य के लिए लाडनूं भेजा गया। उनके लाडनूं आगमन से साध्वियों एवं समणियों के कार्य में गति आ गई। उनके निर्देशन में उपर्युक्त तीन कोश प्रकाश में आ गए। एकार्थक कोश की सम्पन्नता पर आचार्यवर ने मुझे निर्युक्तियों के संपादन कार्य का निर्देश दिया। निर्युक्तियों का कार्य लगभग सम्पन्नता पर था। उस समय पूना में कलघटगे जी से मिलना हुआ। उनकी ओर से एक सुझाव आया कि प्रकाशित व्यवहारभाष्य बहुत अशुद्ध है यदि उसका सम्पादन हो जाये तो कोशनिर्माण एवं अन्यान्य शोधकार्य में बहुत सहयोग मिल सकता है। उनके इस सुझाव की ओर पूज्य गुरुदेव एवं आचार्यश्री ने ध्यान दिया और मुझे व्यवहार भाष्य के सम्पादन का निर्देश मिला।

---

१. मुमुक्षु सरिता (समणी स्थितप्रज्ञा), मु. कुसुम (समणी कुसुमप्रज्ञा) मु. सविता (समणी स्मितप्रज्ञा, वर्तमान साध्वी विश्रुतविभा)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन् १९८७ की अक्षय तृतीया को यह कार्य प्रारम्भ हुआ। लगभग ६ महीने में पांडुलिपि से सम्पादन का कार्य सम्पन्न हो गया। इसी बीच देशी शब्दकोश के कार्य में जुड़ने का भी मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। भाष्य का कार्य सम्पन्न होने पर भी प्रकाशन की ओर ध्यान नहीं दिया गया। सन् १९९४ दिल्ली चातुर्मास में इसके प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ हुआ। परिशिष्टों के निर्माण एवं प्रूफ रीडिंग में दो साल का समय लग गया। यद्यपि कार्य की सम्पन्नता में बहुत अनपेक्षित समय लगा है पर इसके भी कुछ कारण रहे हैं। गुरुदेव के निर्देशानुसार पूना से प्राप्त एक प्रति के पाठान्तर प्रूफ आने के बाद जोड़े गए हैं। इस कार्य में श्रम बहुत हुआ है पर संतोष है कि कार्य यथेष्ट रूप में सम्पन्न हो गया।

पूज्य गुरुदेव ने नारी को विकास के अनेक नए क्षितिज दिए हैं। साहित्य के क्षेत्र में तेरापंथ के साध्वी समाज ने नए कीर्तिमान् स्थापित किए हैं। पूज्य गुरुदेव एवं आचार्यश्री की प्रेरणा से अनेक साध्वियां आगम-सम्पादन के कार्य में संलग्न हैं। भगवती-जोड़ के सम्पादन का गुरुतर कार्य, जिसके विषय में कल्पना करना भी साहसिक बात थी पर महाश्रमणी साध्वी प्रमुखाजी के कुशल सम्पादकत्व में इसके छह खंड प्रकाश में आ गए हैं, सातवें खंड का कार्य चालू है।

पूज्य गुरुदेव ने अपने जीवन में नारी विकास के अनेक स्वप्न देखे हैं। और वे फलित भी हुए हैं। एक स्वप्न की चर्चा करते हुए बीदासर में (१२/२/६७) गुरुदेव ने कहा—**'मैं तो उस दिन का स्वप्न देखता हूं, जब साध्वियों द्वारा लिखी गयी टीकाएं या भाष्य सामने आएं। जिस दिन वे इस रूप में सामने आएंगी मैं अपने कार्य का एक अंग पूर्ण समझूंगा।'** गुरुदेव का यह स्वप्न पूर्ण रूप से सार्थक नहीं हुआ है पर इस दिशा में प्रस्थान हो चुका है। फिर भी हमें अत्यंत जागरूक रहकर उसे पूर्ण सार्थक करने का प्रयत्न करना है।

कृतज्ञता ज्ञापन

गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी का नाम मेरे लिए मंगलमंत्र है। हर कार्य के प्रारम्भ में आदि मंगल के रूप में उनके नाम का स्मरण मेरे जीवन की दिनचर्या का स्वाभाविक क्रम बन गया है। इसलिए मेरी हर सफलता का श्रेय गुरु-चरणों को जाता है। मुझे हर पल यह अहसास होता रहा है कि उनके शक्ति-संप्रेषण एवं आशीर्वाद से ही यह कार्य सम्पन्न हो सका है। समय-समय पर मिलने वाली उनकी प्रेरणा एवं प्रोत्साहन ने भी अद्भुत गति एवं स्फूर्ति का संचार किया है।

आचार्य महाप्रज्ञजी श्रुत की उपासना में वर्षों से अहर्निश लगे हुए हैं। वे मूर्तिमान श्रुतपुरुष हैं। समय-समय पर उनके मार्गदर्शन ने मेरे कार्य को सुगम, सुगमतर, सुगमतम बनाया है। भविष्य में उनकी ज्ञानरश्मियों का आलोक मुझे मिलता रहे, यह अभीप्सा है।

प्रस्तुत कार्य की निर्विघ्न संपूर्ति में महाश्रमणी साध्वी प्रमुखाजी के आशीर्वाद एवं निश्छल वात्सल्य का बहुत बड़ा योग रहा है। जब-जब निराशा या श्लथता का अनुभव हुआ, उनकी प्रेरणा ने नयी आशा एवं सक्रियता का संचार कर दिया। प्रतिदिन कार्य की अवगति लेने एवं समणियों को इस कार्य में नियुक्त करने से ही यह कार्य सम्पन्न हो पाया है। मैं उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करके उऋण नहीं होना चाहती। आकांक्षा है कि भविष्य में भी मेरी साहित्यिक यात्रा में उनका पथदर्शन और प्रोत्साहन निरन्तर मिलता रहे। इस कार्य में महाश्रमणजी की मूक प्रेरणाएं भी मेरे लिए मूल्यवान् रही हैं।

आगम कार्य में मुनि श्री दुलहराजजी का निर्देशन मुझे पिछले कई सालों से मिल रहा है। जिस निःस्वार्थ एवं निस्पृह भाव से उनका दिशादर्शन मिला है, वह केवल उल्लेखनीय ही नहीं, अनुकरणीय भी है। पाठ-सम्पादन में अनेक स्थलों का विमर्श, विषयानुक्रमणिका एवं अनेक परिशिष्ट उनकी ज्ञान-चेतना के आलोक में ही सम्पन्न हो सके हैं।

अनेक परिशिष्टों की अनुक्रमणिका एवं प्रूफ देखने में मुनि श्री हीरालालजी का सहयोग भी मेरे स्मृति पटल पर अंकित है। अत्यन्त सूक्ष्मता एवं लगन से अपना कार्य समझकर उन्होंने इस कार्य की सम्पूर्ति में अपना सहकार दिया है।

नियोजिका समणी मंगलप्रज्ञाजी ने व्यवस्थागत सहयोग से इस कार्य को हल्का बनाया है। लिपीकरण एवं प्रूफ-संशोधन में समणी ऋजुप्रज्ञाजी, कमला बैद एवं बहिन निर्मला चोरड़िया का सहयोग विशेष स्मरणीय है। इसके अतिरिक्त अल्पकालिक समय के लिए प्रूफ रीडिंग एवं लिपीकरण में समणी ज्योतिप्रज्ञा, मननप्रज्ञा, संघप्रज्ञा, कंचनप्रज्ञा एवं चैतन्यप्रज्ञा का नाम भी उल्लेखनीय है। प्रो. रानाडे ने बड़ी तत्परता एवं निष्ठा के साथ ग्रंथ की भूमिका के कुछ अंशों का अंग्रेजी अनुवाद किया है। समणी चारित्रप्रज्ञा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ने इसकी प्रतिलिपि में अपना समय लगाया है। प्रकाशन व्यवस्था में कुशलराजजी समदड़ियाजी की कार्यशीलता एवं कार्यप्रतिबद्धता भी इस कार्य को निष्ठा तक पंहुचाने में उपयोगी रही है।

ज्ञात-अज्ञात, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिन-जिनका सहयोग इस कार्य की सम्पूर्ति में मिला है, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना मात्र उपचार होगा। हम सब एक डोर में बंधे हैं अतः संविभाग हमारा आत्मधर्म है। सबके सहयोग की स्मृति करते हुए मुझे अत्यन्त आत्मिक आह्लाद की अनुभूति हो रही है। मैं उन सबके प्रति अपनी मंगल भावना प्रस्तुत कर सबके आत्मोत्थान की कामना करती हूं।

समणी कुसुमप्रज्ञा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यवहार भाष्य : एक अनुशीलन

विषयानुक्रम

१. आगमों का वर्गीकरण
२. छेदसूत्रों का महत्त्व
३. छेदसूत्रों का कर्तृत्व
४. छेदसूत्रों का नामकरण
५. छेदसूत्रों की संख्या
६. छेदसूत्र किस अनुयोग में?
७. साध्वियों को छेदसूत्र की वाचना
८. बृहत्कल्प और व्यवहार में भेद-अभेद
९. निर्युक्तिकार
१०. निर्युक्ति एवं भाष्य का पृथक्करण
११. भाष्य
१२. भाष्यकार
१३. भाष्य का रचनाकाल
१४. अन्य ग्रंथों पर प्रभाव
१५. टीकाकार मलयगिरि
१६. व्यवहार
१७. आभवद् व्यवहार
- क्षेत्र आभवद् व्यवहार
- श्रुत आभवद् व्यवहार
- सुख-दुःख आभवद् व्यवहार
- मार्गोपसंपद् आभवद् व्यवहार
- विनयोपसंपद् आभवद् व्यवहार

१८. प्रायश्चित्त व्यवहार
- सचित्त प्रायश्चित्त
- अचित्त प्रायश्चित्त
- क्षेत्र एवं काल विषयक प्रायश्चित्त
- भाव विषयक प्रायश्चित्त

१९. आगम व्यवहार
२०. श्रुत व्यवहार
२१. आज्ञा व्यवहार
२२. धारणा व्यवहार
२३. जीत व्यवहार
- व्यवहार पंचक का प्रयोग
- अन्य धर्मों से तुलना

२४. व्यवहारी
- व्यवहारी की योग्यता

२५. आगम व्यवहारी
२६. श्रुत व्यवहारी
२७. व्यवहर्त्तव्य
२८. प्रायश्चित्त
- प्रायश्चित्तार्ह
- प्रायश्चित्तवाहक
- प्रायश्चित्तदान में अनेकान्त

२९. आलोचना
- आलोचना के लाभ
- आलोचनार्ह
- आलोचक के गुण
- आलोचना का क्रम
- आलोचना करने की विधि
- आलोचना के दोष
- आलोचना का काल
- आलोचना का स्थान एवं दिशा

३०. चित्त की अवस्थाएं
- क्षिप्तचित्त
- क्षिप्तचित्तता : निवारण के उपाय
- दृप्तचित्त
- उन्मत्तचित्त

३१. मनोरचना में क्षेत्र का प्रभाव
३२. भावधारा और आराधना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३. प्रतिमाएं
- मोकप्रतिमा
- यवमध्यचंद्रप्रतिमा
- वज्रमध्यचंद्रप्रतिमा
- प्रतिमाप्रतिपन्न की योग्यता

३४. ऐतिहासिक तथ्य

३५. राज्यव्यवस्था के घटक तत्त्व
- राजा
- वैद्य
- धनवान्
- नैयतिक
- रूपयक्ष

३६. राज्य का उत्तराधिकारी

३७. अंतःपुर

३८. गुप्तचर

३९. राज्यकर

४०. अर्थव्यवस्था

४१. सांस्कृतिक एवं सामाजिक तथ्य
- नारी
- वास्तुविद्या
- दासप्रथा

४२. पर्यवलोकन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यवहार भाष्य : एक अनुशीलन

आगमों का वर्गीकरण

आगमों का प्राचीनतम वर्गीकरण अंग एवं पूर्व इन दो भागों में मिलता है। आर्यरक्षित ने आगम साहित्य को चार अनुयोगों में विभक्त किया। वे विभाग ये हैं—१. चरणकरणानुयोग २. धर्मकथानुयोग ३. गणितानुयोग ४. द्रव्यानुयोग।[1] आगम संकलन के समय आगमों को दो वर्गों में विभक्त किया गया—अंगप्रविष्ट एवं अंगबाह्य। नंदी में आगमों का विभाग काल की दृष्टि से भी किया गया है। प्रथम एवं अंतिम प्रहर में पढ़े जाने वाले आगम 'कालिक' तथा सभी प्रहरों में पढ़े जाने वाले आगम 'उत्कालिक' कहलाते हैं।[2] सबसे उत्तरवर्ती वर्गीकरण में आगम के चार विभाग मिलते हैं—अंग, उपांग, मूल एवं छेद। वर्तमान में आगमों का यही वर्गीकरण अधिक प्रसिद्ध है।

छेदसूत्रों का महत्त्व

जैन धर्म ने आचार-शुद्धि पर बहुत बल दिया। आचार-पालन में उन्होंने इतना सूक्ष्म निरूपण किया कि स्वप्न में भी यदि हिंसा या असत्यभाषण हो जाए तो उसका भी प्रायश्चित्त करना चाहिए। आगमों में प्रकीर्ण रूप से साध्वाचार का वर्णन मिलता है। समय के अंतराल में साध्वाचार के विधि-निषेध परक ग्रंथों की स्वतंत्र अपेक्षा महसूस की जाने लगी। द्रव्य, क्षेत्र, काल आदि के अनुसार आचार संबंधी नियमों में भी परिवर्तन आने लगा। परिस्थिति के अनुसार कुछ वैकल्पिक नियम भी बनाए गए, जिन्हें अपवाद मार्ग कहा गया।

छेदसूत्रों में साधु की विविध आचार-संहिताएं तथा प्रसंगवश अपवाद मार्ग आदि का विधान है। ये सूत्र साधु-जीवन का संविधान ही प्रस्तुत नहीं करते किन्तु प्रमादवश स्खलना होने पर दंड का विधान भी करते हैं। इन्हें लौकिक भाषा में दंड-संहिता तथा अध्यात्म की भाषा में प्रायश्चित्त सूत्र कहा जा सकता है।

छेदसूत्रों में प्रयुक्त 'कप्पइ' शब्द से मुनि के लिए करणीय आचार तथा 'नो कप्पइ' से अकरणीय या निषिद्ध आचार का ज्ञान होता है। बौद्ध परम्परा में आचार, अनुशासन एवं प्रायश्चित्त संबंधी विकीर्ण वर्णन विनय पिटक में तथा वैदिक परम्परा में श्रोत्रसूत्र एवं स्मृतिग्रंथों में मिलता है।

छेदसूत्रों में निशीथ अधिक प्रतिष्ठित हुआ है। व्यवहार भाष्य के पांचवें-छठे उद्देशक में निशीथ की महत्ता में अनेक तथ्य प्रतिपादित हैं।

व्यवहार भाष्य में आगमों के सूत्र और अर्थ की बलवत्ता के विमर्श में सूत्र के अर्थ को बलवान् माना है। उसी प्रसंग में अन्यान्य आगमों के अर्थ के संदर्भ में छेदसूत्रों के अर्थ को बलवत्तर माना है। इसका कारण बताते हुए भाष्यकार कहते हैं कि चारित्र में स्खलना होने पर या दोष लगने पर छेदसूत्रों के आधार पर विशुद्धि होती है अतः पूर्वगत को छोड़कर अर्थ की दृष्टि से अन्य आगमों की अपेक्षा छेदसूत्र बलवत्तर हैं।[3]

---

१. दशअचू. पृ. २।

२. नंदी सू. ७७, ७८।

३. व्यभा- १८२९ : जम्हा तु होति सोधी, छेदसुयत्थेण खलितचरणस्स।
तम्हा छेदसुयत्थो, बलवं मोत्तूण पुव्वगतं॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निशीथ भाष्य में छेद-सूत्रों को उत्तमश्रुत कहा है। निशीथ चूर्णिकार कहते हैं कि इनमें प्रायश्चित्त विधि का वर्णन है, इनसे चारित्र की विशोधि होती है इसलिए छेदसूत्र उत्तमश्रुत हैं।[१]

छेदसूत्रों के ज्ञाता श्रुतव्यवहारी कहलाते हैं।[२] उनको आलोचना देने का अधिकार है। छेदसूत्रों के व्याख्याग्रंथों का भी महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। जो बृहत्कल्प एवं व्यवहार की निर्युक्ति को अर्थतः जानता है, वह श्रुतव्यवहारी है।[३]

छेदसूत्र रहस्य सूत्र हैं। योनिप्राभृत आदि ग्रंथों की भांति इनकी गोपनीयता का निर्देश है। इनकी वाचना हर एक को नहीं दी जाती थी। निशीथ भाष्य एवं चूर्णि में स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि जहां मृग (बाल, अज्ञानी एवं अगीतार्थ) साधु बैठे हों वहां इनकी वाचना नहीं देनी चाहिए।[४] लेकिन सूत्र का विच्छेद न हो इस दृष्टि से द्रव्य, क्षेत्र, काल आदि के आधार पर अपात्र को भी वाचना दी जा सकती है, ऐसा उल्लेख भी मिलता है।[५]

पंचकल्प भाष्य के अनुसार छेदसूत्रों की वाचना केवल परिणामक शिष्य को दी जाती थी, अतिपरिणामक एवं अपरिणामक को नहीं।[६] अपरिणामक आदि शिष्यों को छेदसूत्रों की वाचना देने से वे उसी प्रकार विनष्ट हो जाते हैं जैसे मिट्टी के कच्चे घड़े या अम्लरसयुक्त घड़े में दूध नष्ट हो जाता है।[७] अगीतार्थ बहुल संघ में छेदसूत्र की वाचना एकान्त में अभिशय्या या नैषेधिकी में दी जाती थी क्योंकि अगीतार्थ साधु उसे सुनकर कहीं विपरिणत होकर गच्छ से निकल न जाएं।[८]

छेदसूत्रों का कर्तृत्व

छेदसूत्र पूर्वों से निर्यूढ हुए अतः इनका आगम साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है। दशाश्रुतस्कंध, बृहत्कल्प, व्यवहार एवं निशीथ—इन चारों छेदसूत्रों का निर्यूहण प्रत्याख्यान पूर्व की तृतीय आचारवस्तु से हुआ, ऐसा उल्लेख निर्युक्ति एवं भाष्य साहित्य में मिलता है।[९] दशाश्रुत, कल्प एवं व्यवहार का निर्यूहण भद्रबाहु ने किया यह भी अनेक स्थानों पर निर्दिष्ट है।[१०] किंतु निशीथ के कर्तृत्व के बारे में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। कुछ विद्वान् निशीथ को भी भद्रबाहु द्वारा निर्यूढ मानते हैं लेकिन यह बात तर्क-संगत नहीं लगती। निशीथ चतुर्दशपूर्वधर भद्रबाहु द्वारा निर्यूढ कृति नहीं है, इस मत की पुष्टि में कुछ हेतु प्रस्तुत किए जा सकते हैं—

दशाश्रुतस्कंध की निर्युक्ति एवं पंचकल्प भाष्य में भद्रबाहु को दशा, कल्प एवं व्यवहार—इन तीनों सूत्रों के कर्त्ता के रूप में वंदना की है, वहां आचारप्रकल्प—निशीथ का उल्लेख नहीं है।[११]

---

१. निभा. ६१८४ चू. पृ. २५३।
२. निभा. ६३६५; व्यभा ३२०।
३. व्यभा. ४४३२-३५।
४. निभा. ५६४७ चू. पृ. १६०, व्यभा ६४६ टी. प. ५८।
५. निभा. ६२२७ चू. पृ. २६१।
६. पंकभा. १२२३; णाऊणं छेदसुतं, परिणामगे होंति दायव्वं।
७. व्यभा. ४१००,४१०१।
८. व्यभा. १७३६।
९. क व्यभा. ४१७४;
सव्वं पि य पच्छित्तं, पच्चक्खाणस्स ततियवत्थुम्मि।
तत्तो च्चिय निज्जूढं, पकप्पकप्पो य ववहारो॥
ख. पंकभा. २३ : आयारदसाकप्पो, ववहारो नवमपुव्वणीसंदो।
ग. आचारांगनिर्युक्ति २९१ :
आयारपकप्पो पुण, पच्चक्खाणस्स ततियवत्थूओ।
आयारनामधेज्जा, वीसइमा पाहुडच्छेदा।
१०. क. दशाश्रुतस्कंधनिर्युक्ति :
वंदामि भद्दबाहुं, पाईणं चरिमसगलसुयनाणीं।
सुत्तस्स कारगमिसिं, दसासु कप्पे य ववहारे॥
ख. पंकभा. १२ : तो सुत्तकारओ खलु, स भवति दसकप्पववहारे।
११. दश्रुनि. १; पंकभा. १।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

• व्यवहार सूत्र में जहां आगम-अध्ययन की काल-सीमा के निर्धारण का प्रसंग है, वहां भी दशाश्रुत, व्यवहार एवं कल्प का नाम एक साथ आता है।[१] आवश्यक सूत्र में भी इन तीन ग्रंथों के उद्देशकों का ही एक साथ उल्लेख मिलता है।[२] निशीथ को इनके साथ न जोड़कर पृथक् उल्लेख किया गया है।[३]

• श्रुतव्यवहारी के प्रसंग में भाष्यकार ने कल्प और व्यवहार इन दो ग्रंथों तथा इनकी निर्युक्तियों के ज्ञाता को श्रुतव्यवहारी के रूप में स्वीकृत किया है। वहां निशीथ/आचारप्रकल्प का उल्लेख नहीं है।[४] निशीथ की महत्ता सूचक अनेक गाथाएं व्यभा में हैं, पर वे आचार्यों ने बाद में जोड़ी हैं, ऐसा प्रतीत होता है क्योंकि उत्तरकाल में निशीथ बहुत प्रतिष्ठित हुआ है। अन्यथा कल्प और व्यवहार के साथ भाष्यकार अवश्य निशीथ का नाम जोड़ते।

• निशीथ का निर्यूहण भद्रबाहु ने किया, यह उल्लेख केवल पंचकल्पचूर्णि में मिलता है।[५] इसका कारण संभवतः यह रहा होगा कि अन्य छेदग्रंथों की भांति निशीथ का निर्यूहण भी प्रत्याख्यान पूर्व से हुआ इसीलिए कालान्तर में निर्यूहण कर्त्ता के रूप में भद्रबाहु का नाम निशीथ के साथ भी जुड़ गया।

• विंटरनित्स ने निशीथ को अर्वाचीन माना है तथा इसे संकलित रचना के रूप में स्वीकृत किया है।[६]

• विद्वानों के द्वारा कल्पना की गयी है कि निशीथ का निर्यूहण विशाखगणि द्वारा किया गया, जो भद्रबाहु के समकालीन थे।

दशाश्रुतस्कंध के निर्यूहण के बारे में भी एक प्रश्नचिह्न उपस्थित होता है कि इसमें महावीर का जीवन एवं स्थविराबलि है अतः यह पूर्वों से उद्धृत कैसे माना जा सकता है? इस प्रश्न के समाधान में संभावना की जा सकती है कि इसमें कुछ अंश बाद में जोड़ दिया गया हो।

छेदसूत्रों का निर्यूहण क्यों किया गया, इस विषय में भाष्य साहित्य में विस्तृत चर्चा मिलती है। भाष्यकार के अनुसार नौवां पूर्व सागर की भांति विशाल है। उसकी सतत स्मृति में बार-बार परावर्तन की अपेक्षा रहती है, अन्यथा वह विस्मृत हो जाता है।[७] जब भद्रबाहु ने धृति, संहनन, वीर्य, शारीरिक बल, सत्त्व, श्रद्धा, उत्साह एवं पराक्रम की क्षीणता देखी तब चारित्र की विशुद्धि एवं रक्षा के लिए दशाश्रुतस्कंध, कल्प एवं व्यवहार का निर्यूहण किया।[८] इसका दूसरा हेतु बताते हुए भाष्यकार कहते हैं कि चरणकरणानुयोग के व्यवच्छेद होने से चारित्र का अभाव हो जाएगा अतः चरणकरणानुयोग की अव्यवच्छित्ति एवं चारित्र की रक्षा के लिए भद्रबाहु ने इन ग्रंथों का निर्यूहण किया।[९]

चूर्णिकार स्पष्ट उल्लेख करते हैं कि भद्रबाहु ने आयुबल, धारणाबल आदि की क्षीणता देखकर दशा, कल्प एवं व्यवहार का निर्यूहण किया किन्तु आहार, उपधि, कीर्ति या प्रशंसा आदि के लिए नहीं।[१०]

निर्यूहण के प्रसंग को दृष्टान्त द्वारा समझाते हुए भाष्यकार कहते हैं—जैसे सुगंधित फूलों से युक्त कल्पवृक्ष पर चढ़कर फूल इकट्ठे करने में कुछ व्यक्ति असमर्थ होते हैं। उन व्यक्तियों पर अनुकम्पा करके कोई शक्तिशाली व्यक्ति उस पर चढ़ता है और फूलों को चुनकर अक्षम लोगों को दे देता है। उसी प्रकार चतुर्दशपूर्व रूप कल्पवृक्ष पर भद्रबाहु ने आरोहण किया और अनुकंपावश छेद ग्रंथों का संग्रथन किया।[११] इस प्रसंग में भाष्यकार ने केशवभेरी एवं वैद्य के दृष्टान्त का भी उल्लेख किया है।[१२]

---

१. व्यसू. १०/२७:पंचवासपरियायस्स समणस्स निग्गंथस्स कप्पइ दसाकप्पववहारे उद्दिसित्तए।
२. आवसू. ८:छव्वीसाए दसाकप्पववहाराणं उद्देसणकालेहिं।
३. व्यसू. १०/२५ : तिवासपरियायस्स समणस्स निग्गंथस्स कप्पइ आयारपकप्पं नामं अज्झयणं उद्दिसित्तए।
४. व्यभा. ४४३२-४४३६।
५. पंचकल्पचूर्णि (अप्रकाशित)।
६. A History of ....p. 446.
७. व्यभा. १७३७।
८. पंकभा. २६-२९।
९. पंकभा. ४२।
१०. दशुचू. पृ. ३।
११. पंकभा. ४३-४६।
१२. पंकभा. ४७, ४८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छेदसूत्रों का नामकरण

नंदी में व्यवहार, बृहत्कल्प आदि ग्रंथों को कालिकश्रुत के अन्तर्गत रखा है। गोम्मटसार[1] धवला[2] एवं तत्त्वार्थसूत्र[3] में व्यवहार आदि ग्रंथों को अंगबाह्य में समाविष्ट किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि जब भद्रबाहु ने निर्यूहण किया तब तक संभवतः छेदग्रंथ जैसा विभाग इन ग्रंथों के लिए नहीं हुआ था। बाद में इन ग्रंथों को विशेष महत्त्व देने हेतु इनको एक नवीन वर्गीकरण के अन्तर्गत समाविष्ट कर दिया गया। फिर भी 'छेदसूत्र' नाम कैसे प्रचलित हुआ इसका कोई पुष्ट प्रमाण प्राचीन साहित्य में नहीं मिलता। छेदसूत्र का सबसे प्राचीन उल्लेख आवश्यकनिर्युक्ति में मिलता है।[4]

विद्वानों ने अनुमान के आधार पर इसके नामकरण की यौक्तिकता पर अनेक हेतु प्रस्तुत किए हैं। छेदसूत्रों के नामकरण के बारे में निम्न विकल्पों को प्रस्तुत किया जा सकता है—

• शूब्रिंग के अनुसार प्रायश्चित्त के दस भेदों में 'छेद' और 'मूल' के आधार पर आगमों का वर्गीकरण 'छेद' और 'मूल' के रूप में प्रसिद्ध हो गया।[5] इस अनुमान की कसौटी में छेदसूत्र तो विषय-वस्तु की दृष्टि से खरे उतरते हैं। लेकिन वर्तमान में उपलब्ध मूलसूत्रों की 'मूल' प्रायश्चित्त से कोई संगति नहीं बैठती।

• सामायिक चारित्र स्वल्पकालिक है अतः प्रायश्चित्त का संबंध छेदोपस्थापनीय चारित्र से अधिक है। छेदसूत्र तत् चारित्र सम्बन्धी प्रायश्चित्त का विधान करते हैं, संभवतः इसीलिए इनका नाम 'छेदसूत्र' पड़ा होगा।

• दिगंबर ग्रंथ 'छेदपिंड' में प्रायश्चित्त के आठ पर्यायवाची नाम हैं। उनमें एक नाम 'छेद' है। श्वेताम्बर परम्परा में प्रायश्चित्त के दस भेदों में सातवां प्रायश्चित्त 'छेद' है। अंतिम तीन प्रायश्चित्त साधुवेश से मुक्त होकर वहन किये जाते हैं। लेकिन श्रमण पर्याय में होने वाला अंतिम प्रायश्चित्त 'छेद' है। स्खलना होने पर जो चारित्र के छेद—काटने का विधान करते हैं, वे ग्रंथ छेदसूत्र हैं।

• आवश्यक की मलयगिरि टीका में सामाचारी के प्रकरण में छेदसूत्रों के लिए पदविभाग सामाचारी शब्द का प्रयोग मिलता है।[6] पदविभाग और छेद ये दोनों शब्द एक ही अर्थ के द्योतक हैं।

• छेदसूत्र में सभी सूत्र स्वतंत्र हैं। एक सूत्र का दूसरे सूत्र के साथ विशेष संबंध नहीं है तथा व्याख्या भी छेद या विभाग दृष्टि से की गई है। इसलिए भी इनको छेदसूत्र कहा जा सकता है।

नामकरण के बारे में आचार्य तुलसी (वर्तमान गणाधिपति तुलसी) ने एक नई कल्पना प्रस्तुत की है— "छेदसूत्र को उत्तमश्रुत माना है। 'उत्तम श्रुत' शब्द पर विचार करते समय एक कल्पना होती है कि जिसे हम 'छेयसुत्त' मानते हैं वह कहीं 'छेकश्रुत तो नहीं है? छेकश्रुत अर्थात् कल्याण श्रुत या उत्तम श्रुत। दशाश्रुतस्कन्ध को छेदसूत्र का मुख्य ग्रंथ माना गया है।[7] इससे 'छेयसुत्त' का 'छेकसूत्र' होना अस्वाभाविक नहीं लगता। दशवैकालिक (४/११) में **'जं छेयं तं समायरे'** पद प्राप्त है। इससे 'छेय' शब्द के 'छेक' होने की पुष्टि होती है।"[8]

• जिससे नियमों में बाधा न आती हो तथा निर्मलता की वृद्धि होती हो, उसे छेद कहते हैं।[9] पंचवस्तु की टीका में हरिभद्र द्वारा किए गए इस अर्थ के आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि जो ग्रंथ निर्मलता एवं पवित्रता के वाहक हैं, वे छेदसूत्र हैं। अतः इन ग्रंथों का छेद नामकरण सार्थक लगता है।

---

१. गोजी-गा. ३६७, ३६८।
२. धवला पु. १ पृ. ६६।
३. त. २/२०।
४. आवनि- ७७७।
५. कल्पसूत्र भू. पृ. ८।
६. आवनि- ६६५ मटी-पृ. ३४१ : पदविभागसामाचारीछेदसूत्राणि।
७. दश्रुचू. पृ. २; इमं पुण छेयसुत्तपमुहभूतं।
८. निसी. भूमिका पृ. ३, ४।
९. जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश भा. २ पृ. ३०६; बज्झाणुट्ठाणेणं, जेण ण बाहिज्जए तयं णियमा।
संभवइ य परिसुद्धं, सो पुण धम्मम्मि छेउ त्ति॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्तमान में उपलब्ध चार छेदसूत्रों का नामकरण भी सार्थक हुआ है। आयारदशा में साधु जीवन के आचार की विविध अवस्थाओं का वर्णन है। यह दस अध्ययनों में निबद्ध है अतः इसका नाम 'दशाश्रुतस्कंध' भी है। कल्प का अर्थ है—आचार। जिसमें विस्तृत रूप में साधु के विधि-निषेध सूचक आचार का वर्णन है, वह 'बृहत्कल्प' है। बृहत्कल्प नाम की सार्थकता का विस्तृत विवेचन मलयगिरि ने बृहत्कल्प भाष्य की पीठिका में किया है।[१]

व्यवहार प्रायश्चित्त सूत्र है। इसमें पांच व्यवहारों का मुख्य वर्णन होने के कारण इसका नाम 'व्यवहार' रखा गया।

आचारप्रकल्प में आचार के विविध विकल्पों का वर्णन है। इसका दूसरा नाम निशीथ भी है। निशीथ का अर्थ है—अर्धरात्रि या अंधकार। निशीथ भाष्य के अनुसार 'निशीथ' की वाचना अर्धरात्रि या अप्रकाश में दी जाती थी इसलिए इसका नाम निशीथ प्रसिद्ध हो गया।[२] इसका संक्षिप्त नाम 'प्रकल्प' भी है।

छेदसूत्रों की संख्या

छेदसूत्रों की संख्या के बारे में विद्वानों में मतभेद है। जीतकल्प चूर्णि में छेदसूत्रों के रूप में निम्न ग्रंथों का उल्लेख हुआ है—कल्प, व्यवहार, कल्पिकाकल्पिक, क्षुल्लकल्प, महाकल्प, निशीथ आदि।[3] आदि शब्द से यहां संभवतः दशाश्रुतस्कंध ग्रंथ का संकेत होना चाहिए। कल्पिकाकल्पिक, महाकल्प एवं क्षुल्लकल्प आदि ग्रंथ आज अनुपलब्ध हैं। पर इतना निःसंदेह कहा जा सकता है कि ये प्रायश्चित्त सूत्र थे और इनकी गणना छेदसूत्रों में होती थी।

आवश्यकनिर्युक्ति में छेदसूत्रों के साथ महाकल्प का उल्लेख मिलता है।[४] संभव है तब तक इस ग्रंथ का अस्तित्व था। सामाचारी शतक में छेदसूत्रों के रूप में छह ग्रंथों के नामों का उल्लेख मिलता है। दशाश्रुत, बृहत्कल्प, व्यवहार, निशीथ, जीतकल्प, महानिशीथ।[५] पं. कैलाशचंद्र शास्त्री ने जीतकल्प के स्थान पर पंचकल्प को छेदसूत्रों के अन्तर्गत माना है।[६]

हीरालाल कापड़िया के अनुसार पंचकल्प का लोप होने के बाद जीतकल्प की परिगणना छेदसूत्रों में होने लगी।[७] कुछ मुनियों का कहना है कि पंचकल्प कभी बृहत्कल्पभाष्य का ही एक अंश था पर बाद में इसको अलग कर दिया गया जैसे ओघनिर्युक्ति और पिण्डनिर्युक्ति को।[८]

वर्तमान में पंचकल्प अनुपलब्ध है। जैन ग्रंथावली के अनुसार १७ वीं शती के पूर्वार्द्ध तक इसका अस्तित्त्व था।[९] किन्तु निश्चय रूप से नहीं कहा जा सकता कि इसका लोप कब हुआ? पंचकल्प भाष्य की विषयवस्तु देखकर ऐसा लगता है कि किसी समय में पंचकल्प की गणना छेदसूत्रों में रही होगी।

विंटरनित्स के अनुसार छेदसूत्रों के प्रणयन का क्रम इस प्रकार है—कल्प, व्यवहार, निशीथ, पिंडनिर्युक्ति, ओघनिर्युक्ति, महानिशीथ।[१०] विंटरनित्स ने छेदसूत्रों में जीतकल्प का समावेश नहीं किया। जीतकल्प की रचना नंदी के बाद हुई अतः उसमें जीतकल्प का उल्लेख नहीं मिलता। पिंडनिर्युक्ति तथा ओघनिर्युक्ति साधु के नियमों का वर्णन करती है इसीलिए संभवतः विंटरनित्स ने इन दोनों का छेदसूत्रों के अन्तर्गत समावेश किया है।

दिगम्बर साहित्य में कल्प, व्यवहार और निशीथ—इन तीन ग्रन्थों का ही उल्लेख मिलता है, जिनका समावेश अंगबाह्य में किया गया है। जीतकल्प, पंचकल्प और महानिशीथ का उल्लेख दिगम्बर साहित्य में नहीं मिलता।

---

१. बृपी. पृ. ४।
२. निभा. ६६।
३. जीचू. पृ. १. कप्प-ववहार कप्पियाकप्पिय—चुल्लकप्प—महाकप्पसुय,
   निसीहाइएसु छेदसुत्तेसु अइवित्थरेण पच्छित्तं भणियं।
४. आवनि. ७७७, विभा २२९५।
५. सामाचारी शतक, आगमाधिकार।
६. जैनधर्म पृ. २५६।
७. A History of the canonical Literature of the Jains, Page, 37
८. A History of the canonical Literature of Jains, Page 36
९. A History of the canonical Literature of the Jains. Page 36
१०. A History... Page 464

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समवाओ में दशाश्रुत को छेदसूत्र में प्रथम स्थान दिया है।[1] चूर्णिकार ने छेदसूत्रों में दशाश्रुतस्कन्ध को प्रमुख रूप से स्वीकार किया है।[2] इसको प्रमुखता देने का संभवतः यही कारण रहा होगा कि इसमें मुनि के लिए आचरणीय एवं अनाचरणीय तथ्यों का क्रमबद्ध वर्णन है। शेष तीन छेदसूत्र इसी के उपजीवी हैं।

विंटरनित्स के अनुसार व्यवहार बृहत्कल्प का पूरक है। बृहत्कल्प में प्रायश्चित्त-योग्य कार्यों का निर्देश है तथा व्यवहार उसकी प्रयोग भूमि है। अर्थात् उसमें प्रायश्चित्त निर्दिष्ट हैं। उनके अनुसार निशीथ की रचना अर्वाचीन है। निशीथ में बहुत बड़ा भाग व्यवहार से तथा कुछ भाग प्रथम और द्वितीय चूला से लिया गया है।[3]

कुछ आचार्य दशाश्रुत, बृहत्कल्प एवं व्यवहार—इन तीनों को एक श्रुतस्कंध ही मानते हैं तथा कुछ आचार्य दशाश्रुत को एक तथा कल्प और व्यवहार को दूसरे श्रुतस्कंध के रूप में स्वीकृत करते हैं।[4]

छेदसूत्र किस अनुयोग में?

अनुयोग विशिष्ट व्याख्या पद्धति है। उसके मुख्य चार भेद हैं—१. चरणकरण, २. धर्मकथा, ३. गणित, ४. द्रव्य। आर्यरक्षित से पूर्व अपृथक्त्वानुयोग प्रचलित था। उसमें प्रत्येक आगम के सूत्रों की व्याख्या चरणकरण, धर्म, गणित तथा द्रव्य की दृष्टि से की जाती थी। वह प्रत्येक के लिए सुगम नहीं होती थी। आर्यरक्षित ने इस जटिलता और स्मृतिबल की क्षीणता को देखकर पृथक्त्वानुयोग का प्रवर्त्तन कर दिया। उन्होंने विषयगत वर्गीकरण के आधार पर आगमों को चार अनुयोगों में बांटा—१. चरणकरणानुयोग, २. धर्मकथानुयोग, ३. गणितानुयोग, ४. द्रव्यानुयोग।

आचार प्रधान होने के कारण छेदसूत्रों का समावेश चरणकरणानुयोग में किया गया। इस संदर्भ में निशीथ चूर्णि में शिष्य आचार्य से प्रश्न पूछता है कि निशीथ आचारांग की पंचमचूला होने के कारण उसका समावेश अंग में है तथा वह चरणकरणानुयोग के अन्तर्गत है, लेकिन छेद सूत्र अंगबाह्य हैं वे किस अनुयोग के अन्तर्गत होंगे? निशीथ भाष्यकार ने छेदसूत्रों का समावेश चरणकरणानुयोग के अन्तर्गत रखा है।[5]

साध्वियों को छेदसूत्र की वाचना

आर्यरक्षित अन्तिम आगमव्यवहारी थे। आगमव्यवहारी अपने ज्ञानबल से जान लेते थे कि इस संयती को छेदसूत्र की वाचना देने में दोषापत्ति नहीं है तो वे उसे छेदसूत्रों की वाचना देते थे। आर्यरक्षित के बाद आगमव्यवहारी नहीं रहे। साध्वियों की मनःस्थिति को स्पष्ट रूप से जानने का कोई अतिशायी ज्ञान नहीं रहा। तब स्थविरों ने सोचा कि छेदसूत्र के अध्ययन से साध्वियां संयम से च्युत न हो जाएं, इस दृष्टि से उनको वाचना देना बंद कर दिया।[6]

प्रश्न उपस्थित हुआ कि फिर साध्वियां शोधि कैसे कर पाएंगी? इसके उत्तर में ग्रंथकार कहते हैं— आचार्य आर्यरक्षित के समय तक साध्वियां साध्वियों से प्रायश्चित्त ग्रहण करती थीं और प्रायश्चित्तदात्री साध्वियों के अभाव में श्रमणों के पास भी आलोचना कर प्रायश्चित्त ग्रहण करती थीं। इसी प्रकार श्रमण भी स्वपक्ष अर्थात् श्रमणों से अथवा परपक्ष अर्थात् श्रमणियों के पास आलोचना कर प्रायश्चित्त ग्रहण करते थे। आर्यरक्षित के पश्चात् श्रमणियां श्रमणों के पास ही आलोचना करने लगीं। आर्यरक्षित के समय में भी यह परम्परा थी कि यदि साध्वियों को मूलगुण संबंधी दोषों की आलोचना करनी होती तो वे स्वयं साध्वियों के पास ही उनकी आलोचना करतीं। योग्य साध्वी के अभाव में छेदग्रंथधर स्थविर के पास आलोचना करतीं।[7]

---

१. सम॰ २६/१।
२. दश्रुचू॰ पृ॰ २ : इमं पुण छेदसुत्तपमुहसुत्तं।
३. A His. of P. 446
४. पंकभा॰ २५;।
५. निभा॰ ६१६० :
जं च महाकप्पसुयं, जाणिय सेसाइं छेदसुत्ताइं।
चरणकरणाणुओगो, कालियछेदोवगयाइ य॥
६. व्यभा॰ २३६५।
७. व्यभा. २३६६-६८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यदि कोई साध्वी सीखे हुए आचारप्रकल्प को प्रमाद से भूल जाती तो उसे जीवनभर प्रवर्तिनी पद नहीं दिया जाता।[1]

छेदसूत्र जैसे रहस्यमय सूत्र की विस्मृति के कुछ कारण भाष्यकार ने बताए हैं। मलयवती, मगधसेना एवं तरंगवती आदि रोचक कथा साहित्य पढ़ने से आचारप्रकल्प आदि ग्रंथों के परावर्तन का समय नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त ज्योतिषज्ञान, निमित्त-विद्या, विशिष्टविद्या, मंत्र आदि की साधना तथा निमित्तशास्त्र के अध्ययन में समय अधिक लगाना पड़ता इसलिए आचारप्रकल्प आदि की विस्मृति हो जाती।[2] इस प्रसंग में भाष्यकार ने प्रमादी अजापालक, वैद्य, योद्धा आदि के दृष्टान्त प्रस्तुत किए हैं, जो प्रमाद के कारण अपने व्यवसाय और कला को भूल गए। उस विस्मृति से उन्होंने अपनी आजीविका को खो दिया।[3]

जो साध्वी ग्लान होने पर, ग्लान की सेवा में नियुक्त रहने के कारण, दुर्भिक्ष होने पर, निरंतर भिक्षा में संलग्न रहने के कारण आचारप्रकल्प की विस्मृति कर देती है तो भी उसे गणभार के योग्य मान लिया जाता था क्योंकि यह दर्प या प्रमाद से होने वाली विस्मृति नहीं है। ऐसी साध्वी को गण का भार दिया जा सकता है।[4]

बृहत्कल्प और व्यवहार में भेद-अभेद

कुछ पाश्चात्य विद्वान् व्यवहार को बृहत्कल्प का पूरक मानते हैं। भाष्यकार ने एक प्रश्न उपस्थित किया है कि बृहत्कल्प एवं व्यवहार दोनों में प्रायश्चित्त का वर्णन है फिर इनमें भिन्नता या विशेषता क्या है? दोनों में अभेद स्थापित करते हुए भाष्यकार कहते हैं--जो अवितथव्यवहारी होता है, वह निश्चित रूप से आचार में स्थित रहता है तथा जो कल्प—आचार में स्थित है, वह नियम से अवितथव्यवहारी होता है अतः दोनों में अविनाभावी संबंध है तथा कल्प और व्यवहार दोनों शब्द एकार्थक हैं।[5]

दोनों में भेद बताते हुए भाष्यकार कहते हैं कि कल्पाध्ययन में मूलगुण एवं उत्तरगुण से सम्बन्धित अतिचारों का वर्णन है तथा व्यवहार में प्रायश्चित्त दान की विधि का वर्णन है। अर्थात् इसमें आभवद् एवं प्रायश्चित्त व्यवहार का वर्णन है।

दूसरा भेद इन दोनों में यह है कि बृहत्कल्प में अविशेष अर्थात्--सामान्य रूप से प्रायश्चित्त का वर्णन है तथा व्यवहार में विशेष रूप से अर्थात्—प्रतिसेवना, संयोजना, आरोपणा एवं प्रतिकुंचना आदि के भेद से विस्तृत रूप से प्रायश्चित्त का वर्णन है।[6]

शब्द भेद होते हुए भी कल्प और व्यवहार अर्थ की दृष्टि से अभिन्न हैं। इन दोनों में अर्थसाम्य को घटित करने के लिए भाष्यकार ने भाषा संबंधी चतुर्भंगी प्रस्तुत की है--

शब्द अभेद	अर्थ अभेद	जैसे—इंद्र इंद्र।
शब्द भेद	अर्थ अभेद	जैसे—इंद्र, शक्र आदि
शब्द अभेद	अर्थ भेद	जैसे--गो।[7]
शब्द भेद	अर्थ भेद	जैसे—घट, पट आदि।

अभिधान का नानात्व होने पर भी अभिधेय एक हो सकता है और अभिधान एक होने पर भी अभिधेय में नानात्व हो सकता है। कल्प और व्यवहार दोनों में व्यञ्जन का नानात्व है पर अर्थ में भेद नहीं है क्योंकि दोनों में प्रायश्चित्त का वर्णन है। प्रायश्चित्त के भेदों तथा प्रायश्चित्तार्ह पुरुषों का जो उल्लेख कल्प में नहीं है, वह व्यवहार में है इसलिए यह विशेष है।[8]

निर्युक्तिकार

जैन आगमों के व्याख्या ग्रन्थों में निर्युक्ति सबसे प्राचीन पद्यबद्ध रचना है। सूत्र के साथ अर्थ का निर्णय जिसके द्वारा होता है, वह निर्युक्ति है।[9] निर्युक्तिकार के रूप में आचार्य भद्रबाहु का नाम प्रसिद्ध है। उन्होंने १० ग्रंथों पर

---

१. व्यभा. २३१४-२२।
२. व्यभा. २३२०-२१।
३. व्यभा. २३२३-२८।
४. व्यभा. २३२७, २३२८।
५. व्यभा. १५२।
६. व्यभा. १५३।
७. 'गो' शब्द भूप, पशु, रश्मि आदि अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता है।
८. व्यभा. १५५-५७।
९. आवनि. ८८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्युक्तियां लिखीं।[1] इसके अतिरिक्त गोविंद आचार्यकृत गोविंदनिर्युक्ति का उल्लेख भी मिलता है।[2] निर्युक्तिकार के विषय में विद्वानों में पर्याप्त मतभेद है। विंटरनित्स, हीरालाल कापड़िया आदि विद्वानों ने चतुर्दशपूर्वधर भद्रबाहु को ही निर्युक्तिकार के रूप में स्वीकृत किया है। उनके मत से द्वितीय भद्रबाहु को निर्युक्तिकार मानना असंगत है।[3] मुनि पुण्यविजयजी ने अनेक प्रमाणों के आधार पर द्वितीय भद्रबाहु को निर्युक्तिकार के रूप में सिद्ध किया है।[4] हमने भद्रबाहु प्रथम को ही निर्युक्तिकार के रूप में स्वीकार किया है। किंतु भद्रबाहु द्वितीय ने निर्युक्तियों में परिवर्धन किया, यह भी स्वीकृत किया है क्योंकि दशवैकालिक एवं आवश्यक आदि की निर्युक्तियों में चूर्णि एवं टीका की गाथा संख्या में काफी अंतर है। भद्रबाहु प्रथम निर्युक्तिकार थे इसकी सिद्धि में अनेक हेतु प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निर्युक्ति एवं निर्युक्तिकार के बारे में विस्तृत विवेचन हम निर्युक्तियों के प्रकाश्यमान खंड में करेंगे।

निर्युक्ति एवं भाष्य का पृथक्करण

आचार्य भद्रबाहु ने १० निर्युक्तियां लिखने की प्रतिज्ञा की।[5] उनमें ऋषिभाषित एवं सूर्यप्रज्ञप्ति पर लिखी गई निर्युक्ति आज अनुपलब्ध है। बाकी की आठ निर्युक्तियों में आवश्यक, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, सूत्रकृतांग एवं दशाश्रुतस्कंध की निर्युक्तियां तो स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में मिलती हैं किन्तु बृहत्कल्प, व्यवहार एवं निशीथ इन तीनों छेदसूत्रों पर लिखी गई निर्युक्तियां वर्तमान में भाष्यों के साथ प्राप्त होती हैं। भाष्यकार ने निर्युक्ति को अपने ग्रंथ का अंग बना लिया है अतः भाष्य और निर्युक्ति को पृथक् करना अत्यन्त कठिन है। चूर्णिकार एवं टीकाकार ने अनेक स्थलों पर निर्युक्ति गाथा का संकेत किया है, इससे यह तो स्पष्ट है कि भाष्य के बाद भी निर्युक्ति का स्वतंत्र अस्तित्त्व था। साथ ही चिन्तन का विषय यह भी है कि सभी स्थानों पर व्याख्याकारों ने निर्युक्ति का संकेत क्यों नहीं किया? एक प्रश्न यह भी उपस्थित होता है कि जब आगम ग्रंथ लिपिबद्ध हुए तब तक इन भाष्यमिश्रित निर्युक्तियों का स्वतंत्र अस्तित्त्व था या नहीं? आवश्यक निर्युक्ति पर भी भाष्य (विशेषावश्यक भाष्य) लिखा गया लेकिन आवश्यक निर्युक्ति का आज स्वतंत्र अस्तित्त्व मिलता है। आगमों पर सर्वप्रथम व्याख्या निर्युक्ति है। अतः यह तो निश्चित है कि किसी समय इन तीनों छेदग्रंथों की निर्युक्तियां अपना स्वतंत्र अस्तित्त्व रखती होंगी। भाष्य के साथ सम्मिश्रण होने के बाद उनके पृथक् अस्तित्त्व को जानना कठिन हो गया क्योंकि दोनों की भाषा एवं प्रतिपादन शैली में बहुत समानता है।

टीकाकार के समय तक इन तीनों ग्रंथों की निर्युक्तियों की स्वतंत्र सत्ता नहीं रही इसका प्रबल साक्ष्य है—बृहत्कल्प की मलयगिरि टीका। बृहत्कल्प की पीठिका में आचार्य मलयगिरि ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्ति एवं भाष्य दोनों मिलकर एक ग्रंथ हो गए हैं।[6]

चूर्णिकार ने सभी स्थलों पर निर्युक्ति गाथा का संकेत नहीं दिया है अतः उनके समक्ष निर्युक्तियों का स्वतंत्र अस्तित्त्व था या नहीं, यह खोज का विषय है। फिर भी अनेक स्थलों पर निशीथ चूर्णि में **'एत्थ निज्जुत्तीगाहा' 'एसा भद्दबाहुसामिकता गाहा'** आदि का उल्लेख मिलता है। ऐसा अधिक संभव लगता है कि चूर्णिकार के समक्ष कुछ ऐसे कंठस्थपाठी श्रमणों की परम्परा थी, जिनको इन छेदग्रंथों की निर्युक्तियां स्वतंत्र रूप से याद थीं। उसी आधार पर उन्होंने अनेक स्थलों पर निर्युक्तिगाथा का संकेत किया है।

एक ही भाषा और शैली में लिखे हुए सम्मिश्रित दो ग्रंथों को अलग-अलग करना अत्यन्त कठिन एवं श्रमसाध्य कार्य है पर हमने निर्युक्तिगाथाओं को पृथक् करने का प्रारम्भिक प्रयास किया है। यह दावा नहीं किया जा सकता कि सभी निर्युक्ति गाथाओं का पृथक्करण ठीक ही हुआ है। पृथक्करण के इस क्रम में कुछ निर्युक्तिगाथाएं छूट सकती हैं तथा कुछ भाष्य की गाथाएं निर्युक्ति में शामिल भी हो सकती हैं। पृथक्करण का यह प्रयास भविष्य में अनुसंधित्सुओं के लिए मार्गदीप अवश्य बनेगा।

---

१. आवनि-८४-८६।
२. बृभा-५४७३, निभा-५५७३।
३. A History of canonical literature of the Jains. Page. 172
४. मुनि श्री हजारीमल स्मृतिग्रंथ पृ. ७१८-७१९
५. आवनि. ८४-८६।
६. बृभापी. पृ. २ ; सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्तिर्भाष्यं चैको ग्रन्थो जातः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत ग्रन्थ में भाष्य और निर्युक्ति गाथाएं साथ-साथ प्रकाशित हैं। निर्युक्ति गाथा की पहचान के लिए हमने उनका क्रमांक भाष्य गाथा के अन्त में (नि.) लिखकर किया है। दोनों को सर्वथा पृथक् करना उचित नहीं लगा क्योंकि भाष्यकार मुख्यतः निर्युक्ति की ही व्याख्या करते हैं तथा उन्होंने निर्युक्ति को अपने ग्रंथ का अंग बना लिया है दोनों को सर्वथा अलग करने से संधित्सु को विषय की असंबद्धता पग-पग पर खलती रहती।

भाष्य से निर्युक्ति गाथाओं के पृथक्करण के लिए हमने कुछ कसौटियां निर्धारित की हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. जहां कहीं भी **'एसा भद्दबाहुसामिकता गाहा'** ऐसा उल्लेख है, उसे निर्युक्ति गाथा माना है क्योंकि निर्युक्तिकार भद्रबाहु स्वामी थे।

२. जहां कहीं भी व्याख्याकार ने **'इदाणिं निज्जुत्ती' 'इमा सुत्तफासिया'** अथवा **'अधुना निर्युक्तिविस्तरः'** ऐसा उल्लेख किया है, उनको स्पष्ट रूप से निर्युक्ति के रूप में स्वीकार किया है। इस विषय में बृहत्कल्प की टीका में अनेक स्थलों पर विरोधाभास भी मिलता है। वहां एक ही गाथा किसी प्रति में निर्युक्ति, किसी में द्वारगाथा, किसी में संग्रहगाथा तथा किसी में भाष्यगाथा के रूप में हैं। मुनि पुण्यविजयजी ने छठे भाग में इन विभेदों का एक चार्ट प्रस्तुत किया है। यह खोज का विषय है कि बृहत्कल्प एवं व्यवहार की टीका में ही यह विभेद क्यों मिलता है, निशीथ में क्यों नहीं? इस प्रश्न के समाधान में यह अनुमान किया जा सकता है कि प्राचीनता की दृष्टि से चूर्णि अधिक प्राचीन है अतः संभव है चूर्णि के समय तक इतना भेद न हुआ हो। ऐसी विवादास्पद गाथाओं को भी निर्युक्तिगाथा में सम्मिलित किया गया है।

३. निशीथ चूर्णि एवं बृहत्कल्प भाष्य की टीका में अनेक स्थलों पर **'एसा चिरंतणा' 'एसा पुरातणी गाहा'** का उल्लेख मिलता है। लेकिन इनके बारे में स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि ये निर्युक्ति गाथाएं ही हैं क्योंकि ये गाथाएं भद्रबाहु से भी प्राचीन हो सकती हैं, जिनका उपयोग स्वयं भद्रबाहु ने अपनी निर्युक्ति में किया हो। अनेक स्थलों पर निशीथ चूर्णिकार ने जिस गाथा को भद्रबाहुस्वामीकृत कहा है उसी गाथा को बृहत्कल्प की टीका में मलयगिरि ने पुरातनगाथा कहा है। जैसे निभा ७६२ की गाथा में निशीथ चूर्णि में **'भद्रबाहुकृत'** का उल्लेख है। उसी गाथा को बृहत्कल्प (३६६४) में टीकाकार ने **'पुरातन गाथा'** के रूप में स्वीकार किया है। ऐसे उद्धरणों से स्पष्ट है कि पुरातनी गाथा भद्रबाहुकृत है अतः हमने इन गाथाओं को निर्युक्ति गाथा के रूप में स्वीकार किया है।

४. चिरंतण गाथा भद्रबाहु द्वितीय से पूर्व की प्रतीत होती है, क्योंकि निशीथ चूर्णिकार ने एक स्थल पर स्पष्ट उल्लेख किया है कि **'एसा चिरंतणा गाहा, एयाए चिरंतणगाहाए इमा भद्दबाहुसामिकता वक्खाणगाहा'** इस उद्धरण से स्पष्ट है कि चिरंतनगाथा भद्रबाहु से प्राचीन है जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है। लेकिन भद्रबाहु ने ऐसी गाथाओं को अपनी निर्युक्ति का अंग बना लिया। इन गाथाओं के निर्युक्तिगत होने का एक प्रमाण यह है निभा ३८२ की गाथा चिरंतन गाथा है। ३८३ की गाथा के प्रारम्भ में चूर्णिकार लिखते हैं कि **'इणमेवार्थ भाष्यकारो व्याख्यानयति'** इस उद्धरण से स्पष्ट है कि यह चिरंतन गाथा निर्युक्ति की होनी चाहिए।

५. आवश्यक, दशवैकालिक आदि निर्युक्तियों की सैकड़ों गाथाएं इन तीनों ग्रंथों के भाष्यों में मिलती हैं। इसमें कहीं-कहीं तो स्वयं निर्युक्तिकार ने प्रसंगवश अन्य निर्युक्तियों की प्रसिद्ध गाथाओं को व्यवहार आदि की निर्युक्तियों में प्रयोग किया है। लेकिन अनेक स्थानों पर निर्युक्ति की गाथाओं का भाष्यकार ने भी अपने भाष्य को समृद्ध बनाने में उपयोग किया है। निशीथ भाष्य में पिण्डनिर्युक्ति और ओघनिर्युक्ति की अनेक गाथाएं अक्षरशः उद्धृत हैं। ये गाथाएं भाष्यकार द्वारा उद्धृत की गयी प्रतीत होती हैं। इसी प्रकार व्यवहार भाष्य में टीकाकार स्पष्ट कहते हैं—**'अथ भाष्यविस्तरः'** लेकिन गाथाएं सारी आवश्यकनिर्युक्ति के अस्वाध्याय प्रकरण की हैं। ये गाथाएं निशीथभाष्य एवं व्यवहारभाष्य दोनों में उद्धृत हैं लेकिन इन गाथाओं में पाठभेद बहुत है।

यह खोज का विषय है कि इतना पाठान्तर लिपिकर्त्ताओं द्वारा हुआ अथवा वाचनाभेद से हुआ? कंठस्थ परम्परा के कारण हुआ या स्वयं निर्युक्तिकार, भाष्यकार द्वारा प्रसंगानुसार किया गया? अनेक स्थलों पर यह स्पष्ट नहीं है कि स्वयं निर्युक्तिकार ने इन निर्युक्तियों का उपयोग किया है अथवा भाष्यकार ने उन्हें उद्धृत किया है। किन्तु जहां भी अन्य निर्युक्तियों की गाथाएं हैं, उनका हमने पादटिप्पण में उल्लेख कर दिया है।

६. द्वारगाथाओं तथा संग्रहगाथाओं के बारे में भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कि ये निर्युक्ति की गाथाएं हैं। क्योंकि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्यकार भी विषय को स्पष्ट करने के लिए द्वारगाथा लिखकर उसकी व्याख्या करते हैं। लेकिन अधिकांश द्वारगाथाएं एवं संग्रहगाथाएं निर्युक्ति की हैं, ऐसा व्याख्याकारों की व्याख्या से प्रतीत होता है। पं. दलसुखभाई मालवणिया ने द्वारगाथाओं को निर्युक्ति गाथा माना है।[1] इसके अतिरिक्त बृहत्कल्प के छठे भाग में उल्लिखित चार्ट से स्पष्ट है कि निर्युक्ति गाथा के लिए ही किसी प्रति में संग्रहगाथा तथा किसी में द्वारगाथा का संकेत है। द्वारगाथा एवं संग्रहगाथा को निर्युक्ति मानने का एक कारण यह भी है कि बृहत्कल्प की टीका में जिस गाथा के लिए संग्रहगाथा का उल्लेख है वही गाथा व्यवहार की टीका में निर्युक्ति के रूप में संकेतित है। कहीं-कहीं संग्रहगाथा के बारे में भाष्यकार द्वारा व्याख्या का उल्लेख भी मिलता है, जैसे बृभा १६११।

७. निर्युक्तियों की यह विशेषता है कि सभी निर्युक्तियां एक ही शैली में रचित नहीं हैं। किन्तु एक ही ग्रंथ की निर्युक्ति की भाषा, शैली एवं वर्णन पद्धति में बहुत समानता है। जैसे उत्तराध्ययन निर्युक्ति में हर अध्ययन के प्रारम्भ में तीन गाथाएं सभी अध्ययनों में लगभग समान हैं। वैसे ही निशीथ निर्युक्ति में अधिकांशतः हर सूत्र में प्रायश्चित्त स्वरूप **'सो आणाअणवत्थं, मिच्छत्तविराधणं पावे'**, **'सो पावति आणमादीणि'** आदि एक जैसी गाथाएं आई हैं। इन गाथाओं को अनेक स्थलों पर चूर्णिकार ने निर्युक्ति रूप में संकेतित किया है। चूर्णिकार के उल्लेख एवं एक ही रचना शैली के आधार पर ऐसी गाथाओं को निर्युक्ति में सम्मिलित किया गया है। पूर्वापर सम्बन्ध से भी **'आणमादीणि'**, **'आणाअणवत्थं'** उल्लेख वाली गाथाएं निर्युक्ति की प्रतीत होती हैं। बृहत्कल्प एवं व्यवहार की टीका में भी अनेक स्थलों पर ऐसी गाथाएं निर्युक्ति के संकेत पूर्वक मिलती हैं—जैसे व्यभा १०५४ की गाथा में **'निर्युक्तिविस्तरः'** का उल्लेख है। ऐसी गाथाओं को निर्युक्ति गाथा मानने का एक कारण यह भी है कि निर्युक्ति के समय तक केवल आज्ञा का भंग, मिथ्यात्व आदि का भय ही साधक के लिए सबसे बड़ा प्रायश्चित्त था। अन्य प्रायश्चित्तों का बाद में प्रचलन हुआ है, ऐसा संभव लगता है।

८. निर्युक्तिकार की विशेषता है कि वे किसी भी विषय को स्पष्ट करने के लिए संक्षेप में कथा या दृष्टान्त का उल्लेख करते हैं। जहां भी संक्षेप में कथा का संकेत आया है और बाद में उसी गाथा का विस्तार भाष्यकार करते हैं तो उस संक्षिप्त कथा का संकेत देने वाली गाथा को हमने निर्युक्तिगत माना है। ऐसी गाथाओं को निर्युक्तिगत मानने का एक कारण यह है कि अनेक स्थलों पर संक्षिप्त कथा-संकेत वाली गाथा के लिए टीकाकार ने **'अथ एनामेव गाथां भाष्यकारः विवृणोति'** का उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट है कि पूर्व की गाथा निर्युक्ति की है। अनेक स्थलों पर टीकाकार ने निर्युक्ति आदि का कुछ संकेत नहीं दिया है तो भी ऐसी गाथाओं को हमने निर्युक्तिगत ही माना है।

९. अनेक स्थलों पर बृहत्कल्प में जिस गाथा को टीकाकार ने निर्युक्तिगत माना है, वही गाथा निशीथ भाष्य में है पर वहां निर्युक्ति का संकेत नहीं है। पर उस गाथा की अगली गाथा के पूर्व चूर्णिकार कहते हैं—**'इमा वक्खाण गाहा'**। इससे स्पष्ट है कि **'वक्खाण गाहा'** से पूर्व वाली गाथा निर्युक्ति की गाथा है। क्योंकि भाष्यकार निर्युक्ति की ही व्याख्या करते हैं। यह चिन्तनीय है कि प्रत्येक व्याख्यान गाथा से पूर्व की गाथा को निर्युक्ति की माना जाए या नहीं? क्योंकि ऐसे प्रसंग अनेक स्थलों पर मिलते हैं। इसी प्रकार **'इमा विभासा'** **'इमा वक्खा'** तथा **'इदानीं एनामेव गाथां व्याख्यानयति'** आदि संकेत से पूर्व वाली गाथाएं निर्युक्ति की होनी चाहिए। निशीथभाष्य में **'इमा भद्दबाहुसामिकता गाहा, एतीए इमा दो वक्खाणगाहातो'** (४४०५) उल्लेख से स्पष्ट है कि निर्युक्ति पर भाष्यकार व्याख्यान गाथा लिखते हैं।

१०. कहीं-कहीं व्याख्याकार ने **'भाष्यविस्तरः'**, **'अथ भाष्यम्'** आदि का उल्लेख किया है। वे गाथाएं यदि स्पष्ट रूप से निर्युक्ति की प्रतीत होती हैं तो पादटिप्पण पूर्वक हमने उन गाथाओं को निर्युक्ति के क्रमांक में जोड़ दिया है। जैसे व्यभा **बहि अंतो** (२५२२) गाथा के प्रारम्भ में टीकाकार ने **'भाष्यविस्तरः'** का उल्लेख किया है पर यह निगा की होनी चाहिए। इसका एक सशक्त प्रमाण यह है कि २५२४वीं गाथा में २५२२वीं गाथा का प्रथम चरण पुनरुक्त हुआ है। कोई भी लेखक स्वयं अपनी रचना में इतनी पुनरुक्ति नहीं करता पर व्याख्याकार अपने से पूर्ववर्ती आचार्य की रचना की व्याख्या करें तो वे पुनरावृत्ति कर सकते हैं।

११. स्वतंत्र रूप से मिलने वाली निर्युक्तियों की भाषा-शैली से स्पष्ट है कि निक्षेपपरक गाथाएं लिखना निर्युक्तिकार का अपना वैशिष्ट्य है। मूल सूत्र में आए शब्द का निर्युक्तिकार निक्षेप के द्वारा अर्थ-निर्धारण करते हैं। यद्यपि भाष्यकार भी निक्षेपपरक

१. निपीभू. पृ. ४१, ४२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गाथाएं लिखते हैं लेकिन अधिकांश निक्षेपपरक गाथाएं निर्युक्ति की हैं अतः **निर्युक्तिविस्तरः**, **निर्युक्तिकृद्** आदि का उल्लेख न होने पर भी निक्षेपपरक गाथाओं को हमने प्रायः निर्युक्ति की माना है। विशेषावश्यक भाष्य में स्पष्ट लिखा है कि निर्युक्ति का विषय नाम आदि का निक्षेप करना है, शेष अर्थ का विचार करना नहीं।[1]

ग्रंथकर्त्ता द्वारा मूल निक्षेप का उल्लेख करने के बाद द्रव्य, क्षेत्र, काल आदि की व्याख्या निर्युक्तिकार एवं भाष्यकार दोनों की हो सकती है। अनेक स्थलों पर स्वयं निर्युक्तिकार भी द्रव्य, क्षेत्र आदि की व्याख्या करते हैं, जैसे—दशवैकालिक निर्युक्ति में द्रव्यमंगल, भावमंगल आदि।

भाष्य निर्युक्ति की व्याख्या है, अतः संभव है कि कहीं-कहीं द्रव्य, क्षेत्र आदि की विस्तृत व्याख्या भाष्यकार ने भी की हो। जैसे व्यवहारभाष्य में टीकाकार कहते हैं—**'व्यासार्थं तु भाष्यकृद् विवक्षुः इच्छानिक्षेपमाह'**—इस उल्लेख से स्पष्ट है कि यहां भाष्यकार ने निक्षेप योजना की है।

१२. मूल सूत्र में आए शब्द के एकार्थक लिखना निर्युक्तिकार की भाषागत विशेषता है। यदि प्रारम्भिक गाथाओं में सूत्रगत शब्द के एकार्थक हैं तथा विषय की क्रमबद्धता है तो हमने उस गाथा को निगा के क्रम में रखा है, जैसे व्यभा ६ **(नि ३)**।

१३. एक सूत्र की दूसरे सूत्र के साथ तथा एक उद्देशक की दूसरे उद्देशक के साथ सम्बन्ध द्योतित करने वाली गाथाएं निर्युक्तिकार की हैं? भाष्यकार की हैं? व्याख्याकारों की हैं? अथवा अन्य आचार्य की? इसका निर्णय करना अत्यन्त जटिल है क्योंकि इस सम्बन्ध में अनेक विप्रतिपत्तियां हैं—

- व्यभा में प्रथम उद्देशक के सूत्रों में सम्बन्ध गाथाएं नहीं हैं इससे स्पष्ट है कि ये बाद में जोड़ी गयी हैं।
- निभा १८६५वीं गाथा की उत्थानिका में भद्रबाहु सूत्र-सम्बन्ध की गाथा लिखते हैं, ऐसा उल्लेख मिलता है।[2]
- व्यभा १२६८वीं गाथा के पूर्व **'व्यासार्थं तु भाष्यकृद् विवक्षुः प्रथमतः पूर्वसूत्रेण सह सम्बन्धमाह'** का उल्लेख मिलता है। ये

तीनों उल्लेख विमर्शनीय हैं।

अधिकांश स्थलों पर सूत्र-सम्बन्ध की गाथा के बारे में व्याख्याकारों ने कोई जानकारी न देकर तुरंत बाद **'अथ भाष्यम्'** **'अथ निर्युक्तिविस्तरः'** या **'इमा निज्जुत्ती'** का उल्लेख किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सूत्र सम्बन्ध की गाथाएं संभवतः व्याख्याकारों ने बनाई हैं। इसका एक सशक्त प्रमाण यह भी है कि निशीथ, बृहत्कल्प एवं व्यवहार की सैकड़ों गाथाएं आपस में संवादी हैं। पर सूत्र-सम्बन्ध की गाथाएं आपस में नहीं मिलतीं। केवल बृहत्कल्प एवं व्यवहार में कुछ गाथाएं समान हैं क्योंकि इन दोनों भाष्यों के कर्त्ता एक ही हैं। ऐसा संभव लगता है कि भाष्यकार अथवा व्याख्याकार ने एक सूत्र से दूसरे सूत्र के साथ सम्बन्ध जोड़ने का प्रयत्न किया है। भाषा-शैली की दृष्टि से भी ये गाथाएं निर्युक्ति की प्रतीत नहीं होतीं क्योंकि निर्युक्ति की शैली अत्यन्त संक्षिप्त है। वे किसी भी विषय का इतना विस्तृत वर्णन नहीं करते। यदि सम्बन्ध-सूत्र की गाथाओं को छेदसूत्रों की निर्युक्तियों के साथ जोड़ दिया जाए तो इनका कलेवर बहुत बड़ा हो जाएगा क्योंकि कहीं-कहीं सम्बन्ध-सूत्र के रूप में दो या तीन गाथाएं भी एक साथ मिलती हैं।

१४. व्यवहार टीका में अनेक स्थलों पर मलयगिरि **'अधुना निर्युक्तिभाष्यविस्तरः'** अथवा **'अधुना भाष्यनिर्युक्तिविस्तरः'** का उल्लेख करते हैं। लेकिन वहां यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि पहले निगा है या भागा है। क्योंकि अनेक स्थलों पर विषमपदों की व्याख्या पहले भाष्यकार भी करते हैं, जैसे—व्यभा (१४७८,१४७९)। जहां **'निर्युक्तिभाष्यविस्तरः'** का उल्लेख है, वहां हमने पहले निर्युक्ति की गाथा का चयन किया है और कहां तक निर्युक्ति गाथाएं हैं इसका निर्णय अनुमान प्रमाण, व्याख्या के पूर्वापरत्व तथा विषय की क्रमबद्धता के आधार पर किया है। जैसे—व्यभा ६१६, १२३६ आदि। जहां **भाष्यनिर्युक्तिविस्तरः** का उल्लेख है वहां हमने पहले भाष्य और फिर निर्युक्ति गाथा को स्वीकार किया है। जैसे व्यभा में २०३२वीं गाथा के प्रारम्भ में **'भाष्यनिर्युक्तिविस्तरः** का उल्लेख है लेकिन निर्युक्ति की गाथा २०३८ से है।

१५. निर्युक्तिगाथाएं प्रायः अध्ययन एवं उद्देशक के तत्काल बाद आती हैं, जैसे—आचारांग, सूत्रकृतांग आदि की निर्युक्तिगाथाएं। पर भाष्यमिश्रित इन निर्युक्तियों में प्रायः ऐसा क्रम नहीं मिलता। इस बारे में ऐसा अधिक संभव लगता है कि विषय की संबद्धता

---

१. विभास्वोटी. ६६१।

२. निभा-१८६५ चू.पृ. ३०८ : इदानीं उद्देसकस्स उद्देसकेन सह संबंधं वक्तुकामो आचार्यः भद्रबाहुस्वामी निर्युक्तिगाथामाह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की दृष्टि से स्वयं भाष्यकार ने गाथाओं को आगे-पीछे कर दिया है। अनेक स्थलों पर भाष्यकार ने निर्युक्तिगाथा पर अपनी टिप्पणी भी दी है तथा निर्युक्ति से भाष्यगाथा की क्रमबद्धता को जोड़ने का प्रयत्न भी किया है। जैसे—'सुत्ते अत्थे...यह व्यभा की सातवीं गाथा निर्युक्ति की है। इसमें भावव्यवहार के एकार्थक दिए गए हैं। पर इनमें जीत व्यवहार के एकार्थकों की प्रमुखता है। आठवीं गाथा भाष्य की है। इसमें भाष्यकार ने सातवीं गाथा से सम्बन्ध जोड़ने का प्रयत्न किया है। यदि सातवीं गाथा को निर्युक्ति की नहीं मानें तो नौवीं गाथा में पुनः जीत व्यवहार के एकार्थक दिए गए हैं। एक ही ग्रंथकर्त्ता ऐसी पुनरुक्ति नहीं करते।

इसी प्रकार गा. ५२ में भी भाष्यकार ने सम्बन्ध जोड़ने का प्रयत्न किया है। गा. ५२ में **'पच्छित्तं वा इमं दसहा'** का उल्लेख है तथा ५३वीं गाथा निर्युक्ति की है जिसमें १० प्रकार के प्रायश्चित्तों का उल्लेख है। व्यभा २०९६ में भाष्यकार स्पष्ट कहते हैं—**'निज्जुत्ती सुत्तफासेसा।'** इन कथनों से स्पष्ट है कि क्रमबद्धता को जोड़ने का प्रयत्न भी भाष्यकार करते हैं।

१६. भाष्य से निर्युक्ति को पृथक् करने में सबसे बड़े मार्गदर्शक रहे हैं निशीथ चूर्णिकार और टीकाकार मलयगिरि। टीकाकार ने गाथा की व्याख्या के क्रम को जोड़ने का बहुत सुंदर प्रयत्न किया है। इससे यह ज्ञात हो जाता है कि किस गाथा के किस अंश की कितनी गाथाओं में व्याख्या की गयी है। टीकाकार की व्याख्या के बिना निर्युक्ति को भाष्य से पृथक् करना अत्यन्त दुरूह कार्य था। अनेक स्थलों पर सैकड़ों गाथाओं के बाद भी पूर्ववर्ती द्वारगाथा की व्याख्या चल रही है उसका भी टीकाकार ने संकेत कर दिया है। जैसे व्यभा ३५१।

हमने भाष्य और निर्युक्ति का पृथक्करण जिन बिंदुओं के आधार पर किया है उसकी संक्षिप्त रूपरेखा यहां प्रस्तुत की है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि अन्यान्य स्वतंत्र निर्युक्तियों का गहन अध्ययन तथा गाथा के पौर्वापर्य का समीचीन ज्ञान कर हमने निर्युक्ति गाथाओं का पृथक्करण किया है। यह दावा नहीं किया जा सकता कि यह वर्गीकरण बिलकुल सही ही हुआ है। यह प्रथम प्रयास है, अंतिम प्रयत्न नहीं है। इस प्रयास में कुछ भाष्य की गाथाएं निर्युक्ति में संकलित हो सकती हैं तथा कुछ निर्युक्तिगाथाएं छूट भी सकती हैं लेकिन हमने अपनी विधा के अनुसार एक सुप्रयत्न किया है। इस दिशा में अनुसंधित्सु वर्ग विशेष प्रयत्नशील होकर और अधिक प्रकाश डाल सकेगा।

भाष्य

आगमों के व्याख्या ग्रन्थों में 'भाष्य' का दूसरा स्थान है। व्यवहार भाष्य गाथा ४६९३ में भाष्यकार ने अपनी व्याख्या को भाष्य नाम से संबोधित किया है। निर्युक्ति की रचना अत्यन्त संक्षिप्त शैली में है। उसमें केवल पारिभाषिक शब्दों पर ही विवेचन या चर्चा मिलती है। किन्तु भाष्य में मूल आगम तथा निर्युक्ति दोनों की विस्तृत व्याख्या की गयी है।

वैदिक परम्परा में भाष्य लगभग गद्य में लिखा गया लेकिन जैन परम्परा में भाष्य प्रायः पद्यबद्ध मिलते हैं। जिस प्रकार निर्युक्ति के रूप में मुख्यतः १० निर्युक्तियों के नाम मिलते हैं वैसे ही भाष्य भी १० ग्रंथों पर लिखे गए, ऐसा उल्लेख मिलता है। वे ग्रन्थ ये हैं—

१. आवश्यक[1], २. दशवैकालिक, ३. उत्तराध्ययन, ४. बृहत्कल्प[2], ५.पंचकल्प, ६. व्यवहार, ७. निशीथ, ८. जीतकल्प, ९. ओघनिर्युक्ति १०. पिंडनिर्युक्ति।

मुनि पुण्यविजयजी के अनुसार व्यवहार और निशीथ पर भी बृहद्भाष्य लिखा गया पर आज वह अनुपलब्ध है। इनमें बृहत्कल्प, व्यवहार एवं निशीथ—इन तीन ग्रंथों के भाष्य गाथा-परिमाण में बृहद् हैं। जीतकल्प, विशेषावश्यक एवं पंचकल्प परिमाण में मध्यम, पिंडनिर्युक्ति, ओघनिर्युक्ति पर लिखे गए भाष्य ग्रंथाग्र में अल्प तथा दशवैकालिक एवं उत्तराध्ययन इन दो ग्रंथों के भाष्य ग्रंथाग्र में अल्पतम हैं।

यह भी अनुसंधान का विषय है कि तीन छेदसूत्रों पर बृहद्भाष्य लिखे गए फिर दशाश्रुतस्कंध पर क्यों नहीं लिखा गया जबकि निर्युक्ति चारों छेदसूत्रों पर मिलती है? संभव है इस ग्रंथ पर भी भाष्य लिखा गया हो पर वह आज प्राप्त नहीं है।

उपर्युक्त दस भाष्यों में निशीथ, जीतकल्प एवं पंचकल्प को संकलन प्रधान भाष्य कहा जा सकता है। क्योंकि इनमें अन्य

---

१. आवश्यक पर तीन भाष्यों का उल्लेख मिलता है—मूलभाष्य, भाष्य एवं विशेषावश्यक भाष्य।

२. बृहत्कल्प पर भी बृहद् एवं लघु भाष्य लिखा गया। बृहद्भाष्य तीसरे उद्देशक तक मिलता है, वह भी अपूर्ण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्यों एवं निर्युक्तियों की गाथाएं ही अधिक संक्रान्त हुई हैं। जीतकल्प भाष्य में तो जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण स्पष्ट लिखते हैं—'कल्प, व्यवहार और निशीथ उदधि के समान विशाल हैं अतः उन श्रुतरत्नों के बिंदुरूप या नवनीत रूप सार यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।[1] इस उद्धरण से स्पष्ट है कि जिनभद्रगणि के समक्ष तीनों छेदसूत्रों के भाष्य थे। **'उदधि सदृश'** विशेषण मूल सूत्रों के लिए प्रयुक्त नहीं हो सकता क्योंकि वे आकार में इतने बड़े नहीं हैं।

जिन ग्रंथों पर निर्युक्तियां नहीं हैं वे भाष्य मूल सूत्र की व्याख्या ही करते हैं, जैसे—जीतकल्प भाष्य आदि। कुछ भाष्य निर्युक्ति पर भी लिखे गए हैं जैसे—पिंडनिर्युक्ति एवं ओघनिर्युक्ति आदि।

छेदसूत्रों के भाष्यों में व्यवहारभाष्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रायश्चित्त निर्धारक ग्रंथ होने पर भी इसमें प्रसंगवश समाज, अर्थशास्त्र, राजनीति, मनोविज्ञान आदि अनेक विषयों का विवेचन मिलता है। भाष्यकार ने व्यवहार के प्रत्येक सूत्र की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की है। बिना भाष्य के केवल व्यवहार सूत्र को पढ़कर उसके अर्थ को हृदयंगम नहीं किया जा सकता।

भाष्यकार

भाष्यकार के रूप में मुख्यतः दो नाम प्रसिद्ध हैं—१. जिनभद्रगणिक्षमाश्रमण, २. संघदासगणि। मुनिश्री पुण्यविजयजी ने चार भाष्यकारों की कल्पना की है—१. जिनभद्रगणिक्षमाश्रमण, २. संघदासगणि, ३. व्यवहारभाष्य के कर्त्ता तथा ४. कल्पबृहद्भाष्य आदि के कर्त्ता।

विशेषावश्यक भाष्य के कर्त्ता के रूप में जिनभद्रगणि का नाम सर्वसम्मत है लेकिन बृहत्कल्प, व्यवहार आदि भाष्यों के कर्त्ता के बारे में सभी का मतैक्य नहीं है। प्राचीन काल में लेखक बिना नामोल्लेख के कृतियां लिख देते थे। कालान्तर में यह निर्णय करना कठिन हो जाता था कि वास्तव में मूल लेखक कौन थे? कहीं-कहीं नाम साम्य के कारण भी मूल लेखक का निर्णय करना कठिन होता है।

बृहत्कल्प की पीठिका में मलयगिरि ने भाष्यकार का नामोल्लेख न कर केवल **'सुखग्रहणधारणाय भाष्यकारो भाष्यं कृतवान्'** इतना-सा उल्लेख मात्र किया है।[2] निशीथ चूर्णि एवं व्यवहार की टीका में भी भाष्यकार के नाम के बारे में कोई संकेत नहीं मिलता।

पंडित दलसुखभाई मालवणिया ने निशीथ पीठिका की भूमिका में अनेक हेतुओं से यह सिद्ध किया है कि निशीथ भाष्य के कर्त्ता सिद्धसेन होने चाहिए।[3] उन्होंने यह भी संभावना व्यक्त की है कि बृहत्कल्प भाष्य के कर्त्ता भी सिद्धसेन हैं। अपने मत की पुष्टि के लिए वे कहते हैं कि अनेक स्थलों पर निशीथ चूर्णि में जिस गाथा के लिए **'सिद्धसेणायरियो वक्खाणं करेति'** का उल्लेख है वही गाथा बृहत्कल्प भाष्य में **'भाष्यकारो व्याख्यानयति** के संकेतपूर्वक है। अतः निशीथ, बृहत्कल्प एवं व्यवहार तीनों के भाष्यकर्त्ता सिद्धसेन हैं, यह स्पष्ट है। इसके साथ-साथ उन्होंने और भी हेतु प्रस्तुत किए हैं।

मुनि पुण्यविजयजी बृहत्कल्प के भाष्यकार के रूप में संघदासगणि को स्वीकार करते हैं। उनके अभिमत से संघदासगणि नाम के दो आचार्य हुए हैं। प्रथम संघदासगणि जो 'वाचकपद' से विभूषित थे, उन्होंने वसुदेवहिंडी के प्रथम खण्ड की रचना की। द्वितीय संघदासगणि उनके बाद हुए, जिन्होंने बृहत्कल्प-लघुभाष्य की रचना की। वे क्षमाश्रमण पद से अलंकृत थे।[4] आचार्य संघदासगणि भाष्य के कर्त्ता हैं इसकी पुष्टि में सबसे बड़ा प्रमाण आचार्य क्षेमकीर्ति का निम्न उद्धरण है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है—

"कल्पेऽनल्पमनर्घं प्रतिपदमर्पयति योऽर्थनिकुरम्बम्।
श्रीसंघदासगणये, चिन्तामणये नमस्तस्मै॥

---

१. जीभा-२६०५ : कप्पव्ववहाराणं, उदधिसरिच्छाण तह णिसीहस्स।
सुतरयणबिन्दुणवणीतभूतसारेस णातव्वो॥
२. बृपी.टी. पृ. २।
३. निपीभू. पृ. ४०-४६।
४. बृभा-भाग ६, भूमिका पृ. २०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"अस्य च स्वल्पग्रन्थमहार्थतया दुःखबोधतया च सकल-त्रिलोकीसुभगङ्करणक्षमाश्रमणनामधेयाभिधेयैः श्री संघदासगणिपूज्यैः प्रतिपदप्रकटितसर्वज्ञाज्ञाविराधनासमुद्भूतप्रभूतप्रत्यपायजालं निपुणचरणकरणपरिपालनोपायगोचरविचारवाचालं सर्वथा दूषणकरणेनाप्यदूष्यं भाष्यं विरचयांचक्रे।"

इस उल्लेख के सन्दर्भ में मुनि पुण्यविजयजी का मत संगत लगता है कि बृहत्कल्प के भाष्यकार आचार्य संघदासगणि होने चाहिए। यहां यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि बृहत्कल्प भाष्य एवं व्यवहार भाष्य के कर्त्ता एक ही हैं क्योंकि बृहत्कल्प भाष्य की प्रथम गाथा में स्पष्ट निर्देश है कि **'कप्पव्ववहाराणं वक्खाणविहिं पवक्खामि।'**

टीकाकार ने इस गाथा के लिए **'सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्तिभणितमिदम्'** का उल्लेख किया है। चूर्णिकार ने इस गाथा के लिए **'आयरिओ भासं काउकामो आदावेव गाथासूत्रमाह'** का उल्लेख किया है। यहां प्राचीनता की दृष्टि से चूर्णिकार का मत सम्यक् लगता है। चूर्णिकार के मत की प्रासंगिकता का एक हेतु यह भी है कि व्यवहारभाष्य के अंत में भी **'कप्पव्ववहाराणं भासं...'** का उल्लेख मिलता है। अतः यह गाथा भाष्यकार की होनी चाहिए, जिसमें उन्होंने प्रतिज्ञा की है कि मैं कल्प और व्यवहार की व्याख्यान-विधि प्रस्तुत करूंगा। वक्खाणविधि शब्द भी भाष्य की ओर ही संकेत करता है क्योंकि निर्युक्ति अत्यन्त संक्षिप्त शैली में लिखी गयी रचना है। उसके लिए **'वक्खाणविहि'** शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए अतः यह निर्युक्ति की गाथा नहीं, भाष्य की गाथा होनी चाहिए। **कप्पव्ववहाराणं,** भाष्यकार के इस उल्लेख से यह स्पष्ट ध्वनित हो रहा है कि उन्होंने केवल बृहत्कल्प एवं व्यवहार पर ही भाष्य लिखा, निशीथ पर नहीं।

पंडित दलसुख भाई मालवणिया निशीथ भाष्य के कर्त्ता सिद्धसेनगणि को स्वीकारते हैं क्योंकि निशीथ चूर्णिकार ने अनेक स्थलों पर **'अस्य सिद्धसेनाचार्यो व्याख्यां करोति'** का उल्लेख किया है। पर इस तर्क के आधार पर सिद्धसेन को भाष्यकर्त्ता मानना संगत नहीं लगता क्योंकि चूर्णिकार ने ग्रंथ के प्रारम्भ और अंतिम प्रशस्ति में कहीं भी सिद्धसेन का उल्लेख नहीं किया है। यदि सिद्धसेन भाष्यकर्त्ता होते तो अवश्य ही चूर्णिकार प्रारम्भ में या ग्रंथ के अंत में उनका नामोल्लेख अवश्य करते। इस संबंध में हमारे विचार से निशीथ संकलित रचना होनी चाहिए, जिसकी संकलना आचार्य सिद्धसेन ने की। अनेक स्थलों पर निशीथ निर्युक्ति की गाथाओं को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने व्याख्यान गाथाएं भी लिखीं। अतः निशीथ मौलिक रचना न होकर संकलित रचना ही प्रतीत होती है। यदि इसमें से अन्य ग्रंथों की गाथाओं को निकाल दिया जाए तो मूल गाथाओं की संख्या बहुत कम रहेगी। दस प्रतिशत भाग भी मौलिक ग्रन्थ के रूप में अवशिष्ट नहीं रहेगा। पंडित दलसुखभाई मालवणिया भी इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कहते हैं—'निशीथ भाष्य के विषय में कहा जा सकता है कि इन समग्र गाथाओं की रचना किसी एक आचार्य ने नहीं की। परम्परा से प्राप्त गाथाओं का भी यथास्थान भाष्यकार ने उपयोग किया है और अपनी ओर से नवीन गाथाएं बनाकर जोड़ी हैं।' (निपीभू पृ. ३०, ३१)

भाष्यकार ने इस ग्रंथ की रचना कौशल देश में अथवा उसके पास के किसी क्षेत्र में की है, ऐसा अधिक संभव लगता है। भारत के १६ जनपदों में कौशल देश का महत्त्वपूर्ण स्थान था।[1] प्रस्तुत भाष्य में कौशल देश से सम्बन्धित दो-तीन घटनाओं का वर्णन है, इसके अतिरिक्त सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि ग्रंथकार जहां क्षेत्र के आधार पर मनोरचना का वर्णन कर रहे हैं, वहां कहते हैं **'कोसलएसु अपावं सतेसु एक्कं न पेच्छामो'**[2] अर्थात् कौशल देश में सैकड़ों में एक व्यक्ति भी पापरहित नहीं देखते हैं। यहां **'पेच्छामो'** क्रिया ग्रंथकार द्वारा स्वयं देखे जाने की ओर इंगित करती है।

भाष्य का रचनाकाल

भाष्यकार संघदासगणि का समय भी विवादास्पद है। अभी तक इस दिशा में विद्वानों ने विशेष ऊहापोह नहीं किया है। संघदासगणि आचार्य जिनभद्र से पूर्ववर्ती हैं— इस मत की पुष्टि में अनेक हेतु प्रस्तुत किये जा सकते हैं—

जिनभद्रगणि के विशेषणवती ग्रंथ में निम्न गाथा मिलती है—

---

१. अंगुत्तरनिकाय १/२१३।
२. व्यभा. २६५६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सीहो चेव सुदाढो, जं रायगिहम्मि कविलबडुओ त्ति।
सीसइ ववहारे गोयमोवसमिओ स णिक्खंतो॥[१]

व्यवहार भाष्य में इसकी संवादी गाथा इस प्रकार मिलती है—

सीहो तिविट्ठ निहतो, भमिउं रायगिह कविलबडुग त्ति।
जिणवीरकहणमणुवसम गोतमोवसम दिक्खा य॥[२]

विशेषणवती में प्रयुक्त 'ववहारे' शब्द निश्चित रूप से व्यवहारभाष्य के लिए हुआ है क्योंकि मूलसूत्र में इस कथा का कोई उल्लेख नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य जिनभद्रगणि के समक्ष व्यवहारभाष्य था।

विशेषावश्यकभाष्य की रचना व्यवहारभाष्य के पश्चात् हुई इसका एक प्रबल हेतु यह है कि बृहत्कल्प एवं व्यवहारभाष्य कर्त्ता के समक्ष यदि विशेषावश्यकभाष्य होता तो वे अवश्य विशेषावश्यकभाष्य की गाथाओं को अपने ग्रंथ में सम्मिलित करते क्योंकि वह एक आकर ग्रन्थ है, जिसमें अनेक विषयों का सांगोपांग वर्णन प्राप्त है। जबकि व्यभा एवं बृभा में अन्य भाष्य पंचकल्प, निशीथ आदि की सैकड़ों गाथाएं संवादी हैं। व्यवहारभाष्य की **'मणपरमोधिपुलाए'** गाथा विभा में मिलती है। वह व्यवहारभाष्य की गाथा है और विशेषावश्यकभाष्य के कर्त्ता ने उसे उद्धृत की है, ऐसा प्रसंग से स्पष्ट प्रतीत होता है। अतः व्यवहारभाष्य विशेषावश्यकभाष्य से पूर्व की रचना है, ऐसा मानने में कोई आपत्ति नहीं लगती।

व्यवहारभाष्य के कर्त्ता जिनभद्र से पूर्व हुए इसका एक प्रबल हेतु यह है कि जीतकल्प चूर्णि में स्पष्ट उल्लेख है कि कल्प, व्यवहार, निशीथ आदि में प्रायश्चित्त का इतने विस्तार से निरूपण है कि पढ़ने वाले के मति-विपर्यास हो जाता है। शिष्यों की प्रार्थना पर जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने संक्षेप में प्रायश्चित्तों का वर्णन करने हेतु जीतकल्प की रचना की।[३] यहां कल्प, व्यवहार शब्द से मूलसूत्र से तात्पर्य न होकर उसके भाष्य की ओर संकेत होना चाहिए क्योंकि मूल ग्रंथ परिमाण में इतने बृहद् नहीं हैं। दूसरी बात व्यवहारभाष्य की प्रायश्चित्त संबंधी अनेक गाथाएं जीतकल्प में अक्षरशः उद्धृत हैं। जैसे—

जीतकल्प	व्यभा	जीतकल्प	व्यभा
१८	११०	२२	११४
१६	१११	३१,३२	तु. १०,११

निशीथभाष्य जिनभद्रगणि से पूर्व संकलित हो चुका था इसका एक प्रमाण यह है कि निभा में प्रमाद-प्रतिसेवना के संदर्भ में निद्रा का विस्तृत वर्णन मिलता है। स्त्यानर्द्धि निद्रा के उदाहरण के रूप में निभा (१३५) में **'पोग्गल मोयग दंते'** गाथा मिलती है। यह गाथा विशेषावश्यकभाष्य (२३५) में भी है। लेकिन वहां स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि व्यञ्जनावग्रह के प्रसंग में विशेषावश्यक भाष्यकार ने यह गाथा निभा से उद्धृत की है। विभा में यह गाथा प्रक्षिप्त-सी लगती है। कुछ अंतर के साथ यह गाथा बृभा (५०१७) में भी मिलती है।

पंडित दलसुख भाई मालवणिया ने जिनभद्र का समय छठीं-सातवीं शताब्दी सिद्ध किया है अतः भाष्यकार संघदासगणि का समय पांचवीं, छठी शताब्दी होना चाहिए।[४]

भाष्य ग्रंथों का रचनाकाल चौथी से छठी शताब्दी तक ही होना चाहिए। यदि भाष्य का रचनाकाल सातवीं शताब्दी माना जाए तो आगे के व्याख्या ग्रंथों के काल-निर्धारण में अनेक विसंगतियां उत्पन्न होती हैं। प्राचीन काल में आज की भांति मुद्रण की व्यवस्था नहीं थी अतः हस्तलिखित किसी भी ग्रंथ को प्रसिद्ध होने में कम से कम एक शताब्दी का समय तो लग ही जाता था। सातवीं शताब्दी में भाष्य लिखे गए और आठवीं में हरिभद्र ने टीकाएं लिखीं फिर चूर्णि के समय में अन्तराल बहुत कम रहता है।

---

१. विशेषणवती गा. ३३।
२. व्यभा. २६३८।
३. जीचू.पृ. १,२।
४. गणधरवाद पृ.३२-३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्युक्तिकार के रूप में हमने चतुर्दशपूर्वी प्रथम भद्रबाहु को स्वीकार किया है, जिनका समय वीर-निर्वाण की दूसरी शताब्दी है।[1] भाष्य का समय विक्रम की चौथीं-पांचवी, चूर्णि का सातवीं तथा टीका का आठवीं से तेरहवीं शताब्दी का समय तर्क-सम्मत एवं संगत लगता है।

निशीथ, बृहत्कल्प एवं व्यवहार—इन तीन छेदसूत्रों के भाष्य के रचनाक्रम के बारे में पंडित दलसुख भाई मालवणिया का अभिमत है कि सबसे पहले बृहत्कल्प भाष्य रचा गया, उसके बाद निशीथ भाष्य तथा अंत में व्यवहार भाष्य की रचना हुई। लेकिन हमारे अभिमत से निशीथ भाष्य की रचना या संकलना सबसे बाद में हुई है। उसके कारणों की चर्चा हम पहले कर चुके हैं। भाष्यकार ने व्यवहार से पूर्व बृहत्कल्प की रचना की, यह बात उनकी प्रतिज्ञा से स्पष्ट है—**कप्पव्ववहाराणं वक्खाणविहिं पवक्खामि**। इसके अतिरिक्त व्यवहार भाष्य में अनेक स्थलों पर **'पुव्वुत्तो'**, **'वुत्तो' 'जह कप्पे'**, **'वण्णिया कप्पे'** आदि का उल्लेख मिलता है। व्यवहार भाष्य की निम्न गाथाओं में बृहत्कल्प की ओर संकेत है। इनमें कुछ उद्धरण बृहत्कल्प एवं कुछ उद्धरण बृहत्कल्प भाष्य की ओर संकेत करते हैं—

११७२, १२२६, १३३६, १७३७, १७४८, १८३३, १६३३, २१७१, २१७३, २२७६, २२६६, २५०६, २५२३, २६६२, २८०५, २८०६, २८१७, २६२७, २६८३, ३०६२, ३२४७, ३३१३, ३३५०, ३८६६, ४२३१, ४३१४ आदि।

यह निश्चित है कि आगमों पर लिखे गए व्याख्या ग्रंथों का क्रम इस प्रकार रहा है—निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि एवं टीका। लेकिन अलग-अलग ग्रंथों के व्याख्या ग्रंथों को लिखने में इस क्रम में व्यत्यय भी हुआ है। उदाहरण के लिए पंचकल्प भाष्य की निम्न गाथा को प्रस्तुत किया जा सकता है—

परिजुण्णेसा भणिता, सुविणा देवीए पुप्फचूलाए।
नरगाण दंसणेणं, पव्वज्जाऽऽवस्सए वुत्ता॥[2]

पुष्पचूला की कथा विशेषावश्यक भाष्य में नहीं है किन्तु आवश्यक चूर्णि में है। इससे सिद्ध होता है कि पंचकल्प के भाष्यकार के समक्ष आवश्यक चूर्णि थी।

इसी प्रकार जीतकल्प की चूर्णि के बाद उसका भाष्य रचा गया क्योंकि चूर्णि केवल जीतकल्प की गाथाओं की ही व्याख्या करती है। उसमें भाष्य का उल्लेख नहीं है। यदि चूर्णिकार के समक्ष भाष्यगाथाएं होतीं तो वे अवश्य उनकी व्याख्या करते। चूर्णिकार ने व्यवहार भाष्य की अनेक गाथाओं को उद्धृत किया है।

प्रसंगवश में निभा ५४५ की उत्थानिका का उल्लेख भी विद्वानों को इस दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करता है। वहां स्पष्ट उल्लेख है कि **"सिद्धसेणायरिएण जा जयणा भणिया तं चेव संखेवओ भद्दबाहू भण्णति"** इस उद्धरण से स्पष्ट है कि यहां द्वितीय भद्रबाहु की ओर संकेत है। प्रथम भद्रबाहु तो सिद्धसेन की रचना की व्याख्या नहीं कर सकते क्योंकि वे उनसे बहुत प्राचीन हैं। बृहत्कल्प भाष्य (२६११) में भी इस गाथा के पूर्व टीकाकार उल्लेख करते हैं कि **"या भाष्यकृता सविस्तरं यतना प्रोक्ता तामेव निर्युक्तिकृदेकगाथया संगृह्णाह।"** यह उद्धरण विद्वानों के चिन्तन या ऊहापोह के लिए है। इसके आधार पर यह संभावना की जा सकती है कि सिद्धसेन द्वितीय भद्रबाहु से पूर्व पांचवीं शती के उत्तरार्ध में हो गए थे। द्वितीय भद्रबाहु के समक्ष निर्युक्तियां तथा उन पर लिखे गए कुछ भाष्य भी थे।

मुनि पुण्यविजयजी ने दशवैकालिक की अगस्त्यसिंह चूर्णि को दशवैकालिक भाष्य से पूर्व की रचना माना है तथा उसके कुछ हेतु भी प्रस्तुत किये हैं।[3]

भाषा की दृष्टि से भी भाष्य रचना की प्राचीनता सिद्ध होती है। अपभ्रंश की प्रवृत्ति लगभग छठी शताब्दी से प्रारम्भ होती है लेकिन भाष्य में अपभ्रंश के प्रयोग ढूंढने पर भी नहीं मिलते। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्री का प्रभाव भी कम परिलक्षित होता है।

---

१. द्वितीय भद्रबाहु ने निर्युक्तियों में परिवर्तन एवं परिवर्धन भी किया है, जिनका समय विक्रम की पांचवीं-छठी शताब्दी है।
२. पंकभा ६०६।
३. दशअचू भूमिका पृ. १५-१७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्य में वर्णित विषयवस्तु, मुद्राएं, घटना प्रसंग एवं सांस्कृतिक तथ्य भी इसके रचनाकाल को चौथी-पांचवीं शताब्दी से पूर्व या आगे का सिद्ध नहीं करते। अतः भाष्यकार का समय विक्रम की चौथी-पांचवीं शताब्दी होना चाहिए।

अन्य ग्रंथों पर प्रभाव

व्यवहार एवं उसके भाष्य में वर्णित विषय अन्य ग्रन्थों में भी संक्रान्त हुए हैं। व्यवहार के भेद, पुरुषों के प्रकार एवं आलोचना से सम्बन्धित अनेक प्रकरण ठाणं एवं भगवती में प्राप्त होते हैं। ये सभी प्रकरण आगम-संकलन काल में व्यवहार से संगृहीत किए गए हैं, ऐसा प्रतीत होता है।

व्यवहारभाष्य की अनेक गाथाएं दिगम्बर ग्रंथों में भी संक्रान्त हुई हैं। भगवती आराधना एवं मूलाचार में व्यवहार भाष्य की अनेक गाथाएं शब्दशः मिलती हैं। विद्वानों ने भगवती आराधना एवं मूलाचार को संकलित रचना के रूप में स्वीकार किया है। इसमें निर्युक्तिसाहित्य एवं भाष्यसाहित्य की अनेक गाथाएं संक्रान्त हैं। आलोचना एवं प्रायश्चित्त की अनेक गाथाएं स्पष्टतः व्यवहारभाष्य से इन ग्रंथों में संकलित की गई हैं। मात्र उन गाथाओं में भाषा की दृष्टि से शौरसेनी का प्रभाव दृष्टिगत होता है। ठाणं, भगवती एवं भगवती आराधना के कुछ तुलनात्मक उद्धरण प्रस्तुत किए जा सकते हैं—

व्यभा	ठाणं	भग०	भआ
१६८	५/२११, २१२		
२२६			४७१
३०८			५५७
५२०	८/१८	२५/५५४	४१६
५२१, ५२२	८/१८, १०/७१	२५/५५३	
५२३	१०/७०	२५/५५२	५६४
५६६			४८३
५६६	५/१४६		
१७२४, ४२५२			४३१
४०६५			६१६, ६२०
४१८०-८३	१०/७३, ८/२०		
४१८४	५/१८४	२५/२७८	
४२६६			५३०
४२६८			५२७
४२६६			५४६
४३०१			४११
४३१२			६३२
४३१३			६३३
४५६८-७०	४/४१४		
४५७१, ४५७२	४/४१५,४१६		
४५७३, ४५७४	४/४१७		
४५७५	४/४१८		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यभा	ठाणं	भग.	भआ
४५७८	४/४१६		
४५८१-८५	४/४२०		
४५६०	४/४२२		
४५६३-६५	४/४२४, ४२५		
४५६४	४/४२३		
४५६७	३/१८७		
४६०४	३/१८६		

टीकाकार मलयगिरि

व्यवहार भाष्य के टीकाकार आचार्य मलयगिरि हैं। उनके जीवनवृत्त के बारे में इतिहास में विशेष सामग्री नहीं मिलती। न ही उनकी गुरु-परम्परा का कोई उल्लेख मिलता है। ये हेमचन्द्र के समवर्ती थे। उनके साथ उन्होंने विशिष्ट साधना से विद्यादेवी की आराधना की थी। देवी से उन्होंने जैन आगमों की टीका करने का वरदान मांगा था। इनका समय विद्वानों ने बारहवीं शताब्दी के आसपास माना है।

आचार्य मलयगिरि की प्रसिद्धि टीकाकार के रूप में अधिक हुई है। लेकिन उन्होंने एक शब्दानुशासन भी लिखा है। शब्दानुशासन के प्रारम्भ में वे **'आचार्यो मलयगिरिः शब्दानुशासनमारभते'** का उल्लेख करते हैं।

आगम-ग्रंथों पर लिखी सहस्रों पद्य परिमाण टीकाएं ही उनकी सूक्ष्ममेधा का निदर्शन है। मलयगिरि की टीकाएं मूलस्पर्शी अधिक हैं। अपनी टीका में उन्होंने लगभग सभी शब्दों की सटीक एवं संक्षिप्त व्याख्या प्रस्तुत की है। टीका के बिना मूल ग्रंथों के हार्द को समझना अत्यन्त कठिन है।

व्यवहार पर लिखी गयी उनकी टीका व्यवहार सूत्र एवं भाष्य के अनेक रहस्यों को प्रकट करनेवाली है।

व्याख्या के प्रसंग में अनेक पारिभाषिक शब्दों की परिभाषाएं उनकी टीका में मिलती हैं, जैसे—

- अत्र गुरुशब्देनोपाध्याय उच्यते (१६७ टी. प. ५५)।
- चारित्रस्य प्रवर्त्तकः प्रज्ञापक उच्यते (४१७४ टी. प. ४७)।
- धर्मे विषीदतां प्रोत्साहकः स्थविरः (२१७ टी. प. १३)।

कहीं-कहीं दो समान शब्दों का अर्थभेद भी उन्होंने बहुत निपुणता से प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार कहीं-कहीं कोई अव्यय या धातु यदि नए अर्थ में प्रयुक्त हुई है तो उसका अर्थ-संकेत भी मलयगिरि ने अपनी टीका में किया है। जैसे—

- पकुव्वी त्ति कुर्व इत्यागमप्रसिद्धो धातुरस्ति यस्य विकुर्वणेति प्रयोगः। (५२० टी. प. १८)।
- नापि पश्चाच्छब्दः पश्चादानुपूर्वीवाचकः किन्तु प्रसिद्धार्थप्रतिपादको ज्ञेयः (५७८ टी. प. ३८)।

व्याख्या के प्रसंग में कुछ विशिष्ट न्यायों एवं लोकोक्तियों का उल्लेख भी वृत्तिकार ने किया है—

- कोऽयमर्धजरतीयो न्यायः (५०२ टी. प. ११)।
- यत् पूर्वोक्तं तद्यथोक्तं न्यायम् (१५२४ टी. प. ३६)।
- काक्यपि हि किलैकवारं प्रसूते इति प्रसिद्धिः (१४५८ टी. प. २३)।

पाठ-संपादन में टीका का अविरल योग रहा है। प्राकृत में णं अव्यय वाक्यालंकार के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है। प्राचीन लिपि में कहीं भी शब्दों या अक्षरों का अलग-अलग सिरा नहीं होता था इसलिए णं अव्यय वाक्यालंकार में प्रयुक्त हुआ है या षष्ठी विभक्ति के अर्थ में यह भेद स्पष्ट रूप से टीका के आधार पर ही ज्ञात होता है।

व्याख्या के साथ-साथ उन्होंने उस समय की परम्पराएं एवं सांस्कृतिक तत्त्वों का समावेश भी अपनी टीका में किया है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्यकार ने संक्षिप्त में कथा का संकेत किया है किन्तु उन्होंने पूरी कथा का विस्तार दिया है। बिना टीका के उन कथाओं को समझना आज अत्यन्त कठिन होता। टीका में उन्होंने किसी विषय की पुष्टि में अन्य ग्रंथों के उद्धरण भी दिए हैं, जो उनकी बहुश्रुतता के द्योतक हैं।

आचार्य मलयगिरि द्वारा विरचित नंदी, राजप्रश्नीय आदि २५ टीका ग्रंथों का उल्लेख मिलता है।[1] कर्म प्रकृति, सूर्यप्रज्ञप्ति, ज्योतिष्करण्डक आदि की टीका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वे केवल आगमों के ही नहीं वरन् गणितशास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं कर्मसिद्धान्त के भी गहरे विद्वान् थे। कहा जा सकता है कि टीकाकारों में इनका स्थान प्रथम है।

व्यवहार

व्यवहार शब्द अनेक अर्थों में प्रचलित है।[2] संस्कृत कोशों में व्यवहार शब्द विवाद अर्थ में प्रयुक्त है।[3] लौकिक दृष्टि से व्यवहार शब्द आचरण के अर्थ में अधिक प्रयुक्त होता है। व्यवहार शब्द व्यापार के लिए भी प्रयुक्त होता है।[4] मनुस्मृति में व्यवहार शब्द मुकदमे के अर्थ में प्रयुक्त है।[5] विशेषावश्यक भाष्य में नय के प्रसंग में व्यवहार शब्द के निम्न अर्थों का उल्लेख है—१. प्रवृत्ति २. प्रवृत्तिकर्ता ३. जिससे सामान्य का निराकरण किया जाए ४. सामान्य लोगों द्वारा आचरित ५. सब द्रव्यों के अर्थ का विनिश्चय।[6] आचार्य मलयगिरि ने व्यवहार के तीन एकार्थकों का उल्लेख किया है, जिससे व्यवहार शब्द का अर्थ आचार फलित होता है।[7]

व्यवहार शब्द भिन्न-भिन्न प्रसंगों में भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। दशवैकालिक निर्युक्ति[8] में आक्षेपणी कथा के चार भेदों में दूसरी कथा का नाम व्यवहार आक्षेपणी है।[9] सत्य के दस भेदों में एक नाम व्यवहार सत्य है।[10] राशि के दो प्रकारों में एक नाम व्यवहार राशि है। गणित के दस भेदों में एक भेद व्यवहार है, जिसे पाटी गणित भी कहते हैं।[11] समयसार में नय की प्ररूपणा में व्यवहार शब्द का अर्थ अभूतार्थ—अयथार्थ किया है।[12]

कात्यायन ने व्यवहार शब्द के तीन घटकों का अर्थ इस प्रकार किया है—वि+ अव + हार अर्थात् जो नाना प्रकार से संदेहों का हरण करता है, वह व्यवहार है।[13] प्राकृत में वव+ हार इन दो शब्दों से व्यवहार की निष्पत्ति मानी गयी है। ग्रंथकार ने अनेक रूपों में व्यवहार शब्द को व्याख्यायित किया है—

• दो व्यक्तियों में विवाद होने पर जो वस्तु जिसकी नहीं है, उससे वह वस्तु लेकर जिसकी वह वस्तु है, उसे देना व्यवहार है।[14] मनुस्मृति की मिताक्षरा टीका में भी व्यवहार शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त है।[15]

• **'विविहं वा विहिणा वा, ववणं हरणं च ववहारो'** अर्थात् विविध प्रकार से विधिपूर्वक अतिचारहरण हेतु तप, अनुष्ठान आदि का वपन/दान करना व्यवहार है।[16]

---

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भा. ३ पृ. ३८७।
२. बृहद् हिंदी कोश पृ. १०६८, शब्दकल्पद्रुम भाग ४ पृ. ५३४-४३।
३. अमरकोश·१/६, अभिधान·२/१७६।
४. सूत्रकृतांग १/३/२५ : हिरण्णं ववहाराइ, तं पि दाहामु ते वयं। मनुस्मृति ७/१३७।
५. मनुस्मृति ८/१।
६. विभा·२२१२ महेटी·पृ. ४५३।
७. व्यभा·१५२ टी. प. ५१ : कल्पो व्यवहार आचार इत्यनर्थान्तरम्।
८. दशनि. १६७।
९. अभयदेवसूरि के अनुसार जिसमें व्यवहार प्रायश्चित्त का निरूपण हो, वह व्यवहार आक्षेपणी है। (देखें ठाणं ४/२४७ स्याटी प. २००), कुछ आचार्यों ने व्यवहार शब्द को ग्रंथ विशेष का द्योतक भी माना है (स्याटी·प. २००)।
१०. ठाणं १०/८९।
११. ठाणं १०/१००।
१२. समयसार गा. १३।
१३. कात्यायन; वि नानार्थेऽव संदेहे, हरणं हार उच्यते।
नानासंदेहहरणाद्, व्यवहार इति स्थितिः॥
१४. व्यभा·५, बृभापी. पृ. ४; यस्य नाभवति तस्य हापयति, यस्याभवति तस्मै ददाति इति व्यवहारः।
१५. मनुस्मृति मिताक्षरा। परस्परं मनुष्याणां, स्वार्थविप्रतिपत्तिषु। वाक्यान्न्यायाद्यवस्थानं, व्यवहार उदाहृतः।।
१६. व्यभा ३, उशांटी प ६४: व्यवहारः प्रमादात् स्खलितादौ प्रायश्चित्तदानरूपआचरणम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

● **'जेण य ववहरइ मुणी जं पि य ववहरइ सो वि ववहारो।'**[1] अर्थात् जिसके द्वारा मुनि आगम आदि व्यवहार का प्रयोग करता है, वह व्यवहार है अथवा जिस व्यवहर्त्तव्य का मुनि प्रयोग करता है, वह भी व्यवहार है।

● **'विविधो वा अवहारः व्यवहारः'** अर्थात् विविध प्रकार से निश्चय करना व्यवहार है।[2]

भाष्य में व्यवहार के चार एकार्थक प्राप्त हैं—१. व्यवहार २. आलोचना ३. प्रायश्चित्त ४. शोधि।[3] यद्यपि इनको एकार्थक नहीं माना जा सकता किन्तु व्यवहार विशोधि का कारण है और ये चारों शब्द विशोधि की क्रमिक अवस्थाओं के द्योतक हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में व्यवहार शब्द आलोचना, शोधि एवं प्रायश्चित्त—इन तीनों अर्थों में प्रयुक्त है।

ग्रंथकार ने भाव व्यवहार के ९ एकार्थकों का उल्लेख किया है—१. सूत्र २. अर्थ ३. जीत ४. कल्प ५. मार्ग ६. न्याय ७. ईप्सितव्य ८. आचरित ९. व्यवहार।

भाष्यकार ने स्वयं यहां एक प्रश्न उपस्थित किया है कि ये एकार्थक जीतव्यवहार के सूचक हैं फिर इसके लिए भाव व्यवहार के एकार्थकों का उल्लेख क्यों किया? प्रश्न का समाधान करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि सूत्र शब्द से आगम और श्रुत व्यवहार गृहीत हैं। अर्थ शब्द से आज्ञा और धारणा व्यवहार का ग्रहण है।[4] तथा शेष शब्द जीतव्यवहार के द्योतक हैं।

भाष्यकार ने संक्षेप में निक्षेप पद्धति द्वारा व्यवहार की व्याख्या की है किंतु टीकाकार ने आगमतः-नोआगमतः द्रव्य एवं भाव व्यवहार की विस्तृत चर्चा की है।

द्रव्य लौकिक व्यवहार में टीकाकार ने आनंदपुर का उदाहरण दिया है। आनंदपुर में खड्ग के द्वारा व्यक्ति को उदीर्ण करने पर अस्सी हजार रूप्यक का तथा मारने पर भी इतने ही रूप्यकों का दंड होता था। प्रहार करने पर यदि व्यक्ति नहीं मरता तो केवल पांच रूपये का दंड तथा उत्कृष्ट रूप से कलह में प्रवृत्त होने पर अर्धत्रयोदश रुपयों का दंड दिया जाता था।[5]

लोकोत्तर द्रव्य व्यवहार में पीत वस्त्रधारी पार्श्वस्थ साधुओं का उल्लेख है जो जिनेश्वर की आज्ञा का पालन न करके स्वच्छंद विहार करते थे तथा परस्पर अशन-पान आदि के आदान-प्रदान रूप व्यवहार भी करते थे।[6] भाव व्यवहार में आगम, श्रुत आदि पांच व्यवहारों का समावेश है।

व्यवहार दो प्रकार का होता है—१. विधि व्यवहार २. अविधि व्यवहार। व्यवहार सूत्र आध्यात्मिक ग्रंथ होने से यहां विधि व्यवहार का प्रकरण है। अविधि व्यवहार मोक्षमार्ग का विरोधी है।[7]

निर्ग्रन्थों एवं संयतों के लिए दो प्रकार के व्यवहारों का उल्लेख है—आभवद् व्यवहार एवं प्रायश्चित्त व्यवहार। सचित्तादि वस्तु को लेकर जो व्यवहार होता है, वह आभवद् व्यवहार है तथा प्रतिसेवना का आचरण करने पर अपराधी के प्रति जो व्यवहार होता है, वह प्रायश्चित्त व्यवहार है।

आभवद् व्यवहार

आभवद् व्यवहार के पांच प्रकार हैं—१. क्षेत्र २. श्रुत ३. सुख-दुःख ४. मार्ग ५. विनय। पंचकल्पभाष्य में आभवद् व्यवहार के भेद इस प्रकार मिलते हैं—१. सचित्त २. अचित्त ३. मिश्र ४. क्षेत्र-निष्पन्न ५. काल-निष्पन्न।[8]

प्रायश्चित्त व्यवहार के भी पांच प्रकार हैं—सचित्त, अचित्त, क्षेत्र, काल और भाव।

क्षेत्र आभवद् व्यवहार

आठ ऋतुमास तथा चार वर्षावास के लिए क्षेत्र की मार्गणा करना क्षेत्र आभवद् व्यवहार है। क्षेत्र की मार्गणा करने के लिए

---

१. व्यभा. ३८८८।
२. बृचू. अप्रकाशित।
३. व्यभा. १०६४।
४. व्यभापी. टी. प ७ द्वावप्यर्थात्मकत्वादर्थग्रहणेन सूचितौ।
५. व्यभा. ६ टी. प ६, तुलना बृभा. ५१०४, जीभा. २३७३।
६. व्यभा. ६ टी. प ६।
७. व्यभा. ५।
८. पंकभा. २३६३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गए हुए मुनि क्षेत्र की प्रत्युप्रेक्षणा कर आचार्य के पास आकर क्षेत्र के गुण-दोष बताते हैं। उस गच्छ में अन्य गच्छ से आये हुए मुनि क्षेत्र की प्रत्युप्रेक्षणा सुनकर अपने आचार्य के पास जाकर क्षेत्र विषयक सारी बात बताते हैं तथा आचार्य को उस क्षेत्र में ले जाते हैं तो वे प्रायश्चित्तभाक् होते हैं। उनको स्वयं क्षेत्र की प्रत्युप्रेक्षणा करके आना चाहिए।[1]

क्षेत्र-प्रत्युप्रेक्षक क्षेत्र की जानकारी विधिपूर्वक करते हैं। क्षेत्र के तीन प्रकार हैं—

जघन्य क्षेत्र— (१) भिक्षा-परिभ्रमण भूमि विशाल हो।
(२) उत्सर्ग की सुविधा हो।
(३) भिक्षा सुलभ हो।
(४) वसति सुलभ हो।

उत्कृष्ट क्षेत्र—तेरह गुणों से अन्वित क्षेत्र उत्कृष्ट क्षेत्र कहलाता है—
(१) पंक-बहुल न हो।
(२) सम्मूर्च्छिम जीवों का उपद्रव न हो।
(३) स्थंडिल भूमि एकान्त में हो।
(४) चारों दिशाओं में महास्थंडिल भूमि हो।
(५) गोरस की प्रचुरता हो।
(६) जहां की जनता प्रायः भद्रक हो।
(७) औषध सुलभ हो।
(८) अन्नभण्डार प्रचुर हों।
(९) जहां का राजा भद्र पुरुष हो।
(१०) जहां वैद्य भद्रक हों।
(११) जहां अन्यतीर्थिक अकलहकारी हों।
(१२) भिक्षा सुलभ हो। तीसरे प्रहर में पर्याप्त भिक्षा मिलती हो। अन्य पौरुषियों में भी वह प्राप्त हो।
(१३) वसति में या अन्यत्र भी स्वाध्याय की सुलभता हो।

मध्यम क्षेत्र—जघन्य और उत्कृष्ट क्षेत्र से मध्यम गुणों वाला क्षेत्र मध्यम क्षेत्र कहलाता है।[2]

क्षेत्र प्रत्युप्रेक्षणा के लिए अनेक गच्छों से अनेक मुनि गए हों और सभी एक ही स्थान की अभिलाषा रखते हों ऐसी स्थिति में अनेक विधियों का विवरण भाष्य तथा वृत्ति में प्राप्त है। वहां कौन रहे, कौन न रहे, कैसे रहे आदि की विधियां सुनिश्चित हैं। उदाहरण स्वरूप दो वर्ग हैं—एक वृषभ का और एक आचार्य का। यदि वह क्षेत्र दोनों वर्गों के लिए पर्याप्त है तो दोनों वर्ग वहां रहें। यदि ऐसा न हो तो वृषभ का वर्ग वहां से विहार कर दे, आचार्य का वर्ग रहे। यदि दोनों वर्ग तुल्य हों—दोनों गणी हों या दोनों आचार्य हों तो यह पद्धति विहित है—एक का शिष्य परिवार निष्पन्न है और एक का निष्पन्न नहीं है तो निष्पन्न शिष्य परिवार वाला वहां से विहार कर दे और अनिष्पन्न वाला वहां रहे। यदि दोनों का निष्पन्न परिवार हो तो तरुण शिष्य परिवार वाला चला जाए, वृद्ध वाला वहां रहे। दोनों तरुण या वृद्ध परिवार वाले हों तो शैक्ष परिवार वाला रहे, चिरप्रव्रजित परिवार वाला चला जाए। यदि दोनों समान हों तो जुंगित परिवार वाला रहे, अजुंगित परिवार वाला चला जाए। दोनों जुंगित परिवार वाले हों तो जो पादजुंगित हैं वे ठहरें, दूसरे चले जाएं।[3]

इसी प्रकार साध्वी वर्ग की भी मार्गणा होती है। भाष्यकार ने क्षेत्र विषयक और भी अनेक बातों का वर्णन किया है।[4]

---

१. व्यभा. ३८९१-९४।
२. वही ३८९७-९९।
३. वही ३९१६-१८।
४. व्यभा. ३९१९-५७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रुत आभवद् व्यवहार

श्रुतसंपद् के दो प्रकार हैं —अभिधारण और पठन। इन दोनों के दो-दो प्रकार हैं— अनंतर और परंपर। दो के मध्य जो श्रुतोपसंपद् होती है, वह अनंतर है और तीन आदि के मध्य होने वाली श्रुतोपसंपद् परंपर कहलाती है। इसी संदर्भ में भाष्यकार ने सान्तरा और अनन्तरा वल्ली के विषय में जानकारी दी है। उनके अनुसार अनन्तरा वल्ली में ये छह व्यक्ति उल्लिखित हैं—माता, पिता, भ्राता, भगिनी, पुत्री और दुहिता। सान्तरा वल्ली—नानी, नाना, मातुल, मौसी, दादा, दादी, चाचा, बुआ तथा भाई की सन्तान—भतीजा, भतीजी, बहिन की सन्तान—भानजी, भानजा, पुत्र की सन्तान—पौत्र, पौत्री आदि।

इस विषय में भाष्यकार ने विस्तृत चर्चा प्रस्तुत की है।[१]

सुख-दुःख आभवद् व्यवहार

इसके दो प्रकार हैं—अभिधार और उपसम्पन्न।[२]

मार्गोपसंपद् आभवद् व्यवहार

कोई मार्गज्ञ मुनि अन्य देश के लिए प्रस्थित है। दूसरा मुनि भी उसी देश में जाने का इच्छुक है। वह मार्गज्ञ साधु के पास उपसंपदा ग्रहण करता है। यह मार्गोपसंपद् है। इसमें मुख्यता मार्गज्ञ मुनि की होती है।[३]

विनयोपसंपद् आभवद् व्यवहार

वास्तव्य तथा आगंतुक मुनियों के विनय व्यवहार का निर्देशक तत्त्व है—विनयोपसम्पद्। आगंतुक मुनियों द्वारा वर्षा-प्रायोग्य क्षेत्र पूछे जाने पर यदि वास्तव्य मुनि मौन रहते हैं तो प्रायश्चित्त के भागी होते हैं तथा आगन्तुक व्यक्ति यदि इस विषय की पृच्छा नहीं करते तो वे स्वयं प्रायश्चित्त के भागी होते हैं। इसी प्रकार भाष्यकार ने रात्निक तथा अवमरात्निक के पारस्परिक वंदना, आलोचना आदि के विषय में भी पर्याप्त विमर्श किया है।[४]

प्रायश्चित्त व्यवहार

प्रायश्चित्त व्यवहार के चार प्रकार हैं—द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव। द्रव्य के दो भेद हैं—सचित्त एवं अचित्त।

सचित्त-प्रायश्चित्त

सचित्त-प्रायश्चित्त दो प्रकार का है। प्रथम तो जीवों की विराधना होने पर तथा दूसरा सूत्र में निषिद्ध व्यक्तियों को दीक्षा देने पर। सजीव की विराधना होने पर मिलने वाले प्रायश्चित्त के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

एकेन्द्रिय जीवों का अपद्रावण होने पर उपवास।

द्वीन्द्रिय जीवों का अपद्रावण होने पर बेला।

त्रीन्द्रिय जीवों के अपद्रावण होने पर तेला।

चतुरिन्द्रिय जीवों के अपद्रावण होने पर चोला।

पंचेन्द्रिय जीवों के अपद्रावण होने पर पंचोला।

अथवा जिसके जितनी इंद्रियां हैं उतनी विराधना होने पर उतने ही कल्याणक का प्रायश्चित्त आता है।

एकेन्द्रिय की परितापना होने पर एक कल्याणक।

---

१. व्यभा. २१५७-६१, ३६५९-८०।
२. व्यभा. ३६८१-९२।
३. व्यभा. ३६९३-९६।
४. व्यभा. ४०००-४००८।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

द्वीन्द्रिय की परितापना होने पर दो कल्याणक अर्थात् पुरिमार्ध (दो प्रहर)।

त्रीन्द्रिय की परितापना होने पर तीन कल्याणक अर्थात् एकाशन।

चतुरिन्द्रिय की परितापना होने पर चार कल्याणक अर्थात् आचाम्ल।

पंचेन्द्रिय की परितापना होने पर पांच कल्याणक अर्थात् उपवास।[1]

पुरुषों में अठारह, स्त्रियों में बीस तथा नपुंसक में दस प्रकार के व्यक्ति दीक्षा के अयोग्य माने गए हैं। इनको प्रव्रजित करने वाला सचित्त विषयक प्रायश्चित्त का भागी होता है।[2] इसका विस्तृत वर्णन बृहत्कल्पभाष्य एवं पंचकल्पभाष्य में मिलता है।

अचित्त प्रायश्चित्त

पिंड एवं उपधि ग्रहण करते समय होने वाली स्खलना से प्राप्त प्रायश्चित्त। एषणा एवं उत्पादन के दोषों से युक्त भोजन ग्रहण करने पर तथा अविधि से उपधि आदि ग्रहण करने पर प्राप्त प्रायश्चित्त।[3]

क्षेत्र एवं काल विषयक प्रायश्चित्त

जनपद, मार्ग, सेना का अवरोध, मार्गातीत (क्षेत्रातिक्रान्त आहार करना)—इनमें अविधि से होने वाले दोष का प्रायश्चित्त क्षेत्रविषयक प्रायश्चित्त है । दुर्भिक्ष, सुभिक्ष, दिन में या रात में होने वाली अविधि के कारण प्राप्त प्रायश्चित्त काल विषयक प्रायश्चित्त है।

भाव विषयक प्रायश्चित्त

इसका अर्थ है—योगत्रिक एवं करणत्रिक की अशुभ प्रवृत्ति, निष्कारण दर्प की प्रतिसेवना, पांच प्रकार के प्रमाद से सम्बन्धित प्रायश्चित्त। भाव विषयक प्रायश्चित्त में पुरुषों के आधार पर भी प्रायश्चित्त दिया जाता है।

पुरुषों के तीन प्रकार हैं—परिणामक, अतिपरिणामक, अपरिणामक। इन तीनों के तुल्य अपराध में भी प्रायश्चित्त में नानात्व रहता है। इसके अतिरिक्त ऋद्धिमन्निष्क्रान्त, अऋद्धिमन्निष्क्रान्त, असह, ससह, पुरुष, स्त्री, नपुंसक, बाल, तरुण, स्थिर, अस्थिर, कृतयोगी, अकृतयोगी, सप्रतिपक्ष, अप्रतिपक्ष—इन सबके तुल्य अपराध होने पर भी पुरुष भेद से प्रायश्चित्त में भिन्नता रहती है। इसी प्रकार स्वभाव की दृष्टि से दारुण एवं भद्रक इन दोनों के समान अपराध में भी प्रायश्चित्तदान में भेद रहता है।[4]

व्यवहार का एक अर्थ है—प्रायश्चित्त। प्रायश्चित्त के आधार पर व्यवहार के मुख्यतः तीन भेद किए गए हैं—गुरुक, लघुक और लघुस्वक। इन तीनों के तीन-तीन प्रकार हैं—

गुरुक, गुरुतरक, यथागुरुस्वक।

लघु, लघुतरक, यथालघुस्वक।

लघुस्व, लघुस्वतरक, यथालघुस्वक।

गुरुक व्यवहार अर्थात् एक मास का प्रायश्चित्त। यह तेले की तपस्या से पूरा हो जाता है।

गुरुतरक व्यवहार अर्थात् चार मास का प्रायश्चित्त। यह चोले की तपस्या से पूरा हो जाता है।

यथागुरुस्वक व्यवहार अर्थात् छह मास का प्रायश्चित्त। यह पंचोले की तपस्या से पूरा हो जाता है।

लघुक व्यवहार अर्थात् तीस दिन का प्रायश्चित्त। यह बेले की तपस्या से पूरा हो जाता है।

लघुतरक व्यवहार अर्थात् पच्चीस दिन का प्रायश्चित्त। यह उपवास की तपस्या से पूरा हो जाता है।

यथालघुस्वक व्यवहार अर्थात् बीस दिन का प्रायश्चित्त। यह आचाम्ल की तपस्या से पूरा हो जाता है।

लघुस्वक व्यवहार अर्थात् पन्द्रह दिन का प्रायश्चित्त। यह एकलठाणा की तपस्या से पूरा हो जाता है।

---

१. व्यभा. ४०११, ४०१२।

२. व्यभा. ४०१३।

३. व्यभा. ४०१०।

४. व्यभा. ४०१७-२६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लघुतरस्वक व्यवहार अर्थात् दस दिन का प्रायश्चित्त। यह पूर्वार्द्ध की तपस्या से पूरा हो जाता है।

यथालघुस्वक व्यवहार अर्थात् पांच दिन का प्रायश्चित्त। यह विगयवर्जन (निर्विकृतिक) की तपस्या से पूरा हो जाता है।[१]

गुरुक, लघुक तथा लघुस्वक आदि प्रायश्चित्तों के विधान का प्रयोजन बताते हुए भाष्यकार कहते हैं कि अतिपरिणामक में जागरूकता पैदा करने तथा अपरिणामक में यह विश्वास पैदा करने के लिए कि प्रायश्चित्त के द्वारा यहां विशुद्धि कराई जाती है तथा शेष मुनियों में प्रतिसेवना के प्रति भय पैदा करने के लिए गुरु, गुरुतर आदि प्रायश्चित्तों का विधान किया गया है।[२]

भाष्यकार ने इस बात का निर्देश किया है कि व्यवहार शब्द में व्यवहारी एवं व्यहर्त्तव्य भी अन्तर्गर्भित हैं।[३] इसे उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं--जैसे कुंभ नाम का उच्चारण करने से कुंभकार (कर्त्ता) एवं मिट्टी, चक्र (करण) आदि का स्वतः ग्रहण हो जाता है, जैसे ज्ञान शब्द के उच्चारण से ज्ञानी और ज्ञान क्रिया (ज्ञेय) दोनों का अधिग्रहण हो जाता है वैसे ही व्यवहार शब्द में व्यवहारी एवं व्यवहर्त्तव्य—दोनों का समावेश हो जाता है।[४] यहां पहले पांच व्यवहारों का वर्णन किया जा रहा है। उसके बाद व्यवहारी एवं व्यवहर्त्तव्य का वर्णन किया जाएगा।

पांच व्यवहार

ग्रंथकार ने आगम आदि पांचों व्यवहारों को द्वादशांग का नवनीत कहा है, जिसका निर्यूहण चतुर्दशपूर्वधर भद्रबाहु ने द्वादशांगी से किया।[५] भाष्यकार ने व्यवहार का महत्त्व यहां तक बता दिया कि जिसके मुख में एक लाख जिह्वा हो वह भी व्यवहार के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सकता।[६] किन्तु चतुर्दशपूर्वी भद्रबाहु ने द्वादशांगी के नवनीत रूप में इसका सुंदर उपदेश हमारे सामने प्रस्तुत कर दिया है।[७]

व्यवहार का मूल अर्थ है—करण।[८] करण अर्थात् न्याय के साधन। वे पांच हैं—आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा और जीत।[९] कौटिल्य के अर्थशास्त्र में व्यवहार शब्द न्याय अर्थ में प्रयुक्त है। पांच व्यवहारों का उल्लेख ठाणं एवं भगवती में भी मिलता है।[१०] पर व्यवहार सूत्र से ही यह पाठ ठाणं एवं भगवती में संक्रान्त हुआ है, ऐसा अधिक संभव लगता है।

आगम व्यवहार

जिसके द्वारा अतीन्द्रिय पदार्थ जाने जाते हैं, वह आगम है।[११] ज्ञान पर आधारित होने के कारण प्रथम व्यवहार का नाम आगम व्यवहार है। ज्ञान और आगम दोनों एकार्थक हैं।[१२] कारण में कार्य का उपचार करने से जिन ग्रंथों में ज्ञान निबद्ध है अथवा जो ज्ञान के साधन हैं, वे भी आगम कहलाते हैं। आगम व्यवहार के भेद-प्रभेदों को निम्न चार्ट से दर्शाया जा सकता है—

---

१. व्यभा. १०६४-७० टी. प. २४, २५, बृभा. ६०३६-४४।

२. बृभा. ६०३८ : तेसिं पच्चयहेउं जे पेसविया सुयं व तं जेहिं।
भयहेउसेसगाणं इमा उ आरोवणारयणा॥

३. व्यभा. २ टी प ४।

४. व्यभा. २, ३।

५. व्यभा. ४४३१, जीभा. ५६०।

६. यहां यह उल्लेख कर देना आवश्यक है कि भाष्यगत 'व्यवहार' शब्द का अर्थ टीकाकार ने व्यवहारसूत्र किया है। यहां व्यवहार शब्द पांच व्यवहार का वाचक होना चाहिए।

७. व्यभा. ४५५१, ४५५२।

८. व्यभा. २ : ववहारो होति करणभूतो उ।

९. व्यसू १०/६।

१०. भ. ८/३०१, ठाणं ५/१२४।

११. भटी. प. ३८४ : आगम्यन्ते परिच्छिद्यन्ते अतीन्द्रिया अर्था अनेनेत्यागम उच्यते।

१२. व्यभा. ४०३६; णातं आगमियं ति य एगट्ठं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगम व्यवहार[1]

प्रत्यक्ष — परोक्ष

प्रत्यक्ष: इन्द्रिय — नोइन्द्रिय

इन्द्रिय: पांच इन्द्रियों से होनेवाला रूपादि का ज्ञान

नोइन्द्रिय: अवधि, मनःपर्यव, केवल

जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने अक्ष का अर्थ आत्मा किया है। अर्थात् जो ज्ञान सीधा आत्मा से होता है, वह प्रत्यक्ष है। अक्ष का अर्थ इन्द्रिय भी है। जो ज्ञान आत्मा के अतिरिक्त इन्द्रिय आदि से होता है, वह परोक्ष है।[2]

प्रश्न उपस्थित होता है कि आगम व्यवहार में इन्द्रिय प्रत्यक्ष का ग्रहण क्यों किया गया? इसका समाधान जीतकल्पभाष्य में प्राप्त होता है। भाष्यकार जिनभद्रगणि लिखते हैं कि प्रत्यक्ष आगम व्यवहारी भी श्रोत्रेन्द्रिय से दूसरे की प्रतिसेवना सुनकर, चक्षु से दूसरे को अनाचार का सेवन करते देखकर, घ्राण द्वारा धूप आदि की गन्ध से चींटी आदि की विराधना जानकर, कंदादि को खाते देखकर, अंधकार में स्पर्श से अभ्यंग आदि को जानकर इन्द्रिय प्रत्यक्ष से आगम व्यवहारी (चतुर्दशपूर्वी आदि) व्यवहार का प्रयोग करते हैं।[3]

नोइन्द्रिय प्रत्यक्ष का विस्तृत वर्णन जीतकल्पभाष्य में मिलता है।[4]

श्रुत व्यवहार

जो आचार्य या मुनि कल्प और व्यवहार के सूत्रों को बहुत पढ़ चुका है और उसके अर्थ को सूक्ष्मता से जानता है तथा दोनों ग्रंथों की निर्युक्ति को अर्थतः जानता है, वह श्रुतव्यवहारी है।[5]

टीकाकार के अनुसार कुल, गण आदि में करणीय-अकरणीय का प्रसंग उपस्थित होने पर पूर्वों से कल्प और व्यवहार का निर्यूहण किया गया। इन दोनों सूत्रों का निमज्जन कर, व्यवहार विधि के सूत्र का स्पष्ट उच्चारण कर, उसके अर्थ का अवगाहन कर जो प्रायश्चित्त का विधान किया जाता है, वह श्रुतव्यवहार है।[6]

जीतकल्प चूर्णि के अनुसार पूर्वधर[7] (९ से ८ पूर्व), ११ अंग के धारक, कल्प, व्यवहार तथा अवशिष्ट श्रुत के अर्थ के धारक मुनि श्रुतव्यवहार का प्रयोग करते हैं।[8]

आज्ञा व्यवहार

भक्त-प्रत्याख्यान में संलग्न, विशोधि एवं शल्योद्धरण का इच्छुक आचार्य या मुनि दूरस्थित छत्तीस गुण सम्पन्न आचार्य से आलोचना करना चाहता है। ऐसी अवस्था में आज्ञा व्यवहार की प्रयोजनीयता होती है। आज्ञा व्यवहार भी श्रुत व्यवहार के समान ही होता है।[9]

आज्ञा व्यवहार को व्याख्यायित करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि विशोधि का इच्छुक आचार्य या मुनि जब शोधिकारक

---

१. व्यभा. ४०२६, ४०३०।
२. जीभा. ११ जीवो अक्खो तं पति, जं वट्टइ तं तु होइ पच्चक्खं।
परओ पुण अक्खस्सा, वट्टंतं होइ पारोक्खं॥
३. जीभा. २०-२२।
४. जीभा. २३-१०७।
५. व्यभा. ४४३२-३५।
६. व्यभा. ४४३६ टी. प. ८१।
७. नवपूर्वी तक आगमव्यवहारी होते हैं।
८. जीचू.पृ. २ सुयव्ववहारो पुण अवसेसपुव्वी एक्कारसंगिणो आकप्पववहारा अवसेससुए य अहिगय-सुत्तत्था सुयववहारिणो त्ति।
९. जीचू.पृ. ४ : आणाववहारो वि सुयववहाराणुसरिसो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य के समीप जाने में असमर्थ हो तथा शोधिकारक आचार्य भी जब शोधिकर्त्ता के पास जाने में असमर्थ हो उस स्थिति में शोधि का इच्छुक आचार्य अपने शिष्य को दूरस्थित शोधिकारक आचार्य के पास भेजकर शोधि की प्रार्थना करता है। तब आचार्य अपने आज्ञापरिणामक तथा धारणाकुशल शिष्य को उनके पास भेजते हैं। आज्ञापरिणामक शिष्य भगवद् आज्ञा के प्रति वितर्कणा नहीं करता किंतु गुरु-आज्ञा के अनुरूप अपना कर्त्तव्य निभाता है।[1] गुरु-आज्ञा की रहस्यमयता का अवबोध कराने के लिए भाष्यकार ने अपरिणामक[2], परिणामक एवं अतिपरिणामक[3] को दो उदाहरणों द्वारा समझाया है—

गुरु ने शिष्य से कहा—जाओ, उस ताड़वृक्ष पर चढ़कर नीचे कूद पड़ो। शिष्य अपरिणामक था। वह गुरु से अनेक तर्क-वितर्क करते हुए क्रोधित होकर बोला—क्या साधु को सचित्त वृक्ष पर चढ़ना कल्पता है? क्या आप मुझे मारना चाहते हैं? अतिपरिणामक शिष्य बोला—मेरी भी यही इच्छा थी। मैं अभी वृक्ष से गिरता हूं। गुरु उन दोनों को समझाते हैं कि मेरे कथन का तात्पर्य यह था कि तप, नियम, ज्ञानमय वृक्ष पर आरोहण कर भवसागर से पार हो जाओ। परिणामक शिष्य सोचता है कि मेरे गुरु स्थावरजीवों की हिंसा की भी इच्छा नहीं करते फिर पंचेन्द्रिय की हिंसा का तो प्रश्न ही नहीं उठता। जरूर इस आदेश में कोई रहस्य होगा—ऐसा सोचकर वह वृक्षारोहण के लिए तत्पर हुआ उस समय गुरु ने उसका हाथ पकड़कर रोक लिया।

दूसरा बीज का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भाष्यकार कहते हैं—गुरु के द्वारा बीज लाने का आदेश देने पर अपरिणामक शिष्य तत्काल उत्तर देता है—साधु के लिए बीज लाना कल्पनीय नहीं है। अतिपरिणामक यह आदेश सुनते ही पोटली में बीज बांधकर ले आता है। आदेश प्राप्त कर परिणामक शिष्य गुरु से पूछता है—कैसे बीज लाऊं? उगने योग्य लाऊं या उगने में असमर्थ बीजों को लाऊं? गुरु उसके विवेक को जान लेते हैं। इस प्रकार परीक्षा करके गुरु आज्ञा परिणामक एवं धारणाकुशल शिष्य को शुद्धिकर्त्ता आचार्य के पास भेजते हैं। वह शिष्य ज्ञान, दर्शन एवं चारित्र संबंधी अतिचारों को सम्यक्तया सुनता है। दर्पविषयक[4] एवं कल्पविषयक[5] प्रतिसेवना को अच्छी तरह से धारण करता है।

आचार्य द्वारा प्रेषित वह धारणा कुशल शिष्य आलोचक की प्रतिसेवना को क्रमशः सुनता है, उसकी अवधारणा करता है तथा आलोचक की अर्हता, संयम एवं गृहस्थ पर्याय का कालमान, शारीरिक एवं मानसिक बल तथा क्षेत्र विषयक बातें आलोचक आचार्य से ज्ञात कर स्वयं उसका परीक्षण कर वह अपने देश में लौट आता है। वह अपने गुरु के पास जाकर उसी क्रम से सब बातें गुरु को निवेदन करता है, जिस क्रम से उसने तथ्यों का अवधारण किया था। तब व्यवहार-विधिज्ञ आलोचनाचार्य कल्प और व्यवहार दोनों छेदसूत्रों के आलोक में पौर्वापर्य का आलोचन कर सूत्रगत नियमों के तात्पर्य की सही अवगति करते हैं। पुनः उसी शिष्य को आदेश देते हैं—'तुम जाओ और उस विशोधिकर्त्ता मुनि या आचार्य को यह प्रायश्चित्त निवेदित कर आ जाओ।' इस प्रकार आचार्य के वचनानुसार प्रायश्चित्त देना आज्ञा व्यवहार है।[6]

आज्ञा व्यवहार की एक दूसरी व्याख्या भी मिलती है—दो गीतार्थ आचार्य गमन करने में असमर्थ हैं। दोनों दूर प्रदेशों में स्थित हैं। कारणवश वे एक दूसरे के पास जाने में असमर्थ हैं, ऐसी स्थिति में यदि उन्हें प्रायश्चित्त विषयक परामर्श लेना हो तो गीतार्थ शिष्य न होने पर अगीतार्थ शिष्य को जो धारणा में कुशल हैं, उसे गूढ़ पदों में अपने अतिचारों को निगूहित कर दूरदेशस्थित आचार्य के पास भेजते हैं। वे गीतार्थ आचार्य भी शिष्य के साथ गूढ़ पदों में उत्तर भेजते हैं, यह आज्ञा व्यवहार है।[7] गूढ़ पदों में निहित प्रश्न एवं उत्तर को भाष्यकार ने विस्तार से प्रस्तुत किया है। उदाहरण स्वरूप यहां एक-दो गाथाएं प्रस्तुत की जा रही हैं—

---

१. जीचू पृ. २३ : जहाभणिया सद्दहंता आयरंता य परिणामगा भन्नति।
२. जो उत्सर्ग में ही श्रद्धा करता है और उसका ही आचरण करता है, वह अपरिणामक है। (अपरिणामगा पुण जे उस्सग्गमेव सद्दहंति आयरंति य, जीचू. पृ. २३)
३. जो अपवाद का ही आचरण करता है और उसी में आसक्त होता है, वह अतिपरिणामक है। (अइपरिणामगा जो अववायमेवायरंति तम्मि चेव सज्जंति न उस्सग्गे, जीचू. पृ. २३।)
४. जो अकारण प्रतिसेवना की जाती है, वह दर्प प्रतिसेवना है। उसके दस प्रकार हैं। देखें व्यभा. ४४६१-६२।
५. कारण उपस्थित होने पर जो प्रतिसेवना की जाती है, वह कल्प प्रतिसेवना है। उसके २४ प्रकार हैं। देखें, व्यभा. ४४६३-६६।
६. व्यभा. ४४३८-४५०२।
७. व्यभा. ६ टी. प. ६, जीचू. पृ. २, स्थाटी. प. ३०२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पढमस्स य कज्जस्सा, पढमेण पदेण सेवितं होज्जा।
पढमे छक्के अब्भिंतरं तु, पढमं भवे ठाणं॥[1]

बितियस्स य कज्जस्सा, पढमेण पदेण सेवियं होज्जा।
पढमे छक्के अब्भिंतरं तु पढमं भवे ठाणं॥[2]

यहां प्रथमपद से प्राणातिपात तथा षट्क से पृथ्वीकाय आदि का ग्रहण है।

धारणा व्यवहार

व्यवहार का चौथा प्रकार है—धारणा। मतिज्ञान का चौथा भेद भी धारणा है। संभवतः उसी आधार पर व्यवहार का एक भेद धारणा रखा गया है। धारणा व्यवहार भी श्रुत व्यवहार के सदृश है। चूर्णिकार के अनुसार श्रुत व्यवहार और धारणा व्यवहार में इतना ही अंतर है कि श्रुत व्यवहार के एक अंश का प्रयोग करना धारणा व्यवहार है।[3] भाष्यकार ने धारणा के चार एकार्थकों का उल्लेख किया है। ये सभी धारणा की क्रमिक अवस्थाओं के द्योतक हैं—

१. **उद्धारणा**—छेदसूत्रों में उद्धृत अर्थपदों को धारण करना।

२. **विधारणा**—छेदसूत्रों में उद्धृत विशिष्ट अर्थपदों को विविध रूप से स्मृति में धारण करना।

३. **संधारणा**—धारण किए हुए अर्थपदों को आत्मसात् करना।

४. **संप्रधारणा**—सम्यक् रूप से अर्थपदों को धारण कर प्रायश्चित्त का विधान करना।[4]

ग्रंथकार ने धारणा व्यवहार को विविध रूपों में परिभाषित किया है। ये परिभाषाएं धारणा व्यवहार के बारे में प्रचलित उस समय की विविध अवधारणाओं एवं अवस्थाओं को प्रकट करने वाली हैं—

• किसी गीतार्थ संविग्न आचार्य ने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, पुरुष और प्रतिसेवना के आधार पर दिये जाने वाले प्रायश्चित्त को देखा अथवा किसी को आलोचना-शुद्धि करते देखा उसको उसी प्रकार धारण कर वैसी परिस्थिति में वैसा ही प्रायश्चित्त देना धारणा व्यवहार है।[5]

वैयावृत्त्यकर, गच्छोपग्राही, स्पर्धकस्वामी, देशदर्शन में सहयोगी तथा संविग्न द्वारा दिए गए उचित प्रायश्चित्त की अवधारणा धारणा व्यवहार है।[6]

जो शिष्य सेवा आदि कार्यों में संलग्न रहने के कारण छेदसूत्रों के परिपूर्ण अर्थ को धारण करने में असमर्थ है उस पर आचार्य अनुग्रह करके छेदसूत्रों के कुछ अर्थपद उसे सिखाते हैं। छेदसूत्रों का वह अंशतः धारक मुनि जो प्रायश्चित्त देता है, वह धारणा व्यवहार है।[7]

धारणा व्यवहार का प्रयोग कैसे मुनि पर किया जाता है, इसकी निम्न कसौटियां बताई गयी हैं[8]—

प्रवचनयशस्वी—जो प्रवचन एवं श्रमण संघ का यश चाहता है।

अनुग्रहविशारद—जो दीयमान प्रायश्चित्त या व्यवहार को अनुग्रह मानता है।

तपस्वी—जो विविध तप में संलग्न है।

श्रुतबहुश्रुत—जिसको आचारांग श्रुत विस्मृत नहीं होता अथवा जो बहुश्रुत होने पर भी श्रुत के उपदेश के अनुसार चलता है।

विशिष्टवाक्सिद्धियुक्त—विनय एवं औचित्य से युक्त वाक्शुद्धि वाला।

---

१. व्यभा. ४४६८।
२. व्यभा. ४४७५।
३. जीचू. पृ. ४ धारणाववहारो वि सुयववहाराणुसरिसो। सुयववहारेगदेसो धारणाववहारो।
४. व्यभा. ४५०३।
५. व्यभा. ४५१५-१७, जीचू. पृ. ४।
६. व्यभा. ६ टी प. ७।
७. व्यभा. ४५१८, ४५१९।
८. व्यभा. ४५०८, ४५०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपर्युक्त गुणों से युक्त व्यक्ति की प्रमादवश मूलगुण अथवा उत्तरगुण विषयक स्खलना होने पर प्रथम तीन व्यवहारों के अभाव में कल्प, निशीथ तथा व्यवहार—तीनों के कुछ अर्थपदों की अवधारणा कर यथायोग्य प्रायश्चित्त देना धारणा व्यवहार है।

धारणा व्यवहार का प्रयोक्ता मुनि भी द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव से छेदसूत्रों के अर्थ का सम्यग् पर्यालोचन करने वाला, धीर, दान्त एवं क्रोधादि से रहित होता है। ऐसी विशेषताओं से युक्त मुनि द्वारा कथित तथ्यों के आधार पर जो प्रायश्चित्त दिया जाता है, वह धारणा व्यवहार है।[1]

जीतव्यवहार

यह पाचवां व्यवहार है। इसका महत्त्व सार्वकालिक है।[2] द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के अनुसार जीतव्यवहार में प्रायश्चित्त दान में भी भिन्नता आती रहती है। व्यवहार भाष्यकार ने इसके तीन एकार्थकों का उल्लेख किया है।—१. बहुजनआचीर्ण, २. जीत, ३. उचित।[3] चूर्णिकार सिद्धसेनगणि के अनुसार भी इसके तीन एकार्थक हैं—जीत, करणीय एवं आचरणीय तथा नंदी टीका में इसके पांच एकार्थक प्राप्त हैं—जीत, मर्यादा, व्यवस्था, स्थिति एवं कल्प।[4]

चूर्णिकार के अनुसार ब्राह्मण परम्परा में भी जीवघात होने पर प्रायश्चित्त का विधान है किंतु उनकी परंपरा में एकेन्द्रिय प्राणी से त्रस प्राणी आदि के संघट्टन, परितापन या अपद्रवण आदि होने पर प्रायश्चित्त का विधान नहीं है। किंतु निर्ग्रन्थ शासन में जीतव्यवहार विशोधि में विशेष रूप से निमित्त भूत बनता है। जिस प्रकार पलाश, क्षार एवं पानी आदि के द्वारा वस्त्र के मल को दूर किया जाता है वैसे ही कर्ममल से मलिन जीव की अतिचार विशुद्धि में जीतव्यवहार द्वारा निर्दिष्ट प्रायश्चित्त का विशेष महत्त्व है। प्रायश्चित्त दान का यह भेद अन्यत्र कहीं भी उल्लिखित नहीं है।[5]

जीत व्यवहार की अनेक परिभाषाएं मिलती हैं। यहां कुछ परिभाषाओं को प्रस्तुत किया जा रहा है—

• जो व्यवहार एक बार, दो बार या अनेक बार किसी आचार्य द्वारा प्रवर्त्तित होता है तथा महान् आचार्य जिसका अनुवर्तन करते हैं, वह जीतव्यवहार है।[6]

• जो प्रायश्चित्त जिस आचार्य के गण की परम्परा से अविरुद्ध है, जो पूर्व आचार्य की मर्यादा का अतिक्रमण नहीं करता, वह जीतव्यवहार है।[7]

• अमुक आचार्य ने, अमुक कारण उत्पन्न होने पर, अमुक पुरुष को अमुक प्रकार से प्रायश्चित्त दिया, उसका वैसी ही स्थिति में वैसा ही प्रयोग करना जीतव्यवहार है।[8] इसी बात को जीतकल्प चूर्णि में इस भाषा में कहा है कि गच्छ में किसी कारण से जो सूत्रातिरिक्त प्रायश्चित्त का प्रवर्त्तन हुआ, बहुतों के द्वारा अनेक बार उसका अनुवर्तन हुआ, वह जीतव्यवहार है।[9]

• जो व्यवहार बहुश्रुत के द्वारा अनेक बार प्रवर्तित होता है तथा किसी श्रुतधारक के द्वारा उसका प्रतिषेध नहीं किया जाता, वह वृत्तानुवृत्त व्यवहार जीतव्यवहार है।[10]

• पूर्वाचार्यों ने जिन अपराधों की शोधि अत्यधिक तपस्या के आधार पर की, उन्हीं अपराधों की विशोधि द्रव्य, क्षेत्र, काल

---

१. व्यभा. ४५११-१४।
२. उशांटी. प. ६३ : त्रिकालविषयत्वात् जीतव्यवहारस्य।
३. व्यभा. ९ : बहुजणमाइण्णं पुण जीतं उचियं ति एगट्ठं।
४. जीचू. पृ. ४ : जीयं ति वा करणिज्जं ति वा आयरणिज्जं ति वा एगट्ठं।
नंदीटी. पृ. ११ : जीतं मर्यादा व्यवस्था स्थितिः कल्प इति पर्यायाः।
५. जीचू.पृ. २ : अन्ने वि मरुयादीया पायच्छित्तं देंति थूलबुद्धिणो जीव-घायम्मि कत्थइ सामन्नेण; ण पुण संघट्टण-परितावणोद्दवण-भेयण सव्वेसिमेगिन्दियाईणं तस्स पज्जवसाणाणं दाउं जाणन्ति। उवएसो वा तेसिं समए एरिसो नत्थि। इह पुण सासणे सव्वमत्थि त्ति काउं विसेसेण सोहणं भण्णइ। जहा य पलास-खारोदगाइ वत्थमलस्स सोहणं तहा कम्ममलमइलियस्स जीवस्स जीय-ववहार-निद्दिट्ठं पायच्छित्तं। परमं पहाणयं पगिट्ठमिति वा। न अण्णत्थ एरिसं ति जं भणियं होइ।
६. व्यभा. ४५२१।
७. व्यभा. १२।
८. व्यभा. ४५३४।
९. जीचू.पृ. ४।
१०. व्यभा. ४५४२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और भाव के आधार पर चिन्तन कर तथा संहनन आदि की हानि को लक्ष्य में रखकर गीतार्थ मुनियों द्वारा प्रवर्तित समुचित तप रूप प्रायश्चित्त जीत व्यवहार है।[1]

जो आचार्य आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा आदि से रहित है, वह परम्परा से प्राप्त जीत व्यवहार का प्रयोग करता है।[2] अतः उसके आधार पर आगम से कम, समान या अतिरिक्त प्रायश्चित्त भी दिया जा सकता है।[3] जीत व्यवहार के मूल में आगम आदि कोई व्यवहार नहीं, अपितु समय की सूझ एवं परम्परा होती है।

भाष्यकार के समय में जीतकल्प के प्रवर्त्तन विषयक दो परम्पराएं प्रचलित थीं। एक परम्परा के अनुसार आचार्य जंबू के सिद्ध होने पर अंतिम तीन चारित्रों का विच्छेद हो गया, उस समय जीत व्यवहार का प्रवर्तन हुआ।[4] दूसरे मत के अनुसार चतुर्दशपूर्वी के व्यवच्छिन्न होने पर प्रथम संहनन, प्रथम संस्थान, अन्तमुहूर्त्त में १४ पूर्वों का परावर्तन तथा आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा आदि चारों व्यवहारों का विच्छेद हो गया।[5] उस समय जीत व्यवहार का प्रवर्तन ही शेष रहा।इन मान्यताओं का निराकरण करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि जो चतुर्दशपूर्वधर के विच्छेद होने पर व्यवहार चतुष्क के विच्छेद की घोषणा करते हैं, वे मिथ्यावादी होने के कारण प्रायश्चित्त के भागी हैं।[6]

चतुर्दशपूर्वी के विच्छेद होने पर मनःपर्यव, परमावधि, पुलाकलब्धि, आहारकलब्धि, क्षपक श्रेणी, उपशम श्रेणी, जिनकल्प संयमत्रिक (अंतिम तीन संयम) केवली, सिद्धि—ये बारह अवस्थाएं विच्छिन्न हुईं, किन्तु व्यवहार चतुष्क का लोप नहीं हुआ।[7]

जीतकल्प चूर्णि के अनुसार जीतकल्प का अस्तित्व त्रैकालिक है।[8] द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, पुरुष, प्रतिसेवना, शरीर-संहनन, धृतिबल आदि के आधार पर जीत व्यवहार प्रायश्चित्त का प्रवर्तन किया गया।[9]

जीतव्यवहार के भेद

प्रायश्चित्त के आधार पर जीत व्यवहार के दो भेद हैं—सावद्य और निरवद्य। व्यवहार का सम्बन्ध सावद्य जीत से नहीं, निरवद्य जीत से है। अपराध की विशुद्धि के लिए शरीर पर राख का लेप करना, कारागृह में बंदी करना, गधे पर बिठाकर सारे नगर में घुमाना, उदर से रेंगने का दण्ड देना—ये सब सावद्य जीत हैं। आलोचना आदि दस प्रकार का प्रायश्चित्त देना निरवद्य जीत है। कभी-कभी लोकोत्तर क्षेत्र में अनवस्था प्रसंग (दोषों की पुनरावृत्ति) के निवारण हेतु सावद्य जीत का प्रयोग भी किया जाता था।[10] सावद्य जीत का प्रयोग उस व्यक्ति पर किया जाता था जो बार-बार दोषसेवी, सर्वथा निर्दयी तथा प्रवचन से निरपेक्ष होता था। जो संविग्न, प्रियधर्मा, अप्रमत्त, पापभीरु होते थे उनके द्वारा यदि प्रमादवश स्खलना हो जाती तो उनके प्रति निरवद्य जीतव्यवहार का प्रयोग विहित था।[11]

प्रकारान्तर से भी जीतकल्प के दो भेद किए गए हैं—१. शोधिकरजीत, २. अशोधिकरजीत।

जो व्यवहार संवेगपरायण एवं दान्त आचार्य द्वारा आचीर्ण होता है, वह शोधिकर जीत है, फिर चाहे वह एक ही व्यक्ति द्वारा आचीर्ण क्यों न हो। जो पार्श्वस्थ और प्रमत्तसंयत द्वारा आचीर्ण व्यवहार होता है, वह अशोधिकर जीत है, फिर चाहे वह अनेक व्यक्तियों द्वारा ही आचीर्ण क्यों न हो।[12]

---

१. जीटी॰ पृ॰ ३८ जीतव्यवहारस्तु येष्वपराधेषु पूर्वमहर्षयो बहुना तपःप्रकारेण शुद्धिं कृतवन्तस्तेष्वपराधेषु साम्प्रतं द्रव्यक्षेत्रकालभावान् विचिन्त्य संहननादीनां च हानिमासाद्य समुचितेन केनचित्तपःप्रकारेण यां गीतार्थाः शुद्धिं निर्दिशन्ति तत्समयपरिभाषया जीतमित्युच्यते।

२. व्यभा॰ ४५३३।

३. जीचू॰ पृ॰ ४।

४. व्यभा॰ ४५२३।

५. व्यभा॰ ४५२४।

६. व्यभा॰ ४५२५।

७. व्यभा॰ ४५२६, ४५२७।

८. जीचू॰ पृ॰ ४ जीवेइ वा तिविहे काले तेणं जीयं।

९. जीचू॰ पृ॰ ११।

१०. व्यभा॰ ४५४४, ४५४५।

११. व्यभा॰ ४५४६।

१२. व्यभा॰ ४५४७-४६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीतकल्प के आधार पर प्रायश्चित्त में भिन्नता

गच्छभेद से सामान्य जीत व्यवहार भी भिन्न-भिन्न होता था। इसे समझाने के लिए भाष्यकार ने कुछ उदाहरण प्रस्तुत किए हैं—

कुछ आचार्यों के गण में नवकारसी या पोरसी न करने पर आचाम्ल का प्रायश्चित्त विहित था। आवश्यकगत एक कायोत्सर्ग न करने पर दो प्रहर, दो कायोत्सर्ग न करने पर एकाशन आदि का विधान था।[1]

कुछ गण में आवश्यक गत एक कायोत्सर्ग न करने पर निर्विगय, दो कायोत्सर्ग न करने पर दो प्रहर, तीन कायोत्सर्ग न करने पर आयम्बिल तथा पूरा आवश्यक न करने पर उपवास का प्रायश्चित्त विहित था।[2]

इस प्रकार उपधान तप विषयक भिन्न-भिन्न गच्छों की भिन्न-भिन्न मान्यताएं थीं। वे सभी अपनी-अपनी आचार्य-परम्परा से प्राप्त होने के कारण अविरुद्ध थीं।

नागिलकुलवर्ती साधुओं के आचारांग से अनुत्तरौपपातिक तक की आगम-वाचना में उपधानतप के रूप में आचाम्ल नहीं केवल निर्विगय तप का विधान था तथा आचार्य की आज्ञा से विधिपूर्वक कायोत्सर्ग कर उन आगमों को पढ़ते हुए भी विगय का उपयोग कर सकते थे।[3]

कुछ परम्पराओं में कल्प, व्यवहार तथा चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति को आगाढयोग के अन्तर्गत तथा कुछ परम्पराओं में अनागाढयोग के अन्तर्गत माना जाता था।

इसी प्रकार एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय तथा पंचेन्द्रिय के घट्टन, परितापन, अपद्रावण आदि के विषय में भिन्न-भिन्न आचार्यों के भिन्न-भिन्न प्रायश्चित्त निर्धारित थे।[4]

पृथ्वी, पानी आदि एकेन्द्रिय जीवों के संघट्टन होने पर निर्विकृतिक, अनागाढ़ परितापन देने पर पुरिमार्ध, आगाढ़ परिताप देने पर एकाशन तथा प्राणव्यपरोपण होने पर आचाम्ल का प्रायश्चित्त विहित था।

विकलेन्द्रिय जीवों का घट्टन होने पर निर्विकृतिक, अनागाढ़ परिताप होने पर एकाशन, आगाढ़ परिताप होने पर आचाम्ल तथा प्राणव्यपरोपण होने पर उपवास का प्रायश्चित्त विहित था।

पंचेन्द्रिय के घट्टन होने पर एकाशन, अनागाढ़ परितापन होने पर आचाम्ल, आगाढ़ परितापन होने पर उपवास तथा प्राण व्यपरोपण होने पर पंचकल्याणक[5] का प्रायश्चित्त विहित था।[6]

गच्छभेद से जिस प्रकार जीत व्यवहार में भिन्नता होती है वैसे ही द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, पुरुष, प्रतिसेवना आदि के आधार पर भी जीत व्यवहार के अनुसार प्रायश्चित्त दान में तरतमता रहती है[7]। द्रव्य के आधार पर जिस क्षेत्र में आहार आदि द्रव्य उत्तम सुलभ मिलते हैं वहां जीत के आधार पर अधिक तपरूप प्रायश्चित्त दिया जा सकता है तथा जहां चना, मोठ, कांजी आदि रूक्ष आहार भी बहुत गवेषणा करने पर मिलता हो, वहां जीतव्यवहार के आधार पर कम तपरूप प्रायश्चित्त भी दिया जाता है।[8]

क्षेत्र तीन प्रकार के होते हैं—१. रूक्ष—वायु एवं पित्त को कुपित करने वाले। २. शीत—जलबहुल तथा स्निग्ध, ३. स्निग्धरूक्ष—साधारण। क्षेत्र की दृष्टि से स्निग्ध क्षेत्र में अधिक, साधारण क्षेत्र में सामान्य या मध्यम तथा रूक्ष क्षेत्र में कम प्रायश्चित्त दिया जाता है।[9]

---

१. व्यभा १२ टी प. ८।
२. व्यभा ११ टी प. ८।
३. व्यभा १२ टी प. ८।
४. व्यभा ४५३७-४१।
५. यहाँ पंचकल्याणक का तात्पर्य निर्विगय, पुरिमार्द्ध, एकाशन, आयम्बिल, उपवास—तपस्या के इन पांच भेदों से है।
६. व्यभा ४५३७।
७. जी. ६४ दव्वं खेत्तं कालं, भावं पुरिस-पडिसेवणाओ य।
नाउमियं चिय देज्जा, तम्मत्तं हीणमहियं वा॥
८. जी. ६५ चू. पृ. २१ आहाराई दव्वं, बलियं सुलहं च नाउमहियं पि।
देज्जाहि दुब्बलं दुल्लहं च नाऊण हीणं पि॥
९. जी. ६६ लुक्खं सीयल-साहारणं च खेत्तमहियं पि सीयम्मि।
लुक्खम्मि हीणतरयं, एवं काले वि तिविहम्मि॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऋतु के आधार पर काल के तीन प्रकार हैं—१. ग्रीष्म—रूक्ष, २. हेमन्त—साधारण ३. वर्षावास—स्निग्ध।

ग्रीष्म ऋतु में तीन प्रकार के प्रायश्चित्तों में जघन्य एक उपवास, मध्यम बेला तथा उत्कृष्ट तेले का प्रायश्चित्त दिया जाता है। हेमन्त में जघन्य बेला, मध्यम तेला तथा उत्कृष्ट चोला दिया जाता है। वर्षावास में जघन्य तेला, मध्यम चोला तथा उत्कृष्ट पंचोला दिया जाता है।[1]

भाव के आधार पर नीरोग या हृष्ट-पुष्ट प्रतिसेवी पुरुष को सम या अधिक प्रायश्चित्त दिया जा सकता है। किन्तु ग्लान को प्रायश्चित्त देने के निम्न विकल्प हैं—

- रोगी को अल्प प्रायश्चित या अशक्तता होने पर प्रायश्चित्त नहीं भी दिया जाए।
- जितनी वह तपस्या कर सके उतना ही प्रायश्चित्त दिया जाए।
- अथवा जब वह नीरोग या हृष्ट हो जाए तब उससे प्रायश्चित्तस्वरूप तप कराया जाए।

पुरुष की अपेक्षा से भी प्रायश्चित्त कम या ज्यादा दिया जाता है। पुरुष अनेक प्रकार के होते हैं—गीतार्थ-अगीतार्थ, सहिष्णु-असहिष्णु, मायावी-ऋजु, परिणामक-अपरिणामक आदि। जो धृति-संहनन सम्पन्न, परिणत, कृतयोगी एवं आत्मपरतर[2] (तपस्या एवं सेवा आदि में निपुण) हैं, उन्हें जीत व्यवहार के आधार पर अधिक प्रायश्चित्त भी दिया जा सकता है। जो धृति, संहनन आदि से हीन हैं, उन्हें कम प्रायश्चित्त दिया जाता है। जो धृति, संहनन आदि से सर्वथा हीन हैं, उन्हें प्रायश्चित्त से मुक्त भी किया जा सकता है।[3]

व्यवहार पंचक का प्रयोग

व्यवहार के प्रयोग के विषय में आगम में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां आगम व्यवहार हो वहां आगम से व्यवहार की प्रस्थापना करे, जहाँ आगम न हो वहां श्रुत से, जहां श्रुत न हो वहां आज्ञा से, जहां आज्ञा न हो वहां धारणा से तथा जहां धारणा न हो, वहां जीत से व्यवहार की प्रस्थापना करे। अर्थात् जिस समय जिस व्यवहार की प्रधानता हो उस समय उस व्यवहार का प्रयोग राग-द्वेष से मुक्त होकर तटस्थ भाव से करना चाहिए।[4] व्यभा में स्पष्ट उल्लेख है कि अनुक्रम से व्यवहार पंचक का प्रयोग विहित है। पश्चानुपूर्वी क्रम से या विपरीत क्रम से व्यवहार का प्रयोग करने वाला प्रायश्चित्त का भागी होता है।[5]

इस क्रम में भी क्षेत्र और काल के अनुसार जहां जो व्यवहार संभव हो उसी का प्रयोग करना चाहिए। अथवा जिस क्षेत्र में युगप्रधान आचार्यों द्वारा जो व्यवस्था दी गई है, उसी का व्यवहार करना चाहिए।[6]

संघ में व्यवहार के प्रयोग में और भी अनेक बातों का ध्यान रखा जाता है। ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वैयावृत्त्य—इन पांच प्रकार की उपसंपदाओं तथा क्षेत्र, काल और प्रव्रज्या का अवबोध कर संघ में व्यवहार करना चाहिए।[7]

जैन आचार्यों ने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के अनुसार नियम एवं प्रायश्चित्तों का विधान किया। इसीलिए नियमों एवं प्रायश्चित्त-दान में कहीं रूढता का वहन नहीं हुआ। मनोविज्ञान की पृष्ठभूमि पर ही उन्होंने पांच व्यवहारों की प्रस्थापना की, ऐसा कहा जा सकता है। एक ही प्रकार के अपराध में अवस्था, ज्ञान, धृति एवं सामर्थ्य के अनुसार दंड में अंतर आ जाता है। इसी प्रकार एक व्यक्ति ने प्रथम बार गलती की, दूसरा व्यक्ति बार-बार गलती को दोहराता है तो उस स्थिति में भी प्रायश्चित्त-दान में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है।

---

१. जी॰ ६७ चू. पृ. २१।

२. जीचू. पृ. २३ : आयतरगो नाम जो उपवासेहि दढो। परतरगो नाम जो वेयावच्चकरो गच्छोवग्गहकरो वत्ति।

३. जीचू. पृ. २४।

४. व्यभा. १०/६, भग. ८/१८, ठाणं ५/१२४।

५. व्यभा॰ ३८८३।

६. (अ) भटी॰ पृ. ३८५ : यदा यस्मिन् अवसरे यत्र प्रयोजने वा क्षेत्रे वा यो य उचितस्तं तदा काले तस्मिन् प्रयोजनादौ।
(ब) व्यभा॰ ३३८५ टी प. १० : .....तत्रापि व्यवहारः क्षेत्रं कालं च प्राप्य यो यथा संभवति तेन तथा व्यवहरणीयम्। यत्र क्षेत्रे युगप्रधानैराचार्यैः या व्यवस्था व्यवस्थापिता तथा अनिश्रोपश्रितं व्यवहर्त्तव्यम्।

७. व्यभा. १६६२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्य परंपराओं में

बौद्ध परम्परा में व्यवहार शब्द का प्रयोग नहीं मिलता किंतु दीघनिकाय के 'महापरिनिब्बान सुत्त' में चार महापदेशों का उल्लेख मिलता है–

१. बुद्ध द्वारा प्रवर्तित।
२. संघ द्वारा प्रवर्तित
३. महान् भिक्षुओं द्वारा प्रवर्तित।
४. किसी विहार के महान् आचार्य द्वारा प्रवर्तित।

ब्राह्मण परम्परा में भी पांच व्यवहार के संवादी निम्न तत्त्व मिलते हैं–

१. संपूर्ण वैदिक शास्त्र के आधार पर।
२. ऋषियों द्वारा प्रणीत स्मृति ग्रन्थों के आधार पर।
३. श्रुति और स्मृति के धारक व्यक्तियों द्वारा प्रवर्तित शील।
४. सदाचार–अन्यान्य स्थितियों, क्षेत्रों, व्यक्तियों में प्रचलित वे धारणाएं, जो श्रुतियों और स्मृतियों के विपरीत न हों।
५. स्वसमाधान–आत्मा की आवाज।[१]

व्यवहारी

व्यवहारी शब्द हिंदी शब्दकोशों में मुकदमा लड़ने वाला तथा वादी आदि अर्थों में प्रयुक्त है। सूत्रकृतांग में 'व्यवहारी' शब्द का प्रयोग व्यापारी के लिए हुआ है।[२] कौटिल्य ने व्यवहारी शब्द न्यायकर्त्ता के लिए प्रयुक्त किया है। जो आगम आदि व्यवहार को सम्यक् रूप से जानकर प्रायश्चित्तदान में उसका सम्यक् प्रयोग करता है, वह व्यवहारी है।[३] शब्दकल्पद्रुम में १६ वर्ष के बाद व्यवहारज्ञ बनता है, ऐसा उल्लेख मिलता है।[४]

जो रिश्वत लेकर व्यवहार/न्याय करते हैं, वे लौकिक द्रव्यव्यवहारी हैं तथा जो राग-द्वेष से रहित मध्यस्थ भाव से न्याय करते हैं, वे लौकिक भाव व्यवहारी हैं।[५]

भाष्यकार ने लोकोत्तर भाव व्यवहारी की निम्न विशेषताओं का उल्लेख किया है–[६]

प्रियधर्मा– कर्त्तव्यपरायण।

दृढ़धर्मा–अपने निश्चय में अटल।

संविग्न–संसारभीरु।

वद्यभीरु–पापभीरु।

सूत्रार्थ-तदुभयविद्–शास्त्रवित्।

अनिश्रितव्यवहारकारी–राग-द्वेष रहित व्यवहार करने वाला।

व्यवहारी में इन विशेषताओं का होना इसलिए आवश्यक है कि जिसको न्याय या प्रायश्चित्त दिया जा रहा है, उसका उस पर विश्वास हो सके कि यह सही न्याय/व्यवहार कर रहा है। भाष्यकार का अभिमत है कि बहुश्रुत होते हुए भी जो मुनि न्याय नहीं करता, उसका व्यवहार प्रमाण नहीं हो सकता। न्याय से व्यवहार करना व्यवहारी की योग्यता का सबसे बड़ा प्रमाण है।[७]

दिगम्बर ग्रंथों के अनुसार पांच प्रकार के व्यवहारों को विस्तार से जानने वाले, अन्य आचार्यों को प्रायश्चित्त देते देखने वाले

---

१. Aspects of Jain Monasticism P. 3.
२. सू. १/३/७८ समुद्दं व ववहारिणो।
३. व्यभा. ५२० टी प. १८।
४. शब्दकल्पद्रुम भाग ४, पृ. ५४३।
५. व्यभा. १३ टी. प. ८।
६. व्यभा. १५ टी. प. ६।
७. व्यभा. १७०४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तथा स्वयं भी प्रायश्चित्त का प्रयोग करने वाले आचार्य को व्यवहारवान् आचार्य कहते हैं।[1]

जिनप्रणीत आगम में कुशल, धृति सम्पन्न, व्यवहार का प्रयोग करने में कुशल तथा राग-द्वेष रहित मुनि प्रायश्चित्त देने के अधिकारी होते हैं।[2]

केवलज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी, अवधिज्ञानी, चतुर्दशपूर्वी, दशपूर्वी, नवपूर्वी, कल्पधर, प्रकल्पधर, कल्प एवं व्यवहार की पीठिका के ज्ञाता तथा आज्ञा, धारणा एवं जीत व्यवहार में कुशल आचार्य या मुनि व्यवहारी अर्थात् प्रायश्चित्त देने में प्रामाणिक माने जाते हैं।[3]

व्यवहारी के संदर्भ में शिष्य ने एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उपस्थित किया है कि वर्तमान में आगम व्यवहारी का विच्छेद हो चुका है अतः यथार्थ शुद्धिदायक के अभाव में चारित्र शुद्धि का भी अभाव हो गया है। आजकल कोई मासिक एवं पाक्षिक प्रायश्चित्त भी नहीं देता है अतः तीर्थ ज्ञानमय एवं दर्शनमय है, चारित्रमय नहीं। दूसरी बात, प्रत्यक्ष आगम व्यवहारी अपराध एवं प्रतिसेवी की क्षमता के अनुसार प्रायश्चित्त देते हैं, न्यून या अधिक प्रायश्चित्त नहीं देते। किंतु कल्पधर, व्यवहारधर आदि आगम व्यवहार के अभाव में मनचाहा प्रायश्चित्त दे सकते हैं अतः आजकल निर्यापकों का भी अभाव हो गया है।[4]

इस प्रश्न का समाधान करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि सारे प्रायश्चित्तों का विधान नौवें पूर्व प्रत्याख्यान प्रवाद की तृतीय आचार वस्तु में है। वहीं से निशीथ, बृहत्कल्प एवं व्यवहार का निर्यूहण हुआ है। वे ग्रंथ एवं उनके ज्ञाता आज भी विद्यमान हैं। अतः वर्तमान में भी चारित्र के प्रज्ञापक हैं तथा प्रायश्चित्तों का वहन करने वाले भी हैं।[5] चतुर्दशपूर्वी के काल तक दसों प्रायश्चित्तों का अस्तित्त्व रहता है। उसके पश्चात् प्रथम आठ प्रायश्चित्तों का अस्तित्त्व तब तक रहेगा जब तक तीर्थ चलेगा। यदि प्रायश्चित्त नहीं होगा तो चरित्र भी नहीं रहेगा तथा चरित्र न रहने पर तीर्थ का अस्तित्त्व भी समाप्त हो जाएगा। निर्ग्रन्थ के बिना तीर्थ का अस्तित्त्व तथा तीर्थ के बिना निर्ग्रन्थों का अस्तित्त्व नहीं रहता। अतः जब तक षट्कायसंयम है तब तक सामायिक और छेदोपस्थापनीय—ये दो चारित्र रहेंगे तथा चारित्र की विद्यमानता में प्रायश्चित्त का अस्तित्त्व भी अनिवार्य है।[6]

इसी बात को दृष्टान्त द्वारा समझाते हुए भाष्यकार कहते हैं कि जैसे चक्रवर्ती का प्रासाद वर्धकि रत्न द्वारा निर्मापित होता है, अतः उसकी शोभा अनुपम होती है। उसे देखकर अन्यान्य राजा भी अपने वर्धकियों से प्रासाद का निर्माण करवाते हैं वैसे ही परोक्षज्ञानी भी प्रत्यक्ष आगम व्यवहारी की भांति ही व्यवहार करते हैं।[7]

एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है कि व्यवहारी की प्रामाणिकता को केवल बहुश्रुत ही समझ सकते हैं दूसरे उसे प्रमाण कैसे मानेंगे? भाष्यकार कहते हैं—व्यवहारछेदक दो प्रकार के होते हैं—प्रशंसनीय और अप्रशंसनीय।[8] प्रशंसनीय वे होते हैं, जो यथार्थ व्यवहारी होते हैं और अप्रशंसनीय वे होते हैं, जो व्यवहार योग्य नहीं होते। इस प्रसंग में भाष्यकार ने तगरा नगरी के एक आचार्य के सोलह शिष्यों का उल्लेख किया है, जिनमें आठ शिष्य व्यवहारी तथा आठ अव्यवहारी थे।

भाष्यकार ने आचार्य के आठ अव्यवहारी शिष्यों का नामोल्लेख न करते हुए केवल उनके दोषों को प्रतीक एवं रूपक के माध्यम से समझाया है। लेकिन व्यवहारी शिष्यों के नामों का उल्लेख किया है। उनकी विशेषताओं का उल्लेख नहीं किया। प्रश्न होता है कि अव्यवहारी शिष्यों के नामों का उल्लेख क्यों नहीं किया? इस प्रश्न के समाधान में ऐसी संभावना की जा सकती है कि अव्यवहारी शिष्य आठ से अधिक हो सकते हैं इसलिए उनको प्रतीक के माध्यम से समझाया है। दूसरी बात है कि गलती के रूप में किसी के नाम का उल्लेख अव्यवहारिक प्रतीत होता है इसलिए भी संभवतः भाष्यकार ने शिष्यों के नामों का उल्लेख नहीं किया हो।

---

१. भआ. ४५०।
२. भआ. ४५३।
३. व्यभा. ४०३,४०४।
४. व्यभा. ४१६३-७१।
५. व्यभा. ४१७२-७४
६. व्यभा. ४२१५-१७।
७. व्यभा. ४१७५-७९
८. व्यभा. १६६३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अव्यवहारी शिष्यों के आठ दोष इस प्रकार हैं[1]–

१. कांकटुक : जैसे कोरडू धान्य अग्नि पर पकाने पर भी नहीं पकता वैसे ही कोरडूधान्य तुल्य व्यक्ति का व्यवहार दुर्च्छेद्य होता है, सिद्ध नहीं होता।

२. कुणप : जैसे शव का मांस धोने पर भी पवित्र नहीं होता वैसे ही कुणप तुल्य व्यक्ति का व्यवहार निर्मल नहीं होता।

३. पक्व : पक्व फल नीचे गिर जाता है। पक्व फल जैसे व्यक्ति का व्यवहार स्थिर नहीं रहता, गिर जाता है। जैसे चाणक्य के संन्यास लेने पर चन्द्रगुप्त की लक्ष्मी स्थिर नहीं रही, गिर गई। पक्व का दूसरा अर्थ करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि वह इस प्रकार संभाषण करता है कि दूसरे सद्वादी भी मौन हो जाते हैं। पंचकल्पचूर्णि में पक्व का अर्थ इस प्रकार किया है–भैंस पानी पीने के लिए तालाब में उतरती है, वह सारे पानी को गुदला देती है। उसी प्रकार पक्व भी व्यवहार को जटिल बना देता है।[2]

४. उत्तर : छलपूर्वक उत्तर देने वाला। वह प्रतिसेवी के साथ दुर्व्यवहार करता है और गीतार्थ मुनि द्वारा उपालम्भ देने पर उन्हें छलपूर्वक उत्तर देता है। जैसे एक व्यक्ति ने दूसरे पर लात से प्रहार किया। पूछने पर कहता है–मैंने पैरों से प्रहार नहीं किया जूते पहने पैर ने प्रहार किया था।

५. चार्वाक : जो व्यर्थ ही निष्फल प्रयत्न करता है और बार-बार उसी का चर्वण करता है, उसका व्यवहार चार्वाक तुल्य होता है।

६. बधिर : बधिर की भांति कहता रहता है कि मैंने प्रतिसेवना सुनी नहीं।

७. गुंठ : माया से व्यवहार की समाप्ति करने वाला (देखें–परिशिष्ट ८ कथा सं ८६)

८. अम्ल : तीखे वचन बोलने वाला। उसके वचनों से व्यवहार का निबटारा नहीं होता। पंचकल्पचूर्णि में इसका अर्थ अंधा व्यवहार किया है।[3]

ये आठों प्रकार के शिष्य अव्यवहारी थे। अव्यवहारी व्यक्तियों की इहलोक में अपकीर्ति तथा परलोक में दुर्गति होती है। इसलिए बहुश्रुत होने पर भी जो अन्याय करता है, न्यायोचित व्यवहार नहीं करता, वह प्रमाण नहीं होता।[4]

तगरा नगरी के आचार्य के जो आठ व्यवहारी शिष्य थे, उनके नाम इस प्रकार हैं–१.पुष्यमित्र, २. वीर, ३. शिवकोष्ठक, ४. आर्यास, ५. अर्हन्नक, ६. धर्मान्वग, ७. स्कंदिल, ८. गोपेन्द्रदत्त। ये अपने युग में प्रधान व्यवहारच्छेदक माने जाते थे। अन्यान्य राज्यों में भी उनके व्यवहार की छाप थी। कोई उनको चुनौती नहीं दे सकता था। ऐसे सुव्यवहारी मुनियों की इहलोक में कीर्ति और परलोक में सुगति होती है।[5]

व्यवहारी की योग्यता

व्यवहार करने का अधिकार उसे प्राप्त होता है, जो मुनि युगप्रधान आचार्य के पास तीन परिपाटियों से व्यवहार आदि ग्रंथों का सम्पूर्ण रूप से सम्यक् अवबोध प्राप्त कर लेता है। वे तीन परिपाटियां ये हैं–

१. सूत्रार्थ का परिच्छेद पूर्वक उच्चारण।

२. पदविभाग पूर्वक पारायण।

३. निरवशेष पारायण।

आचार्य उसकी ग्रहणशीलता–तीनों परिपाटियों का सम्यक् ग्रहण किया है या नहीं, की परीक्षा करते हैं। दूसरी बार पुनः परीक्षा कर जब वे जान जाते हैं कि यह व्यवहारी हो गया है, तब उसे व्यवहार योग्य मानते हैं। जब शिष्य तीनों परिपाटियों से भावतः सम्पूर्ण सूत्रार्थ का पारगामी हो जाता है, तब वह व्यवहार करने योग्य होता है। इसकी परीक्षा करने के लिए आचार्य उस ग्राहक-शिष्य को विषम स्थलों के विषय में पूछते हैं और जब वह उन विषयों के हार्द को सम्यक् रूप से व्यक्त करने में सक्षम

---

१. व्यभा. १६६४-१७०१।

२. पंकचू. अप्रकाशित; पक्को जहा महिसो पाणीए ओइण्णो एवं सो वि महिसो विव आडुयालं करेइ।

३. वही ६ पृ. ६२८ : अंबिलसमाणो नाम अंधं ववहारं करेइ।

४. व्यभा. १७०३, १७०४।

५. व्यभा. १७०६, १७०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हो जाता है तब उसे व्यवहारकरण योग्य मान लेते हैं। जब ग्राहक-शिष्य तीनों परिपाटियों से व्यवहार आदि छेद ग्रंथों का सम्यक् ग्रहण कर लेता है, बार-बार उनका अभ्यास कर अवधारित कर लेता है, उनके तात्पर्यार्थ जानकर जिसका हृदय निःशंक हो जाता है, वह व्यवहारकरण योग्य होता है।

जो तीनों परिपाटियों से अवबुद्ध होकर संविग्न आचार्य या मुनियों के पास रहकर स्थिर परिपाटी वाला हो जाता है और जब आचार्य से अनुज्ञा प्राप्त कर विहरण करता है, तब वह व्यवहारी होता है।

जो स्व-पर के लिए प्रतिकूल है, मंदधर्मा है और जो आचार्य की अनुज्ञा के बिना अपने प्रयोजन से विहरण करने लगता है, वह अप्रमाण होता है और देशान्तर गमन के अयोग्य होता है। अतः आचार्य के कथन से अवधारणा को पुष्ट कर, सम्प्रदायगत मान्यता के अभिमुख रहकर बार-बार परिपाटियों का अभ्यास करता हुआ, उनकी विस्मृति न करता हुआ, भूतार्थ से व्यवहार करने वाला व्यवहारी होता है।

जो सचित्त व्यवहार, क्षेत्र व्यवहार तथा मिश्र व्यवहार—इन तीनों के विषय में आचार्य की अवधारणा को जाने बिना, अपनी स्वच्छंदबुद्धि से व्यवहार करता है, वह अयोग्य है, अधन्य है। वह उन्मार्ग के उपदेश से तीर्थंकरों की आशातना करता है तथा स्वयं को भवभ्रमण के आवर्त्त में फंसा देता है।

व्यवहारी को संघ में गौरव रहित होकर व्यवहार करना चाहिए। गौरव के आठ प्रकार हैं—

१. परिवार गौरव, २. ऋद्धि गौरव, ३. धर्मकथी होने का गौरव, ४. वादी होने का गौरव, ५. तपस्वी होने का गौरव, ६. नैमित्तिक होने का गौरव, ७. विद्या का गौरव, ८. रत्नाधिक होने का गौरव। जो इन आठ गौरवों से अपने आपका प्रभुत्व स्थापित करते हैं, वे अगीतार्थ हैं; वे संघ में व्यवहार करने योग्य नहीं होते। संघ में वे ही व्यवहर्त्तव्य होते हैं, जो जिनेश्वर देव के आराधक हैं, गीतार्थ हैं। अगीतार्थ मुनि गौरव से व्यवहार करता हुआ संसार में सारभूत चातुरंग—मनुष्यत्व, श्रुति, श्रद्धा और संयम में पराक्रम को खो बैठता है और अपार संसार में भटक जाता है।[1]

संक्षेप में भाष्यकार ने संघ में व्यवहार करने के निम्न गुणों का निर्देश किया है—

- जिसके सूत्र और अर्थ की परिपाटी स्थिर है।
- जो संविग्न है।
- जो राग-द्वेष से विप्रमुक्त है।
- जो गंधहस्ती आचार्यों के समान अनुयोगधर है।[2]

जो इन गुणों से शून्य होता है, वह वीतराग वचनों की महती आशातना ही नहीं करता, व्रतों का लोप भी कर देता है। **'एकव्रतलोपे सर्वव्रतलोपः'** इस कथन के अनुसार उत्सूत्र की प्ररूपणा रूप मृषावाद के कारण एक व्रत का लोप करते हुए वह पांचों व्रतों का लोप कर देता है। वह मायावी होता है, क्योंकि वह सूत्रों का उल्लंघन कर छलपूर्वक उत्तर देता है। वह पापजीवी होता है, क्योंकि मिथ्या व्यवहार के द्वारा दूसरों को प्रभावित कर उनसे मिलने वाले आहार आदि के उपभोग से जीवित रहता है। वह मृषावाद आदि दोषों से युक्त होने के कारण अशुचि में पड़े कनकदंड के समान अस्पृश्य होता है। वह यावज्जीवन आचार्य आदि पद के अयोग्य होता है।[3]

आगम व्यवहारी

अठारह वर्जनीय स्थानों के ज्ञाता,[4] ३६ गुणों में कुशल,[5] आचारवान् आदि गुणों से युक्त,[6] आलोचना आदि दस प्रकार के

---

१. व्यभा. १७०८-२४।
२. व्यभा. १७२५।
३. व्यभा. १७२६, १७२७।
४. व्रतषट्क, कायषट्क, अकल्प समाचरण, गृहिभाजन का प्रयोग, पर्यंक, भिक्षा के समय गृहस्थ के घर बैठना, स्नान, विभूषा—ये अठारह वर्जनीय स्थान हैं। (देखें व्यभा-४०७०-७५)।
५. आचार्य की आचार, श्रुत आदि आठ सम्पदाओं के चार-चार गुण होते हैं। उनके ३२ प्रकार हैं तथा आचारविनय, श्रुतविनय, विक्षेपणाविनय, दोषनिर्घातनविनय आदि चार विनय-प्रतिपत्तियां होती हैं। ये आचार्य के छत्तीस गुण कहलाते हैं। (देखें व्यभा.–४०७६-४१५६)।
६. आचारवान् आधारवान् व्यवहारवान् आदि आलोचनार्ह के ८ गुण हैं। (देखें व्यभा-५१९, ५२०, ठाणं ८/१८)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रायश्चित्तों के ज्ञाता,[1] आलोचना के दस दोषों के ज्ञाता,[2] व्रत षट्क, कायषट्क आदि के ज्ञाता तथा जाति सम्पन्न, कुल सम्पन्न आदि १० गुणों से युक्त,[3] षट्स्थान पतित स्थानों को साक्षात् रूप से जानने वाले तथा राग-द्वेष रहित मुनि/आचार्य आगम व्यवहारी होते हैं।[4] आगम व्यवहारी जिनेन्द्र की आज्ञा से व्यवहार का प्रयोग करते हैं।[5] जैसे सूर्य के प्रकाश के समक्ष दीपक का प्रकाश नगण्य है वैसे ही आगम व्यवहारी आगम व्यवहार का ही प्रयोग करते हैं, श्रुत आदि व्यवहार का नहीं।[6]

आगम व्यवहारी अतिशय ज्ञानी होते हैं अतः वे प्रायश्चित्ताकांक्षी व्यक्ति के संक्लिष्ट, विशुद्ध एवं अवस्थित परिणामों को साक्षात् जान लेते हैं। इसलिए वे उतना ही प्रायश्चित्त देते हैं, जितने से आलोचक की विशुद्धि हो सके।[7]

आगम व्यवहारी छह हैं—केवलज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी, अवधिज्ञानी, चतुर्दशपूर्वी, दशपूर्वी एवं नौ पूर्वी।[8] केवलज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी एवं अवधिज्ञानी आगमतः प्रत्यक्ष व्यवहारी हैं। चतुर्दशपूर्वी, दशपूर्वी, नवपूर्वी एवं गंधहस्ती आचार्य आगमतः परोक्ष व्यवहार का प्रयोग करते हैं।[9]

यहां एक प्रश्न उपस्थित होता है कि चतुर्दशपूर्वी आदि श्रुत से व्यवहार करते हैं तो फिर उन्हें आगम व्यवहारी क्यों कहा गया? रूपक के माध्यम से इसका समाधान करते हुए भाष्यकार कहते हैं—चतुर्दशपूर्वी आदि प्रत्यक्ष आगम के सदृश हैं इसलिए इन्हें आगम व्यवहार के अन्तर्गत गिना है। जैसे चन्द्र के समान मुख वाली कन्या को चन्द्रमुखी कहा जाता है वैसे ही आगम सदृश होने के कारण पूर्वों के ज्ञाता भी आगम व्यवहार के अन्तर्गत समाविष्ट हो जाते हैं।[10] इसका दूसरा हेतु यह है कि पूर्वों का ज्ञान अतीन्द्रिय पदार्थों का विशिष्ट अवबोधक होता है, अतिशायी ज्ञान होने के कारण इसे आगम व्यवहार के अन्तर्गत लिया गया है।[11] दूसरा हेतु यह है—जैसे केवली सब द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से पदार्थों को जानते हैं वैसे श्रुतज्ञानी भी इनको श्रुत के बल से जान लेते हैं अतः चतुर्दशपूर्वी आदि को आगम व्यवहारी के अन्तर्गत रखा है।[12]

जिस प्रकार प्रत्यक्ष आगमज्ञानी प्रतिसेवक की राग-द्वेष विषयक हानि-वृद्धि के आधार पर कम या ज्यादा प्रायश्चित्त देते हैं। उपवास जितने प्रायश्चित्त की प्रतिसेवना करने पर पांच दिन का प्रायश्चित्त दे सकते हैं तथा पांच दिन जितनी प्रतिसेवना करने वाले को उपवास का प्रायश्चित्त दे सकते हैं। वैसे ही चतुर्दशपूर्वी आदि भी आलोचक की राग-द्वेष की वृद्धि एवं हानि के आधार पर प्रायश्चित्त प्रदान करते हैं।[13]

प्रत्यक्ष ज्ञानी न्यून या अधिक प्रायश्चित्त क्यों देते हैं? इसके स्पष्टीकरण में भाष्यकार ने रत्नवणिक् का दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। जैसे— निपुण रत्नवणिक् आकार में बड़ा होने पर भी काचमणि का काकिणी जितना ही मूल्य देता है तथा वज्र आदि छोटे रत्न का भी एक लाख मुद्रा मूल्य दे देता है।[14]

एक प्रश्न यह भी उपस्थित होता है कि प्रत्यक्ष आगमज्ञानी तो प्रतिसेवक के भावों को साक्षात् जानते हैं लेकिन चतुर्दशपूर्वी आदि परोक्ष आगम व्यवहारी दूसरों के भावों को कैसे जानकर व्यवहार करते हैं? इस प्रश्न के समाधान में भाष्यकार ने नालीधमक का उदाहरण प्रस्तुत किया है। जैसे नालिका से पानी गिरने पर समय की अवगति होती है। नालिका द्वारा समय जानकर धमक

---

१. व्यभा. ४१८०; ठाणं १०/७३।
२. व्यभा. ५२३; ठाणं १०/७०।
३. व्यभा. ५२१, ५२२; ठाणं १०/७१।
४. व्यभा. ४०७०-४१६१।
५. व्यभा. ४१६२।
६. व्यभा. ३८८४ : आगमववहारी आगमेण ववहरति सो न अन्नेणं।
न हि सूरस्स पगासं, दीवपगासो विसेसेति॥
७. जीचू. पृ. ४ आगमववहारी अइसइणो संकिलिस्समाणं विसुज्झमाणं अवट्ठियपरिणामं वा पच्चक्खमुवलभन्ति, तावइयं च से दिन्ति जावइएण विसुज्झइ।
८. व्यभा. ३१८, जीचू. पृ. २।
९. व्यभा. ४०३७।
१०. व्यभा. ४०३५ टी. प. ३१।
११. भटी. प. ३८४; श्रुतं शेषमाचारप्रकल्पादिनवादिपूर्वाणां च श्रुतत्वेऽप्यतीन्द्रियार्थेषु विशिष्टज्ञानहेतुत्वेन सातिशयत्वादागमव्यपदेशः केवलवदिति।
१२. व्यभा. ४०३६।
१३. व्यभा. ४०४०, ४०४१।
१४. व्यभा. ४०४३-४५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शंख बजाकर दूसरो को भी समय की सूचना देता रहता है। वैसे ही परोक्षागम व्यवहारी भी दूसरों की शोधि और आलोचना को सुनकर आलोचक के यथावस्थित भावों को जान लेते हैं।[१] वे आलोचक को पश्चात्ताप की उत्कटता-अनुत्कटता के आधार पर प्रायश्चित्त देते हैं।

जैसे परोक्ष आगम व्यवहारी श्रुतबल से जीव, अजीव आदि की पर्यायों को सब नयों से जानते हैं वैसे ही दूसरों के भावों को भी श्रुतबल से जानकर उसकी शोधि के लिए प्रायश्चित्त देते हैं।[२]

आगम व्यवहारी दूसरों के द्वारा आलोचना करने पर तथा उसे सुनकर ही व्यवहार या प्रायश्चित्त का प्रयोग करते हैं। यदि शोधिकर्त्ता मुनि कषाय के वशीभूत होकर प्रतिसेवना के अतिचारों की सम्यक् रूप से आलोचना नहीं करता, जानबूझकर दोषों को छिपाता है तो आगमव्यवहारी उसे अन्यत्र आलोचना करने की बात कहते हैं। आलोचक यदि द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं भाव से विशुद्ध रूप से आलोचना करता है तो आगम व्यवहारी उसके प्रति व्यवहार का प्रयोग करते हैं, अन्यथा नहीं।[३]

यदि आलोचक प्रतिसेवना के अतिचारों की यथाक्रम आलोचना नहीं करता तो भी आगम व्यवहारी उसे प्रायश्चित्त नहीं देते।[४] यदि कोई व्यक्ति सहजता से अपने अपराध को भूल गया है, उसमें माया नहीं है तो आगम व्यवहारी उसे अपराध की स्मृति दिला देते हैं। स्मृति दिलाने पर यदि वह उस अपराध को सम्यक् रूप से स्वीकृत कर लेता है तो प्रायश्चित्त देते हैं अन्यथा अन्यत्र शोधि करने की बात कहते हैं। कहने का तात्पर्य यही है कि यदि आगम एवं आलोचना में विषमता या भेद देखते हैं तो आगम व्यवहारी उसे प्रायश्चित्त नहीं देते।[५]

श्रुतव्यवहारी

श्रुतव्यवहारी श्रुत का अनुवर्तन करते हैं।[६] दशाश्रुत, कल्प, व्यवहार आदि छेदसूत्रों के ज्ञाता तथा कल्प और व्यवहार की निर्युक्ति को जानने वाले श्रुतव्यवहारी कहलाते हैं।[७]

परोक्षज्ञानी आलोचक से तीन बार उसकी प्रतिसेवना सुनते हैं, जिससे वे उसकी माया या ऋजुता को जान सकें। प्रथम बार में नींद का अभिनय करते हुए सुनते हैं, दूसरी बार आलोचना करने पर कहते हैं—मैंने अनुपयुक्त होकर सुना। अतः तुम्हारी आलोचना को धारण नहीं किया, पुनः आलोचना करो। यदि तीनों बार में आलोचक सदृश आलोचना करता है तो श्रुतव्यवहारी जान लेते हैं कि यह ऋजुता से आलोचना कर रहा है और यदि तीनों बार आलोचना करने पर भिन्नता रहती है तो वे उसकी माया या कुटिलता को जान लेते हैं। अतः वे माया और ऋजुता के अनुसार श्रुत के आधार पर व्यवहार करते हैं।[८]

लौकिक न्याय करते समय भी न्यायकर्ता अपराधी से तीन बार वस्तुस्थिति का ज्ञान करते थे। यदि अपराधी विसदृश बोलता है तो उसे राजकुल में मृषा बोलने एवं माया करने का अधिक दंड मिलता था।[९]

परोक्षज्ञानी प्रतिसेवी का इंगित, आकार अर्थात् शरीरगत भाव-विशेष देखता है। जो विशुद्ध रूप से आलोचना करता है उसके शरीर के सारे आकार-प्रकार वैराग्य भाव के द्योतक होते हैं। स्वर से भी परोक्षज्ञानी प्रतिसेवक की भावशुद्धि को जान लेते हैं। विशुद्ध भाव से आलोचना करने वाले का स्वर अक्षुब्ध, अव्याकुल एवं स्पष्ट होता है। परोक्षज्ञानी वाणी से भी प्रतिसेवक की परीक्षा करते हैं। विशुद्ध भाव से आलोचना करने वाले की वाणी पूर्वापर विसंवादी नहीं होती। आलोचक का आकार, स्वर और वाणी—तीनों संतुलित होते हैं तो परोक्ष ज्ञानी जान जाता है कि यह माया से नहीं अपितु विशुद्ध भाव से आलोचना कर रहा है।[१०] जिस प्रकार चिकित्सक रोग के अनुसार औषध देता है, अधिक या कम नहीं, वैसे ही आगम व्यवहारी एवं श्रुतव्यवहारी भी

१. व्यभा. ४०४६, व्यभा. ५१३-१६।
२. व्यभा. ४०४८, जीभा १२३।
३. व्यभा. ४०५५,
४. व्यभा. ४०६५ भआ ६२०।
५. व्यभा. ४०६६-६६।
६. जीचू.पृ. ४ : जे पुण सुयववहारी ते सुयमणुवत्तमाणा।
७. व्यभा. ३२०, ४४३२-३५।
८. व्यभा. ३२०, ३२१ टी. प. ४३।
९. व्यभा. ३२२ टी. प. ४४।
१०. व्यभा. ३२३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जितने प्रायश्चित्त से व्यक्ति की शुद्धि होती है, उतना ही प्रायश्चित्त देते हैं।[1] अंतिम तीन व्यवहारी श्रुत का ही अनुवर्तन करते हैं।[2]

व्यवहर्त्तव्य

पांच व्यवहारों द्वारा कर्त्ता (व्यवहारी) जो निष्पादित करना चाहता है, वह व्यवहर्त्तव्य है। व्यवहर्त्तव्य कार्य के योग से पुरुष भी व्यवहर्त्तव्य कहलाते हैं।[3] अर्थात् जिसके प्रति व्यवहार द्वारा प्रायश्चित्त का प्रयोग किया जाता है, वह व्यवहर्त्तव्य है। यह द्रव्य और भाव के भेद से दो प्रकार का है।

द्रव्य-व्यवहर्त्तव्य के अन्तर्गत चोर, पारदारिक, हिंसक आदि का ग्रहण किया जा सकता है। इसी प्रकार जात सूतक और मृतक सूतक तथा शूद्र आदि के घरों पर भोजन करने से ब्राह्मणों द्वारा जो बहिष्कृत कर दिए जाते हैं अर्थात् जिनसे बोल-चाल बंद कर दी जाती हो, वे ब्रह्महत्या या माता-पिता की हत्या करने वाले के समान पापी माने जाते हैं। वे यदि अपने दोष को स्वीकार नहीं करते अथवा स्वीकार करते हुए सम्यग् आलोचना नहीं करते अथवा बहाना बनाकर बात को अन्य रूप से प्रस्तुत करते हैं, वे भी द्रव्य-व्यवहर्त्तव्य कहलाते हैं। जैसे–किसी ब्राह्मण ने अपनी पुत्रवधू या चंडालिन के साथ अकृत्य कर लिया फिर प्रायश्चित्त के समय चतुर्वेदी ब्राह्मण के पास उपस्थित होकर कहता है कि मैंने स्वप्न में पुत्रवधू या चंडालिन के साथ अगम्य व्यवहार कर लिया है। यह लौकिक द्रव्य-व्यवहर्त्तव्य है। सुरा आदि का सेवन कर प्रायश्चित्त करते समय वह कहता है–मैंने स्वप्न में सुरापान किया था। यह भी लौकिक व्यवहर्त्तव्य है।[4] इन दोनों उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रायश्चित्त करने वाले के मन में विशुद्धि नहीं है, माया है। यह द्रव्य-व्यवहर्त्तव्य है।

मानसिक अवस्थाओं के आधार पर लोकोत्तर द्रव्य एवं भाव व्यवहर्त्तव्य को विभिन्न रूपों में व्याख्यायित किया गया है। लोकोत्तर द्रव्य व्यवहर्त्तव्य वह है, जो परप्रत्यय से अपनी विशोधि करता है। वह सोचता है मुझे दोष-सेवन करते हुए आचार्य, उपाध्याय अथवा किसी मुनि ने देख लिया है, इसलिए मुझे आलोचना करनी चाहिए। यह सोचकर वह बड़े दोष का सेवन कर लघु दोष की आलोचना करता है तथा स्वकृत दोष को परकृत दोष बताता है।[5] इसके अतिरिक्त अकारण अतिचारों का प्रतिसेवी, अनुताप रहित अथवा अपने दोषों को देशतः-सर्वतः छिपाने वाला भी द्रव्य-व्यवहर्त्तव्य है।[6]

भाष्यकार ने कुम्हार एवं साधु की घटना का उल्लेख करते हुए उनकी क्षमायाचना को अव्यवहर्त्तव्य बताया है क्योंकि वहां प्रमाद से विरति नहीं, किन्तु गलती की पुनरुक्ति है।[7]

लोकोत्तर भाव व्यवहर्त्तव्य वह होता है, जो गीतार्थ हो या अगीतार्थ, अपनी प्रतिसेवना को सद्भाव से कहता है और प्रायश्चित्त कर लेता है। वह अवक्र, अकुटिल, निरहंकारी, अलोभी, कारण-प्रतिसेवी, प्रियधर्मा, बहुश्रुत, दृढ़धर्मा, संविग्न, पापभीरु और सूत्रार्थविद् होता है। कुछ आचार्यों का इसमें मतान्तर भी है। उनके अनुसार जो वक्र, मायावी आदि होते हैं, वे यदि सद्भावपूर्वक आलोचना करते हैं तो वे लोकोत्तर भाव-व्यवहर्त्तव्य माने गए हैं। जानबूझकर प्रतिसेवना करने वाले को लोकोत्तरिक भाव-व्यवहर्त्तव्य क्यों स्वीकृत किया इसके उत्तर में टीकाकार कहते हैं कि प्रायश्चित्त का इच्छुक होने के कारण वह मुनि जिनाज्ञा के अभिमुख है, उसमें जिनाज्ञा के प्रति प्रद्वेष नहीं है, वह अंतःकरण की विशुद्धि एवं यतनापूर्वक प्रतिसेवना में प्रवृत्त होता है, अतः वह भाव-व्यवहर्त्तव्य है।[8]

ग्रंथकार ने भंगों के आधार पर भी भाव-व्यवहर्त्तव्य की व्याख्या प्रस्तुत की है–

कदाचित् कारण उपस्थित होने पर जो अयतना से दोष सेवन करता है, वह भी भावव्यवहर्त्तव्य है फिर यतना से दोषसेवन

---

१. व्यभा. ३२६।
२. जीचू.पृ. ४।
३. व्यभा.२ टी. प. ४ : तेन च पंचविधेन व्यवहारेण करणभूतेन व्यवहरन् कर्त्ता यन्निष्पादयति कार्यं तद् व्यवहर्त्तव्यमित्युच्यते व्यवहर्त्तव्यकार्ययोगात् पुरुषा अपि व्यवहर्त्तव्याः।
४. व्यभा.१७, १८ टी. प. १०।
५. व्यभा.१९ टी. प. ११।
६. व्यभा.२४।
७. व्यभा. २५।
८. व्यभा.१९, २०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने वाले का तो कहना ही क्या?[1]

• अकृत्य सेवन करते समय जो यह चिन्तन करे कि मैं प्रायश्चित्त लेकर शुद्धि कर लूंगा, वह भी भाव-व्यवहर्त्तव्य है।[2]

• विशेष कारण उपस्थित होने पर या नहीं होने पर यतना से या अयतना से अकृत्य सेवन करके जो सद्भाव रूप से गुरु के समीप अपनी आलोचना कर लेता है, वह भाव व्यवहर्त्तव्य है।[3]

• जो प्रियधर्मा, दृढ़धर्मा, संविग्न, पापभीरु एवं सूत्रार्थविद् होते हैं, वे सब भाव-व्यवहर्त्तव्य हैं।[4]

भाष्यकार के अनुसार अगीतार्थ के साथ व्यवहार नहीं करना चाहिए। वे यथार्थ निर्णय करने पर उसे स्वीकार नहीं करते अतः वे अव्यवहर्त्तव्य होते हैं। गीतार्थ व्यवहर्त्तव्य होता है क्योंकि वह किसी भी परिस्थिति को सही रूप में स्वीकार करता है। इस प्रसंग में भाष्यकार ने दो गीतार्थों में सचित्तादि वस्तु को लेकर उत्पन्न विवाद एवं उनके विधायक दृष्टिकोण की चर्चा की है।[5]

व्यवहार के द्वारा दोषविशुद्धि हेतु व्यवहारी जो प्रायश्चित्त देता है, वह भी व्यवहर्त्तव्य है। उसके आलोचना, प्रतिक्रमण आदि दस भेद हैं। जो इन प्रायश्चित्तों का वहन करते हैं अथवा जिन पर इन प्रायश्चित्तों का प्रयोग किया जाता है, वे भी व्यवहर्त्तव्य हैं।

प्रायश्चित्त

दोषविशुद्धि के लिए जो प्रयत्न किया जाता है, वह प्रायश्चित्त है। जिसके द्वारा चित्त की विशोधि होती है, वह प्रायश्चित्त है।[6] दोषों की लघुता एवं गुरुता के आधार पर प्रायश्चित्त के दस भेद किए गए हैं—१. आलोचना, २. प्रतिक्रमण, ३. मिश्र, ४. विवेक, ५. व्युत्सर्ग, ६. तप, ७. छेद, ८. मूल, ६. अनवस्थाप्य, १०. पारांचित।[7]

तत्त्वार्थ सूत्र में प्रायश्चित्त के नौ भेदों का वर्णन मिलता है। वहां मूल, अनवस्थाप्य और पारांचित्त—इन तीन प्रायश्चित्तों के स्थान पर परिहार एवं उपस्थापना— इन दो प्रायश्चित्तों का उल्लेख मिलता है।[8] दिगम्बर साहित्य में नौ प्रायश्चित्तों का ही उल्लेख है।[9] आचार्य अकलंक कहते हैं कि जीव के परिणाम असंख्येय हैं तथा अपराध भी उतने ही हैं लेकिन प्रायश्चित्त के भेद उतने नहीं हैं। ये भेद व्यवहारनय की अपेक्षा से समुच्चय रूप में कहे गए हैं।[10] प्रायश्चित्तों का विस्तृत विवेचन व्यवहार की पीठिका में मिलता है।[11]

आचार-विशुद्धि की तरतमता के आधार पर निर्ग्रन्थ के पांच प्रकार हैं—१. पुलाक, २. बकुश, ३. कुशील, ४. निर्ग्रन्थ, ५. स्नातक।[12]

निर्ग्रन्थों को दिए जाने वाले प्रायश्चित्तों का क्रम इस प्रकार है—

• पुलाक निर्ग्रन्थ को व्युत्सर्ग तक प्रथम छह प्रायश्चित्त दिए जाते हैं।[13]

• बकुश एवं प्रतिसेवना कुशील में जो स्थविरकल्पी होते हैं, उनके लिए दस तथा जिनकल्पिक के लिए आठ प्रायश्चित्तों का विधान है।[14]

---

१. व्यभा. २१।
२. व्यभा. २२।
३. व्यभा. २३।
४. व्यभा. २६।
५. व्यभा. २७, २८ टी. प. १३, १४।
६. जीभा. ५।
७. व्यभा. ४१७६, ४१८०, ठाणं १०/७३
८. त. ६/२२।
६. मूला. ३६२।
१०. तत्त्वार्थ वार्तिक ६/२२ पृ. ६२२।
११. व्यभा. ५३-१३५।
१२. व्यभा. ४१८४।
१३. व्यभा. ४१८६।
१४. व्यभा. ४१८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

• निर्ग्रन्थ के लिए आलोचना एवं विवेक तथा स्नातक के लिए केवल विवेक प्रायश्चित्त विहित है।[1]

चारित्र के आधार पर भी प्रायश्चित्त/व्यवहर्त्तव्य की योजना की गई है।[2]

• सामायिक चारित्र वाले को छेद और मूल छोड़कर आठ प्रायश्चित्त दिए जाते हैं।

जिनकल्पिक सामायिक संयमी को तप पर्यन्त छह प्रायश्चित्त तथा छेदोपस्थापनीय में स्थित जिनकल्पी के लिए मूल पर्यन्त आठ प्रायश्चित्तों का विधान है।

परिहारविशुद्ध स्थविरकल्पी के लिए प्रथम आठ तथा परिहार विशुद्ध जिनकल्पी के लिए प्रथम छह प्रायश्चित्तों का विधान है।

सूक्ष्मसंपराय तथा यथाख्यातचारित्री के लिए आलोचना तथा विवेक--ये दो प्रायश्चित्त विहित हैं।

जब तक तीर्थ का अस्तित्व है तब तक निर्ग्रन्थों में बकुश एवं प्रतिसेवना कुशील तथा संयतों में इत्वरिक सामायिक संयत एवं छेदोपस्थापनीय चारित्र—इनका अस्तित्व रहेगा।[3] भद्रबाहु के बाद अंतिम दो प्रायश्चित्तों का लोप होने पर भी प्रथम आठ प्रायश्चित्तों का व्यवहार तीर्थ की व्यवच्छित्ति तक चलता रहेगा।[4]

प्रायश्चित्तार्ह

तप के आधार पर भी प्रायश्चित्तार्ह के दो भेद किये गए हैं—कृतकरण और अकृतकरण। बेले-तेले आदि तप से अपने आप को भावित करने वाले कृतकरण हैं तथा जो बेले-तेले आदि का तप नहीं कर सकते, वे अकृतकरण हैं। इनके भी दो भेद हैं--सापेक्ष एवं निरपेक्ष। जिन, केवली आदि निरपेक्ष हैं तथा आचार्य, उपाध्याय, भिक्षु आदि सापेक्ष हैं। इनके भेद, प्रभेद एवं विस्तार के लिए देखें व्यभा॰ गा॰ १५६-१७३।

प्रायश्चित्तवाहक

प्रायश्चित्तवाहक के दो भेद हैं—निर्गत तथा वर्तमान। जो छेद आदि प्रायश्चित्तों का वहन कर रहे हैं, वे निर्गत तथा जो तप पर्यन्त प्रथम छह प्रायश्चित्तों में स्थित हैं, वे वर्तमान कहलाते हैं। इनके भेद-प्रभेदों के विस्तृत वर्णन के लिए देखें (गा॰ ४७२-७८ टी॰ प १-३)

प्रायश्चित्तार्ह पुरुष के चार प्रकार भाष्य में मिलते हैं—

(१) उभयतरक (२) आत्मतरक (३) परतरक (४) अन्यतरक।

जो षट्मासी तप करते हुए अग्लान रूप से आचार्य की भी वैयावृत्य करते हैं, वे उभयतर कहलाते हैं। जो केवल तप में शक्ति सम्पन्न होते हैं, वैयावृत्त्य की लब्धि से हीन होते हैं, वे आत्मतरक कहलाते हैं।

जो तप करने में असमर्थ होते हैं, पर आचार्य आदि की वैयावृत्त्य करते हैं, वे परतरक कहलाते हैं।

जिनका तप और वैयावृत्त्य दोनों में सामर्थ्य होता है पर एक समय में एक ही कार्य कर सकते हैं, वे अन्यतरक कहलाते हैं।

आत्मतर एवं परतर—ये दो प्रायश्चित्त वहन के अभिमुख होते हैं लेकिन जो परतर और अन्यतर होते हैं, उनमें प्रायश्चित्त का निक्षेप किया जाता है। इनके विस्तृत वर्णन के लिए देखें—व्यभा॰ ४७९-५०२ टी॰ प ३-११।

प्रायश्चित्तदान में अनेकान्त

विचारशुद्धि एवं विधायक चिंतन में अनेकान्त का महत्त्वपूर्ण स्थान है। जैन आचार्यों ने अनेकान्त के प्रयोग को दर्शन की भूमिका के साथ-साथ व्यवहार की भूमिका पर भी उतारा और प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्ता को प्रमाणित किया।

प्रायश्चित्त में विषमता को अनेकान्त दृष्टि से स्पष्ट करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि इंद्रिय विषयों की प्राप्ति समान होने पर भी एक व्यक्ति उनसे विरक्त होता है और दूसरा आसक्त। अतः इन्द्रियों के विषय प्रधान नहीं, प्रधान है अध्यात्म। मन की

१. व्यभा॰ ४१८७।
२. व्यभा॰ ४१८९-९२।
३. व्यभा॰ ४१९३।
४. व्यभा॰ ४१९२, ४१९३; जी॰१०२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आसक्ति एवं विरक्ति ही बंध एवं मोक्ष का प्रमाण है, विषय नहीं। प्रायश्चित्त की प्राप्ति में भी आंतरिक परिणाम ही अधिक प्रमाण बनते हैं, इन्द्रियों के अर्थ नहीं। इसीलिए समान रूप से विषय सेवन करने पर भी एक व्यक्ति प्रायश्चित्त का भागी होता है और दूसरा नहीं होता।[१]

सापेक्षता अनेकान्त का प्राण है। निरपेक्षता सत्य को एकांगी बना देती है। सापेक्षता द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के अनुसार व्यवहार करने का विवेक जागृत करती है। दो व्यक्ति समान रोग से अभिभूत हैं। उनमें जो शरीर से बलवान् है, उसे वमन-विरेचन आदि कर्कश क्रिया करवाई जा सकती है किंतु जो दुर्बल है उसे मृदु क्रिया द्वारा स्वास्थ्य लाभ करवाया जाता है। वैसे ही जो धृति एवं संहनन से युक्त है उसे परिहार तप भी दिया जा सकता है किंतु जो धृति, संहनन आदि से हीन है, उसे सामान्य तप का प्रायश्चित्त दिया जाता है।[२] इस संदर्भ में भाष्यकार ने दो आचार्यों का उल्लेख किया है—सापेक्ष एवं निरपेक्ष। निरपेक्ष आचार्य परिस्थिति को समझे बिना अपराध के आधार पर प्रायश्चित्त देते हैं। उसको सहने में असमर्थ मुनि कभी संयम से तथा कभी जीवन से हाथ धो बैठते हैं। इससे संघ छिन्न-भिन्न हो जाता है। निरपेक्ष आचार्य के पास कोई रहना नहीं चाहता अतः तीर्थ का विच्छेद हो जाता है।[३]

सापेक्ष आचार्य जानते हैं कि केवल अपराध प्रायश्चित्त की तुला नहीं हो सकता। प्रायश्चित्त उतना ही दिया जाना चाहिए, जितना प्रतिसेवक वहन कर सके। अतः वे दोषों के अनवस्था प्रसंग के निवारण में कुशल होते हैं। वे चारित्र की रक्षा एवं तीर्थ की अव्युच्छित्ति में निमित्तभूत बनते हैं। वे करुणा और अनुग्रह की भावना से भावित होते हैं। वे देखते हैं कि प्रतिसेवी दीर्घ तपस्यामय प्रायश्चित्त को वहन करने में समर्थ नहीं है तो उसके समक्ष नानाविध विकल्प प्रस्तुत करते हैं और सामर्थ्य के अनुसार तपोवहन की यथार्थता बताते हैं। जैसे किसी प्रतिसेवी को पांच उपवास, पांच आयंबिल, पांच एकासन, पांच पुरिमड्ढ तथा पांच निर्विकृतिक—ये पांच कल्याणक प्रायश्चित्त स्वरूप आए हों तो उस प्रतिसेवी मुनि के समक्ष नानाविध विकल्प प्रस्तुत करते हैं और यथासामर्थ्य विकल्प को वहन करने की बात कहते हैं। इन पांच कल्याणकों को करने में असमर्थ मुनि को चार, तीन, दो, एक कल्याणक करने को कहते हैं। वह भी नहीं कर सकने पर उसे अंत में एक निर्विकृतिक करने की बात कहते हैं। इस उपक्रम से मुनि की विशुद्धि हो जाती है और वह संयम में स्थिर हो जाता है। उपाय के अभाव में प्रतिसेवी विशोधि को भूलकर और अधिक मलिन हो जाता है। वह संघ-विद्रोही बन जाता है।[४] इस प्रसंग में भाष्यकार ने सापेक्ष एवं निरपेक्ष धनिक का दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। सापेक्ष धनिक निर्धन व्यक्ति को उधार दिया हुआ धन भी उपाय से प्राप्त कर लेता है। लेकिन निरपेक्ष धनिक स्वयं की, धन की तथा ऋण लेने वाले—तीनों की हानि कर देता है।[५] उपाय से विशोधि के प्रसंग में भाष्यकार ने वृषभ का दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। वृषभ के खेत में घुसने पर यदि खेत का स्वामी उचित उपाय नहीं करता तो वृषभ पूरे खेत को रौंद डालता है। यदि स्वामी धैर्य के साथ उचित उपाय करता है तो वह वृषभ को खेत से बाहर निकालकर खेत की रक्षा कर सकता है। इसी प्रकार आचार्य प्रतिसेवी की विशोधि यदि उचित उपायों द्वारा करते हैं तो वे व्यक्ति के संयम को बचा लेते हैं और जो ऐसा नहीं कर पाते वे गुरु हानि में रहते हैं।

प्रतिसेवी जब अपराधों की आलोचना के लिए गुरु के समक्ष उपस्थित होता है, उस समय यदि आचार्य उसको प्रोत्साहित करे कि तुम धन्य हो, कृतपुण्य हो क्योंकि तुमने गुप्त अपराधों को प्रकट करने का उत्कट साहस किया है। जो सूक्ष्मतम अपराध की आलोचना करता है, वह धन्य-धन्य है। यह सुनकर आलोचक प्रसन्न होकर ऋजुता से अपनी सभी स्खलनाओं एवं अपराधों को प्रकट कर देता है।

आलोचना के समय आचार्य उसको प्रताड़ित करे या तर्जना दे कि तुम सदा स्खलना करते ही रहते हो, तुम ऐसे हो, वैसे हो आदि तो व्यक्ति चाहते हुए भी सम्यक् आलोचना नहीं कर पाता और वह अपने दोषों को छिपा लेता है। कभी-कभी असह्य ताड़ना से कुपित होकर वह आचार्य का घात भी कर सकता है तथा कलह की उद्भावना कर संघ में असमाधि उत्पन्न कर सकता है क्योंकि कुपित व्यक्ति के लिए कुछ भी असंभव नहीं होता। सापेक्ष-निरपेक्ष व्यवहार के संदर्भ में भाष्यकार ने भिक्षुणी,

१. व्यभा. १०२८, १०२९ टी. प. १५।
२. व्यभा. ५४४, ५४५।
३. व्यभा. ४२०२।
४. व्यभा. ४२०३-४२०८।
५. व्यभा ४१९७-४२०१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्याध एवं गाय के दृष्टान्त प्रस्तुत किए हैं।[1] (देखें--परिशिष्ट ८ कथा सं. २८-३३) इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि सापेक्ष एवं निरपेक्ष व्यवहार से मनुष्य ही नहीं, पशु भी प्रभावित होते हैं।

समान अपराध होने पर भी गीतार्थ-अगीतार्थ, यतना-अयतना, संहनन-संहननहीनता आदि के आधार पर कम-ज्यादा प्रायश्चित्त भी दिया जा सकता है।[2] एक ही गलती में प्रायश्चित्तदान की विविधता का हेतु पक्षपात नहीं, अपितु विवेक है। भाष्यकार ने प्रायश्चित्त की विभिन्नता एवं विशोधि के प्रसंग में रजक और जलघट का दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। जैसे रजक वस्त्रों के मल को जलघट से मलरहित करता है वैसे ही आचार्य प्रायश्चित्त देकर दोषों का अपनयन करते हैं। मलापनयन में मल के अनुसार जल का प्रयोग होता है। इस प्रसंग में निम्न चतुर्भंगी द्रष्टव्य है--

एक वस्त्र एक जलकुंभ से स्वच्छ होता है।

एक वस्त्र अनेक जलकुंभों से स्वच्छ होता है।

अनेक वस्त्र एक जलकुंभ से स्वच्छ होते हैं।

अनेक वस्त्र अनेक जलकुंभों से स्वच्छ होते हैं।

घर पर जलकुंभों से जो वस्त्र स्वच्छ नहीं होता, उसे नदी, तालाब आदि पर काष्ठपट्टिका से पीट-पीटकर स्वच्छ किया जाता है। उसी प्रकार षाण्मासिक प्रायश्चित्त से जो विशोधि नहीं होती उसकी विशोधि मूल, छेद, अनवस्थाप्य तथा पारांचित से होती है। प्रतिसेवक की राग-द्वेष की हानि-वृद्धि के आधार पर मासिक आदि तपःवृद्धि तथा छेद आदि प्रायश्चित्तों का आलम्बन लिया जाता है।[3] इस संदर्भ में भाष्यकार ने वातादी रोग एवं घृतकुंभ तथा औषध आदि की चतुर्भंगी भी प्रस्तुत की है।[4]

प्रश्न उपस्थित होता है कि राग-द्वेष की वृद्धि से जैसे प्रायश्चित्त बढ़ता है वैसे ही राग-द्वेष की हानि से क्या प्रायश्चित्त कम भी होता है? समाधान प्रस्तुत करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि मंद अनुभाव से अनेकविध अपराध हो जाने पर भी उनकी विशोधि अल्प तप से हो जाती है। दशम प्रायश्चित्त जितना अपराध सेवन कर मुनि दसवें, नौवें यावत् निर्विकृतिक प्रायश्चित्त ग्रहण कर भी विशुद्ध हो जाता है। उसी प्रकार अन्यान्य अपराध पर भी अल्प-अल्पतम प्रायश्चित्तों से विशुद्ध हो जाता है।[5]

प्रतिसेवना की भिन्नता होने पर भी प्रतिसेवक (गीतार्थ, अगीतार्थ) तथा अध्यवसाय के भेद से समान प्रायश्चित्त देने पर भी तुल्य शोधि हो सकती है। निम्न उद्धरण प्रायश्चित्तदान में अनेकान्त एवं सापेक्षता के श्रेष्ठ उदाहरण कहे जा सकते हैं--

एक व्यक्ति ने तीव्र अध्यवसाय से मासिक प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना की, उसको एक मास का प्रायश्चित दिया जा सकता है।

दूसरे ने मंद अध्यवसाय से दो मास प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना की, उसको प्रत्येक मास के पन्द्रह दिनों के अनुपात से एक मास का प्रायश्चित्त दिया जा सकता है।

तीसरे ने मंदतम अध्यवसाय से तीन मास प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना की, उसको प्रत्येक मास के दस-दस दिनों के अनुपात से एक मास का प्रायश्चित्त दिया जा सकता है।

चौथे ने अतिमंदतम अध्यवसाय से चार मास प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना की, उसको प्रत्येक मास के साढ़े सात दिनों के अनुपात से एक मास का प्रायश्चित्त दिया जा सकता है।

इस बात की पुष्टि में भाष्यकार ने 'पांच-वणिक एवं पन्द्रह गधे' का दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। देखें परिशिष्ट नं. ८ कथा सं. १५।

कोई व्यक्ति अनेक मासिक प्रायश्चित्त स्थानों का सेवन कर एक बार में ही सभी की आलोचना कर लेता है और आगे प्रतिसेवना न करने का मानस बना लेता है, वह मासिक प्रायश्चित्त से मुक्त हो सकता है। किन्तु जो मुनि बार-बार प्रतिसेवना करके आलोचना करता है उसे उसी प्रतिसेवना के लिए मूल और छेद का प्रायश्चित्त भी प्राप्त हो सकता है।[6] इस बात को स्पष्ट

१. व्यभा ५८०, ५८१ टी. प. ३६-४१, १०४४-४६।
२. व्यभा ४०२६; टी. प. ३०, तुल्येऽप्यपराधे दारुणानामन्यत् प्रायश्चित्तमन्यत् भद्रकाणाम्।
३. व्यभा ५०५-५०८।
४. व्यभा ४४०-४२।
५. व्यभा ३३१, ३३२, टी. प. ४६, ५०।
६. व्यभा ३३६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने के लिए भाष्यकार ने गंजे पनवाड़ी की कथा को प्रस्तुत किया है (देखें परिशिष्ट नं. ८ कथा सं. १८)।

जो मुनि अशुभ परिणामों से निष्कारण ही मासिक प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना करता है, वह एक पूरे मास के प्रायश्चित्त से विशुद्ध होता है, क्योंकि वह दुष्ट अध्यवसाय के कारण प्रतिसेवना से प्रत्यावृत्त नहीं होता।

जो मुनि पुष्ट आलंबन के आधार पर शुभ परिणामों से बहुमासिक प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना करता है, वह एक मास के प्रायश्चित्त से भी विशुद्ध हो जाता है क्योंकि ऐसा व्यक्ति दंड पाकर अपनी आत्मा में दुःखी होता है, क्लेश पाता है।

दुष्ट अध्यवसाय से प्रतिसेवना कर जो मुनि आत्मनिंदा करता है, उसे भी बहुमासिक प्रायश्चित्त जितनी प्रतिसेवना में एक मास का ही दंड दिया जाता है।[1]

भाष्य में प्रायश्चित्त में अनेकान्त के और भी अनेक उदाहरण मिलते हैं। प्रायश्चित्त में अनेकान्त पद्धति के अनुसरण से शासन की अव्यवच्छित्ति और साधकों में शासन-प्रतिबद्धता के भाव वृद्धिंगत होते हैं। जैन आचार्य इस दृष्टि से बहुत सफल हुए हैं।

आलोचना

प्रायश्चित्त के भेदों में आलोचना का प्रथम एवं महत्त्वपूर्ण स्थान है। गलती होने पर उसे सरलतापूर्वक गुरु के समक्ष प्रकट करना आलोचना है। दूसरों के समक्ष अपनी गलती प्रकट करने से व्यक्ति के आगे का रास्ता प्रशस्त हो जाता है। भाष्यकार ने आलोचना के बारे में सर्वांगीण विवेचन प्रस्तुत किया है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी आलोचना का जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान है। आलोचना से होने वाले विशेष परिणामों का उल्लेख उत्तराध्ययन सूत्र में मिलता है—[2]

- आंतरिक शल्यों की चिकित्सा।
- सरल मनोभाव की विशेष उपलब्धि।
- तीव्रतर विकारों से दूर रहने की क्षमता और पूर्वसंचित विकार के संस्कारों का विलय।

आलोचना के तीन प्रकार हैं—

१. विहारालोचना

२. उपसंपदालोचना

३. अपराधालोचना

इनके विस्तृत वर्णन के लिए देखें—व्यभा गा. २३३-३०४।

दिगम्बर साहित्य में आलोचना के दो भेद मिलते हैं —

१. ओघ २. पदविभाग अर्थात् सामान्य और विशेष।

आलोचना के लाभ

जैन आगमों में अपनी स्खलना को गुरु के सामने स्पष्ट रूप से कहने का निर्देश स्थान-स्थान पर मिलता है। यह मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि व्यक्ति जब अपने मार्गदर्शक के समक्ष अपराध स्वीकार कर लेता है तब वह हल्का हो जाता है। भाष्यकार ने अनेक स्थलों पर आलोचना से होने वाले गुणों का उल्लेख किया है। वे दृष्टान्त द्वारा इस बात को समझाते हुए कहते हैं—चिकित्सा में निष्णात वैद्य भी स्वयं की चिकित्सा स्वयं नहीं करता। वह अन्य वैद्य के पास चिकित्सा करवाता है। इसी प्रकार आचार्य भी अन्य आचार्य के पास विशोधि के लिए जाते हैं और बालक की भांति ऋजुभावों से आलोचना करते हैं। उस समय वे माया और मद से शून्य हो जाते हैं।[3]

आलोचना करने के निम्न गुण हैं[4]—

---

१. व्यभा. ३४०।

२. उ. २९। ६।

३. व्यभा. ४२९६-९९।

४. व्यभा ४३०१, भआ ४११।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

• पांच प्रकार के आचार का सम्यग् पालन होता है।

• विनय गुण का प्रवर्तन होता है।

• आलोचना करने की परिपाटी का उद्दीपन होता है।

• आत्मा को निःशल्य कर दिया जाता है।

• संयम का अनुपालन होता है।

• आर्जव आदि गुणों का उपबृंहण होता है।

• मैं निःशल्य हो गया हूं—ऐसी परम तुष्टि होती है।

• मैंने आलोचना नहीं की—इस परितप्ति का शमन हो जाता है।

ग्रंथकार ने प्रकारान्तर से भी आलोचना की निष्पत्तियों का उल्लेख किया है—

लघुता : जैसे भारवाहक अपने भार को उतारकर स्वयं को हल्का अनुभव करता है, वैसे ही आलोचक अपने शल्य का उद्धरण कर लघु एवं हल्का हो जाता है।

आह्लाद : उससे प्रमोदभाव उत्पन्न होता है। अतिचार ताप से तप्त व्यक्ति अपने अतिचार की तप्ति का अपनयन वैसे ही कर देता है जैसे मलयगिरि के पवन के संसर्ग से ताप का हरण होता है।

स्वपरप्रसन्नता : आलोचना से व्यक्ति स्वयं को दोषों से मुक्त अनुभव करता है। यह देखकर दूसरे भी आलोचना के अभिमुख होते हैं और दोषों से मुक्त हो जाते हैं।

आर्जवता : स्वयं के दोषों को दूसरों के समक्ष प्रकट करना आर्जव धर्म की प्रतिपालना है।

विशोधि : अतिचार के पंक से मलिन चारित्र की शुद्धि प्रायश्चित्त के जल से होती है।

दुष्करकरण : प्रतिसेवना करना दुष्करकरण नहीं है, उसकी आलोचना करना दुष्कर कार्य है क्योंकि इसे वही व्यक्ति कर सकता है, जो विशेष सामर्थ्य से सम्पन्न एवं मोक्षाभिलाषी है।[1]

दिगम्बर परम्परा में प्रायश्चित्त करने के निम्न लाभ बताए गए हैं—

१. प्रमाद का निवारण।

२. मानसिक प्रसन्नता।

३. निःशल्यता।

४. दोष की पुनरावृत्ति का निवारण।

५. मर्यादा-पालन।

६. संयम में दृढ़ता।

७. आराधना।[2]

अकलंक के अनुसार बहुत बड़ा तप भी आलोचना के बिना वैसे ही फल नहीं देता जैसे विरेचन से मलशुद्धि किए बिना खाई हुई औषधि।[3]

आलोचनार्ह

जैन आगमों में व्यवहारी/आलोचनाप्रदाता के निम्न गुण प्रसिद्ध हैं—

आचारवान्—पांचों प्रकार के आचार से सम्पन्न।

अवधारवान्—आलोचक के द्वारा आलोच्यमान पूरे विषय को धारण करने में समर्थ। भगवती आराधना के अनुसार चौदह पूर्व, दसपूर्व एवं नवपूर्व का धारक, महामतिमान्, सागर के समान गंभीर, कल्प एवं प्रकल्प का धारक आचार्य आधारवान् या

---

१. व्यभा ३१७।

२. तत्त्वार्थवार्तिक ९/२२ पृ. ६२०।

३. तत्त्वार्थवार्तिक ९/२२ पृ. ६२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूर्व, दसपूर्व एवं नवपूर्व का धारक, महामतिमान्, सागर के समान गंभीर, कल्प एवं प्रकल्प का धारक आचार्य आधारवान् या अवधारवान् होता है।[1]

व्यवहारवान्–पांचों प्रकार के व्यवहारों का ज्ञाता तथा उनके आधार पर प्रायश्चित्त देने में कुशल।

अपव्रीडक–आलोचक यदि लज्जावश अतिचारों का गोपन करता है तो अनेक प्रयोगों के द्वारा उसकी लज्जा का अपनयन करने वाला।

प्रकुर्वी–सम्यक् प्रायश्चित्त देकर आलोचक की विशोधि करने वाला।

अपरिस्रावी–आलोचना करने वाले के आलोचित दोषों को दूसरों के सामने प्रकट नहीं करने वाला।[2]

निर्यापक–आलोचक को बड़े प्रायश्चित्त का निर्वहन कराने में कुशल।

अपायदर्शी–आलोचक को इहलोक-परलोक के अपाय बताकर प्रायश्चित्त वहन करने के लिए प्रोत्साहित करने वाला।

ठाणं में अंतिम तीन गुणों में क्रम-व्यत्यय है। वहां अपरिस्रावी, निर्यापक एवं अपायदर्शी–यह क्रम मिलता है।[3] भगवती आराधना में विस्तार से इन गुणों का उल्लेख मिलता है।[4]

ठाणं के दसवें स्थान में दस गुणों का उल्लेख है।[5] प्रियधर्मा एवं दृढ़धर्मा ये दो गुण अतिरिक्त मिलते हैं वहां इन गुणों से युक्त आचार्य या बहुश्रुत ही दूसरों को आलोचना या प्रायश्चित्त दे सकता है।

भाष्यकार ने आलोचनार्ह साध्वी की योग्यता के निम्न मानक प्रस्तुत किए हैं–

गीतार्थ–सूत्र, अर्थ और तदुभय में निष्णात।

कृतकरण– अनेक बार जिसने आलोचना दी हो।

प्रौढ़–जो सूत्र और अर्थ में समर्थ एवं प्रायश्चित्त देने में समर्थ हो।

परिणामक–अतिपरिणामक या अपरिणामक न हो।

गंभीर–आलोचक की महान् प्रतिसेवना को सुनकर भी अप्रतिस्रावी हो।

चिरदीक्षित–चिरकाल से संयमपर्याय का पालन करने वाली हो।

वृद्ध–ज्ञान, संयमपर्याय तथा वय में वृद्ध हो।

इन गुणों से युक्त साध्वी आलोचनार्ह होती है। आलोचनार्ह श्रमण के लिए भी इन गुणों का होना आवश्यक है।[6]

आलोचक के गुण

भाष्य में आलोचक के निम्न गुणों का उल्लेख मिलता है–

जाति सम्पन्न–जो जाति सम्पन्न होता है, वह प्रायः अकृत्य नहीं करता और यदि प्रमादवश कर लेता है तो उसका उचित प्रायश्चित्त कर शुद्ध हो जाता है।

कुल सम्पन्न–जो कुल सम्पन्न होता है, वह प्राप्त प्रायश्चित्त का सम्यग् निर्वहन करता है।

विनय सम्पन्न–जो विनय संपन्न होता है, वह सम्यग् आलोचना करता है।

ज्ञान सम्पन्न–जो ज्ञान सम्पन्न होता है, वह श्रुत के अनुसार सम्यग् आलोचना करता है। वह जान लेता है कि अमुक श्रुत के आधार पर मुझे प्रायश्चित्त दिया गया है। अब मैं शुद्ध हो गया हूँ।

दर्शन सम्पन्न–जो दर्शन सम्पन्न होता है, वह प्रायश्चित्त से होने वाली विशुद्धि पर श्रद्धा रखता है।

चारित्र सम्पन्न–जो चारित्र सम्पन्न होता है वह जानता है कि बिना सम्यग् आलोचना किए विशोधि नहीं होती।

---

१. भआ. ४३०।

२. व्यभा. ५२०, भ. २५/५५४ : अट्ठहिं ठाणेहिं संपन्ने अणगारे अरिहति आलोयणं पडिच्छित्तए, तं जहा–आयारवं, आधारवं, ववहारवं, उव्वीलए, पकुव्वए अपरिस्सावी, निज्जवए, अवायदंसी।

३. ठाणं ८/१८।

४. भआ. ४१९-५२८।

५. ठाणं १०/७२।

६. व्यभा. २३७८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्षान्त–जो क्षान्त–क्षमाशील होता है, वह गुरु आदि के कठोर प्रायश्चित्त को भी सम्यक् मानता है।

दान्त–जो दान्त होता है, वह प्रायश्चित्त रूप में प्राप्त तपस्या का सम्यग् निर्वहन करता है।

अमायी–जो अमायी होता है, वह कुछ भी छुपाए बिना आलोचना करता है।

अपश्चात्तापी–जो अपश्चात्तापी होता है, वह यह कभी नहीं सोचता कि मैंने अभी आलोचना करके उचित कार्य नहीं किया। मैं प्रायश्चित्त को कैसे वहन करूंगा? वह मानता है–मैं कृत-पुण्य हूं कि मैंने दोषों का प्रायश्चित्त कर लिया।[१]

आलोचना का क्रम

प्रतिसेवना होने पर साधु को अपने गच्छ में आचार्य के पास आलोचना करनी चाहिए। उनके अभाव में क्रमशः उपाध्याय, प्रवर्त्तक, स्थविर, गणावच्छेदक के पास आलोचना करनी चाहिए। अपने गच्छ में इन पांचों के न होने पर अन्य सांभोजिक गण के पास जाना चाहिए। वहां भी आचार्य आदि के क्रम से आलोचना करने का क्रम निर्दिष्ट है। क्रम का उल्लंघन करने पर चार लघु मास के प्रायश्चित्त का विधान है।[२]

अन्य सांभोजिक गण के आचार्य आदि के अभाव में असांभोजिक संविग्न गण के आचार्य के पास आलोचना करनी चाहिए। उनकी अविद्यमानता में क्रमशः पार्श्वस्थ, गीतार्थ, सारूपिक,[३] पश्चात्कृत[४] गीतार्थ के पास आलोचना करनी चाहिए। पश्चात्कृत को इत्वरिक सामायिक व्रत देकर भी आलोचना की जा सकती है, जिससे उसकी वंदना या कृतिकर्म किया जा सके।

इन सबके अभाव में भरुकच्छ के कोरंटक[५] उद्यान या गुणशिल उद्यान में जाकर तेले के द्वारा देवता का आह्वान कर सम्यक्त्वी देवता के समक्ष आलोचना करनी चाहिए। यदि उस देवता के स्थान पर कोई दूसरा देवता उत्पन्न हो गया है तो उसको आह्वान करने पर वह देवता कहता है कि अभी महाविदेह में तीर्थंकर को पूछकर आता हूं। वह महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर से पूछकर साधु को प्रायश्चित्त देता है। उन देवताओं के अभाव में तीर्थंकर प्रतिमा के समक्ष स्वयं आलोचना करके स्वयं ही प्रायश्चित्त ग्रहण कर ले। अथवा पूर्व दिशा की ओर अभिमुख होकर अर्हत् एवं सिद्ध की साक्षी से अपनी प्रतिसेवना की आलोचना कर स्वयं ही प्रायश्चित्त ग्रहण करे।[६]

आलोचना करने की विधि

आलोचक सर्वप्रथम अपने नए वस्त्रों से अथवा नए प्रातिहारिक वस्त्रों से निषद्या तैयार करे। उस पर आचार्य पूर्वाभिमुख होकर बैठें। आलोचक दक्षिण या उत्तराभिमुख होकर खड़ा रहे। यदि आचार्य उत्तराभिमुख विराजित हों तो आलोचक वामपार्श्व में पूर्वाभिमुख होकर खड़ा रहे। यदि आलोचना-प्रदाता तीर्थंकर आदि विशिष्ट व्यक्तियों के विहरण की दिशा के अभिमुख बैठे हों तो आलोचक द्वादशावर्त्त वंदनक देकर, हाथ जोड़कर खड़ा रहे अथवा उत्कटुक आसन में बैठे और आलोचना करे। यदि उसकी प्रतिसेवना अति विस्तृत हो और वह लम्बे समय तक उत्कटुक आसन में बैठने में असमर्थ हो अथवा वह अर्श रोग से आक्रान्त हो तो वह गुरु को निवेदन कर निषद्या पर, औपग्रहिक पादप्रोंछन पर अथवा यथायोग्य आसन पर बैठकर बद्धाञ्जलि होकर आलोचना करे।[७] जैसे एक भोला बालक अपने माता-पिता के समक्ष ऋजुता से अच्छा-बुरा सब कुछ बता देता है वैसे ही आलोचक भी गुरु के समक्ष माया और अहंकार से शून्य होकर ऋजुभाव से अपनी सारी प्रतिसेवना छोटी या बड़ी स्पष्ट रूप से निवेदित कर दे।[८]

---

१. व्यभा. ५२१, ५२२, टी. प, १८-१६ ; ठाणं ८/१८, १०/७१; भ. २५/५५३।
२. व्यभा. ६६५।
३. जो संघ से बाहर निकलने पर भी मुनि वेश को नहीं छोड़ते, वे सारूपिक कहलाते हैं।
४. जो दीक्षित होकर पुनः उत्प्रव्रजित हो गए, वे पच्छाकड़ (पश्चात्कृत) कहलाते हैं।
५. कोरण्टक उद्यान का उल्लेख इसलिए किया है क्योंकि वहां तीर्थंकर मुनिसुव्रत स्वामी अनेक बार समवसृत हुए तथा अनेक साधु-साध्वियों को प्रायश्चित्त दिया। वहां स्थित सम्यक्त्वी देवता ने यह अनेक बार देखा है अतः उसको आह्वान कर आलोचना का निर्देश है।
६. व्यभा. ६७५, ६७६।
७. व्यभा. ३१५।
८. व्यभा. ४२६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आलोचना के दोष

आकम्प्य–आलोचनाचार्य की वैयावृत्त्य करके उनकी कृपा प्राप्त कर आलोचना करना।

अनुमान्य–'ये आचार्य मृदुदंड देंगे', ऐसा सोचकर उनके पास आलोचना करना। निशीथ चूर्णि में इसका अर्थ 'मैं दुर्बल हूं अतः मुझे कम प्रायश्चित्त दें' ऐसा अनुनय कर आलोचना करना किया है।[1]

यद्दृष्ट–उसी दोष की आलोचना करना, जो दूसरों के द्वारा या आचार्य के द्वारा दृष्ट या ज्ञात है।

बादर–अवज्ञा के भय से केवल स्थूल दोषों की आलोचना करना, सूक्ष्म दोषों को छुपाना।

सूक्ष्म–केवल सूक्ष्म दोष की आलोचना करना, स्थूल की नहीं।

छन्न–प्रच्छन्नरूप से आलोचना करना अथवा मंद शब्दों में आलोचना करना, जिससे गुरु स्पष्ट न सुन सकें।

शब्दाकुल–जोर-जोर से बोलकर आलोचना करना, जिससे कि अगीतार्थ मुनि भी उसे सुन सके।

बहुजन–इसके तीन अर्थ मिलते हैं–

(१) अनेक लोगों के बीच आलोचना करना।

(२) जहां आलोचना करने वाले अधिक हों, वहां आलोचना करना।

(३) एक के आगे आलोचना कर फिर दूसरे के पास भी आलोचना करना।

अव्यक्त–अगीतार्थ के पास आलोचना करना।

तत्सेवी–उसी गुरु के पास आलोचना करना, जो उस दोष का सेवन कर चुका है अथवा सेवन करता है। इससे शिष्य सोचता है कि गुरु स्वयं उस दोष का प्रतिसेवी है इसलिए मुझे अल्प प्रायश्चित्त देंगे।[2] षट्प्राभृत में तत्सेवी का अर्थ–जिस दोष का प्रकाशन किया है उसका पुनः सेवन करना किया है।[3] तत्त्वार्थवार्तिक में आलोचना के दस दोषों में कुछ अंतर मिलता है।[4]

आलोचना का काल

दोनों पक्षों की अष्टमी, नवमी, षष्ठी, चतुर्थी एवं द्वादशी–ये अप्रशस्त तिथियां हैं।[5] इसके अतिरिक्त कुछ नक्षत्र भी आलोचना आदि के लिए अप्रशस्त माने गए हैं। सन्ध्यागत (चौदहवां-पन्द्रहवां) नक्षत्र में आलोचना करने पर कलह का उद्भव होता है। विलंबी नक्षत्र (सूर्य द्वारा परिभुक्त होकर त्यक्त) में कुभोजन की प्राप्ति, विड्डारिक नक्षत्र में शत्रु की विजय, रविगत नक्षत्र में अशांति, संग्रह (क्रूर ग्रह से आक्रान्त) नक्षत्र में संग्राम का उद्भव, राहुहत (सूर्य एवं चन्द्रग्रहण) नक्षत्र में मृत्यु तथा ग्रहभिन्न (जिसके मध्य से ग्रह चला गया) नक्षत्र में रक्तवमन होता है। अतः ये सात नक्षत्र आलोचना के योग्य नहीं हैं।[6]

अप्रशस्त तिथियों के अतिरिक्त सभी तिथियां प्रशस्त हैं। व्यतिपात आदि दोष वर्जित दिवस तथा प्रशस्त मुहूर्त्त एवं करण में आलोचना करनी चाहिए। आलोचक को उच्चस्थानगत ग्रहों में अथवा बुध, शुक्र, बृहस्पति, चन्द्र आदि सौम्य ग्रहों में, इन ग्रहों से सम्बन्धित राशियों में तथा इन ग्रहों के द्वारा अवलोकित लग्नों में आलोचना करनी चाहिए।[7]

आलोचना का स्थान एवं दिशा

आलोचना करने में स्थान एवं दिशा आदि का विवेक भी आवश्यक है। अप्रशस्त स्थान अर्थात् भग्नगृह अथवा रुद्रदेव का मंदिर,[8] अमनोज्ञ तिल, माष, कोद्रव आदि धान्यों के ढेर के निकट तथा अमनोज्ञ वृक्ष, जैसे–निष्पत्रक करीर, बदरी, बबूल, दवदग्ध

१. निचू ४ पृ. ३६३।
२. व्यभा. ५२३ ; भ. २५/५५२ : आकंपइत्ता अणुमाणइत्ता, जं दिट्ठं बादरं च सुहुमं वा।
छन्नं सद्दाउलयं, बहुजणअव्वत्त तस्सेवी॥ भआ. ५६४-६०८
३. षट्प्राभृत १८/ श्रुतसागरीय वृत्ति पृ. ९
४. तत्त्वार्थवार्तिक ९/२२ पृ. ६२०
५. व्यभा. ३०९।
६. व्यभा. ३१०, ३११।
७. व्यभा. ३१४।
८. व्यभा. ३०६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृक्ष, क्षार एवं कटुरस वाले वृक्षों के नीचे आलोचना नहीं करनी चाहिए।[1] ऊसरभूमि, भृगुप्रपात, दग्धस्थल, विद्युत् आदि द्वारा प्रहत स्थल—ये सारे अप्रशस्त स्थान हैं। तांबा, त्रपु, शीशक के ढेर भी आलोचना के लिए वर्जनीय माने गए हैं।[2] शून्यगृह, अरण्य, प्रच्छन्नस्थान, उपाश्रय के भीतर या मध्य का स्थान, ध्रुवकर्मिकों के काम का स्थान आलोचना के लिए अयुक्त है।[3]

शालि आदि प्रशस्त धान्यों का ढेर तथा मणि, स्वर्ण, मौक्तिक, वज्र, वैडूर्य, पद्मराग आदि का ढेर आलोचना के लिए प्रशस्त है। इक्षुवन, फलित-पुष्पित आराम, शालिवन, चैत्यगृह, अखंडगृह, प्रतिध्वनित होने वाला स्थान, प्रदक्षिणा आवर्तोदक वाली नदी या कमल-सरोवर आदि आलोचना के प्रशस्त क्षेत्र हैं।[4]

आलोचना के लिए तीन दिशाएं प्रशस्त मानी गई हैं—पूर्व, उत्तर अथवा वे दिशाएं जिनमें अर्हत्-केवली, मनःपर्यवज्ञानी, चतुर्दशपूर्वी, त्रयोदशपूर्वी, द्वादशपूर्वी एकादशपूर्वी, दशपूर्वी, नवपूर्वी तथा युगप्रधान आचार्य विचरण कर रहे हों।[5]

आलोचना विशोधि का सशक्त उपक्रम है। आलोचना तब ही ठीक हो सकती है, जब आलोचक स्वस्थचित्त होता है। जब व्यक्ति अन्यमनस्क होता है या चित्त में संतुलन नहीं होता तब वह अनर्गल प्रलाप करता है तथा अपने दोषों का उचित रूप से उद्भावन नहीं कर सकता।

चित्त की अवस्थाएं

चित्त की अनेक अवस्थाएं हैं। भगवान् महावीर ने कहा—**'अणेगचित्ते खलु अयं पुरिसे'**—यह पुरुष अनेक चित्तवाला होता है।[6] चित्त की मुख्य दो अवस्थाएं हैं—समाधिस्थ एवं असमाधिस्थ अर्थात् स्वस्थ चित्त एवं अस्वस्थ चित्त। मनोविज्ञान की भाषा में इसे सामान्य एवं असामान्य चित्त कहा जा सकता है।

भाष्यकार ने अस्वस्थ चित्त की तीन अवस्थाओं का वर्णन किया है—

१. क्षिप्तचित्त, २. दृप्तचित्त, ३. उन्मत्तचित्त

क्षिप्तचित्त

क्षिप्तचित्त का अर्थ है—चित्त-विप्लव, चित्त की रुग्णता। भाष्यकार के अनुसार निम्न कारणों से व्यक्ति क्षिप्त होता है—अनुराग, भय और अपमान।[7]

१. अनुराग—किसी प्रिय व्यक्ति का अनिष्ट या मरण जानकर विक्षिप्त होना, जैसे—पति का अकस्मात् मरण सुनकर भार्या का क्षिप्तचित्त होना।[8]

२. भय—विक्षिप्तता का एक बहुत बड़ा कारण भय है। भाष्यकार ने भय के अनेक कारणों का उल्लेख किया है। सिंह, मदोन्मत्त हाथी, शस्त्र आदि देखकर भयभीत हो जाना, मेघ-गर्जन, बिजली का कड़कना आदि भयंकर आवाज सुनकर भयभीत होना, आग आदि को देखकर भयाक्रान्त होना आदि।[9]

आधुनिक मनोवैज्ञानिकों ने इन्हें असंगत भय माना है। उन्होंने भय से होने वाले मानसिक रोगों की एक लम्बी सूची प्रस्तुत की है, जिसे फोबिया कहते हैं। उनके अनुसार भय के कुछ कारण ये हैं—ऊंचे स्थान का भय, खुले स्थान का भय, पीड़ा से भय, तूफान, बिजली एवं गर्जन से भय, बंद स्थानों से भय, स्त्रियों से भय, रक्त से भय, जल से भय, कीटाणुओं से भय, अकेलेपन से भय, शव का भय, अंधेरे से भय, भीड़ से भय, रोग से भय, अग्नि से भय, भोजन से भय, जानवरों से भय, रोग-संक्रमण से भय।[10]

---

१. व्यभा. ३०७, भआ. ५५७।
२. व्यभा. ३०८।
३. व्यभा. २३६९, २३७०।
४. व्यभा. ३१३।
५. व्यभा. ३१४ ; भआ तु. ५६२।
६. आयारो ३/४२।
७. व्यभा. १०७८, १०७९।
८. व्यभा. १०८०-८५।
९. व्यभा. १०८६।
१०. आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान पृ. २५३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भय से क्षिप्त होने में भाष्यकार ने सोमिल ब्राह्मण का उदाहरण दिया है। गजसुकुमाल कृष्ण के लघुभ्राता थे। उन्होंने प्रव्रज्या के प्रथम दिन ही एकरात्रिकी श्मशान प्रतिमा स्वीकार की। सोमिल ब्राह्मण वहाँ गया, उसने अपने जामाता को मुनि वेष में देखा। उसका मन प्रतिशोध से भर गया। वह गजसुकुमाल की मृत्यु का कारण बना। गजसुकुमाल की मृत्यु के बाद कृष्ण के भय से सोमिल ब्राह्मण क्षिप्तचित्त हो गया।[१]

अपमान

अपमान या असम्मान क्षिप्तचित्तता का बहुत बड़ा कारण है। जैसे सारी सम्पत्ति छीन लेने पर नगरसेठ का विक्षिप्त होना। अथवा वाद-विवाद में पराजित होने पर व्यक्ति या मुनि का विक्षिप्त हो जाना।[२]

क्षिप्तचित्तता के निवारण के उपाय

अनुराग से उत्पन्न क्षिप्तचित्तता को मरण की अनिवार्यता और संसार की अस्थिरता का बोध कराने से दूर किया जा सकता है।

हिंस्र पशुओं को देखकर भयाक्रान्त होने पर आचार्य हस्तिपाल, सिंहपाल आदि को बुलाकर हाथी मंगाकर दूसरे छोटे मुनि को दिखाते हैं। वे डरते नहीं तब उनके उदाहरण से क्षिप्तचित्त मुनि के भय को दूर करते हैं।

यदि शस्त्र और अग्नि को देखकर क्षिप्तचित्त हुआ हो तो विद्या से शस्त्र और अग्नि का स्तंभन कर क्षिप्त मुनि के देखते-देखते उस शस्त्र और अग्नि को पैरों तले रौंद कर दिखाते हैं। अथवा हाथों को पानी से भिगोकर अग्नि का स्पर्श करके कहते हैं—कहाँ है अग्नि का भय?

यदि गर्जारव के भय से क्षिप्त हुआ हो तो स्थविर मुनि आकाश में शुष्क चर्म का विकर्षण-आकर्षण करते हैं और उससे गर्जारव के सदृश शब्द उत्पन्न कर उसे स्वस्थ करते हैं।

वाद में पराजित होने पर जो क्षिप्तचित्त हो जाता है, उसके समक्ष उस विजयी को लाकर कहते हैं—अरे! वास्तव में जीत तुम्हारी हुई थी। लोगों ने उसे समझा नहीं। देख, यह स्वयं अपनी पराजय स्वीकार करता है। शिष्य इस प्रतिकार को सही मानकर स्वयं स्वस्थ हो जाता है।

ये उदाहरण क्षिप्तचित्त को स्वस्थ करने के मनोवैज्ञानिक कारणों पर आधारित हैं। आज का मनोविज्ञान भी इन कारणों का प्रयोग करता है।[३]

इसके अतिरिक्त वायु के क्षुभित होने पर तथा दैविक उपद्रव से भी व्यक्ति क्षिप्त हो जाता है। वायु रोग से उत्पन्न विक्षिप्तता स्निग्ध-मधुर भोजन एवं करीष की शय्या का प्रयोग करने से दूर की जा सकती है। तथा दैविक उपद्रव दूर करने के लिए देवता के कायोत्सर्ग का विधान है।[४]

दृप्तचित्त

क्षिप्तचित्त व्यक्ति मौन रूप से अपने पागलपन को प्रकट करता है लेकिन दृप्तचित्त व्यक्ति असंबद्ध प्रलाप करता रहता है।[५] यही दोनों में भेद है। क्षिप्तचित्तता का कारण अपमान या असम्मान है। लेकिन दृप्तचित्तता का कारण अत्यधिक सम्मान या लाभ प्राप्त करना है।[६] जैसे ईंधन से अग्नि उद्दीप्त होती है वैसे ही अत्यधिक हर्ष आदि की स्थिति में व्यक्ति उद्दीप्त हो

---

१. व्यभा. १०७९
२. व्यभा. १०७९।
३. व्यभा. १०८७-१११६ टी. प. २९-३४।
४. व्यभा. १०९८ टी. प. ३१, ३२।
५. व्यभा. ११२३: जो होइ दित्तचित्तो सो पलवतिऽणिच्छियव्वाइं।
६. व्यभा. ११२४ टी. प. ३६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाता है।[1] दृप्तचित्त के प्रसंग में भाष्यकार ने राजा शातवाहन का उदाहरण प्रस्तुत किया है। शातवाहन खुशी के अनेक समाचारों को सुनकर दृप्त हो जाता है। वह अनर्गल प्रलाप एवं असंबद्ध क्रिया करने लगता है।[2]

उन्मत्त चित्त

जिस स्थिति में व्यक्ति दिग्मूढ़ हो जाता है, वह उन्मत्त चित्त कहलाता है। वह आत्मसंचेतक होता है अर्थात् अपना दुःख स्वयं ही उत्पन्न करता है।[3] दो कारणों से व्यक्ति उन्मत्त बनता है—यक्ष के आवेश से तथा मोहनीय कर्म के उदय से। इसके अतिरिक्त पित्त के उद्रेक एवं वायुक्षोभ से भी व्यक्ति उन्मत्त बन जाता है।[4]

भाष्यकार ने मोह से उत्पन्न उन्मत्तता को दूर करने के विविध उपायों का निर्देश किया है।[5]

यदि वायु से उत्पन्न उन्मत्तता है तो तैल-मालिश, घृत-पान आदि उपायों द्वारा चिकित्सा की जा सकती है। यदि पित्त की प्रबलता से उन्मत्तता हुई है तो दूध में मिश्री आदि मिलाकर पिलाने से चिकित्सा की जा सकती है।[6]

विधायक चिन्तन से व्यक्ति का मनोबल वृद्धिंगत हो जाता है और निषेधात्मक चिन्तन से भय के साथ निराशा भी बढ़ जाती है तथा मनोबल टूट जाता है। इसलिए भय-निवारण में विधायक चिंतन और उचित आश्वासन का बहुत बड़ा महत्त्व है। इस संदर्भ में भाष्यकार द्वारा उल्लिखित निम्न दृष्टान्त बहुत महत्त्वपूर्ण हैं--कोई व्यक्ति कुएं में गिर गया। वह इस बात से भयभीत हो गया कि मैं इस कुएं से बाहर कैसे निकलूंगा? तब यदि कुएं के तट पर खड़े व्यक्ति आश्वासन देते हैं कि तुम डरो मत, हम तुम्हें निकाल देंगे। देखो, हम रस्सी भी लाए हैं। इस प्रकार आश्वासन मिलने पर वह निर्भय हो जाता है और स्थिरता से विघ्न का पार पा जाता है। इसके विपरीत यदि कोई कहे—देखो, यह बेचारा कुएं में गिरा है। यह मर जाएगा, इसको कौन बाहर निकालेगा? तब वह निराश होकर अशक्त हो जाता है और अकारण ही भयाक्रान्त होकर मर जाता है।[7] कोई व्यक्ति नदी के स्रोत में बहने लगा। मरने के डर से वह भयभीत हो गया। तट पर खड़े व्यक्ति यदि आश्वासन देते हैं तो वह नदी को पार कर लेता है, अन्यथा वह निराश होकर भय से मर जाता है।[8]

इस प्रकार उन्मत्तता, क्षिप्तता आदि अवस्थाओं से आक्रान्त व्यक्ति असाधारण या असामान्य चित्त वाला हो जाता है। भाष्य में इन अवस्थाओं का सुंदर विश्लेषण हुआ है। भाष्यकार ने मनोवैज्ञानिक के रूप में चित्त की इन असामान्य या असाधारण अवस्थाओं के कारण एवं निवारण का सटीक वर्णन प्रस्तुत किया है।

मनोरचना में क्षेत्र का प्रभाव

क्षेत्र भी व्यक्ति के चरित्र एवं उसकी मनोरचना को प्रभावित करता है। भाष्यकार ने क्षेत्र के आधार पर मनोरचना के सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

मगध देशवासी इंगित और आकार से, कौशल देशवासी केवल देखने मात्र से तथा पांचाल देशवासी आधा कहने से पूरे अभिप्राय को जान जाते हैं। दक्षिणवासी बिना कहे कुछ नहीं जानते, साक्षात् कहने पर ही जान पाते हैं क्योंकि वे जड़प्रज्ञ होते हैं।[9] आंध्र प्रदेशवासी अक्रूर अभिप्राय वाले, महाराष्ट्री अवाचाल तथा कौशलदेशवासी बहुदोषी एवं पापी होते हैं।[10]

---

१. व्यभा. ११२४, ११२५।
२. व्यभा. ११२६-३१; देखें परिशिष्ट नं. ८, कथा सं. ५६।
३. व्यभा. ११५३ टी. प. ४२।
४. व्यभा. ११४७ टी. प. ४०,४१।
५. व्यभा. ११४८-५१।
६. व्यभा. ११५२।
७. व्यभा. ५४६, टी. प. २९।
८. व्यभा. ५४६, टी. प. ३०।
९. व्यभा. ४०२० : मागहा इंगितेणं तु, पेहिएण य कोसला। अद्धुत्तेण उ पंचाला, नाणुत्तं दक्खिणावहा॥
१०. व्यभा. २९५९ : अंधं अकूरमययं, अवि या मरहट्ठयं अवोकिल्लं। कोसलयं च अपावं, सतेसु एक्कं न पेच्छामो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावधारा और आराधना

जैन दर्शन में चारित्राराधना भावों की विशुद्धि पर आधारित है। अप्रमत्त अवस्था में यदि जीवहिंसा हो जाए तो द्रव्यहिंसा ही है। प्रमत्त अवस्था में जीवहिंसा न होने पर भी हिंसा का दोष लगता है। आलोचना के संदर्भ में निम्न प्रसंग पठनीय है—कोई व्यक्ति मैं आलोचना करूंगा इस चिन्तन से आलोचनार्ह के पास प्रस्थित हुआ लेकिन यदि बीच में ही वह कालगत हो गया अथवा आलोचनार्ह कालगत हो गया अथवा आलोचनार्ह के पास पहुंचकर रोग से आक्रान्त होकर वह बोलने में समर्थ नहीं रहा अथवा आलोचनार्ह रोगाक्रान्त हो गया तो वह आलोचना न करने पर भी आराधक है क्योंकि उसकी परिणामधारा विशुद्ध है, वह आलोचना करना चाहता है।[१]

प्रतिमाएं

जैन आगमों में साधना की अनेक पद्धतियों का वर्णन है, उनमें प्रतिमा का विशिष्ट स्थान है। प्रतिमा का अर्थ है—साधना का विशेष संकल्प या अभिग्रह।[२] दूसरे शब्दों में साधना की विशेष पद्धति को प्रतिमा कहा जाता है। जैन परम्परा में बहुविध प्रतिमाओं का वर्णन है। साधु एवं श्रावकों के लिए भी अलग-अलग प्रतिमाओं का उल्लेख है।[३] भगवान् महावीर ने साधनाकाल में अनेक प्रतिमाओं का अभ्यास किया था। ठाणं में अनेक प्रतिमाओं का वर्णन है।[४] प्रस्तुत ग्रंथ में तीन प्रतिमाओं का विस्तार से वर्णन है—

१. मोकप्रतिमा।
२. यवमध्यचन्द्रप्रतिमा
३. वज्रमध्यचन्द्रप्रतिमा।

मोक प्रतिमा—

मोक का अर्थ है—प्रस्रवण। यह प्रस्रवण पर आधारित है अतः इसका नाम मोकप्रतिमा हो गया। निरुक्त के आधार पर इसका अर्थ करते हुए ग्रंथकार कहते हैं जो साधु को पापकर्मों से मुक्त करती है, वह मोकप्रतिमा है।[५] भाष्यकार ने द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं भाव से इस प्रतिमा की व्याख्या की है।

द्रव्यतः—प्रस्रवण पीना।

क्षेत्रतः—गांव आदि के बाहर रहना।

कालतः—प्रथम निदाघकाल में अथवा अंतिम निदाघकाल में।[६] अभयदेव सूरि ने कालतः शरद् एवं निदाघ—दोनों कालों का उल्लेख किया है।[७]

भावतः—स्वाभाविक प्रस्रवण ग्रहण करना। प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि कृमियुक्त या शुक्रयुक्त प्रस्रवण नहीं पीता।[८] मधुमेह के रोगी का प्रस्रवण भी दोषयुक्त होने के कारण नहीं पीया जाता।[९] स्थानांग वृत्ति में भावतः की व्याख्या देव आदि के उपसर्ग को सहन करना किया है।[१०]

इस प्रतिमा में सात दिन का उपवास किया जाता है। उपवास-काल में प्रस्रवण-पान का प्रयोग किया जाता है। प्रतिमा पालन के बाद आहार-ग्रहण की विधि इस प्रकार है[११]—

---

१. व्यभा. ४०५२, ४०५३ ; भआ. ४०५-४०८।
२. स्थाटी. प. १८४ : प्रतिमा—प्रतिज्ञा अभिग्रहः।
३. विस्तार के लिए देखें दशाश्रुतस्कंध की छठी एवं सातवीं दशा।
४. ठाणं २/२४३-४८।
५. व्यभा. ३७६० : साधुं मोयंति पावकम्मेहिं, एएण मोयपडिमा।
६. व्यभा. ३८०९।
७. स्थाटी. प. ६१ : कालतः शरदि निदाघे वा प्रतिपद्यते।
८. व्यभा. ३७६५, ३७६६।
९. व्यभा. ३७६७।
१०. स्थाटी. प. ६१ : भावतस्तु दिव्याद्युपसर्गसहनमिति।
११. व्यभा. ३८०३-३८०६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

- प्रथम सप्ताह में गर्म पानी के साथ चावल।
- दूसरे सप्ताह में यूप–मांड।
- तीसरे सप्ताह में तीन भाग उष्ण पानी तथा थोड़े मधुर दही के साथ चावल।
- चतुर्थ सप्ताह में दो भाग उष्णोदक तथा दो भाग मधुर दही के साथ चावल।
- पांचवें सप्ताह में अर्द्ध उष्णोदक और अर्द्ध मधुर दही के साथ चावल।
- छठे सप्ताह में त्रिभाग उष्णोदक और दो भाग मधुर दही के साथ चावल।
- सातवें सप्ताह में मधुर दही में थोड़ा-सा उष्णोदक मिलाकर उसके साथ चावल।
- आठवें सप्ताह में मधुर दही अथवा अन्य जूषों के साथ चावल।

सात सप्ताह तक रोग के प्रतिकूल न हो, वैसा भोजन दही के साथ किया जाता है।

प्रतिमा से होने वाले तीन लाभों की चर्चा भाष्यकार ने की है–

- सिद्धि की प्राप्ति।
- महर्द्धिक देवत्व की प्राप्ति।
- रोगमुक्ति एवं शरीर का कनकवर्ण होना।[1]

इस प्रतिमा को बलशाली व्यक्ति ही ग्रहण कर सकता है। प्रथम तीन संहनन वाले व्यक्ति इस प्रतिमा के धारक होते हैं। अंतिम तीन संहनन वाले मुनि यदि इस प्रतिमा को धारण करते हैं तो उनकी धृति वज्रकुड्य के समान होनी चाहिए।[2]

यवमध्यचंद्रप्रतिमा

यव आदि और अंत में तनु एवं मध्य में स्थूल होता है। वज्र आदि और अंत में स्थूल और मध्य में तनुक होता है। इन आकारों के माध्यम से चन्द्रमा को प्रतीक बनाकर तपस्या का निर्देश है इसलिए ये यवमध्यचंद्रप्रतिमा एवं वज्रमध्यचंद्रप्रतिमा कहलाती हैं।[3]

यवमध्यचन्द्रप्रतिमा मास के शुक्ल पक्ष से प्रारम्भ की जाती है। जैसे शुक्लपक्ष में चन्द्रमा की कला प्रतिपदा से एक-एक बढ़ती जाती है और पूर्णिमा को पन्द्रह कलाएं पूर्ण हो जाती हैं वैसे ही यवमध्यचन्द्रप्रतिमाप्रतिपन्न मुनि प्रतिपदा को एक दत्ती ग्रहण करता है और प्रतिदिन एक-एक दत्ती बढ़ाता हुआ पूर्णिमा को पन्द्रह दत्तियां ग्रहण करता है। कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को चंद्रमा की चौदह कलाएं दृग्गोचर होती हैं वैसे ही प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को चौदह दत्तियां लेता है और प्रतिदिन एक-एक दत्ती कम करते-करते अमावस्या को उपवास करता है। यवमध्यचंद्रप्रतिमा मास के आदि में तनु, मध्य में पूर्ण तथा अंत में पुनः तनु हो जाती है। इस प्रकार यह आदि-अंत में तनुक एवं मध्य में स्थूल होती है।[4]

वज्रमध्यचन्द्रप्रतिमा

वज्रमध्यचन्द्रप्रतिमा मास के कृष्णपक्ष में प्रारम्भ की जाती है। प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को चौदह दत्तियां ग्रहण करता है और प्रतिदिन एक-एक दत्ती घटाता हुआ अमावस्या को उपवास करता है। शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को एक दत्ती से प्रारम्भ कर प्रतिदिन एक-एक दत्ती बढ़ाता जाता है और पूर्णिमा को पन्द्रह दत्तियां ग्रहण करता है। यह प्रतिमा मास के आदि-अंत में पृथुल और मध्य में तनुक होती है। वज्र का यही आकार होता है।[5]

प्रतिमा प्रतिपन्न की योग्यता

वज्रऋषभनाराच, नाराच एवं अर्द्धनाराच–इन तीनों में से एक संहनन वाला मुनि इन प्रतिमाओं को स्वीकार कर सकता है। उसका जन्म पर्याय जघन्यतः उनतीस वर्ष, उत्कृष्टतः कुछ कम पूर्व कोटि वर्ष का होना चाहिए। सूत्र और अर्थ की दृष्टि से वह

---

१. व्यभा ३८०२।
२. व्यभा ३८०६ टी. प. १७।
३. व्यभा ३८३३।
४. व्यभा ३८३४।
५. व्यभा ३८३३, ३८३४ टी. प. २।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नौवें पूर्व की तीसरी आचार वस्तु का और उत्कृष्टतः कुछ कम दस पूर्वों का ज्ञाता होना चाहिए। जो मुनि संहनन और पर्याय के साथ सूत्र और अर्थ में बलीयान् होता है, वह इन प्रतिमाओं को स्वीकार कर सकता है। प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि पांच व्यवहारों का ज्ञाता होना आवश्यक है।[1]

प्रतिमाओं को स्वीकार करने वाला व्युत्सृष्टकाय एवं त्यक्तदेह होता है। व्युत्सृष्टकाय का अर्थ है—रोगातंक उत्पन्न होने पर भी शरीर का प्रतिकर्म नहीं करना। त्यक्तदेह का अर्थ है—किसी के द्वारा बांधने, मारने, पीटने एवं रोधन करने पर भी उसका निवारण नहीं करना। प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि दैविक, मानुषिक, तिर्यञ्च सम्बंधी—तीनों परीषहों को समभावपूर्वक सहन करता है।[2]

प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि अज्ञातोञ्छ ग्रहण करता है तथा वह भी एक ही व्यक्ति द्वारा दिया हुआ। यदि दो-तीन व्यक्ति भिक्षा दें तो वह ग्रहण नहीं करता। वह श्रमणों, भिक्षाचरों तथा द्विपद-चतुष्पदों को लांघकर भिक्षा के लिए नहीं जाता। वे जब अपना प्रयोजन सिद्ध कर चले जाते हैं तब प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि भिक्षा के लिए निकलते हैं। जिस क्षेत्र में तीन भिक्षाकाल हों, वहां वह मुनि श्रमणों से पूर्व अथवा श्रमणों के पश्चात् भिक्षा के लिए निकलते हैं। जहां दो भिक्षाकाल हों वहां श्रमणों के चले जाने पर भिक्षा करते हैं।[3] प्रतिमाप्रतिपन्न मुनि गर्भवती स्त्रियों तथा जिनका शिशु अभी स्तनपान कर रहा हो, उससे भिक्षा नहीं लेते।[4]

ऐतिहासिक तथ्य

इतिहास अतीत को वर्तमान में प्रस्तुत करता है। इससे प्राचीन और अर्वाचीन परम्परा को समझने का अवसर भी प्राप्त होता है। इतिहास से यह अवबोध सुस्पष्ट हो जाता है कि द्रव्य, क्षेत्र और काल के आधार पर कब-कैसे परिवर्तन होते हैं? ऐतिहासिक तथ्य वर्तमान के लिए तो प्रेरक होते ही हैं साथ ही भविष्य के लिए भी नयी प्रेरणा देते हैं। प्रस्तुत भाष्य में अनेक ऐतिहासिक तथ्यों की प्रस्तुति हुई है। ग्रंथ में वर्णित ऐतिहासिक तथ्य धर्म, राजनीति, समाज आदि से सम्बन्धित हैं। इन तथ्यों के आलोक में कुछ ऐतिहासिक तथ्यों का केवल संकेतमात्र किया जा रहा है—

- प्रथम तीर्थंकर के समय में उत्कृष्ट तप एक वर्ष का, मध्य के बावीस तीर्थंकरों के समय में उत्कृष्ट आठ मास का तथा अंतिम तीर्थंकर के समय में उत्कृष्ट छह मास का तप होता है (गा. १४४)।
- चतुर्दशपूर्वी के साथ प्रथम संहनन का विच्छेद हो गया (गा. ५५६)।
- चाणक्य द्वारा नंदवंश का समूल नाश हुआ (गा. ७१६)।
- कोंकण देश के स्थानक नगर में सोने की खान थी। (गा. ६१५ टी. प. १२७)।
- भरुकच्छ में कोरंटक उद्यान में भगवान् सुव्रतस्वामी अनेक बार समवसृत हुए तथा अनेक साधुओं को प्रायश्चित्त दिया (गा. ६७५)।
- शातवाहन राजा की उन्मत्तता का वर्णन (गा. ११२६-३१)।
- आचार्य वज्र एवं रानी पद्मावती की घटना (गा. १४१४, १४१५)।
- तगरा नगरी के आठ व्यवहारी एवं आठ अव्यवहारी शिष्यों का वर्णन; व्यवहारी शिष्यों का नामोल्लेख (गा. १६६४)।
- मथुरा नगरी में क्षपक की घटना, जिसने देवता की सहायता से स्तूप पर श्वेत पताका फहरवा कर जैन धर्म की प्रभावना की (गा. २३३०, २३३१)।
- आर्यरक्षित अंतिम आगम व्यवहारी थे। उनके बाद साध्वियों को छेदसूत्र की वाचना बंद हो गई (गा. २३६५)।
- कपिल ब्राह्मण, महावीर एवं गौतम की घटना (गा. २६३८)।
- राजा शातवाहन और पटरानी पृथिवी की घटना (गा. २६४५-४७)।
- लोहार्य मुनि द्वारा भगवान् महावीर के लिए भिक्षा लाना (गा. २६७१)।

---

१. व्यभा. ३८३६।

२. व्यभा. ३८३७-४२।

३. व्यभा. ३८५२-६२।

४. व्यभा. ३८६३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

- आर्य समुद्र एवं आर्य मंगू का घटना प्रसंग[1] (गा. २६८९-९२)।
- आचार्य भद्रबाहु की महापान (महाप्राण) साधना (गा. २७०३)।
- मिथ्यात्व के प्रसंग में गोविंदाचार्य, जमाली, श्रावक, तच्चण्णिय एवं गोष्ठामाहिल का उल्लेख (गा. २७१३, २७१४)।
- आर्य महागिरि के पश्चात् संभोज की परम्परा नहीं रही। (गा. २६०८ टी. प. १४)
- आर्यरक्षित ने दशपुर नगर में इक्षुगृह नामक उद्यान में वर्षावास में एक अतिरिक्त मात्रक रखने की अनुज्ञा दी। (गा. ३६०५, ३६०६)।
- आर्यरक्षित के बाद तीसरे संहनन का विच्छेद हो गया (गा. ३७८० टी. प. १३)।
- केवली के विच्छेद होने के कुछ समय बाद चतुर्दशपूर्वी का विच्छेद हो गया (गा. ४१६५)।
- दुःप्रसभ आचार्य के बाद महावीर के तीर्थ की व्यवच्छित्ति (गा. ४१७४)।
- प्रथम संहनन एवं चतुर्दशपूर्वी का एक साथ विच्छेद होता है। उनके विच्छिन्न होने पर अनवस्थाप्य और पारांचित—इन दोनों अंतिम प्रायश्चित्तों का भी विच्छेद हो गया (गा. ४१८१)।
- तीर्थ की अवस्थिति महावीर-निर्वाण के २१ हजार वर्ष बाद तक रहेगी (गा. ४२१४)।
- चेटक एवं कोणिक के मध्य महाशिलाकंटक एवं रथमुसल युद्ध का उल्लेख (४३६३-६५)।
- प्रायोपगमन का विच्छेद चतुर्दशपूर्वी के साथ हो गया (गा. ४४०१)।
- कुम्भकारकृत नगर में सुव्रतस्वामी के शिष्य आचार्य स्कन्दक के शिष्यों को यंत्र में पीलने की घटना (४४१७)।
- सुबंधुमंत्री के द्वारा चाणक्य को कंडों के मध्य अग्नि में प्रज्वलित करने का उल्लेख (४४२०)।
- चिलातपुत्र एवं कालादवैश्य के प्रायोपगमन संथारे का उल्लेख (४४२२,४४२३)।
- जंबू के पश्चात् बारह अवस्थाओं के विच्छेद का उल्लेख (गा. ४५२६)।
- उज्जयिनी में शक के राजा बनने की घटना (४५५७-५६)।
- महावीर के शासन में १४ हजार प्रकीर्णक तथा शेष तीर्थंकरों के शासन में जितने प्रत्येकबुद्ध उतने प्रकीर्णक (गा. ४६७१)।

राज्य व्यवस्था के घटक तत्त्व

आचारप्रधान ग्रंथ होने पर भी भाष्य में राज्य एवं राजनीति सम्बंधी महत्त्वपूर्ण चर्चा प्राप्त होती है। यहां भाष्य में चर्चित कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने हेतु आधारभूत पांच व्यक्तियों की अनिवार्यता मानी गयी है—राजा, वैद्य, धनवान्, नैयतिक एवं रूपयक्ष।[2] कौटिल्य ने शासन-तंत्र के सात अंग स्वीकार किए हैं—१. स्वामी, २. अमात्य ३. राष्ट्र अथवा जनपद ४. दुर्ग, ५. कोश ६. दण्ड, ७. मित्र[3]।

भाष्य में उल्लिखित ये पांच व्यक्ति पांच क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधि पुरुष कहे जा सकते हैं। किसी भी देश की शासन-व्यवस्था को सुदृढ़, गतिशील एवं सुचारु रूप से चलाने में इन पांच तत्त्वों की आवश्यकता रहती है—

१. सुदृढ़ राजनीति।
२. सम्यक् चिकित्सा।
३. आर्थिक सुव्यवस्था।
४. जीविका की सुलभता।
५. न्याय एवं धर्मपरायणता।

---

१. तुलना निभा. १११६ चू. पृ १२५।
२. व्यभा. ६२४।
३. क. अर्थशास्त्र अ. ६/१: स्वाम्यमात्य-जनपद-दुर्ग-कोश-दण्डमित्राणि प्रकृतयः।
ख. मनुस्मृति ६/२६४: स्वाम्यमात्यौ पुरं राष्ट्रं, कोशदण्डौ सुहृत्तथा।
सप्तप्रकृतयो ह्येताः, सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजा, वैद्य आदि पांचों व्यक्ति राज्य की सुव्यवस्था के सशक्त घटक होते थे। समूचे जनपद की सुख-शांति इन्हीं पर निर्भर रहती थी।

राजा–

भारतीय राज्य व्यवस्था में राजा को सर्वोपरि स्थान प्राप्त था। वह देवता की भांति पूज्य होता था। प्रायः सभी प्राचीन ग्रंथों में राजा के कर्त्तव्य एवं उसके आदर्शों का वर्णन मिलता है।[१] राजा के सहयोगी के रूप में युवराज, महत्तरक, अमात्य और कुमार–इन चार व्यक्तियों का उल्लेख मिलता है। ये पांच तत्त्व जिस शासन व्यवस्था में होते, वह गुणयुक्त विशाल राज्य माना जाता था।[२]

भाष्य के अनुसार राजा अपने द्वारा अर्जित स्वाधीन ऐश्वर्य का भोग करने वाला, उद्वेग रहित, राज्य की किसी भी व्यवस्था की चिन्ता से मुक्त, राज्य-व्यवस्था के संचालन में निरपेक्ष होता था। वह पितृपक्ष एवं मातृपक्ष से शुद्ध, प्रजा से दसवां हिस्सा कर लेकर संतुष्ट होने वाला, लौकिक आचार-समस्त धर्म-दर्शनों एवं नीतिशास्त्र आदि का ज्ञाता तथा धर्म के प्रति अत्यधिक आस्था रखने वाला होता था।[३]

भाष्य-साहित्य में दो प्रकार के राजाओं का उल्लेख मिलता है--सापेक्ष एवं निरपेक्ष। सापेक्ष राजा अपने जीवन काल में ही योग्य उत्तराधिकारी को युवराज पद दे देता था, जिससे वह शासन व्यवस्था में निपुण हो जाए और लोगों की उसके प्रति आस्था जग जाए। जिस राजा के कालगत हो जाने पर सामंत या मंत्री उत्तराधिकारी का चुनाव करते, वह निरपेक्ष राजा कहलाता था।[४]

प्रकारान्तर से भाष्य में राजा के दो भेद और मिलते हैं–आत्माभिषिक्त एवं पराभिषिक्त। जो अपने पराक्रम से राज्य में राजा के रूप में अभिषिक्त होता, वह आत्माभिषिक्त कहलाता है–जैसे भरत चक्रवर्ती। जिनका अभिषेक दूसरों के द्वारा किया जाता है, वे पराभिषिक्त हैं, जैसे–भरत के पुत्र आदित्ययशा आदि।[५]

जो राजा चतुरंगिणी सेना, अनेक प्रकार के वाहन, समृद्ध भाण्डागार एवं औत्पत्तिकी आदि बुद्धि से युक्त होते वे सफल राजा कहलाते थे। बल, वाहन एवं धन आदि से हीन राजा राज्य की रक्षा नहीं कर सकता था।[६] राजाज्ञा का बहुत महत्त्व होता था। उसको भंग करने वाले को कड़ा दण्ड मिलता । कभी-कभी अपराधी को प्राणदण्ड भी दिया जाता था।[७]

राजा के पश्चात् दूसरा महत्त्वपूर्ण स्थान युवराज का था। युवराज प्रातःकाल अपने दैनिक कार्यों एवं धार्मिक अनुष्ठान से निवृत्त होकर राज्य सभा में आकर बैठता तथा राज्य की व्यवस्था को देखता था।[८]

राज्य का तीसरा महत्त्वपूर्ण अंग महत्तरक था। महत्तरक युवराज के साथ राज्य के कार्य में हाथ बंटाता था। वह गंभीर, मृदु, नीतिशास्त्र में कुशल तथा विनयसम्पन्न होता था।[९] इस शब्द की विस्तृत व्याख्या डा. मोहनचंद ने अपने शोधग्रन्थ में की है।[१०]

राज्य शासन की व्यवस्था चलाने में मंत्री का महत्त्वपूर्ण स्थान होता था। वह राजा के हर कार्य में सहयोगी रहता था। समय-समय पर राजा को परामर्श देने में भी उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती थी। कौटिल्य ने राजा को निर्देश दिया है कि उसे मंत्रिपरिषद् से परामर्श लेना चाहिए। कौटिल्य के अनुसार इंद्र को सहस्राक्ष इसीलिए कहा गया क्योंकि उसकी मंत्रिपरिषद् में १००० बुद्धिमान् पुरुष थे, जो उसके नेत्र रूप थे।[११] भाष्य के अनुसार पूरे जनपद एवं देश की चिन्ता मंत्री के जिम्मे होती थी। मंत्री का व्यवहारज्ञ एवं नीतिकुशल होना अनिवार्य था। व्यवहार कुशलता से वह हर विवाद को आसानी से निपटा देता था।[१२]

१. देखें--महाभारत शान्ति पर्व।
२. व्यभा. ९२६।
३. व्यभा. ९२७, ९२८।
४. व्यभा. १८९२-९५।
५. व्यभा. २४०८।
६. व्यभा. २४०९, २४१०।
७. व्यभा. ३१०३, ४२६२, ४२६३।
८. व्यभा. ९२९।
९. व्यभा. ९३०।
१०. जैन संस्कृत महाकाव्यों में भारतीय समाज पृ. १२६-३४।
११. अर्थशास्त्र १/१०/५ पृ. ४७ : इंद्रस्य हि मंत्रिपरिषदृषीणां सहस्रम्। तच्चक्षुः । तस्मादिदं द्व्यक्षं सहस्राक्षमाहुः
१२. व्यभा. ९३१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मंत्री के चातुर्य के प्रसंग में भाष्यकार ने एक कथा का उल्लेख किया है। राजा और पुरोहित दोनों अपनी पत्नियों के परवश थे। अपनी-अपनी स्त्रियों के कहने से राजा घोड़ा बना तथा पुरोहित ने अकाल में शिर का मुंडन करवाया। मंत्री को चारपुरुषों से यह बात ज्ञात हुई। उसने सोचा, यदि पड़ोसी राजाओं को यह बात ज्ञात होगी तो वे राजा के इस कृत्य पर हंसेंगे तथा राजा का पराभव करेंगे। राजा को स्त्रीपरवश जानकर राज्य पर भी अधिकार कर लेंगे। मंत्री राजा और पुरोहित के सामने वक्रोक्ति में बोला—'उस ग्राम और नगर को धिक्कार है, जहां पर स्त्री नायिका होती है। वे पुरुष भी धिक्कार के पात्र हैं, जो स्त्री के पराधीन हैं।[१] जिस गांव या नगर में स्त्री बलवान् है, वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है।' इस प्रकार अमात्य समय पर राजा को भी शिक्षा देता था।[२]

राजकुमार को युद्धविद्या सिखाई जाती थी। यह रणनीति में कुशल होता था। पड़ोसी या अनार्य राजा द्वारा उपद्रव किए जाने पर राजकुमार उनको उपशान्त करने में सक्षम होता था। जो दुर्दान्त शत्रु होते, उनमें अपनी शक्ति से क्षोभ उत्पन्न कर देता था। वह पूरे जनपद में तथा सभी दिशाओं में अपने पराक्रम एवं दमननीति के लिए प्रसिद्ध होता था।[३]

वैद्य

वैद्यशास्त्रों में निपुण वैद्य पूरे जनपद में सम्मानार्ह होते थे क्योंकि नागरिकों के आरोग्य के वे मुख्य संवाहक होते थे। माता-पिता द्वारा संक्रान्त अथवा आतंक या रोग से उत्पन्न दोष का समाधान वैद्य करते थे। वे सबमें शारीरिक समाधि पैदा करते थे।[४] युद्धस्थलों में भी वैद्यों को साथ ले जाया जाता था। कुशल वैद्य घायल सुभटों की चिकित्सा कर उनको दूसरे दिन युद्ध के लिए तैयार कर देते थे।

धनवान्

धनवान् एवं श्रेष्ठी लोग किसी भी देश की शोभा होते थे। उनके पास दादा-परदादा से संक्रान्त करोड़ों की सम्पदा तथा विपुल मात्रा में सोना, मणि-मुक्ता तथा विभिन्न रत्नों का भण्डार होता था। विपुल ऐश्वर्य से युक्त व्यक्ति ही धनवान् की कोटि में आते थे।[५]

नैयतिक

जो धान्य वितरण की व्यवस्था में नियुक्त होते थे, वे नैयतिक कहलाते थे। उनके पास सभी प्रकार के धान्यों का विपुल संग्रह होता था। स्थान-स्थान पर उनके धान्य कोठागार होते थे। धान्य के वितरण में उनकी प्रमुख भूमिका होती थी।[६]

रूपयक्ष

भारतीय राज्य व्यवस्था का यह वैशिष्ट्य रहा है कि यहाँ राजनीति धर्म से संपृक्त रही है। अशोक के शिलालेखों में धर्म-महामात्रों का उल्लेख इसी बात की ओर संकेत करता है। मलयगिरि ने रूपयक्ष का अर्थ धर्मपाठक किया है। अर्थात् जो मूर्तिमान् धर्म हो, वे रूपयक्ष कहलाते थे। रूपयक्ष को आज की भाषा में धर्माध्यक्ष (न्यायाधीश) कहा जा सकता है। ये भंभी, आसुरुक्ष आदि शास्त्रों के ज्ञाता होते थे। ये माढर के नीतिशास्त्र एवं कौटिल्य द्वारा प्रणीत दण्डनीति में प्रवीण होते थे। किसी भी परिस्थिति में रिश्वत ग्रहण कर न्याय करने के पक्षधर नहीं होते थे। यह मेरा है और यह पराया—ऐसा सोचकर किसी के साथ पक्षपात नहीं करते तथा निर्णय में सदा निष्पक्ष रहते थे।[७]

---

१. व्यभा· ९३२-३७।
२. व्यभा· ९४७ टी प. १३१ : राज्ञोऽपि यः शिक्षाप्रदानेऽधिकारी सोऽमात्यः।
३. व्यभा· ९४८।
४. व्यभा. ९४९।
५. व्यभा. ९५०।
६. व्यभा· ९५१।
७. व्यभा· ९५२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकारान्तर से भी राज्य में प्रमुख स्थान पर आसीन पांच व्यक्तियों के नामों का उल्लेख भाष्य में मिलता है[१]—राजा, युवराज, अमात्य, श्रेष्ठी,[२] पुरोहित।[३]

राज्य का उत्तराधिकारी

प्राचीन शासन पद्धति में राज्य का उत्तराधिकारी वंश परम्परा से होता था। राजा का ज्येष्ठ पुत्र ही राज्य का अधिकारी होता था। कौटिल्य के अनुसार राज्य का उत्तराधिकारी ज्येष्ठपुत्र को बनाने में हानि नहीं है पर वह अविनीत और उद्दण्ड नहीं होना चाहिए।[४] एक से अधिक पुत्र होने पर राजा परीक्षा करके योग्य पुत्र को युवराज पद देता था। वह राजकुमार के शौर्य, बुद्धिबल, व्यवहार कुशलता, करुणा आदि गुणों को देखकर राज्य का भार सौंपता था।

राजा द्वारा राजकुमार की शक्ति आदि गुणों की परीक्षा के अनेक उदाहरण भाष्य में मिलते हैं।[५] कभी-कभी राजा नैमित्तिकों से भी इस बारे में विमर्श किया करता था। जो राज्य में क्षेम (नीरोगता), शिव (कल्याण), सुभिक्ष एवं उपद्रवों का अभाव कर सके, उसे राजा अपना उत्तराधिकारी बनाता था। तथा जो डमर, मारि, दुर्भिक्ष एवं चोर आदि से जनता की रक्षा न कर सके, जो धन-धान्य एवं कोश की सुरक्षा न कर सके तथा जिसके कारण पड़ोसी राजा बलवान हो जाए ऐसे राजकुमार को युवराज पद नहीं दिया जाता था।[६]

यदि राजा निःसंतान होता और बिना युवराज पद की घोषणा किए ही कालगत हो जाता तो मंत्री एवं सामन्तगण द्वारा अधिवासित करके घोड़े या हाथी को नगर के तिराहे-चौराहे पर घुमाया जाता था। घोड़ा या हाथी जिस व्यक्ति को अपनी पीठ देता वही राजा घोषित कर दिया जाता था। इस क्रम में चोर का भी राज्याभिषेक हो जाता था। चोर मूलदेव का राजा बनना ऐसी ही एक घटना है।[७]

अंतःपुर

राजघराने में रानियों के अंतःपुर की भांति कन्याओं के अंतःपुर भी होते थे। अंतःपुर की रक्षा हेतु राजा बहुत सावधान रहता था। उनकी सुरक्षा का भार महत्तरिकाओं पर होता था। कन्या-अन्तःपुर में यौवन प्राप्त कन्याएं अधिक रहती थीं। कन्याएं गवाक्ष में बैठकर यदा-कदा अन्यान्य व्यक्तियों के साथ आलाप-संलाप करती थीं। यदि महत्तरिका इस ओर ध्यान नहीं देती या कड़ा अनुशासन नहीं करती तो कन्याएं भाग जाती थीं। लेकिन कुछ महत्तरिकाएं कन्याओं पर पूरा अनुशासन रखती थीं, जिससे वे दुःशील नहीं बन पाती थीं।[८] अंतःपुर में हर किसी का प्रवेश वर्जित था। राजा का विश्वासपात्र व्यक्ति ही अंतःपुर में प्रवेश कर सकता था।

सेठ लोग यदि परदेश जाते तो वे अपनी वयःप्राप्त कन्याओं को राजा के कन्या-अन्तःपुर में रखकर चले जाते, जिससे उनकी सुरक्षा रहती थी। राजा अपनी कन्या की भांति उनकी सुरक्षा करता था।[९]

गुप्तचर

राजनीति में गुप्तचरों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। प्राचीन साहित्य में इनके लिए गूढ़पुरुष, चारपुरुष आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है। राज्य की व्यवस्था को सुचारुरूप से देखने हेतु अमात्य गुप्तचरों की नियुक्ति करता था। आंतरिक उपद्रवों एवं बाह्य आक्रमणों की गुप्त जानकारी इनसे ज्ञात की जाती थी। ये गुप्तचर पड़ोसी राज्य में रहते और वहां की सूचनाएं एकत्रित कर

---

१. व्यभा. २१६।
२. राजा द्वारा प्रदत्त देवताचिह्नित सुवर्णपट्ट से विभूषित तथा सम्पूर्ण नगर की चिन्ता करने वाला नागरिक श्रेष्ठी कहलाता था।
३. शान्तिकर्म करने वाला।
४. अर्थशास्त्र १/१७।
५. व्यभा. १६३६-४०, १६६४ देखें परि ८, कथा सं. ६०।
६. व्यभा. १५६४-६७।
७. व्यभा. १८६५-६७ देखें-परिशिष्ट ८, कथा सं. ८७।
८. व्यभा. ६६७, ६६८, १६०७।
९. व्यभा. १६०४, १६०५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अमात्य तक पहुंचाते। भाष्य में चार प्रकार के गुप्तचरों का उल्लेख आता है--सूचक, अनुसूचक प्रतिसूचक और सर्वसूचक।

●सूचक पड़ोसी राज्यों में जाकर अन्तःपुरपालक के साथ मैत्री कर वहां के सारे रहस्यों को जान लेते थे।

●अनुसूचक नगर के अन्दर की गुप्त बातों को ज्ञात करते थे।

●प्रतिसूचक नगरद्वार के समीप अल्पप्रवृत्ति करते हुए अवस्थित रहते तथा पड़ोसी राज्य से आने-जाने वाले शत्रु की घात में रहते थे।

●सर्वसूचक अपने नगर में बार-बार आते-जाते रहते थे।

इन चारों प्रकार के गुप्तचरों का आपस में गहरा संबंध रहता था। सूचक जो कुछ भी नयी बात सुनते या देखते वे अनुसूचक को बता देते। अनुसूचक सारा वृत्तान्त प्रतिसूचक को तथा प्रतिसूचक सारे वृत्तान्त के साथ-साथ स्वयं द्वारा गृहीत तथ्य सर्वसूचक को बता देते और फिर सर्वसूचक अमात्य तक सारा रहस्य पहुंचा देते। इन गुप्तचरों में स्त्री और पुरुष दोनों होते थे। ये पड़ोसी नगर, पड़ोसी राज्य, अपने राज्य तथा अपने नगर एवं अन्तःपुर में रहते थे। गुप्तचरी करने वाली स्त्रियों को उचित वेतन-दान मिलता था। अमात्य इन गुप्तचर पुरुष और स्त्रियों से शत्रुराज्य की सारी बातें जान लेते थे।[१]

कौटिल्य ने नौ प्रकार के गुप्तचरों का उल्लेख किया है—कापटिक, उदास्थित गृहपतिक, वैदेहिक, तापस, सत्री, तीक्ष्ण, रसद और भिक्षुक।[२]

राज्यकर

राजा प्रजा से दस प्रतिशत कर लेकर संतुष्ट हो जाता था।[३] नगर कर से मुक्त होते थे।[४] एक गांव से दूसरे गांव में सामान ले जाने पर चुंगी कर लगता था, जो प्रत्येक व्यापारी को बीस प्रतिशत देना पड़ता था।[५]

जिस विधवा महिला के पुत्र नहीं होता, उसको जीवन-निर्वाह योग्य धन देकर शेष सम्पदा राज्य-कोष में रख ली जाती थी पर कुछ दयालु राजा इसके अपवाद भी होते थे।[६] यदि कहीं उत्खनन में निधि मिल जाती तो उस पर राजा का अधिकार होता था, लेकिन कभी-कभी राजा प्रसन्न होकर उस भूमि के स्वामी को ही वह निधि दे दिया करता था।

ब्याज का धन्धा अधिक होता था। ब्याज पर दिये रुपयों की वापिस वसूली कठिन होती थी। जो मीठा बोलता, सापेक्ष व्यवहार करता या सहन कर लेता वह ऋण का धन वापिस ले सकता था। किसान आवश्यकता पड़ने पर धान्य भी ब्याज पर देते थे।[७]

अर्थव्यवस्था

आचार प्रधान ग्रंथ होने के कारण अर्थव्यवस्था एवं व्यवसाय आदि का विशेष वर्णन इस ग्रंथ में नहीं मिलता लेकिन भाष्य में वर्णित विविध कथाओं के माध्यम से उस समय की अर्थ व्यवस्था को जाना जा सकता है।

दुकानों के लिए शाला शब्द का प्रयोग होता था। चक्कियसाला (तैली की दुकान), गंधियसाला (सुगंधित द्रव्य की दुकान), घोडगसाला, लोणियसाला आदि विविध शालाओं का वर्णन मिलता है।[८] विविध प्रकार के वस्त्रों का व्यापार चलता था।[९] ताम्रलिप्त एवं सिंधुदेश के वस्त्र अधिक प्रसिद्धि-प्राप्त थे।[१०] सामुद्रिक व्यापार द्वारा माल का आयात-निर्यात होता था।[११] समुद्र में एक

---

१. व्यभा. ६३९-४७।
२. अर्थशास्त्र १/६/१०/१।
३. व्यभा. ६२७।
४. व्यभा. ६१५ टी. प. १२७।
५. व्यभा. ४५५, ४५६।
६. व्यभा. ३२५१।
७. व्यभा. २६१०।
८. व्यभा. ३७२५।
९. व्यभा. ३७३६।
१०. व्यभा. २८६५।
११. व्यभा. १२०१, १२०२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थान से दूसरे स्थान पर जाने हेतु बड़े-बड़े पोत तथा विविध प्रकार की नौकाएं काम में लाई जाती थीं। विशेष रूप से चार प्रकार की नौकाओं का उल्लेख मिलता है।[१]

- **समुद्रनौ**—जिससे समुद्र पार किया जा सके।
- **अवयानी**—अनुस्रोत में चलने वाली नौका।
- **उद्यानी**— प्रतिस्रोत में चलने वाली नौका।
- **तिर्यग्गामिनी**—नदी के पानी को तिरछा काटती हुई चलने वाली नौका।

कर्जदार का यदि जहाज डूब जाता और वह स्वयं बच जाता तो उसे ऋण चुकाना अनिवार्य नहीं था। इसे वणिग्न्याय कहा जाता था।[२] वेश्यावृत्ति खूब चलती थी। पांच या दस कौड़ी में वेश्याएं अकृत्य सेवन के लिए तैयार हो जाती थीं। कभी-कभी इस कार्य के विनिमय में वेश्याओं को बिना किनारी वाला कपड़ा भी दिया जाता था।[३]

न्याय के क्षेत्र में रिश्वत चलता था।[४] कार्य के प्रति अनुत्तरदायी व्यक्ति का समाज में कोई स्थान नहीं था। उनको आजीविका के साधन मिलने दुर्लभ थे।[५] तत्कालीन प्रचलित अनेक शिल्प, शिल्पी एवं कर्मकरों का उल्लेख भाष्य में मिलता है।[६] भाष्य में 'कोक्कास' नामक शिल्पी का उल्लेख महत्त्वपूर्ण है। इसका उल्लेख आवश्यकचूर्णि एवं वसुदेवहिंडी में भी मिलता है।[७] वह यंत्रमय कबूतर एवं हंस बनाकर उनसे शालि चुगवा लेता था।[८]

विभिन्न प्रकार की मुद्राओं के उल्लेख से भी उस समय की अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति का ज्ञान होता है। भाष्य में कार्षापण, काकणी, उंडि, रूप्यक, माषक, दीनार आदि मुद्राओं का उल्लेख मिलता है।[९]

सांस्कृतिक एवं सामाजिक तथ्य

समय जानने के लिए जल-नालिका या बालू-नालिका का प्रयोग किया जाता था।[१०] साधु लोग सूत्र एवं अर्थ परावर्तन के परिमाण के आधार पर कालज्ञान कर लेते थे। उनका सूत्र-परावर्तन इतना लयबद्ध होता कि सूर्य के मेघाच्छन्न होने पर भी वे कालज्ञान कर लेते थे।[११]

कबूतर का नए घर पर बैठना अपशकुन माना जाता था। ज्योतिषी से पूछकर उस अपशकुन का निवारण भी किया जाता था।[१२] प्रयोजनवश बाहर जाते समय वस्त्र आदि की स्खलना को अपशकुन माना जाता था। अपशकुन आदि होने पर आठ श्वासोच्छ्वास प्रमाण पंच परमेष्ठी मंत्र अथवा दो श्लोकों के चिन्तन जितने समय के कायोत्सर्ग का विधान है। दूसरी बार अपशकुन होने पर सोलह श्वासोच्छ्वास तथा तीसरी बार प्रतिघात या अपशकुन होने पर बत्तीस श्वासोच्छ्वास के कायोत्सर्ग का उल्लेख है। चौथी बार प्रतिघात या अपशकुन होने पर वहां से प्रस्थान न किया जाए अथवा कोई अन्य प्रयोजन प्रारम्भ न किया जाए।[१३] विविध लौकिक मान्यताओं का उल्लेख भी भाष्य में मिलता है, जैसे नख को दांत से काटने पर कलह होता है आदि।

---

१. व्यभा. ११० टी. प. ३६।
२. व्यभा. १२०० टी. प. ५१।
३. व्यभा. १६२२।
४. व्यभा. १३ टी. प. ८।
५. व्यभा. २३२३-२५।
६. देखें परि. १६ एवं २०।
७. आवचू. भाग १ पृ. ५४१; वसुदेवहिंडी भा. १ पृ. २।
८. व्यभा. २३६३ टी. प. २०।
९. देखें-परिशिष्ट २०।
१०. व्यभा. ४०४७ टी. प. ३३।
११. व्यभा. ७८३ टी. प. ६३: सूत्रार्थचिन्तनप्रमाणेन कालं दिनरात्रिगतागतरूपं जानाति; व्यभा. ७८६-७८८।
१२. व्यभा. २८८१।
१३. व्यभा. ११७,११८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यत्र-तत्र ऐन्द्रजालिक विविध करतब दिखाते हुए घूमते थे। साथ ही संन्यासी वर्ग भी इसका प्रयोग करता था। जादूगर मुंह से गोले को निगलकर कान से निकाल देते थे।[१] जादू-टोनों का प्रयोग भी खूब चलता था।[२]

मृतक-परिष्ठापन में अन्य सावधानियों के साथ दिशा का विशेष ध्यान रखा जाता था। विपरीत दिशा में परिष्ठापन करने का विशेष प्रभाव होता था।[३] उत्तरदिशा में मृतक का परिष्ठापन उत्तम माना जाता था। आनंदपुर में साधु उत्तरदिशा में परिष्ठापन करते थे।[४]

विविध प्रकार के भोजों का आयोजन होता था—आवाह(वरपक्ष का भोजन), वीवाह (वधूपक्ष की ओर से भोजन), जण्ण (नाग आदि देवताओं को श्राद्ध), करडुय (मृतक भोज) आदि।[५]

वाद-विवाद के प्रसंग चलते थे। वाचिक संग्राम में जाते समय वादी अनेक बातों का ध्यान रखते थे। वाक्पाटव के लिए ब्राह्मी आदि औषधि का सेवन करते थे। बुद्धिबल, धारणाबल एवं ऊर्जा की वृद्धि के लिए दूध एवं घी का विशेष प्रयोग किया जाता था।[६]

वाद-विवाद किनके साथ करना चाहिए और किनके साथ नहीं करना चाहिए, इसका भी सुन्दर विवेक भाष्यकार ने प्रस्तुत किया है—आर्य, विज्ञ, भव्य, धर्मप्रतिज्ञ, अलीकभीरू, शीलवान्, आचारवान् के साथ वाद करना चाहिए। अर्थपति, नृपति, पक्षपाती, बलवान्, प्रचण्ड, गुरु, नीच, एवं तपस्वी के साथ वाद नहीं करना चाहिए।[७]

गंगायात्रा पर सार्थवाह बहुत जाते थे।[८] मालवदेश में चोरों का प्रभाव अधिक था। चोर धन-माल की ही चोरी नहीं करते थे, व्यक्तियों एवं साध्वियों का भी अपहरण कर लेते थे।[९]

नारी

अवस्था की दृष्टि से अठारह वर्ष की युवती डहरिका तथा ४० साल की स्त्री तरुणी कहलाती थी।[१०] नारी की पराधीनता का चित्र खींचते हुए भाष्यकार कहते हैं— नारी बचपन में पिता, यौवन में पति तथा वृद्धावस्था में पुत्र के अधीन रहती है, अतः नारी कभी स्वाधीन नहीं रहती।[११]

कभी-कभी पुरुष महिलाओं पर हाथ भी उठा लेते थे। महिलाओं की शक्ति बढ़ना उचित नहीं माना जाता था। भाष्य में स्पष्ट उल्लेख है कि जिस गांव या नगर में महिला नायिका है, वह गांव या नगर शीघ्र नष्ट हो जाता है तथा जो लोग स्त्री के परवश हैं, वे धिक्कार के पात्र हैं।

साध्वियों को कुछेक विशेष ग्रंथों की वाचना देने का निषेध था। बृहत्कल्प भाष्य में निषेध के हेतुओं का उल्लेख है।

वास्तुविद्या

वास्तुविद्या की दृष्टि से अनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत ग्रन्थ में मिलते हैं। एक खम्भे पर आधारित प्रासाद बनाए जाते थे।[१२] कभी-कभी रानी या पत्नी की इच्छा से हाथीदांत से जटित सौध भी बनाए जाते थे।[१३]

१. व्यभा. ८७६।
२. व्यभा. ८७६ टी. प. ११७।
३. व्यभा. ३२६९-७३।
४. व्यभा. ३२७५ टी. प. ७६।
५. व्यभा. ३७३६।
६. व्यभा. ७५७ टी. प. ८४।
७. व्यभा. ७१२-७१५।
८. व्यभा. १६१२-१४।
९. व्यभा. १६८१, ३२५२।
१०. व्यभा. २३१३,।
११. व्यभा. १५९०, तुलना मनुस्मृति।
१२. व्यभा. ६३ टी. प. २४।
१३. व्यभा. ५१७ टी. प. १७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मकान बनाने से पूर्व उसका .रूप तैयार किया जाता था।[1] संघ को शीतगृह की उपमा दी गई है। इससे स्पष्ट है उस समय वातानुकूलित मकान भी बनाए जाते थे।[2] मकान बनाने में पत्थर एवं लोहे की ईंटे काम में लाई जाती थीं।[3]

चक्रवर्ती के भवन १०८ हाथ, वासुदेव के ६४ हाथ, मांडलिक के ३२ हाथ तथा साधारण लोगों के भवन १२ हाथ ऊंचे होते थे।[4]

आठ मंजिल के ऊंचे प्रासादों का उल्लेख मिलता है। मकानों में तलघर भी बनाए जाते थे।[5] राजभवन एवं सेठ लोगों के मकानों में मणि-मुक्ता जड़े रहते थे।

दासप्रथा

महावीर द्वारा दासप्रथा का विरोध किए जाने पर भी भाष्यकार के समय तक इस प्रथा का समूल नाश नहीं हुआ था। निशीथ भाष्य में अनेक प्रकार के दासों का उल्लेख मिलता है। जो गर्भ से ही दास बना लिए जाते वे 'ओगालित' कहलाते। खरीदकर लाए हुए को क्रीतदास तथा ऋण से मुक्त न होने के कारण बने दास को 'अणए' कहा जाता। दुर्भिक्ष के कारण भी कुछ लोग दासवृत्ति स्वीकार कर लेते।[6] राजा का अपराध होने पर भी दण्ड के कारण व्यक्ति दास बना लिए जाते।[7] म्लेच्छ या चोरों द्वारा अपहृत व्यक्ति कालान्तर में दास के रूप में बेच दिये जाते। कोई अपने बच्चे को मित्र के घर छोड़कर स्वयं दीक्षित हो जाता, मित्र के कालगत होने पर उस घर में आदर न मिलने पर वह दासवृत्ति स्वीकार कर लेता।[8]

किसी को दासत्व से मुक्त कराना कठिन कार्य था। भाष्यकार ने साधु द्वारा अपने पुत्र को दासत्व से मुक्त कराने के अनेक उपाय निर्दिष्ट किए हैं।[9] कभी-कभी दास या दासी को किसी कार्य से प्रसन्न होकर स्वामी उसका मस्तक प्रक्षालित कर देता, जिससे उसे दासता से मुक्ति मिल जाती।[10] दास को दीक्षित करने का निषेध था पर संथारे के इच्छुक दास को दीक्षित करने का विधान भी था।[11]

पर्यवलोकन

व्यवहार भाष्य एक आकर ग्रंथ है। अनेक विषयों का इसमें समावेश है। टीकाकार मलयगिरि ने इस पर टीका लिखकर इसको और अधिक प्रशस्त बना दिया है। यद्यपि इस ग्रंथ का मुख्य प्रतिपाद्य प्रायश्चित्त देकर साधक की विशोधि करना है, परन्तु इस प्रतिपाद्य के परिपार्श्व में ग्रंथकार ने और भी अनेक तथ्यों का प्रतिपादन किया है। प्रस्तुत ग्रंथ भाष्यकालीन सभ्यता एवं संस्कृति पर विशद प्रकाश डालता है। ग्रंथकार ने जैन परम्परागत विधि-विधानों का अविकल संकलन कर उनकी पारंपरिकता को अविच्छिन्न रखा है।

भाष्य में अनेक मत-मतान्तरों का उल्लेख है। पांचों व्यवहारों के संदर्भ में अनेक महत्त्वपूर्ण मंतव्यों का उल्लेख भाष्य एवं टीका में प्राप्त है। हमने भाष्यगत अनेक विषयों को छुआ है फिर भी अनेक विषय अछूते ही रह गए हैं। इसमें वर्णित चतुर्भंगियों पर विशद प्रकाश डाला जा सकता है और उनके माध्यम से अनेक नए-नए तथ्य सामने आ सकते हैं। दशवें उद्देशक में वर्णित चतुर्भंगियां मानव मन का सुंदर विश्लेषण प्रस्तुत करती हैं।

---

१. व्यभा. ४१७६।
२. व्यभा. १६८१।
३. व्यभा. २२८३।
४. व्यभा. ३७४८,३७४९।
५. व्यभा. ३७४७।
६. निभा. ११७४।
७. निभा. ३६७६, व्यभा ११७४।
८. व्यभा. ११८०,११८१।
९. व्यभा. ११८२-९२।
१०. व्यभा. २६५४ टी. प. ३८।
११. व्यभा. ११७२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सभ्यता एवं संस्कृति के तथ्यों को हम बहुत अल्पमात्रा में प्रस्तुत कर पाए हैं। इसका एक कारण तो यह है कि कुछेक तथ्य अनेक परिशिष्टों में समाहित हो चुके हैं अतः उनको पुनः यहां दोहराना उचित नहीं लगा।

इतना लिखे जाने पर भी महसूस हो रहा है कि अभी भी बहुत कुछ लिखना शेष है।

१ जून १९९६
जैन विश्व भारती, लाडनूं

मुनि दुलहराज
समणी कुसुमप्रज्ञा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The glimpses of Vyavahāra Bhāṣya

Classification of the Āgamas

The Āgamas are divided into two classes : Aṅga and Pūrva. Āryarakṣita has classified them into four divisions. (1) Caraṇakaraṇānuyoga, (2) Dharma-kathānuyoga, (3) Gaṇitānuyoga, (4) Dravyānuyoga.[1] At the time of compilation of the canonical literature the Āgamas were divided into two types—Aṅga praviṣta (inner corpus) and Aṅga Bāhya (outer corpus). Nandī Sūtra mentions the division keeping in view the time. Some Āgamas studied in the first and the last quarters of the day are known as Kālika and those which can be studied at all times, are known as Utkālika. The latest classification of Āgamas, however, falls into four categories—Aṅga, Upāṅga, Mūla and Cheda. At the present time this very classification is more popular.

Importance of Cheda Sūtras

Jainism has been much emphatical on the purification of conduct, to such an extent that even in dream if one commits violence or speaks falsehood, he has to undergo repentance. References to it are found in the canonical works in the form of 'Prakīrṇa'. In due course of time, however, independent need for the literature on do's and don'ts about asceticism began to be felt. From the point of view of dravya, kṣetra, kāla etc. there emerged some changes in ethical code. According to circumstances some alternative rules were also framed which came to be known as exceptions. Cheda Sūtras deal with various ethical compendium of the monk but at the same time there is provision for occasional exceptions. These sūtras, not only frame the mode of an ascetic's life but suggest punishment too in event of slightest infringement of rules. In the colloquial language they are known as Penal code but in ethico-metaphysical language they were known as rules of 'Prāyaścitta'. The word 'kappai' indicates the rules for an ascetic to be practised. But 'no kappai' means that the saint is not allowed to perform such deeds. In Buddhist tradition are find diffuse reference of ethics, discipline and repentance as in the 'Vinaya Piṭaka'. Similarly such rules are found in 'Srouta sūtra' and 'Smṛtis' of the Vedic legacy. Amidst huge number of Cheda Sūtras, Niśītha occupies a prominent place. The Vyavahāra Bhāṣya refers to the significance of Niśītha with several instances in its fifth and sixth uddeśakas. Daśāśrutaskandha is entirely different from the three works from the point of view of subject matter and the style of composition. This work also contains the monastic rules which have to be observed and also to be avoided in a systematic way. Hence this work is subsumed under Cheda Sūtras.

While discussing the supremacy between the aphorism of the Agama and its meaning, the latter is regarded more prominent in Vyavahāra Bhāṣya. In the same context, while dealing with the meaning of other Āgamas, the meaning of Cheda Sūtras is attached more significance. The reason stated thereof is that the commentators are of the opinion that whenever there are moral aberrations and defects imposed, the Cheda sūtra have purificatory effect, so leaving aside the pūrvas, the Cheda Sūtras are superior to other Āgamas as regards the meaning. Cheda Sūtras have been referred to as 'Uttama Sruta' in the Niśītha Bhāṣya. The reason for naming it as 'Uttama Śruta' has been explained by the Cūrṇikāra that there is the direction of repentance (prāyaścitta), by which the conduct becomes purified that is why Cheda Sūtra is regarded as 'Uttama Śruta'.[1] There is an explicit reference to Niśītha that without studying Acārāṅga, the teaching of Cheda Sūtra by any

1. Dasa Agas. Chūr. p. 2
2. Nandī Sū. 77, 78
3. Vyavahāra Bhāṣya 1829: jamhā tu hoti sodhi, chedasuyatthena khalitacaranassa tamhā chedasuyattho, balavam mottūṇa puvvagatam.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Ācārya invites repentance; in other words if the Ācārya teaches Cheda Sūtras without studying Ācārāṅga he has to face the punishment of Prāyaścitta.[2] The knower of Cheda Sūtra is known as 'Śruta-Vyavahārī.[4] Cheda Sūras are basically mystical literature. Like 'Yoni Prābhṛta' etc, it is also to be kept secret. The teaching of Cheda Sūtras are restricted to a few. Niśītha Bhāṣya and Cūrṇi clearly mention that the work should not be taught in the assembly of simpleton ignorant and also those ascetics who have not finished their studies. However an exception is made by permitting even the undeserving to be taught Niśitha in view of the cessation due to dravya, kṣetra, kāla and bhāva.[6] According to Pañcakalpa Bhāṣya Cheda Sūtra was permitted for teaching only to the experienced disciples whereas the improvident and extra-improvident were debarred from it.[7] Cheda Sūtra taught to apariṇāmaka disciples are ruined like the milk poured in a clay-built and verjuiced pot. In the Order containing abundant novice ascetics, Cheda Sūtra was taught in perfect secrecy lest the novice ascetics change their minds and leave the Order.

The authorship of Cheda Sūtras

The Cheda Sūtras were culled from the 'Pūrvas'. The literature 'Niryukti' and 'Bhāṣya' refer to the third Ācāra Vastu of Pratyākhyāna Pūrva from which the four Cheda Sūtras, such as Daśāśrutaskandha, Bṛhatkalpa, Vyavahāra and Niśītha originated.[9] Regarding the author-ship of Niśītha there is no unanimity of opinion amongst the scholars. Some scholars are of the view that Niśītha is also the work of Bhadrabāhu. But this does not appear to be logical. Actually Niśītha is not the work of Caturdaśapūrvadhar Bhadrabāhu. Arguments can be advanced in the support of this hypothesis.

1. Daśāśrutaskandha's niryukti and Pañcakalpa bhāṣya respectfully pay obeisance to Bhadrabāhu the author of Daśa, Kalpa and Vyavahāra but no reference at all is found of Ācārakalpa and Niśītha.[11]

Regarding the time limit of the study of the Āgamas as stated in Vyavahāra Sūtra, there is a simultaneous reference of Daśāśruta, Vyavahāra and Kalpa.[12] Particularly Āvaśyaka sūtra invariably refers to uddeśakas

---

1. Niśitha bhāṣya 6184 cūrṇi, p. 253.
2. Niśītha; 19/18
3. Niśītha bhāṣya, 6395, Vyavahārabhāṣya, 320
4. Vyavahāra bhā'‹6–sya 4432-35
5. Vyavhāra bhāṣya 646, Commentary p. 58 Niśītha bhāṣya 5947, cūrṇi. p. 190
6. Niśītha bhāṣya, 1223: nāūṇa chedasuttaṁ pariṇāmage hoti dāyavvaṃ.
7. Pañcakalpa bhāṣya, 1223 : nāūṇa chedasuttaṁ pariṇāmage hoti dāyavvaṃ.
   Vya. Bh. 1739
8. Vyavahāra bhāṣya 4100, 4101.
9. Vyavahāra bhāṣya : 4173
   (a) savvaṃ pi ya pacchittaṃ, paccakkāṇassa tatiyavatthummi/
   tatto cciya nijjūḍhaṃ, pakappakappo ya vavahāro//
   (b) Pañcakalpa bhāṣya 23:
   āyāradasā kappo, vavahāro navama puvva ṇisando/
   (c) Ācārāṅga niryukti 291:
   āyārapakappo puṇa, paccakkhāṇassa tatiyavatthūo/
   āyāranāmadhejjā, visaimā pāhuḍacchedā//
10. (a) Daśāśrutaskandha, niryukti:
   vandāmi bhaddabāhuṃ, pāīṇaṁ carimasagalasuyanāṇim/
   suttasa kāragamisim dasāsu kappe ya vavahare//
   (b) Pañcakalpa bhāṣya 12:
   to suttakārao khalu, sa bhavati dasakappavavahāre/
11. Daśāśrutaskanadha, niryukti ': Pañcakalpa bhāṣya /
12. Vyavahāhara Sūtra 10/27
   pañcavāsapariyāyassa samaṇassa nigganthassa/
   kappai dasā kappavavahāre addisittae//

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of these three works,[1] excluding, however, the Niśītha which has been referred to separately.[2] Referring to the Śruta-vyavahāri, the Commentator has accepted Kalpa and Vyavahāa and the knower of their Niryuktis on these works as Śrutavyavahārī. There also is no reference to Niśītha and Ācāraprakalpa yet the significance of Niśītha has been indicated in various gathers in the Vyavahāra bhāṣya, but it appears that these lines are added later on. Because Niśītha later on gained a prominent and prestigious place; otherwise, the Commentator would have definitely referred to Niśītha as having compiled this work. Winternitz has accepted Niśītha as modern one and had dubbed Niśītha as anthological one.[5] There is a common agreement among the scholars that Niśītha was compiled by Viśākha Gaṇi, who was contemporary of Bhadrabāhu.

Similarly there is a problem regarding the compilation of Daśāśrutaskandha which contains the life and (sthavirāvali) ascetic order of Bhagavāna Mahāvīra. If so, how can it be regarded as derived from Pūrvas? It looks probable, some part of it has been supplemented to it later on. The bhāṣya literature elaborately discusses the circumstances leading to the compilation of Cheda Sūtras. According to the Commentator the ninth Pūrva is as vast as the ocean, so it should be remembered constantly, it should be forgotten[6] lest. When Bhadrabāhu found the degradation of physical and mental powers, he felt the need for the protection of character and its purificatory process, and that is why he complied Kalpa and Vyavahāra.[7] The other reason told by bhāṣyakāra is that in the absence of Caraṇakaraṇānuyoga there will be the interruption of conduct and character. Therefore, to protect the character and to preserve this Caraṇakaraṇānuyoga Bhadrabāhu had compiled these works.[8]

Cūrṇikāra clearly mentions that Bhadrābahu has composed Daśa, Kalpa and Vyavahāra due to decomposition of the power of life-span and memory and not for food, attribute or popularity etc.

The Bhāṣyakāra it with illustration-just as a man tries to collect fragrant flowers, by climbing up the Kalpavṛkṣa, but is incapable, so another one climbs up the tree out of mercy, collects the flowers and supplies them to the incompetent persons. Similarly Bhadrabāhu climbs up the Kalpavṛkṣa, as it were, and compossed the Cheda works out of mercy for incompetent persons. In this connection the bhāṣyakāra has mentioned Keśava Bihārī and Vaidya citing their examples.

The title of the work

'Cheda Sūtra' is a part of canonical works. The title 'Cheda Sūtra' is found in the Jain tradition alone. In Buddhist and Vedic legacies such classification is not found. Nandī sūtra declares that the Vyavahāra and Bṛhatkalpa, etc., are subsumed under the category of 'Kālika Śruta' (to be recited at a particular time). The Gommaṭasāra,[9] Dhavalā[10] and Tattvārtha sūtra[11] treat the Vyavahāra and other works as 'Aṅga Bāhya (outside the fold of canonical works). It appears that when Bhadrabāhu was compiling the monastic rules, there was not such groups of literature like Cheda Sūtras. Later on when such literature gained

---

1. Āvaśyaka sūtra, 8:
2. Vyavahāra bhāsya 10/15 :
   tivāsaparivāyassa samaṇassa nigganthassa kappai āyārapakappaṃ nāmaṃ ajjhayaṇaṃ addisittae.
3. Vyavahāra bhāṣya, verses 4432, 4436
4. Pañcakalpa cūrṇi—unpublished
5. A History of Indian literature, p. 446
6. Vyavahāra bhāṣya, 26-29
8. Pañcakalpa bhāṣya—42
   Dasā Śru Chū. p. 3 Pañ. kalpa Bh., 43-46 PKB, 47-48.
9. Gommaṭasāra jīva kāṇḍa, 367, 368
10. Dhavalā, Text, I. P. 96.
11. Tattavārtha 2/20

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिन शब्दों का कोई प्रकृति प्रत्यय नहीं होता, जो व्युत्पत्तिजन्य नहीं होते तथा जो किसी परम्परा या प्रान्तीय भाषा से आए हों, वे देशी शब्द हैं।

वैयाकरण त्रिविक्रम का कहना है कि आर्ष और देश्य शब्द विभिन्न भाषाओं के रूढ़ प्रयोग हैं, अतः इनके लिए व्याकरण की आवश्यकता नहीं है।[1] अनुयोगद्वार में वर्णित नैपातिक शब्दों को देशी शब्दों के अन्तर्गत माना जा सकता है।[2] आगम एवं उनके व्याख्या ग्रन्थों में १८ प्रकार की देशी भाषाओं का उल्लेख मिलता है।[3] वे १८ भाषाएं कौन-सी थीं, आगमों में इनका स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

भिन्न-भिन्न प्रान्त के व्यक्ति दीक्षित होने के कारण आचार्य शिष्यों का कोश-ज्ञान एवं शब्द-ज्ञान समृद्ध करने के लिए विभिन्न प्रान्तीय शब्दों का प्रयोग करते थे। भाष्य साहित्य में अनेक प्रान्तीय देशी शब्दों का प्रयोग हुआ है।

व्यवहार भाष्य में देशी शब्दों का प्रचुर प्रयोग मिलता है। टीकाकार मलयगिरि ने अनेक शब्दों के लिए 'देशीवचनमेतद्', 'देशीत्वात्', 'देशीपदे' आदि का प्रयोग किया है, लेकिन इनके अतिरिक्त भी अनेक देशी शब्दों और देशी धातुओं का प्रयोग इस ग्रन्थ में हुआ है। अनेक स्थलों में तो टीकाकार ने देशीपद का स्पष्ट निर्देश किया है जैसे—

- फुंराविंति त्ति देशीपदमेतद् अपहारयंति।
- विप्फालेइ देशीवचनमेतत् पृच्छतीत्यर्थः।

आदेश प्राप्त धातुओं को कुछ विद्वान् देशी मानते हैं तथा कुछ तद्भव के रूप में स्वीकृत करते हैं किन्तु ये देशी होनी चाहिए। इसका एक हेतु है कि मलयगिरि ने आवश्यक निर्युक्ति की टीका में स्पष्ट निर्देश किया है—'साहइ त्ति देशीवचनतः कथयति।'[4] साह धातु कथ धातु के आदेश रूप में प्राप्त है।[5] अतः हमने भी आदेश प्राप्त धातुओं को इस परिशिष्ट में समाविष्ट किया है।

इल्ल एवं इर प्रत्यय वाले शब्द देशी नाममाला में देशी रूप में संगृहीत हैं तथा मलयगिरि ने भी पढमेल्लुग को देशी माना है। इसी आधार पर अंतिल्ल, भंगिल्ल आदि शब्दों का इस परिशिष्ट में समाहार किया गया है।[6]

संख्यावाची शब्द जैसे—पणपण्ण, पण्णास, बयालीस आदि को भी देशी माना है। अनुकरणवाची शब्दों के बारे में विद्वानों में मतभेद है पर हमने इनको देशी रूप में स्वीकृत किया है। जैन विश्वभारती, लाडनूं से प्रकाशित 'देशीशब्दकोष' में हमने दस हजार से अधिक देशीशब्दों का चयन किया है। प्रस्तुत परिशिष्ट में देशी धातुओं के प्रारंभ में हमने बिन्दु का चिह्न दिया है।

---

१. प्राश ७ : देश्यमार्षं च रूढत्वात्, स्वतन्त्रत्वाच्च भूयसा।
लक्ष्म नापेक्षते तस्य, सम्प्रदायो हि बोधकः।।

२. अनुद्वा २७०।

३. राजटी पृ. ३४१।, ज्ञा. १।१।८८।

४ आवमटी १, पृ. १६०

५. प्राकृत व्याकरण ४/२

६. आवमटी प ११६ : प्रथमैल्लुका देशीवचनमेतत्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अइयण—भक्षण। (गा. १०१६)

अइया—आर्यिका। (गा. ३२४७)

अंगोहलि—अपूर्ण स्नान। (गा. ४२०८ टी.प.५२)

अंडक—मुख।

केन कारणेनाण्डकमुखमुच्यते तत आह—यतो यस्मात् चित्रकर्मणि गर्भे उत्पाते वा पूर्वं देहस्य वदनं मुखं निष्पद्यते पश्चात् शेषं ततः प्रथमभावितया मुखमण्डकमित्युच्यते। (गा. ३६८३ टी.प. ५७)

अंतिल्ल—अंतिम। (गा. १३८२ टी.प.७)

अंबिली—इमली। (गा. ४४५१)

अक्खोडभंग—राजकुल में दातव्य द्रव्य, बेगार तथा सैनिक आदि की भोजन-व्यवस्था। (गा. २१२ टी.प.१०)

अगड—कुआ। (गा. ३७६०)

अचियत्त—अप्रीतिकर। (गा. २६२)

• **अच्छ**—प्रतीक्षा करना। (गा. ८२४)

अच्छण—अवलोकन, प्रतिश्रवण, दूर या नजदीक से निवर्तित होना। (गा. ८१६)

अच्छिक्क—अस्पृष्ट। (गा. १०६३)

अञ्झिइीय—दिया, प्रस्तुत किया। (गा. ४५२ टी.प.६४)

अडयाल—अड़तालीस। (गा. २०३३)

अड्डित—चढ़ाया, आरोपित किया। (गा. ४५२ टी.प.६४)

अणवदग्ग—अनंत।

अणवदग्गं कालतोऽपरिमाणं।(गा. १६८६ टी.प.६८)

अणिद्दोच्च—भयसहित, अस्वस्थ, सदोष।

अणिदोच्चमित्यनिर्भयमस्वस्थम्। (गा. ३१२६ टी.प.५१)

अणंतक—वस्त्र। (गा. २८५० टी.प.४)

अणोरपार—अनंत, अपार। (गा. १०२२)

अतरंत—असमर्थ। (गा. १७७४)

अतित्थित—अतिक्रान्त। (गा. ३८६१ टी.प.६)

अत्थारिय—कर्मकर, वेतन लेकर खेत में धान आदि काटने वाला नौकर। ये भूल्यप्रदानेन शालिलवनाय कर्मकराः क्षेत्रे क्षिप्यन्ते ते अस्तारिकाः। (गा. २६५३ टी.प.३८)

अद्दण—भयभीत, आकुल। (गा. २४५३)

अद्दण्ण—असत्य। (गा. २४५५)

अद्दाय—वह विद्या, जिससे दर्पण में प्रतिबिम्बित रोगी के बिम्ब को पोंछने से रोगी नीरोग हो जाता है। (गा. २४३६ टी.प.२६)

अद्धा—काल। (गा. २५०४)

अपरितंत—अपरिश्रान्त। (गा. १४२७)

अप्पायण—निर्वाह। (गा. १३४८)

अप्पाहण—संदेश देना। (गा. ७६२)

अभिनिव्वगडा—वह परिक्षेप, जिसमें प्रवेश और निष्क्रमण का एक द्वार हो, पर भीतर अनेक घर हों। (गा. २७२६ टी.प.५०)

अमाघतण—अमारि। (गा. ३१४८)

अमेरतो—अमर्यादाशील। (गा. १८६ टी.प.३)

अम्मा—मां। (गा. १६८१)

• **अम्मा**—निकट पहुंचना, पीछा करना। (गा. १०२१)

अलंद—नट। (गा. ८८७)

अल्लीण—आया। (गा. ३२३ टी.प.४६)

अविरल्ल—अविस्तारित, एकत्रित। (गा. १७७३)

अविहाड—१. अप्रकट, (गा. २८६२)

२. अप्रगल्भ। (गा. ३६६६)

अवोगिल्ल—अवाचाल।

अवोगिल्लमवाचालं। (गा. २६५६)

अव्वंग—अक्षत। (गा. २८१२)

अव्वो—संबोधन सूचक अव्यय। (गा. २८६२)

अव्वोगड—१.अविकृत। अव्वोगडं अविगडं। (गा. ३३५६)

२. अविभक्त।

अव्याकृतं नाभ दायिनां सामान्यं न पुनस्तैर्विभक्तं। (गा. ३३५५ टी.प.६१)

असंथर—अतृप्त। (गा. १७६५)

असंथरंत—समर्थ न होता हुआ। (गा. २५१५)

आउट्ट—प्रणत। (गा. २५४५)

आउट्टि—असंयम। (गा. ६१)

आउट्टेऊण—अपने अनुकूल बनाकर। (गा. ३४२६)

आगलण—वैकल्य, विकलता। (गा. ६६२)

आडंबर—पाणजातीय लोगों का यक्ष-विशेष। (गा. ३१४६ टी.प.५५)

आदंचण—शुद्धि का प्रयत्न विशेष। (गा. ५०७)

आदेस—अतिथि, पाहुना।

आदेशाः नाम प्राघूर्णकाः। (गा. १०१५ टी.प.११)

आलिंगिणी—रूई का बड़ा बिछौना।(गा. ४३४४ टी.प.७१)

आवाह—वर पक्ष की ओर से दिया जाने वाला भोज।

आवाहो दारकपक्षिणाम्। (गा. ३७३६ टी.प.८)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहिरिक—उत्रास, भय।

आहिरिकमिति उत्रासं। (गा. ७८२)

उंड—गहरा। (गा. १३८६)

उंडि—मुद्रा। (गा. २६४२ टी.प.३६)

उंडिव—मुद्रावाला। (गा. २६४२ टी.प.३६)

उक्कोडभंग—राजकुल में देय द्रव्य। (गा. २१२ टी.प.१०)

उक्खड्डमड्ड—बार-बार। देशीपदमेतत् पुनः पुनः शब्दार्थः।
(गा. ३२४ टी.प.४७)

उचिट्ठय—पुलिंद आदि नीच जाति। (गा. ६३ टी.प.२५)

उच्चूर—नानाविध, बहुत अधिक। (गा. १३४६)

उच्छेव—दीवार के छेद को ढकना।

उच्छेवो नाम यत्र पतितुमारब्धं। तत्रान्यस्येष्टकादेः संस्थापनम्।
(गा. १७५४ टी.प.६)

उज्जला—छोटी संघाटी। (गा. ३०६८)

उड्डण—अंगीकार। (गा. १४२८)

उड्डाह—निंदा, तिरस्कार। (गा. १०१८)

उण्णादसिया—ऊन की गूंथी हुई फली। (गा. ८६४)

● **उत्तुण**—गर्व करना। (गा. २३६०)

उत्तुयय—उत्तेजित। (गा. ३०१०)

उत्तूइय—गर्वित।

उत्तूइओ त्ति देशीपदमेतद् गर्वे वर्तते।
(गा. १२८१ टी.प.६६)

उत्थाण—अतिसार रोग। (गा. ३३१८)

उद्धाण—उद्वसित, उजड़ा हुआ। (गा. २०६१)

उप्पियण—बार बार श्वास लेना।

उप्पियणं मुहुः श्वसनम्। (गा. १६६६ टी.प.५०)

उप्पेउं—तेल आदि की मालिश करके।

उप्पेउं देशीपदमेतद् अभ्यङ्गय।
(गा. २५०७ टी.प.१०)

उल्ल—आर्द्र। (गा. ६४७)

उल्लट्ट—खाली किया हुआ, प्रतिसेवित। (गा. ६१५)

उल्लण—एक प्रकार का जूष। (गा. ३८०५)

उल्लूडित—विध्वस्त। (गा. २३२६ टी.प.७)

उव्वक्क—धौत, दूध में भिगोकर निकाला हुआ।
(गा. ८४७ टी.प.११०)

उव्वण्ण—उत्कंठित। (गा. २८६३)

उव्वर—अवशेष। (गा. २१३४)

उव्वरग—कोठरी। (गा. १०६६)

उव्वरित—बचा हुआ। (गा. २५०)

उव्वाय—परिश्रान्त, खिन्न। (गा. २८५४)

उस्सण्ण—प्रायः। (गा. ४४७)

ऊसढ—उत्कृष्ट, श्रेष्ठ। (गा. २७७३)

एक्कयाण—अकेला। (गा. १३८६ टी.प.८)

एक्कसरयं—एक बार। (गा. ४७६)

एक्कसिं—एक बार। (गा. ४५२२)

एगाणियत्त—एकाकी। (गा. ८१५)

ओगाल/ओगाली—फलक। (गा. २२८६ टी.प.१०२)

ओयविय—जीतना। (गा. २७००)

ओलइय—लटका दिया। (गा. ४४२८)

● **ओलग्ग**—सेवा करना। (गा. ४८१ टी.प.३)

ओल्लण—एक प्रकार का जूष। (गा. ३८०४ टी.प. १६)

ओवारिय—भीतरी अपवरक, धान्य भरने का कोठा।
(गा. २८८४)

ओह—ध्यान से देखते हुए प्रतीक्षा करना।

ओघा इति तन्मुखनिरीक्षमाणा।
(गा. ६४३ टी.प.५७)

कंकडुअ—कोरडू धान, वह धान जो पकाए जाने पर भी नहीं पकता। (गा. १६६५)

कंडच्छारिय/कंडत्थारिय

१. गांव, २. ग्रामप्रमुख, ३. देश, ४. देशप्रमुख, ५. लुटेरा, हत्यारा, ६. लुटेरों का सहायक।

कंडच्छारिउ नाम ग्रामो ग्रामाधिपतिर्देशो देशाधिपतिर्वा लूषका वा सहायाः। (गा. २९८७ टी.प.२८)

कक्कस्स—दोषोद्भावन, आरोपयुक्त प्रलाप। (गा. ६५८)

कच्चग—पात्र विशेष। (गा. ३५०६)

कट्ट—जंग। (गा. २३२४ टी.प.६)

कडग—बांस की चटाई से बना घर।

कडग त्ति वंशदलनिर्मापितकटात्मकं गृहं।
(गा. २२८३ टी.प.१०१)

कडिल्ल—गहन। (गा. १००६)

कडुहुंड—भोजन में प्रयुक्त सामग्री विशेष। (गा. २४५४)

कनक—रेखा रहित बिजली। सरेखा उल्का, रेखारहितः कनकः। (गा. ३१६५ टी.प.६३)

कप्पट्ठ—१. बालक। (गा. ५५६)

२. धनी व्यक्ति का पुत्र। (गा. ११३४)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कप्पट्टी—१. कुलवधू। (गा. १६०१ टी.प.५२)
२. बालिका। (गा. १७८६)

कब्बड—धूल भरा खेत। (गा. २७०८ टी.प.४७)

कमढ—कछुआ। (गा. ६६२ टी.प.६२)

कमढग—पात्र विशेष। (गा. ३६३३)

कयग—माया, कपट। (गा. १२७८ टी.प.६८)

करकरायण—बड़बड़ाना। (गा. १४४१ टी.प.१६)

करडुय—मृतकभोज।
करडुकं मृतकभक्तम्। (गा. ३७३६)

कल्ल—आने वाला कल। (गा. ३४४०)

काउ—कावड़। (गा. १३६५)

काणग—चुराई हुई वस्तु या चोर। (गा. १४५२)

काणिट्ट—लोहमयी ईंट। (गा. २२८३)

किंटी—वृद्धा। (गा. ३०८५)

किड्ढी—समझा-बुझाकर संभोग के लिए एकान्त में ले जाई जाने वाली स्त्री।
किड्ढि त्ति कृष्यते संभोगो यः प्रतिरिक्ते स्थाने नीयते।
(गा. १६२१ टी.प.५७)

किढग—वृद्ध। (गा. ३०६६)

किढि—वृद्धा। (गा. ३०८४)

किणिय—१. जो वादित्रों को चर्म आदि से मढ़ने का काम करते हैं।
२. जो नगर में घुमाते हुए ले जाने वाले वध्य पुरुषों के आगे वादित्र बजाते हैं।
किणिका ये वादित्राणि परिगह्यन्ति। वध्यानां च नगरमध्ये नीयमानानां पुरतो वादयन्ति।
(गा. १४४८ टी.प.२१)

कित/कियत—चुंगी लेने वाला। (गा. ४५३ टी.प.६५)

कियाडिया—कान का ऊपरी भाग। (गा. २५ टी.प.१३)

कुंटलविंटल— मन्त्र-तन्त्र का प्रयोग।(गा. १५८६ टी.प.४६)

कुक्कुडि—शरीर। कुच्छि कुडीय कुक्कुडि।
(गा. ३६८३ टी.प.५७)

कुक्कुस—भूसा। (गा. ८८८ टी.प.११६)

कुच्छणा—दो अंगुलियों के बीच सड़ान। (गा. १७७०)

कुडुक—१. निष्ठुर, २. देश विशेष।(गा. २०१० टी.प.५२)

कुडुक्क—१. निष्ठुर। (गा. २०१० टी.प.५२)
२. देश विशेष। (गा. ८६८ टी.प.१२२)
३. लतागृह। (गा. १० टी.प.१५)

कुणिम—शव। (गा. १६६५)

कुरुंडिय—गुप्तचर।
कुरुंडितो नाम उवचरओ। (गा. ३८७५ टी.प.८)

कुरुकुय—पाद-प्रक्षालन। (गा. २६०६)

कुरुण—राजकीय अथवा अन्य खेत, जिसमें बीज बो दिए गए हों। (गा. १०००)

कोंटल—जादू-टोना। (गा. १६३६)

कोक्कास—इस नाम का एक व्यक्ति, जिसने यंत्रमय कापोत बनाकर उनसे चावल आदि धान चुगवाए।
कोक्कासो यंत्रमयान् कापोतान् कृत्वा शालिमुत्पादितवान्। (गा. २३६३ टी.प.२०)

कोच्चित—शैक्ष, नया शिष्य।
कोच्चितो नाम शैक्षकः। (गा. २५२६)

कोट्टंब—गौड़ देश में बना वस्त्र विशेष.
कोट्टंबानि गौडदेशोद्भवानि। (गा. २८६५)

कोट्टग—पाठशाला। (गा.४३१३)

कोयव—रूई से भरा कपड़ा, रजाई। (गा. ४३४४)

कोलियसाला—तंतुवायशाला। (गा. ३७२३ टी.प.५)

कोल्लुग—सियार। (गा. ५८७/१)

कोल्हुग—सियार। (गा. ५८६)

खग्गूड—१. स्वच्छंद, अनुशासनहीन। (गा. १४६१)
२. स्वभाव से वक्र, कुटिल। (गा. १४२२)

खडपूयग—घास का पूला। (गा. ५१७ टी.प.१७)

खडिय—लिप्त। (गा. ११५१)

खडुक्क—मुंड सिर पर अंगुली का आघात, ठुनकाना, ठोला मारना। (गा. २५ टी.प.१३)

खडुग—ठोला, टकोरा मारना। (गा. ३३७)

खण्णा—संपूर्ण रूप से लूषित। खण्णा इति देशीपदमेतत् सर्वात्मना लूषिताः। (गा. ७१६ टी.प.७७)

खत्त—सेंध। (गा. ४५० टी.प.६४)

खद्ध—१. प्रचुर। (गा. १६२२)
२. शीघ्र। (गा. १०१६)

खमग—साधु। (गा. ७७० टी.प.८८)

खर—घास-विशेष। (गा. ८ टी.प.५)

खरंटण—तिरस्कार करना। (गा. १४४४)

खरंटिय—१. लिप्त, युक्त। (गा. १३४३ टी.प.८२)
२. तिरस्कृत। (गा. ५८१ टी.प. ४१)

खरिमुहि—दासी। (गा. २५४२)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खरियमुह—दास। (गा. २५४५)
खरियमुही—दासी (गा. २५४५)
खलखिल—निर्जीव। (गा. २८१२ टी.प.६६)
खलय—खलिहान। (गा. ३८५३ टी.प.५)
खाय—खाई। (गा. ३७४७)
• **खिंस**—अवहेलना करना। (गा. २५६१)
खिटिका—जादू-टोना की सामग्री। (गा. ३०६६)
• **खुंद**—प्राप्त करना। (गा. २७६५)
खुड्ड—छोटा बालक। (गा.७२० टी.प.७८)
खुड्डग—बालक। (गा. ७२७)
खुड्डय—छोटा। (गा. ३२४६)
खुड्डलय—छोटा। (गा. ११४४)
खुड्डिया—बालिका। (गा. ७४१)
खुड्डी—बालिका। (गा. ७२४)
खुद्दग—छोटा। (गा. २०४८)
• **खुप्प**—डूबना। (गा. ३१३८)
खुब्बय—पलाश के पत्तों का बना दोना।
(गा. १३५१ टी.प.८४)
खुलखेत्त—वह क्षेत्र, जहां कम भिक्षा मिलती हो या केवल रूखा आहार ही मिलता हो। (गा. ३०४ टी.प.३६)
खुलखेत्तं नाम मंदभिक्षम्।
खुह—कर्म। (गा. १६४ टी. प. ६)
खेड—मिट्टी के प्राकार वाला छोटा गाँव। (गा. २७०८)
खेडिय—चलाना। (गा. ६४ टी.प.२६)
खेल्लण—खेल। (गा. २३२३ टी.प.६)
खोटन—झटकना। (गा. ३६२७)
खोडभंग—राजकुल में दातव्य द्रव्य। (गा. २१२ टी.प.१०)
खोडिज्झंत—अवांछनीय मानना। (गा. १७०२ टी. प. ७०)
खोडि—काठ का गट्ठर। (गा. १४४४)
खोर—प्याला, कटोरा। (गा. ५८३)
खोरक/खोरिय—कटोरा। (गा. ५८३ टी. प. ४१)
गंडग—गांव के आदेश की उद्घोषणा करने वाला।
(गा. ३१७४)
गड—खाई। (गा. ६५)
गल्ल—गला। (गा. ६३ टी.प.२५)
गार—कंकड। (गा. १७७०)
गावी—गाय। (गा. ३७६२)
गाहा—घर। (गा. ३३८२)
गाहावती—गृहपति। (गा. ८७१)
गिला—उत्साह। (गा. २००२)
गुंठ—मायावी। (गा. १७०१)
गुंठा—माया। (गा. १७०१)
गुलगुलाइय—हाथी का चिंघाड़ना। (गा. ४५२ टी. प. ६४)
गोखलक—गवाक्ष। (गा. ६६७ टी.प.६३)
गोण—बैल। (गा. १०१८)
गोणिय—गायों का व्यापारी। (गा. ३७२५)
गोणी—गाय। (गा. ५८० टी.प. ३६)
गोम्हि/गोम्ही—कनखजूरा। (गा. ३४१२)
गोलिय—तंतुवाय। (गा. ३७२५)
गोस—प्रातःकाल। (गा. १४८३)
गोहट्ठाण—प्रदेश-विशेष। (गा. ४४२६)
घंघसाला—कार्पटिक भिक्षुओं का निवास-स्थान (गा. ३१६३)
घडा—गोष्ठी। (गा. २०५१)
घडा—गांव प्रधान और अनुप्रधान द्वारा गांव के बाहर दिया जाने वाला भोज। (गा. ३८७८)
घोट्ट—घूंट। (गा. १०३८ टी.प.१८)
घोड—नीच जाति के लोग, डंगर आदि। (गा. ३०७२)
घोलंत—परिभ्रमण करता हुआ। (गा. ११८१)
चक्किय—समर्थ। (गा. ३३८७ टी.प.२)
• **चड**—चढ़ना। (गा. १३८८ टी. प. ६)
चडुग—पात्र विशेष। (गा. ३५०६ टी. प. २२)
चत्ता—चालीस। (गा. ४१०)
चत्तालीस—चालीस। (गा. ४१७)
चप्पुट्टिका—जादू-टोना। (गा. ३०६६ टी. प. ४१)
चमढणा—तिरस्कार करना, कठोर शब्दों में भर्त्सना करना।
(गा. २७३)
चमढिय—विनष्ट। (गा. १०४५)
चिंच—इमली का वृक्ष। (गा. ३७४४)
चिंचणिका—इमली। (गा. ३७४४)
चिक्कण—चिकना। (गा. ३७६६)
चिक्खल्ल—कीचड़। (गा. ६८३)
चिलिमिलि—पर्दा। (गा. १८६६)
चुक्क—१. स्खलित। (गा. २५२)
२. चूकना। (गा. २३२५)
चुणय—पुत्र। (गा. ३३२३)
चुल्लक—भोजन। (गा. ४२५२ टी.प.५७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चुल्ली—छोटा चूल्हा। (गा. ३७१५)
चेड—१. लघु, छोटा। (गा. ४६४)
२. बालक। (गा. ११८१ टी.प.४७)
चेल्लग—चेला, शिष्य। (गा. २५ टी.प.१३)
चोद्द—छाल। (गा. ३८०७)
चोयट्ठी—चौंसठ। (गा. ३७४८)
चोयाल—चवालीस। (गा. ४०७)
चोल—कपड़ा। (गा. २६७६)
चोलपट्टक—जैन मुनि का कटि वस्त्र। (गा. १५७२)
छंटित—ऊखल में कुटे हुए। (गा. ३८५३ टी.प.५)
छब्बक—बांस की बनी हुई टोकरी।(गा. ३८१० टी.प.१८)
छाइल्लय—दीप।
जोइक्खं तह छाइल्लयं च दीवं मुणेज्जाहि।
(गा. ३१८६ टी.प.६२)
छाय—भूखा, बुभुक्षित। (गा. २८५४)
छाहिय—छाया। (गा. ३७६५)
छिंपक—छपाई करने वाला, रंगरेज। (गा. २११ टी.प.१०)
छिक्क—स्पृष्ट। (गा. २७६७)
छिप—रंगरेज। (गा. ४३१२ टी.प.६६)
छुट्ट—मुक्त। (गा. १६१६ टी.प.५७)
• **छुह**—डालना, रखना। (गा. ८१६ टी.प.१२०)
• **छुहय**—फेंकना, इकट्ठा करना। (गा. ८१५ टी.प.१०१)
छेवग—मारि, दुर्भिक्ष।
छेवग त्ति मारिः। (गा. २३८२ टी.प.१८)
छोटि—काटने का साधन। (गा. ४०२२ टी.प.३०)
छोटित—छोड़ना। (गा. ३४६८ टी.प.२१)
छोडिय—काटने का साधन। (गा. ४०२२)
छोति—लघु। (गा. ३६३३ टी.प.४७)
छोभग—मिथ्या दोषारोपण, अभ्याख्यान। (गा. १२३७)
जड्ड—हाथी। (गा. ८१६)
असमर्थ, मोटा, आलसी। (गा. ४६३१)
जप्पसरीर—बहुत रोगों से आक्रान्त शरीर।
जप्पसरीरो हु होत्ति बहुरोगी। (गा. २६०)
जमगसमग—एक साथ। (गा. ३२१ टी.प.४४)
जमलतो—साथ में। (गा. ७६६ टी.प.६६)
जल्ल—शरीर का मैल।
जल्लेन शरीरोत्थेन मलेन मलिनं।
(गा. ३६०० टी.प.४१)

जिमित्ता—खाकर। (गा. ८७१ टी.प.११५)
जुंगिय—जाति, कर्म या शरीर से हीन। (गा. १४४८)
• **जोअ**—निरूपण करना।
जोएइ त्ति देशीवचनमेतद् निरूपयति।
(गा. ७४ टी.प.३०)
जोइक्ख—दीप। (गा. ३१८६)
झंपिय—अनुपशान्त। (गा. २६६३)
झड्डरविड्डर—जादू-टोना।
झड्डरविड्डरं नाम तेषु गृहस्थप्रयोजनेषु कुंटलविंटलादिषु वा प्रवर्तनम्। (गा. १५८६ टी.प.४६)
झरण—स्मरण, सीखे हुए ज्ञान का परावर्तन। (गा. ७८८)
झाम—जला हुआ। (गा. ३२७४)
झामण—१. अग्नि। (गा. ६३३)
२. दावाग्नि। (गा. १३७७)
झामित—जलाया हुआ। (गा. ३१४६ टी.प.५५)
झोस—छोड़ना। (गा. ७६७ टी.प.८७)
झोसण—अन्वेषण, मार्गण, गवेषणा। (गा. १०६०)
टक्कर—ठोला। (गा. ३३७ टी.प.५२)
टोल्ल—मुंड सिर पर अंगुली का आघात, ठुनकाना, ठोला मारना। (गा. २५ टी.प.१३)
ठक्कुर—ठाकुर। (गा. ३३७ टी.प.५२)
डगल/डगलग—पाषाण आदि के टुकड़े।
(गा. २४२ टी.प.१६)
डमर—देश-विप्लव। (गा. १३७८)
डहर—छोटा। (गा. १५७८)
डहरक—सोलह साल तक का बच्चा। (गा. १५७७)
डहरिका—१८ वर्ष तक की कन्या।(गा. २३१२ टी. प. ५)
डाल—वृक्ष की शाखा। (गा. ६३टी. प. २४)
डिंगर—छोटी जाति। (गा. ३०६४)
डियल—शाखा। (गा. ४४२८)
डेव—लांघना। (गा. ६५ टी. प. ३५)
डेवणय—लंघन। (गा. १३८०)
डोंब—नट, चांडाल विशेष जो गायन करते हैं।
(गा. ४३१२ टी. प. ६६)
ढंक—कौआ। (गा. ७७४ टी. प. ८६)
ढकिय—ढका हुआ। (गा. ३२६४)
ढड्ढर—तेज आवाज। (गा. २७०)
णंतग—वस्त्र। (गा. २८५०)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णंतिक—वस्त्र छापने वाला, छींपा। (गा. ४३१२)
णंतिग—फटा-पुराना कपड़ा। (गा. ३२७७ टी.प. ७७)
णिज्जूह—गवाक्ष। (गा. ६६७)
णिदोच्च—भयरहित, स्वस्थ। (गा. ३१२५ टी. प. ५१)
णीहुज्ज—रहित। (गा. १६७०)
णूमणता—माया। णूमणयेति देशीपदमेतत् स्थगनम्।
(गा. ५८४ टी.प. ४१)
ण्ह—वाक्यालंकार में प्रयुक्त अव्यय (गा. २१६१ टी.प.८६)
तच्चण्णिय—बौद्धभिक्षु। (गा. २७१३)
• **तर**—समर्थ होना। (गा. २४७७)
तलवर—नगररक्षक, कोतवाल। (गा. २६०२)
तलिगा—उपानत्, जूता। (गा. ३४८०)
तिंतिण—तिनतिनाहट करने वाला। (गा. ८६१ टी.प.११३)
तिंतिणि—बड़बड़ाने वाला। तिंतिणि नाम यत्र तत्र वा स्तोकेऽपि कारणे करकरायणम्। (गा. १४४१ टी.प.१९)
तोणी—शरीर। (गा. ४३३४)
थक्क—प्रस्ताव। (गा. २४५४)
थल—खुले मुख का खाली स्थान। कवलप्रक्षेपणाय मुखे विडम्बिते यदाकाशं भवति तत् स्थलं भण्यते।
(गा. ३६८४ टी. प. ५७)
थलि—वैसा स्थान, जहां अनेक प्रकार के भिक्षुक भोजन लेने आते हों। (गा. ३०६४)
थिग्गल—पाबंद। (गा. ३५४०)
दर—किंचित्। (गा. २३५)
दायणा—दिखाना। (गा. ११५१)
दावण—दिखाना। (गा. २५८३)
दिक्करुय—छोटी। (गा. ३२१ टी.प.४४)
दिय—दिवस। (गा. ३३४७)
दीणार—दीनार, सिक्का। (गा. २६४२ टी.प.३५)
दुक्खर—दास। (गा. ११७२)
दुवग्ग—दोनों। (गा. ३१६६)
दूमण—सफेदी करना, पुताई। (गा. १७५४)
दे—अपशब्दसूचक अव्यय। (गा. २४५८)
देअट्टी—एक प्रकार का बिस्तर। (गा. ४३४४ टी.प.७१)
देवडंगर—१. एक प्रकार का छोटा मंदिर।
२. वह सार्वजनिक स्थान, जहां देवताओं की स्थापना की जाती है। (गा. ३०७० टी. प. ४१)
देवड—चर्मकार। (गा. ४३१२)
देसी—अंगूठा। देशीत्यङ्गुष्ठोऽभिधीयते।
(गा. ३३६७ टी. प.४)
दोट्टिय—तुम्बा। (गा. ४२६२ टी. प. ६३)
दोण्णक—पलाश के पत्तों का दोना।
पलाशादिपत्रमये दोण्णके। (गा. १३५१ टी.प.८५)
दोर—धागा। (गा. ३४८०)
दोसीण—पर्युषित, बासी अन्न। (गा. २६४२)
धणिय—अधिक, अतिशय। (गा. ३००८)
धाडंत—निष्कासित करना। (गा. १७५२)
धाडण—भागना। (गा. ६६३)
धाडिय—निःसृत। (गा. २१५८)
नक्खवीणिय—१. नख से वीणा बजाने वाला।
२. नखों को परस्पर घर्षण करना। (गा. ६५६)
नवय—जीर्ण वस्त्र, बिना पिंजी हुई रुई का आस्तरण विशेष।
(गा. ४३४४ टी.प.७१)
नालिकेर—नारियल। (गा. ३७४४)
निच्चिक्खिल्ल—कर्दम रहित। (गा. २५१६)
निच्छक्क—धृष्ट, निर्लज्ज। (गा. २३६२)
निच्छुभण—निष्कासन। (गा. ३५१६)
निद्धंधस—१. अकृत्य का सेवन करने वाला।
(गा. २४ टी.प.१२)
देशीवचनमेतद् अकृत्यं प्रतिसेवमानः।
२. निर्दय। (गा. ४५४५)
• **निप्फड**—निकलना, निष्क्रमण करना।
(गा. १०४६ टी.प.२०)
नियंसण—पहनने का वस्त्र। (गा. ११७ टी.प.४४)
निलुक्क—प्रच्छन्न, छिपा हुआ। (गा. १३८६)
निहेट्टित—तिरस्कार। (गा. १३८४ टी.प.८)
निहोडण—१. तिरस्कार। (गा. १३८४)
२. निवारण। (गा. १६६०)
नो—अंश।
नोकारो खलु देसं पडिसेहति।
नो शब्दो देशवचनत्वात् देशं प्रतिसेधयति।
(गा. १३६० टी.प.२)
पउत्थ—गृह। (गा. ३३३८ टी.प.८८)
पंजर—१. आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्त्तक, स्थविर और गणावच्छेदक—इन पांचों का समुदाय,
२. आचार्य आदि की परस्पर सारणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. प्रायश्चित्त आदि के द्वारा अकुशल प्रवृत्ति से निवृत्त करना। (गा. २७३ टी.प.२८)

पंतवण—प्रहार। (गा. २४६४)

• **पंताव**—घूमना। (गा. २४६६)

पंतावण—पीटना।
पंतावणं नाम पिट्टनम्। (गा. ७३३ टी.प.८०)

पच्चुरस—प्रत्यासन्न। (गा. २३७१)

पच्चुल्ल—प्रत्युत्। (गा. ३३७ टी.प.५२)

पच्छणग—शल्यक्रिया का शस्त्र। (गा. २३२४ टी.प.६)

पटिका—पात्र विशेष। (गा. ३८२८)

पडालिया—सार्थों का विश्रामस्थल।
पडालिका नाम यत्र मध्याह्ने सार्थिकास्तिष्ठंति।
(गा. ३३५१ टी.प.६०)

पडाली—कच्ची छत। (गा. ३३३८)

पडिच्छअ—अवान्तर गण का अधिपति। (गा. २७४४)

पड्डिया—नवप्रसूता महिषी। (गा. १३६१)

पढमालि /पढमालिय—नाश्ता। (गा. २२६८/११२)

पणग—१. काई। (गा. ३४१२)
२. पांच। (गा. २५२२)

पणताल—पैंतालीस। (गा. ४१५)

पणतालीस—पैंतालीस। (गा. ५३४)

पणतीस—पैंतीस। (गा. ४१४)

पणपण्ण—पचपन। (गा. ४१४)

पणयाल—पैंतालीस। (गा. ४१२)

• **पणाम**—अर्पित करना। (गा. २५५३)

पण्ण—१. पचास। (गा. ४१३)
२. दुर्गन्धित। (गा. ८५०)

पण्णट्ठी—पैंसठ। (गा. ४१३)

पण्णास—पचास। (गा. ४१४)

पतिरिक्क—एकान्त। (गा. १७३६)

पद्दिया—अभिनव प्रसूता महिषी। (गा. १३६१)

पन्नग—दुर्गन्धित। (गा. ८४५)

पम्हुट्ठ—विस्मृत। (गा. ३१६)

पम्हुट्ठ—१. परिष्ठापित, प्रक्षिप्त।
पम्हुट्टं ति परिठवियं ति एगट्ठं। (गा. ३५३६)

पया—चूल्हा।
पया उ चुल्ली समक्खाता। (गा. ३७१६)

परिहरणा—परिभोग।
परिहरणा नाम परिभोगः। (गा. २३५४ टी.प.१२)

परीसह—नापित। (गा. १४४६)

पलाणित्ता—घोड़े पर पलाण रखकर।
(गा. ६३२ टी.प.१३०)

पल्लिय—पल्ली, बस्ती। (गा. २७३४)

पव्वोणि—सम्मुख। (गा. २७३७)

पहेणग—सन्यासी को दिया जाने वाला भोजन। (गा. ३८२१)

पाण—चांडाल जाति। (गा. १४४८)

पाणंधि—आने-जाने का मार्ग।
पाणंधीति देशीपदमेतद् वर्तिनीवाचकम्।
(गा. १००० टी.प. ८)

पाहुड—कलह।
प्राभृतं नाम कलहः। (गा २६८० टी.प.२८)

पिल्लक—कुत्ते का बच्चा। (गा. १०१५ टी.प.१२)

पीढमद्द—मुख पर मीठा बोलने वाला।
पीठमर्दा नाम मुखप्रियजल्पाः। (गा. २४६५ टी.प.८)

• **पुंसय/पुंस**—पोंछना। (गा. २५२६ टी.प.१४)

पुत्तलिका—पुतली। (गा. २५४६)

पुरुस—कुम्भकार।
पुरुषः कुम्भकारः। (गा. ४३१२ टी.प.६६)

• **पुलोअ**—देखना। (गा. २३२५)

पेयाल—परिमाण। (गा. १४६६)

पेयालित—प्रश्न का उत्तर देना। (गा. १३८३ टी.प.७)

पेल्लणा—प्रेरणा। (गा. ६४८)

पेल्लित—प्रेरित। (गा. १११५)

पेल्लिय—क्षिप्त, पातित। (गा. १०४५ टी.प.२०)

पेसी—नौकरानी। (गा. ३२४७)

पोंट—घूंट। (गा. १०३५ टी.प.१८)

पोट्ट—१. पुत्र। (गा. ३३७ टी.प.५२)
२. उदर। (गा. ४५४४)

पोट्टल—पोटली। (गा. ४४५०)

पोट्टलि—पोटली, गठरी। (गा. २४५४)

पोतिका—वस्त्र। (गा. ४५३७ टी.प.६२)

पोत्त—वस्त्र। (गा. ३११३)

पोत्ती—वस्त्र। (गा. ३७७३)

पोत्तीय—वस्त्र। (गा. ३८५३)

पोयाल—सांड, वृषभ। (गा. १०४५)

पोर—पर्व। (गा. ३३६७)

फड्डगपति—गण के अवान्तर विभाग का नायक। (गा. २३४)

फलय/फलह—शाक आदि उगाने की बाड़ी। (गा. २३२६ टी.प.७)

फलिय—नाना प्रकार के व्यंजन और भक्ष्य पदार्थों द्वारा बनाया हुआ खाद्य विशेष।

फलियं पहेणगाई वंजणभक्खेहिं वा विरइयं तु। (गा. ३८२१ टी.प.१६)

फालहिय—शाक आदि उगाने की बाड़ी। (गा. २३२६)

• **फुराव**—अपहरण करवाना।

फुराविंति त्ति देशीपदमेतदपहारयंति। (गा. १५५० टी.प.४१)

फेडण—विपरिणत, उजाड़ देना। (गा. २०६२)

फेडण त्ति तत्र या वसतिः प्रागासीत् सा केनचिदपनीता स्यात्। (गा. २०६१ टी.प.७०)

फेडिय—त्याजित, छोड़ा हुआ। (गा. २४३१)

फेल्हसण—फिसलन। (गा. १७७० टी.प.६)

बइल्ल—बैल। (गा. ८८५)

बत्तीस—बत्तीस। (गा. ४४२८)

बब्बूल—बबूल। (गा. ३६३० टी.प.१६)

बलामोडि—बलपूर्वक, आग्रहपूर्वक। (गा. ७६५)

बायाल—बयालीस। (गा. ४७१)

बालपज्जेय—साधु का उपकरण विशेष। (गा. २०३५ टी.प.५७)

बावण्ण—बावन। (गा. ५३३)

बुक्क—विस्मृत। (गा. २५२)

बुब्बुय—वर्षा, बुदबुदाना। (गा. ३१११)

बुभुलइय—बहुभोजी। (गा. ८५०)

बोंडज—कपास से उत्पन्न वस्त्र। (गा. ३७३६)

बोंदि—शरीर। (गा. ११९२)

बोडियसाला—मठ। (गा. ३७२३ टी.प.५)

बोब्बड—मूक, भाषाजड़। (गा. ४६४०)

बोहिग—अनार्य, म्लेच्छ। (गा. ११७४)

भंगिल्ल—भंगवर्ती। (गा. १३६०)

भंडी—गाड़ी। (गा. ४५५)

भंभी—रसायण शास्त्र। (गा. ६५२)

भिणभिणायमाण—मक्खी की भिनभिनाहट। (गा. ११५१)

भुक्ख—बुभुक्षा। (गा. २५३४)

भुल्ल—भूलना। (गा. २३२५ टी.प.७)

भूणग—बालक। भूणके देशीपदमेतद् बालके। (गा. १२६५ टी.प.६६)

मइल—मलिन। (गा. ३२६२)

मंगुल—अशुभ। (गा. १०१६)

मक्कोड—मकोड़ा। (गा. ७१८ टी.प.७७)

मक्कोडय—मकोड़ा। (गा. ७१६ टी.प.७७)

मग्गय—पीछे। (गा. २६५३)

मग्गिल्ल—पूर्ववर्ती, पहले का। (गा. २२४६)

मडप्फर—गमनोत्साह। (गा. १८१७)

मडभ—कुब्ज। (गा. १४५०)

मत्तग—प्रस्रवण पात्र। (गा. ३६०८)

मद्दुक—मित्र। (गा. ६३२)

मल्लक—पात्र। (गा. १०८ टी.प.३८)

महल्ल—बड़ा। (गा. २५६)

माणं—वाक्यालंकार में प्रयुक्त अव्यय।

माणमिति वाक्यालंकारे। (गा. १६८८ टी.प.४८)

माल—ऊपर का कमरा। (गा. १५२०)

मुक—पर्याप्त, उचित, योग्य। (गा. २६१७)

मुणमुणंती—१. अस्पष्ट बोलती हुई, २. अव्यक्त अक्षर। (गा. २३१६)

मूइंग—१. मकोड़ा, चींटी। (गा. १७७२)

मूड—धान्य मापने का एक साधन। (गा. १६१० टी.प.३५)

मूतिंग—मकोड़ा।

मूइंग इति देशीपदं मत्कोटवाचकम्। (गा. ७१६ टी.प.७७)

मेरा—मर्यादा। (गा. ५८५)

मोय—प्रस्रवण। (गा. २७८६)

मोयपडिमा—प्रतिमा विशेष। (गा. ३७८६)

मोरंगचूलिया—पशुओं का आभूषण विशेष। (गा. १३६१)

मोरड—क्षाररस वाला वृक्ष विशेष। (गा. ३०८ टी.प.४०)

रंडा—एक प्रकार की गाली। (गा. २६२७ टी.प.१८)

रद्द—खिसककर गिरा हुआ। (गा. ३७३२ टी.प.६)

रसिगा—पीव। (गा. २७८३ टी.प.६१)

रिंगिणिका—वल्ली विशेष, कण्टकारिका। (गा. ३२१ टी.प.४४)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रीढा—अवज्ञा, अनादर। (गा. ३३५१)
रेग—१. निरर्थक। (गा. १४२५)
२. एकान्त अवसर। (गा. २५८१)
रोक्किर—दांत पीसना। (गा. १३८६ टी.प.८)
लंख—बांस पर चढ़कर नाच दिखानेवाला।
लंखा ये वंशादेरुपरि नृत्तं दर्शयन्ति।
(गा. १४४६ टी.प.१७)
लंखग—१. नाचने वाला, नर्तक। (गा. ७८३)
२. गायक। (गा. ४३१२ टी.प. ६६)
लंखिय—नट जाति। (गा. २७६४)
लंद—काल। (गा. ३३५७)
लंबण—कवल। (गा. ३६८५ टी.प.५७)
लाइय—गृहीत, स्वीकृत। (गा. ७६६ टी.प. ६६)
● **लाढ**—जीवन-यापन करना। (गा. २६६२)
लिंडिक—मेंगनी (बकरी आदि की)। (गा. ५०७ टी.प.१३)
लुग्ग—शुष्क। (गा. २३२६)
लेस—स्त्री की योनि। (गा. २८१२)
लोट्ठ—लेष्टु, पत्थर। (गा. ३१२६)
लोमसिया—ककड़ी। (गा. ३७४४)
ल्हसन—फिसलना। (गा. १७७२ टी.प.६)
वक्कल—चक्राकार, वर्तुल। (गा. ६५)
वक्खार—छोटा कमरा। (गा. २७८२)
वगडा—परिक्षेप। वगडा नाम परिक्षेपः।
(गा. ३७०३ टी.प.१)
वग्घक—एक प्रकार का घास। (गा ३३६६)
वग्घिक्क—धब्बा। (गा. ३२१८)
वज्झियाव—इक्षु।
वज्झियावो नाम देशीवचनत्वादिक्षुः।
(गा. २५१ टी.प.२२)
वज्झियावग—इक्षु।
वज्झियावगो उच्छु इति। (गा. २५१ टी. प. २२)
वट्ट—विद्यार्थी। (गा. ४३१३)
वट्टावअ—सेवा करनेवाला। (गा. २५६)
वडार—विभाग। (गा. ३१६१)
वड्डकुमारी—बड़ी लड़की। (गा. ६३ टी.प. २५)
वरंडक—बरामदा। (गा. १८५ टी.प.३)
वरुड—१. एक प्रकार का शिल्पी। (गा. २११ टी.प.१०)
२. हीन जातिवाला। (गा. ३२६२ टी.प.८०)

वाडु—भाग जाना। देशीवचनमेतद् नशनं करोति नश्यतीत्यर्थः। (गा. ८२१)
वाणमंतर—व्यंतर देव। (गा. ६५३)
वाणमंतरी—व्यंतरी। (गा. ११४५)
वारिक—नापित। नापिता नखशोधका वारिका इत्यर्थः।
(गा. ३६२२)
विज्जल—कीचड़युक्त स्थान। (गा. २२३)
विटलक—जादू-टोना। (गा. ३६७१ टी.प.५५)
विट्टालित—उच्छिष्ट, भ्रष्ट। (गा. ३३१६)
विड्डर—गृहस्थ के लिए जादू-टोना में प्रवृत्त होना।
(गा. १५८६)
● **विद्दाह**—नष्ट होना। (गा. २३६६)
● **विप्फाल**—प्रश्न करना, पूछना।
विप्फालेइ देशीवचनमेतत् पृच्छतीत्यर्थः।
(गा. २४८ टी. प. २१)
विप्फालय—पूछना। (गा. २४८ टी.प.२१)
विमत्तग—प्रस्रवण पात्र। (गा. ३६३३)
वियरय—लघु स्रोत वाला जलाशय, जो सोलह हाथ विस्तृत होता है। नदी या महागर्त में इसका संकुचन तीन हाथ विस्तृत होता है।
वियरओ नाम लघुस्रोतो रूपो जलाशयः स च षोडशहस्तविस्तारो नद्यां महागर्तायां वा तस्याकुंचः त्रिहस्तविस्तारः। (गा. १३८० टी.प.६)
विरल्ल—विस्तृत, बिखेरा हुआ। (गा. १७७३)
विवाह—वधू पक्ष की ओर से दिया जानेवाला भोज।
(गा. ३७३६)
विसुयाविय—शुष्क किया हुआ, विशुद्ध किया हुआ।
(गा. २६२१)
विस्सामण—वैयावृत्य, पैर दबाना। (गा. ४१२३)
वीसाल—बीस। (गा. ५३३)
वीवाह—वधूपक्ष की ओर से दिया जाने वाला भोज।
(गा. ३७३६)
वेउट्टिय—बार-बार। (गा. २०८४)
वेंट—बीच का खाली स्थान। (गा. १३८० टी.प. ६)
वेंटक—बिस्तर। (गा. २५२७ टी.प.१४)
वेंटल—जादू-टोना। (गा. ३०६३)
वेंटिय—गठरी। (गा. १२६)
वेंटिहत—परिचित। (गा. ३६७३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेल्लूक—एक प्रकार का कीट। (गा. ३१६८)
वोगड—विभक्त। (गा. ३३५८)
वोट्टित—उच्छिष्ट, अपवित्र। (गा. ३३१६)
वोड्ड—मूर्ख। (गा. २४७०)
• **वोल**—गमन करना। (गा. १२७७ टी.प. ६८)
संकट्ट—मार्ग। (गा. ३५६४)
संकर—पथ, रास्ता। (गा. ४४२८)
संखड—कलह। (गा. ५०१५ टी.प. ११)
संखडि—१. सरस भोजन। (गा. २३१)
२. मिठाई, जीमनवार। (गा. १६५०)
संखडी—जीमनवार। (गा. ११२)
संखेडिपाल—पशुपालक। (गा. १००० टी.प. ८)
संगार—संकेत। (गा. ६४३)
संगिल्ल—साथ में, समूह। (गा. ६३२)
संगेल्ल—गायों का समूह।
संगिल्लो नाम गोसमुदायः। (गा. १००० टी.प. ७)
• **संचिक्ख**—घात करना। (गा. ३२१०)
संडास—संडासी। (गा. ३३६८)
संथड—राज्य। संथडं नाम राज्यम्। (३३५५)
संथरमाण—तृप्त न होता हुआ। (गा. १७६५)
संपसार—मंत्रणा करना। (गा. १३८६ टी.प. ८)
संबर—कचरा उठाने वाला। संबराः कचवरोत्सारकाः।
(गा. ३२६२ टी.प. ८०)
संमलि—दूती। (गा. २३७६)
सज्झंति—भगिनी। (गा. १६०७)
सज्झंतिया—भगिनी। (गा. १६०३)
सज्झिलग—१. भाई। (गा. ११४२)
२. पड़ोसी। (गा. १६८ टी.प. ३६)
सब्भिलग—साथी। (गा. १३२४)
समुइ—स्वभाव। (गा. २६३७)
सयज्झिय—सखा। (गा. ४४५ टी.प. ६२)
सातिज्जिय—अनुमोदित। (गा. १२८३)
सामत्थण—पर्यालोचन। (गा. ३८६४)
साला—शाखा। (गा. ३७५१)
सासेरी—यंत्रमयी नर्तकी।
सासेरीति देशीवचनमेतद् यंत्रमयी नर्तकी।
(गा. ११९२ टी.प. ३४)
साहण—कथन। (गा. ३८६१)

साही—गली। (गा. ३१५०)
सिग्ग—परिश्रम। सिग्ग त्ति देशीपदमेतत् परिश्रम इत्यर्थः।
(गा. १७७० टी.प. ६)
सिंभिय—श्लैष्मिक। (गा. ३८३६ टी.प. ३)
सिव्वणि—सूई। (गा. ३५४६)
सीभर/सीभरग—बोलते हुए थूक उछालने वाला।
सीभरो नाम यः उल्लपन् परं लालया सिंचति।
(गा. १४८२ टी.प. २६)
सीयाण—श्मशान। (गा. ३१४६)
सेट्ठिणी—सेठाणी। (गा. १६०१ टी.प. ५१)
सेट्ठी—श्रेष्ठी। तुष्टनरपतिप्रदत्तश्रीदेवताध्यासितसौवर्णपट्टविभूषितोत्तमांगो नगरचिंताकारी नागरिकजनः श्रेष्ठी। (गा. २१६ टी.प. १२)
सेहि—गत, गया हुआ। (सू. ७/३)
सोंड—सूंड। (गा. १३८३)
हक्कार—गर्जना। (गा. १३८६)
हडि—कारावास। (गा. ४५४४)
हड्ड—हड्डी। (गा. ४५४४)
हत्थिहत्थ—दुस्तर। (गा. ६६५)
हरियवण्णी—वैसा प्रदेश, जहां प्रायः दुर्भिक्ष होता हो और वहां के लोग हरित, शाक आदि खाकर जीते हों। (गा. २०६१)
हाडहड—तत्काल।
हाडहडं देशीपदमेतत् तत्कालमित्यर्थः।
(गा. २७६ टी.प. ३०)
हाडहडा—आरोपणा, प्रायश्चित्त का एक प्रकार। (गा. ५६६)
हिंडिक—नगररक्षक। (गा. ६८३ टी.प. ६७)
हित्थ—हिंसित, मारा हुआ। हत्थोत्ति देशीपदमेतद् हिंसितः।
(गा. १०० टी.प. ३६)
हिरडिक्क—चांडालों का यक्ष, जिसके मन्दिर (मूर्ति) के नीचे मनुष्य की हड्डियां रखी जाती हैं। (गा. ३१४६ टी.प. ५५)
हेट्ठा—नीचे। (गा. ७५६)
हेट्ठिल्ल—नीचे वाला। (गा. ५३२)
हेहंभूत—गुण-दोष के ज्ञान से विकल और निर्दम्भ।
हेहंभूतो नाम गुणदोष-परिज्ञान-विकलोऽशठभावः।
(गा. १७५ टी.प. ५६)
होढ़ा—दे ही दिया, कर ही दिया।
'होढ़ा' इति देशीपदमेतद् दत्तमेव कृतमेवेत्यर्थः।
(गा. ६७७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कथाएँ

१. माया से शुद्धि नहीं

एक गांव में एक ब्राह्मण रहता था। वह कामुक था। एक बार उसने अपनी सुन्दर पुत्र-वधू या चंडालिन में आसक्त हो उसके साथ संभोग कर लिया। उसके मन में प्रायश्चित्त का भाव जागा। वह प्रायश्चित्त के निमित्त एक चतुर्वेद के ज्ञाता ब्राह्मण के पास गया और यथार्थ को छुपाते हुए बोला —विप्रवर ! आज स्वप्न में मैं अपनी पुत्रवधू या चंडालिन के साथ कुकृत्य कर बैठा। आप मुझे प्रायश्चित्त दें। यह मायापूर्वक किया जाने वाला प्रायश्चित्त है। (गा. १८ टी. प. १०)

२. कुम्हार का मिच्छा मि दुक्कडं

एक आचार्य अपनी शिष्य मंडली के साथ जनपद विहार करते हुए एक गांव में आए। वे वहां एक कुंभकारशाला में ठहरे। आचार्य ने अपने शिष्यों से कहा—'यह कुंभकारशाला है। मिट्टी के अनेक प्रकार के भांड यहां रखे हुए हैं। सबको सतर्क रहना है। इधर-उधर आते-जाते भांड फूट न जाएं, पूरा ध्यान रखना है।' एक शिष्य प्रमादी था, कुतूहली था। वह कंकर से एक भांड फोड़ता और तत्काल 'मिच्छा मि दुक्कडं' का उच्चारण करता। वह बार-बार ऐसा करने लगा। दो-चार दिन बीते। कुंभकार ने शिष्य को समझाया। वह नहीं समझा, तब कुंभकार ने एक दिन उस शिष्य का कान खींचकर उसके सिर पर 'ठोला' मारा और बोला 'मिच्छा मि दुक्कडं'। दो-चार बार ऐसा करने पर शिष्य बोला—'अरे मुझ निरपराध को क्यों पीट रहे हो ?' कुंभकार बोला—'तुमने मेरे भांड क्यों फोड़े ?' शिष्य ने कहा—'भांड फोड़कर मैंने 'मिच्छा मि दुक्कडं' कहकर प्रायश्चित्त कर लिया था।' कुंभकार ने कहा—'मैंने भी 'ठोला' मारकर यह प्रायश्चित्त कर लिया है।' अतः इसमें मेरा कोई दोष नहीं है। यह कुंभकार और शिष्य का प्रायश्चित्तस्वरूप किया हुआ अव्यावहारिक मिच्छा मि दुक्कडं है। (गा. २५ टी.प.१३)

३. ऋजुता का परिणाम

दो गीतार्थ मुनि साथ-साथ विहरण कर रहे थे। एक बार सचित्त वस्तु के विषय में दोनों में चिन्तन चला। एक ने कहा—मुझे ऐसा प्रतीत होता है। दूसरे ने कहा—नहीं, मुझे ऐसा प्रतीत होता है। दोनों किसी भी निर्णय पर नहीं पहुंच पाए। निकट में कोई तीसरा गीतार्थ मुनि नहीं था जिसके पास जाकर समाधान पाया जा सकता हो। तब एक गीतार्थ मुनि ने दूसरे से कहा—'आर्य ! तुम ही मेरे लिए प्रमाण हो। तुम ही निर्णय दो। इस प्रकार निर्णायकरूप में नियुक्त होने पर उसने सोचा —मैं तीर्थंकर का प्रतिनिधि तथा संघ का आचार्य हूं। मैं संघ की मर्यादा का अतिक्रमण कैसे करूँ ? उसने कहा—आर्य! तुमने जो कहा, वही सही है। मैंने जो सोचा था, वह सही नहीं है। यह है ऋजुता का परिणाम। (गा. २९, ३० टी.प.१३, १४)

४. स्वाध्याय में काल और अकाल का विवेक

एक मुनि कालिक श्रुत का स्वाध्याय कर रहा था। रात्रि का पहला प्रहर बीत गया। उसे इसका भान नहीं रहा। वह स्वाध्याय करता ही गया। एक सम्यक्‌दृष्टि देवता ने यह जाना। उसने सोचा—यह मुनि अकाल में स्वाध्याय कर रहा है। कोई नीच जाति का देवता इसको ठग न ले, इसलिए उसने छाछ बेचने का स्वांग रचा। 'छाछ लो, छाछ लो।' यह कहता हुआ वह उस मार्ग से निकला। वह बार-बार उस मुनि के उपाश्रय के पास आता-जाता रहा। मुनि ने मन ही मन—यह छाछ बेचनेवाला मेरे स्वाध्याय में बाधा डाल रहा है—यह सोचकर उससे कहा—अरे ! अज्ञानी ! क्या यह छाछ बेचने का समय है ? समय की ओर ध्यान दो। तब उसने कहा—मुनिवर्य ! क्या यह कालिक श्रुत का स्वाध्याय-काल है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनि ने यह बात सुनी और सोचा—यह कालिक-श्रुत का स्वाध्याय-काल नहीं है। आधी रात बीत चुकी है। मुनि ने प्रायश्चित्त स्वरूप 'मिच्छा मि दुक्कडं' का उच्चारण किया। देवता बोला—फिर ऐसा मत करना, अन्यथा तुम तुच्छ देवता से ठगे जाओगे। अच्छा है, स्वाध्याय-काल में ही स्वाध्याय करो न कि अस्वाध्याय-काल में। (गा. ६३ टी.प.२४)

५. एक खंभे का प्रासाद

राजगृह नगर। महाराजा श्रेणिक। महारानी ने एक बार कहा—'राजन् ! मेरे लिए एक खंभे वाला प्रासाद बनवाएं। राजा ने बढ़इयों को काष्ठ लाने का आदेश दिया। वे अभयकुमार के साथ काष्ठ के लिए वन में गए। वहां उन्होंने एक विशाल वृक्ष देखा। वह वृक्ष सभी लक्षणों से युक्त और सीधा था। उन्होंने वृक्ष की धूप-दीप से पूजा कर, प्रार्थना के स्वरों में कहा—जो इस वृक्ष का अधिष्ठाता देव है, वह हमें दर्शन दे, अन्यथा हम इस वृक्ष को काट देंगे। तब अधिष्ठाता व्यन्तर देव अभयकुमार महामात्य के सामने प्रकट हुआ और बोला—'मैं महाराज श्रेणिक के लिए एक खंभे वाला प्रासाद निर्मित कर दूंगा। वह सभी ऋतुओं में सुखकारी और सभी प्रकार के साधनों से युक्त होगा। तुम लोग मेरे इस आवास-स्थान—वृक्ष को मत काटो। यह वृक्ष मेरे आवास के ऊपर चूलिका के समान है।' बढ़इयों ने वृक्ष नहीं काटा। उस व्यन्तर देव ने एक खंभे वाले प्रासाद का निर्माण कर दिया। (गा. ६३ टी.प.२४, २५)

६. चोर की खोज

राजगृह नगर में एक चंडालिनी रहती थी। वह गर्भवती हुई। उसे आम खाने का दोहद उत्पन्न हुआ। वह आम की ऋतु नहीं थी। उसने अपने पति से कहा—मुझे आम लाकर दो। पति बोला— यह समय आम का नहीं है। पत्नी ने हठ किया तब वह चंडाल महाराज श्रेणिक के बगीचे के पास गया और 'अवनामिनी' विद्या का प्रयोग कर आम की शाखाओं को झुकाया, पांच-दस आम तोड़े और फिर उन्नामिनी विद्या का प्रयोग कर उन शाखाओं को पूर्ववत् ऊपर कर डाला। मातंगी का दोहद पूरा हुआ।

प्रातःकाल राजा ने देखा कि आम्रवृक्ष से आम तोड़े हुए हैं। वहां वृक्ष के आस-पास किसी मनुष्य के पदचिह्न नहीं दीखे। राजा ने सोचा—कौन कैसे यहां आया? जिस व्यक्ति में ऐसी शक्ति है, वह कभी-न-कभी मेरे अन्तःपुर को भी क्लिष्ट कर सकता है। राजा ने अभय को बुलाकर कहा—यदि सात दिनों की अवधि में चोर को पकड़कर मेरे सामने उपस्थित नहीं कर पाओगे तो तुम्हें मौत की सजा दी जाएगी।

अभय चोर की खोज में निकला। एक स्थान पर एक नट अपने करतब दिखाने के लिए तत्पर हो रहा था। वहां लोगों की भीड़ एकत्रित थी। अभय वहां पहुंचा और लोगों से बोला—'भाइयो ! जब तक यह नट सज-धज कर आता है तब तक मैं आपको एक कहानी सुनाता हूं, आप उसे सुनें।

एक नगर में एक सेठ रहता था। वह अत्यंत दरिद्र था। उसकी एक रूपवती विवाह योग्य कन्या थी। वह कन्या अच्छे वर की प्राप्ति के लिए कामदेव की अर्चा-पूजा करती थी। एक दिन वह पूजा के निमित्त फूलों की प्राप्ति के लिए बगीचे में गई और चोरी-चोरी फूल चुनने लगी। बागवान् ने उसे देख लिया। वह कन्या के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। कन्या बोली—मैं कुंआरी हूं। मेरे साथ ऐसा मत करो। तुम्हारे घर पर भी बहिनें, बेटियां होंगी।' वह बागवान् बोला—एक शर्त पर मैं तुझे छोड़ सकता हूं। वह शर्त यह है कि जब तेरा विवाह हो, उसी दिन पति के पास जाने से पूर्व तू मेरे पास आएगी। लड़की ने यह शर्त स्वीकार कर ली। बागवान् ने उसे तत्काल मुक्त कर दिया। कालान्तर में लड़की का विवाह हो गया।

सुहागरात। विवाह की पहली रात्रि। वह पति के कक्ष में गई और हाथ जोड़कर विवाह से पूर्व स्वीकृत शर्त की जानकारी दी। पति ने उसे शर्त पूरी करने की आज्ञा दे दी। वह अपने घर से बागवान् से मिलने निकली। रास्ते में चोरों ने उसे घेर लिया। उसने अपनी बात कही। चोरों ने भी उसे छोड़ दिया। वह आगे चली। एक राक्षस मिला। वह छह महीनों से भूखा था। वह छह महीनों में एक ही बार खाता था। उसने उस नवोढ़ा को पकड़ लिया। नवोढ़ा ने अपनी पूरी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बात बताई। राक्षस ने उसे छोड़ दिया। वह वहां से चलकर बागवान् के पास आई। बागवान् ने उसे आश्चर्य से देखा और पूछा—अरे यहां क्यों आई हो ? उसने कहा—अपनी शर्त को पूरा करने के लिए मैं आई हूं। बागवान् बोला—क्या पति ने तुझे यहां आने की आज्ञा दे दी ? कैसे दी ? उसने अपनी सारी रामकथा सुनाई। बागवान् ने सोचा—'ओह ! यह सत्य-प्रतिज्ञ है। इतने सारे व्यक्तियों ने इसे छोड़ दिया तो मैं फिर इसे कैसे दूषित करूं।' यह विचार कर उसने उसे छोड़ दिया।

वहां से लौटकर वह राक्षस और चोरों के बीच से आई। पर सभी ने उसे मुक्त कर दिया। वह अपने पति के पास सुरक्षित आ पहुंची।'

अभय ने उन श्रोताओं से पूछा—आपने पूरी कहानी सुन ली। अब आप बताएं की कहानी के पात्रों में किस पात्र ने दुष्कर कार्य किया ? यह सुनकर उस एकत्रित भीड़ में उपस्थित ईर्ष्यालु व्यक्तियों ने कहा—उस लड़की के पति ने दुष्कर कार्य किया। भूखे व्यक्तियों ने राक्षस को, कामुक मनुष्यों ने बागवान् को और चांडाल ने चोर को दुष्कर कार्य करने वाला बताया।

अभय ने उस चांडाल को चोर समझकर पकड़ लिया और उसे राजा के समक्ष उपस्थित किया। चोर ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और यह भी बता दिया कि उसने चोरी कैसे की। राजा ने कहा—'मातंग ! यदि तू मुझे ये दोनों विद्याएं सिखा देगा तो तुझे जीवनदान मिलेगा अन्यथा मृत्यु का वरण करना होगा।' मातंग ने विद्या देना स्वीकार कर लिया।

राजा सिंहासन पर बैठा। मातंग नीचे जमीन पर बैठ गया। विद्या का ग्रहण न होने पर राजा ने इसका कारण पूछा। मातंग बोला—राजन् ! अविनय से विद्या गृहीत नहीं होती। तुम ऊपर बैठे हो और मैं विद्या-दाता नीचे, यह अविनय है। तब राजा तत्काल सिंहासन को छोड़कर नीचे बैठा और मातंग को ऊंचे आसन पर बिठाया। विद्याएं सिद्ध हो गईं।

(गा. ६३ टी.प.२४, २५)

७. भक्ति और बहुमान

एक गिरि-कंदरा में शिव की मूर्ति थी। एक ब्राह्मण और एक भील—दोनों उसकी पूजा-अर्चा करते थे। ब्राह्मण प्रतिदिन स्नान आदि कर, पवित्र होकर अर्चना करता था। अर्चना के पश्चात् वह शिव के सम्मुख बैठकर शिवजी का स्तुति-पाठ कर चला जाता। उसमें शिव के प्रति विनय था, बहुमान नहीं। वह भील शिव के प्रति बहुमान रखता था। वह प्रतिदिन मुंह में पानी भर लाता और उससे शिव को स्नान करा, प्रणाम कर वहीं बैठ जाता। शिव प्रतिदिन उसके साथ बातचीत करते। एक बार ब्राह्मण ने दोनों का आलाप-संलाप सुन लिया। उसने शिव की पूजा कर उपालंभ भरे शब्दों में कहा— तुम भी व्यन्तर शिव हो, जो ऐसे गंदे व्यक्ति के साथ आलाप-संलाप करते हो। तब शिव ने ब्राह्मण से कहा—'भील में मेरे प्रति बहुमान—आंतरिक प्रीति है, वह तुम्हारे में नहीं है।'

एक बार शिव ने अपनी आंखें निकाल लीं। ब्राह्मण अर्चा करने गया। वह शिव के आंखें न देखकर रोने लगा और उदास होकर वहीं बैठ गया। इतने में ही भील आ पहुंचा। शिव की आंखें न देखकर उसने तीर से अपनी दोनों आंखें निकाल कर शिव के लगा दी। ब्राह्मण ने यह देखा। उसे शिव की बात पर पूरा विश्वास हो गया कि भील में बहुमान का अतिरेक है।

(गा. ६३ टी.प.२५)

८. ज्ञानान्तराय

एक बहुश्रुत आचार्य थे। वे अपने शिष्यों को वाचना देते-देते परिश्रान्त हो गए। वे स्वाध्याय-काल को अस्वाध्याय-काल कहने लगे। इस प्रक्रिया से उनके ज्ञानान्तराय कर्म का बंध हुआ। वे मरकर देवलोक में उत्पन्न हुए। वहां से च्युत होकर वे एक अहीर के कुल में उत्पन्न हुए। उनका यौवन अवस्था में विवाह हुआ। वे भोग भोगने लगे। उनके एक कन्या उत्पन्न हुई। वह अत्यन्त रूपवती थी। एक बार वे दोनों पिता-पुत्री अपने पशु धन को लेकर अन्यत्र जा रहे थे। वे शकट में सवार थे। गांव के अन्यान्य लोग भी अपने-अपने शकट में थे। पुत्री अपने शकट के अगले सिरे पर बैठी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थी और वह शकट अन्यान्य सभी शकटों से आगे था। अन्य शकटों में बैठे तरुण अहीर युवकों ने सोचा, शकट को आगे लेकर लड़की को देखें। वे अपने-अपने शकटों को विषम मार्ग से आगे ले जाने लगे। विषम मार्ग के कारण उनके शकट टूट गए। तब उन युवकों ने उस लड़की का नाम 'अशकट' रख दिया। वे उसके पिता को 'अशकट पिता' कहने लगे। अहीर पिता ने यह सुना। उसका मन वैराग्य से अनुरंजित हो गया। वह अपनी पुत्री का एक अहीर तरुण से विवाह कर स्वयं प्रव्रजित हो गया। वह आगम का अध्ययन करने लगा। उत्तराध्ययन सूत्र के तीसरे अध्ययन 'चाउरंगिज्जं' तक पढ़ा। जब उसने चौथा अध्ययन 'असंखयं' प्रारंभ किया तब पूर्वबद्ध ज्ञानान्तराय कर्म का विपाकोदय हुआ। अब उसे पाठ याद नहीं हो पा रहा था। अनेक दिन बीते। स्थिति में कोई अन्तर नहीं आया। उसने आचार्य से पूछा। आचार्य बोले—'तुम बेले-बेले की तपस्या करो और निरंतर आचाम्ल करते रहो।' वह तप करने लगा। बारह वर्षों के इस क्रम में वह मात्र बारह श्लोक ही सीख पाया। उसका ज्ञानान्तराय कर्म जब क्षीण हुआ तब वह बहुश्रुत हो गया। (गा. ६३ टी. प. २५, २६)

९. विद्यादाता का नाम मत छुपाओ

एक गांव में एक नापित रहता था। वह अनेक विद्याओं का ज्ञाता था। विद्या के प्रभाव से उसका 'क्षुरप्रभांड' अधर आकाश में स्थिर हो जाता था। एक परिव्राजक उस विद्या को हस्तगत करना चाहता था। वह नापित की सेवा में रहा और विविध प्रकार से उसे प्रसन्न कर वह विद्या प्राप्त की। अब वह अपने विद्याबल से अपने त्रिदंड को आकाश में स्थिर रखने लगा। इस आश्चर्य से बड़े-बड़े लोग उस परिव्राजक की पूजा करने लगे। एक बार राजा ने पूछा—भगवन् ! क्या यह आपका विद्यातिशय है या तप का अतिशय है ? उसने कहा—यह विद्या का अतिशय है। राजा ने पुनः पूछा—आपने यह विद्या किससे प्राप्त की ? परिव्राजक बोला—मैं हिमालय में साधना के लिए रहा। वहां मैंने एक फलाहारी तपस्वी ऋषि की सेवा की और उनसे यह विद्या प्राप्त की। परिव्राजक के इतना कहते ही आकाशस्थित वह त्रिदंड भूमि पर आ गिरा।
(गा. ६३ टी.प. २६)

१०. सुलसा की धार्मिक दृढ़ता

राजगृह नगरी में सुलसा श्राविका रहती थी। वह सम्यक्त्व में सुदृढ़ थी। एक बार अंबड़ राजगृह की ओर जा रहा था। अनेक भव्यजन को सम्यक्त्व में सुदृढ़ करने की दृष्टि से भगवान् ने अंबड से कहा—तुम राजगृह जा रहे हो। सुलसा को धर्म-जागरणा के विषय में पूछना। अंबड़ ने सोचा—पुण्यवती है सुलसा, जिसको भगवान भी पूछते हैं। अंबड राजगृह आया। सुलसा की परीक्षा के लिए वह उसके घर भिक्षा के लिए गया। भिक्षा नहीं मिली। अंबड ने अनेक रूप बनाए। फिर भी सुलसा ने उसको आदर-सम्मान नहीं दिया। वह उसके ऐश्वर्य या चमत्कारों से संमूढ नहीं बनी। (गा. ६४ टी.प. २७)

११. श्रेणिक की सम्यक्त्व-दृढ़ता

राजगृह नगर में राजा श्रेणिक राज्य करता था। एक बार इन्द्र ने अपने देव-परिषद् में श्रेणिक के सम्यक्त्व—धार्मिक दृढ़ता की प्रशंसा की। एक देवता ने इन्द्र की बात पर विश्वास नहीं किया। वह श्रेणिक की परीक्षा करने के लिए मुनि का वेश बना, एक तालाब पर मछलियां पकड़ने बैठा। श्रेणिक उस ओर से निकला, उसने भिक्षु को मछलियां पकड़ते देखकर कहा—अरे! ऐसा मत करो।

दूसरी बार वही देव एक गर्भवती साध्वी का रूप बनाकर मार्ग में बैठ गया। श्रेणिक ने देखा और साध्वी को अपने अन्तःपुर के एक कमरे में ले गया और वहां प्रसूतिकर्म संपन्न कराया। यह सारी वार्ता अत्यन्त गुप्त रखी। राजा स्वयं उस कार्य में संलग्न रहा। उसकी प्रवचन के प्रति श्रद्धा में न्यूनता नहीं आई। तब देव ने साध्वी का रूप छोड़कर अपने मूल रूप में राजा के समक्ष आकर कहा—राजन् ! सफल है तुम्हारा जन्म और जीवन। जिन-प्रवचन पर तुम्हारी यह दृढ़ भक्ति सराहनीय है। (गा. ६४ टी. प. २७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. अन्तर्शल्य और अश्व

एक राजा था। उसके पास सर्वलक्षणयुक्त एक अश्व था। वह दौड़ने और कूदने में समर्थ था। उस अश्व के कारण राजा अजेय था। राजा अपने सामंत-राजाओं पर अनुशासन करता था। एक बार सामंत राजाओं ने अपनी-अपनी सभा में सभासदों से कहा—क्या कोई ऐसा व्यक्ति है जो उस अश्व को चुराकर ले आए ? सभी ने कहा—वह अश्व एक पिंजरे में रहता है। प्रतिपल उसकी निगरानी के लिए पुरुष तैनात रहता है। हवा भी उस तक नहीं पहुंच पाती। इतने में ही एक सभासद् ने कहा—'यदि आप कहें तो मैं उस अश्व को मार सकता हूं, परन्तु उसका अपहरण नहीं कर सकता। राजा बोला—वह अश्व हमारा भी न हो और उसका भी न रहे। जाओ, तुम उसका वध कर दो। वह व्यक्ति वहां गया। एक गुप्त स्थान में छुप गया। एक चिकने ईषिका के अग्रभाग में कांटे की अणी को पिरोकर बच्चों के छोटे धनुष्य पर बाण चढ़ा, अश्व की ओर फेंका। अश्व के शरीर पर बाण लगा और बाण नीचे गिर पड़ा। वह सूक्ष्म कंटक (शल्य) अश्व के शरीर में प्रविष्ट हो गया। उस अव्यक्त शल्य के प्रभाव से अश्व सूखने लगा। उपचार किए गए। खाने-पीने की भी व्यवस्था में सुधार किया, पर अश्व दिन-प्रतिदिन कमजोर होता गया। अश्व-वैद्य को बुलाया गया। उसने अश्व की बाह्य स्थिति का निरीक्षण कर सोचा, इसे कोई रोग नहीं है। अवश्य ही इसके शरीर के भीतर कोई अव्यक्त शल्य है। तत्काल उसने कर्मकरों से कहकर उस अश्व के पूरे शरीर पर गीली मिट्टी का लेप करवाया। वैद्य वहीं खड़ा रहा। अश्व के शरीर के जिस भाग में वह मिट्टी का लेप पहले सूखा, वैद्य ने उस अवयव को चीर कर उस सूक्ष्म शल्य को निकाल दिया। अश्व स्वस्थ हो गया। (गा. ३२१ टी. प. ४४)

१३. रोग को छुपाओ मत

एक तापस का नाम था कुंचिक। एक दिन वह फलों के लिए जंगल में गया। रास्ते में एक नदी थी। उसने चलते-चलते नदी के तट पर एक मृत मत्स्य को देखा। वह जन-शून्य स्थान था। उसने उस मत्स्य को पकाया और खा लिया। मत्स्य का मांस पचा नहीं। वह अजीर्ण रोग से आक्रान्त हो गया। वह वैद्य के पास गया। वैद्य ने पूछा—तुमने क्या खाया था, जिससे अजीर्ण हुआ है। तापस ने कहा—फलों के अतिरिक्त मैंने कुछ भी नहीं खाया। वैद्य बोला—कंद, फल आदि खाने से तुम्हारा शरीर कृश हो गया है, इसलिए तुम घृतपान करो। उसने खूब घी पिया। वह और अधिक बीमार हो गया। उसने पुनः वैद्य को पूछा। वैद्य ने कहा—सही-सही बताओ, तुमने उस दिन क्या खाया था ? तब तापस बोला—मैंने एक मत्स्य खाया था। तब वैद्य ने उसे संशोधन, वमन, विरेचन आदि चिकित्सा-विधियों से स्वस्थ कर दिया। (गा. ३२३ टी.प. ४५)

१४. छुपाने से हानि

दो राजाओं के मध्य युद्ध चल रहा था। एक राजा का योद्धा अत्यन्त शूरवीर होने के कारण राजा को प्रिय था। उसके अनेक तीर लगे और उसका शरीर अनेक शल्यों से भर गया। वैद्य उन शल्यों को निकालने लगा। उस समय उस योद्धा को अत्यंत पीड़ा का संवेदन हुआ। उसने एक अंग में शल्य रहने पर भी वैद्य को नहीं बताया। उन शल्यों के कारण वह दुर्बल होता गया। फिर वैद्य के पूछने पर उसने मूल बात बताई। वैद्य ने उस अंग से भी शल्य निकाल दिया। वह बलवान हो गया। (गा. ३२३ टी. प. ४६)

१५. दो मालाकार

एक गांव में दो मालाकार रहते थे। कौमुदी-महोत्सव को निकट जानकर दोनों ने उद्यान से पुष्पों का संचय किया। एक मालाकार ने सारे फूलों को सजाकर बाजार में रखा। दूसरा फूलों को यों ही टोकरी में रखकर बाजार में बैठ गया। जिसने फूल सजाकर खुले रूप में रखे थे, उसे प्रचुर लाभ हुआ। सारे फूल बिक गये। दूसरे मालाकार के सारे फूल यों ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पड़े रहे। कोई ग्राहक नहीं आया। वह हानि में रहा। (गा. ३२३ टी. प. ४६)

१६. पांच वणिक् और पंद्रह गधे

एक निगम में पांच वणिक् भागीदारी में व्यापार करते थे। उन पांचों का समान विभाग था। उनके पास पन्द्रह गधे हो गए। वे सभी गधे भिन्न-भिन्न भार-वहन करने में समर्थ थे। उनके भारवहन की क्षमता के आधार पर उनके मूल्य में भी अन्तर आ गया। पांचों व्यापारी उनका समविभाग नहीं कर पा रहे थे। वे आपस में झगड़ने लगे। कलह बढ़ता गया। समाधान नहीं हो सका। वे एक बुद्धिमान व्यक्ति के पास समाधान पाने गए। उसने गधों का मूल्य पूछा। उन व्यापारियों ने पन्द्रह गधों का सही-सही मूल्य बताया। उस बुद्धिमान व्यक्ति ने कहा—अब मैं इस कलह का निपटारा कर दूंगा। कलह मत करो। पांचों व्यापारी आश्वस्त हुए। उसने साठ रुपयों के मूल्य वाला एक गधा एक व्यापारी को दिया, दूसरे को तीस-तीस रुपयों के मूल्य वाले दो गधे दिए, तीसरे को बीस-बीस रुपयों के मूल्य वाले तीन गधे दिए, चौथे व्यापारी को पन्द्रह-पन्द्रह रुपयों के मूल्य वाले चार गधे दिए और पांचवें व्यापारी को बारह-बारह रुपयों के मूल्य वाले पांच गधे दे दिए। सभी व्यापारियों को समान लाभ हो गया। वे संतुष्ट होकर चले गए। (गा. ३२९, ३३० टी.प. ४९)

१७. समय पर दंड का औचित्य

एक राजा था। उसने अपने प्रत्यंत-सीमावर्ती राजा का अवरोध करने के लिए सीमा के तीन नगरों में तीन रक्षकों को नियुक्त किया। उसने कहा—जाओ, नगरों की सुरक्षा करो। तीनों अपने-अपने नगरों में जा स्थित हो गए। प्रत्यंत नृप ने उन पर आक्रमण किया। उन रक्षकों की रशद पूरी हो गई। तब उन्होंने अपने राज्य के कोठागार से तीस-तीस कुंभ धान्य लिया। फिर आक्रमणकारी प्रत्यंत नृप को जीत कर वे तीनों अपने स्वामी के पास आए और विस्तार से पूरा वृत्तान्त सुनाया। जीत का वृत्तान्त सुनकर राजा परम प्रसन्न हुआ। रक्षकों ने आगे कहा— 'राजन् ! आपके कार्य को संपादित करने के लिए हमने कोठागार में से तीस-तीस कुंभ धान्य के निकाले थे।' राजा ने सुना, सोचा कि यदि मैं इन्हें इस कार्य के लिए अभी दंडित नहीं करूंगा तो मेरे अन्यान्य प्रयोजन पर भी वे ऐसा ही करेंगे और व्यर्थ ही मेरा कोठागार खाली होता जाएगा तथा दूसरों को भी ऐसा करने में भय नहीं रहेगा। यह सोचकर राजा ने कहा—तुमने मेरा कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया है। तीनों को मैं साधुवाद देता हूँ। किन्तु तुम मेरे यहां आजीविका कर रहे हो, उसके लिए तुम्हें मासिक वृत्ति भी मिल रही है, तो फिर तुमने कोठागार से धान्य क्यों लिया ? यह तुम्हारा प्रमाद है। तुम पर यह दंड है कि सारा धान्य पुनः कोठागार में पहुंचाओ। तीनों रक्षक अवाक् रह गए। राजा ने कहा—तुम्हारी सफलता पर मैं प्रसन्न हूं, कोठागार से जो तुमने तीस-तीस कुंभ धान्य निकाला था उसके लिए स्वअर्जित दस-दस कुंभ धान्य उन कोठागारों में पहुंचाओ। यह प्रमाद का दंड है। शेष बीस-बीस कुंभ का मैं तुम्हारे पर अनुग्रह करता हूं। उसके ऋण से मुक्त करता हूँ। (गा. ३३३, ३३४ टी.प. ५१)

१८. गंजे पनवाड़ी की बुद्धिमत्ता

एक पनवाड़ी पान की दुकान पर बैठता था। वह गंजा था। एक बार एक सैनिक का पुत्र पान लेने आया और बोला—अरे ! गंजे पनवाड़ी ! एक पान दे। दुकानदार को गुस्सा आ गया। उसने पान नहीं दिया, तब सैनिक-पुत्र ने कुपित होकर गंजे के सिर पर 'टकोरा' मारा। दुकानदार ने सोचा—यदि मैं इसके साथ झगड़ूँगा तो यह मुझ पर शत्रुता का भाव रखकर मुझे मार डालेगा। इसलिए किसी दूसरे उपाय से ही मुझे प्रतिशोध लेना चाहिए। यह सोचकर पनवाड़ी दुकान से नीचे उतरा और उस सैनिक-पुत्र से हाथ मिलाया, वस्त्र-युगल भेंट स्वरूप दिए, पैरों में गिरा और प्रचुर पान देकर नमस्कार किया। सैनिक-पुत्र ने उससे पूछा—'अरे ! यह क्या ? मैंने सिर पर 'टकोरा' मारा, तुम कुपित नहीं हुए, प्रत्युत मेरी पूजा कर रहे हो ? मेरे चरणों में गिर रहे हो ?' पनवाड़ी बोला—'हमारे क्षेत्र में सभी गंजे व्यक्तियों का यही आचार-व्यवहार है।' यह सुनकर सैनिक पुत्र ने सोचा—अच्छा, मुझे जीविका का उपाय प्राप्त हो गया। अब मैं ऐसे व्यक्ति के सिर पर 'टकोरा' मारूंगा कि वह मुझे धनवान् बना दे, मुझे इस दरिद्रता की स्थिति से उबार दे।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक दिन उस सैनिक-पुत्र ने एक गंजे ठाकुर के सिर पर 'टकोरा' मारा। ठाकुर कुपित हो गया। उसने तत्काल उस सैनिक-पुत्र को पकड़कर मार डाला। (गा. ३३७, ३३८ टी.प. ५२)

१९. दोषों का एक साथ प्रकाशन

एक नगर में एक रथकार रहता था। उसकी भार्या प्रमादी थी। वह बार-बार भूलें करती। पति को यह ज्ञात नहीं था। एक बार वह घर को खुला छोड़कर अपने सखी के घर चली गई। घर को खुला देखकर कुत्ता भीतर घुस गया। इतने में ही रथकार घर आ पहुंचा। उसने कुत्ते को घर में घूमते देखा। इतने में ही उसकी पत्नी भी सखी के घर से आ गई। रथकार उसे पीटने लगा। पत्नी ने सोचा—आज मेरी भूल पर यह मुझे पीट रहा है। और भी अनेक भूलें मुझसे हुई हैं। उन्हें ज्ञात कर यह मुझे बार-बार पीटेगा। अच्छा है, आज ही मैं इसे अपनी सारी भूलें बता दूं। वह कहने लगी—बछड़े ने गाय को चूंघ लिया, बर्छी गंवा दी, कांस्य का बर्तन हाथ से नीचे गिरा और टूट गया, तुम्हारा वस्त्र भी गुम हो गया आदि आदि सारी भूलें उसने बता दी। रथकार ने उसे एक ही बार में पीटकर आगे से प्रमाद न करने की हिदायत दी।
(गा. ४४८, ४४९ टी.प. ६२)

२०. सारे दंडों का एक में समाहार

एक चोर था। उसने अनेक चोरियां कीं। किसी का भाजन चुराया, किसी के वस्त्र, किसी का सोना, किसी की चांदी। एक बार उसने राजमहल में सेंध लगाई और वहां से रत्न चुराए। आरक्षकों ने उसे पकड़ लिया और राजा के समक्ष उपस्थित किया। वह बात जनता तक पहुंची। उस समय अनेक व्यक्ति राजा के पास आए और शिकायत करने लगे कि चोर ने हमारी अमुक-अमुक वस्तु चुराई है। तब राजा ने यह सोचकर कि इस चोर ने रत्न जैसी बहुमूल्य वस्तु चुराई है। इस एक चोरी में अन्यान्य सारी चोरियां समा जाती हैं। यह गुरुतर चोरी है। राजा ने उसे मृत्युदंड दिया। अन्यान्य चोरियों के सारे दंड इसी एक दंड में समाहित हो गए। (गा. ४५० टी.प.६४)

२१. चोर राजा बन गया

नगर का राजा मर गया। वह अपुत्र था। राज्यचिंतकों ने राजा के निर्वाचन के लिए एक अश्व और हाथी को अधिवासित कर नगर में छोड़ा। उसी दिन नगर के आरक्षकों ने मूलदेव नामक चोर को पकड़कर राज्य-चिंतकों के समक्ष उपस्थित किया। उन्होंने उसके वध का आदेश दिया। वध से पूर्व चोर को नगर में घुमाया जा रहा था। अधिवासित अश्व ने मूलदेव को देखा। उसके पास आकर वह हिनहिनाने लगा और अपनी पीठ प्रस्तुत की। हाथी भी पास आकर चिंघाड़ने लगा और गंधोदक से उसका अभिषेक किया और उसे अपनी पीठ पर बिठा लिया। वह राजा बन गया। वह चोरी के अपराधों से मुक्त हो गया। (गा. ४५२ टी.प.६४)

२२. वणिक् और ब्राह्मण

एक वणिक् ने भूमि का उत्खनन किया। उसे निधि प्राप्त हुई। अन्य व्यक्ति ने उसे देख लिया। उसने राजा को इसकी सूचना दी। राजा ने वणिक् को दंडित कर, निधि को अपने पास मंगा लिया।

एक दूसरे ब्राह्मण ने भी भूमि का उत्खनन करते समय निधि देखी। उसने तत्काल राजा से निधि-प्राप्ति की सूचना दी। पूरा वृत्तान्त जानकर राजा ने ब्राह्मण का सत्कार-सम्मान किया और दक्षिणा के रूप में सारी निधि उसे सौंप दी।

जो कर्तव्य के प्रति जागरूक रहता है, वह पूजित होता है। (गा. ४५४ टी.प.६५)

२३. वणिक् की बुद्धिमत्ता

एक वणिक् अपने बीस शकटों को एक ही प्रकार की वस्तुओं से भरकर व्यापारार्थ अन्य नगर में जा रहा था। बीच

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

में चुंगीघर आ गया। चुंगी लेने वाले ने उस वणिक् से चुंगी चुकाने के लिए कहा। वणिक् ने पूछा—कितना देना होगा ? शुल्कग्राही बोला—माल का बीसवां भाग। वणिक् ने सोचा—शकटों से माल को उतारना, तोलना और पुनः शकटों में भरने का झंझट होगा। अतः वह एक शकट चुंगी में देकर आगे चल पड़ा। वह पूरे भांड का बीसवां हिस्सा था क्योंकि उसके पास बीस शकट थे। (गा. ४५४, ४५५ टी. प. ६५)

२४. वणिक् की मूर्खता

एक मूर्ख वणिक् था। वह बीस शकटों को एक ही प्रकार की वस्तुओं से भरकर व्यापारार्थ चला। रास्ते में चुंगीघर वाले ने कहा—चुंगी के रूप में तुम्हें माल का बीसवां भाग देना पड़ेगा। एक शकट देकर चले जाओ। न सभी शकटों का माल उतारना-चढ़ाना पड़ेगा और न कोई झंझट होगा। उस मूर्ख वणिक् ने कहा—नहीं, प्रत्येक शकट में से बीसवां हिस्सा ले लो। चुंगिक ने सारे शकट खाली करवाये। एक-एक शकट से बीसवां हिस्सा लिया। अब उस मूर्ख वणिक् को शकटों को पुनः माल से भरने का झंझट उठाना पड़ा। वह अपने कृत्य पर पछताने लगा। (गा. ४५४, ४५५ टी. प. ६५)

२५. दोहरा लाभ

एक सेवक था। वह राजा के पास रहता था। राजा उसे आजीविका के लिए कुछ भी नहीं देता था। एक बार सेवक ने राजा को संतुष्ट किया। राजा प्रसन्न होकर उस दिन से उस सेवक को प्रतिदिन एक स्वर्ण माषक देने लगा। उसे वस्त्र-युगल भी दिया। इस प्रकार सेवक को दो लाभ हुए—स्वर्ण माषक की प्राप्ति तथा वस्त्र-युगल। (गा. ४८१ टी.प. ३)

२६. दंतमय प्रासाद का निर्माण

दंतपुर नगर में दंतवक्त्र नामक राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम था सत्यवती। एक बार उसे दोहद उत्पन्न हुआ कि मैं संपूर्ण दंतमय प्रासाद में क्रीडा करूं। उसने अपना दोहद राजा को बताया। राजा ने अमात्य को दंतमय प्रासाद बनाने की आज्ञा दी और उसे शीघ्र ही संपन्न करने के लिए कहा। अमात्य ने नगर में घोषणा कराई—जो कोई दूसरों से दांत खरीदेगा अथवा अपने घर में एकत्रित दांत नहीं देगा, उसे शूली की सजा भुगतनी होगी।

उस नगर में धनमित्र नाम का सार्थवाह रहता था। उसके दो पत्नियां थीं। एक का नाम था—धनश्री और दूसरी का नाम था—पद्मश्री। एक बार दोनों में कलह उत्पन्न हुआ, पद्मश्री ने धनश्री से कहा—तू क्या घमंड करती है। क्या तूने महारानी सत्यवती की भांति अपने लिए दन्तमय प्रासाद बनवा लिया है ? यह बात धनश्री को चुभ गई। उसने हठ पकड़ लिया कि यदि मेरे लिए दंतमय प्रासाद नहीं होता है तो मेरा जीवन व्यर्थ है। अब उसने अपने पति धनमित्र से आलाप-संलाप करना बंद कर दिया। धनमित्र ने अपने मित्र दृढ़मित्र से सारी बात कही। दृढ़मित्र बोला—मैं शीघ्र ही उसकी इच्छा पूरी कर दूंगा। तब दृढ़मित्र वनचरों से मिलने वन में गया। साथ में कुछ उपहार भी लिये। वनचरों ने पूछा—आपके लिए हम क्या लाएं ? क्या भेंट करें ? दृढ़मित्र बोला—मुझे दांत ला दो। वनचरों ने दांतों को अनेक घास के पूलों में छिपाकर उनसे एक शकट भर दिया। दृढ़मित्र तथा वनचर उस शकट को लेकर चले। नगर द्वार में प्रवेश करते ही एक बैल ने शकट से घास का पूला खींच लिया। उसमें छुपाए दांत नीचे आ गिरे। 'यह चोर है'—ऐसा सोचकर राजपुरुषों ने वनचर को पकड़ लिया और पूछा—ये दांत किसके अधिकार में हैं ? वनचर ने कुछ भी नहीं बताया। वह मौन रहा। इतने में ही दृढ़मित्र वहां आकर बोला—ये दांत मेरे अधिकार में हैं। यह मेरा कर्मकर है। राजपुरुषों ने वनचर को छोड़ दिया और दृढ़मित्र को पकड़कर राजा के पास ले गए। राजा ने पूछा- 'ये दांत किसके हैं? दृढ़मित्र बोला-मेरे। इतने में ही, मेरे मित्र दृढ़मित्र को राजपुरुषों ने पकड़ लिया है यह सुनकर, धनमित्र वहां आ पहुंचा। उसने राजा से कहा—ये दांत मेरे अधिकार में है। आप मुझे दंड दें, मेरे शरीर का निग्रह करें। दृढ़मित्र बोला—मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता। ये दांत मेरे हैं, मेरा निग्रह करें। इसे मुक्त कर दें। इस प्रकार वे दोनों अपने आपको दोषी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठहराने लगे। तब राजा ने कहा—तुम दोनों निरपराधी हो। मुझे यथार्थ बात बताओ। उन्होंने दांतों की पूरी बात बताई। राजा बहुत संतुष्ट हुआ और दोनों को मुक्त कर दिया। (गा. ५१७ टी.प. १७)

२७. छोटी त्रुटि की उपेक्षा

एक खेत में किसान सारणि से पानी दे रहा था। सारणि के बीच लकड़ी का एक छोटा टुकड़ा फंस गया। किसान ने उसकी परवाह नहीं की। इसी प्रकार अनेक लकड़ियां फंस गईं। उनको न निकालने के कारण प्रभूत कीचड़ हो गया। पानी का आगे बहना बंद हो गया और खेत पानी के अभाव में सूख गया। (गा. ५५५ टी.प. ३२)

२८. मीठे वचन

एक व्याध मांस लेकर यह सोचकर चला कि सारा मांस स्वामी को नहीं देना है। वह स्वामी के पास पहुंचा। स्वामी ने उसका आदर-सत्कार किया, अच्छे शब्दों से उसे संबोधित किया। व्याध ने प्रसन्न होकर सारा मांस दे दिया।

(गा. ५८० टी. प. ४०)

२९. डांट-फटकार

एक व्याध मांस लेकर, यह सोचकर चला कि मुझे सारा मांस स्वामी को देना है। वह उस मांस को छुपाकर ले गया। स्वामी के पास गया। स्वामी ने उसे डांटा-फटकारा। उसने रुष्ट होकर सारा मांस स्वामी को नहीं दिया।

(गा. ५८०, ५८१ टी. प. ४०)

३०. पशु भी प्रेम के भूखे

एक गाय जंगल में चरकर घर आई। आते ही गृहस्वामी ने उसे पुचकारा और घर में प्रवेश करते समय उसका नामोल्लेखपूर्वक मधुर वाणी में आह्वान किया। प्रसन्नतापूर्वक उसकी पीठ पर हाथ फेरा, धूप जलाकर आलिंगन किया, उसे एक खूंटे से बांधकर आगे भूसा आदि खाद्य रख दिया। गाय ने सारे दूध का क्षरण कर दिया। स्वामी को पूरा दूध मिल गया। (गा. ५८०, ५८१ टी. प. ४०)

३१. दूध को छुपा लिया

गाय जंगल में चरकर घर आई। स्वामी ने उसको कोई आदर-सम्मान नहीं दिया। उसको (देर से आने के कारण) बांस की लकड़ी से पीटा। गाय ने सारे दूध का क्षरण नहीं किया। दूध को छुपा दिया।

(गा. ५८०, ५८१ टी. प. ४०)

३२. भिक्षुणी का हृदय-परिवर्तन

एक भिक्षुणी अपने पूर्व परिचित किसी गृहस्थ के घर गई। उसने एकान्त में पड़े भाजन-विशेष को देखा और उसे लेकर अपने स्थान पर चली गई। फिर उसका भाव बदला और उसने सोचा, मैं भाजन गृहस्वामी को लौटा दूं। वह भाजन लेकर चली। गृहस्वामी ने उसका आदर-सम्मान किया। भिक्षुणी ने प्रसन्न होकर वह भाजन लौटा दिया।

(गा. ५८१ टी. प. ४०, ४१)

३३. कटु व्यवहार का प्रभाव

एक भिक्षुणी अपने पूर्व परिचित किसी गृहस्थ के घर गई और एकान्त में पड़े भाजन को लेकर अपने स्थान पर लौट आई। वह भाजन को लौटाना चाहती थी। गृहस्वामी के घर गई। स्वामी ने उसका आदर-सत्कार नहीं किया, उसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डांटा-फटकारा। भिक्षुणी ने भाजन नहीं लौटाया। (गा. ५८१ टी. प. ४०, ४१)

३४. राजा और नापित

एक राजा था। वह खल्वाट था। उसके दाढ़ी-मूंछ भी नहीं थी। उसके पास एक नाई था। राजा के बाल नहीं हैं, यह सोचकर वह कभी हजामत के लिए उपक्रम नहीं करता। राजा ने उसे निकाल दिया।

एक दूसरा नाई सात दिनों में एक बार आता और राजा के हजामत करने का नाटक करता। राजा उससे संतुष्ट था। (गा. ५८६ टी. प. ४२)

३५. योनिप्राभृत की वाचना

एक आचार्य 'योनिप्राभृत' की वाचना दे रहे थे। एक उत्प्रव्रजित साधु ने छुपकर उनकी वाचना सुन ली। आचार्य अपने शिष्यों को बता रहे थे कि अमुक-अमुक द्रव्यों के संयोजन से भैंसे उत्पन्न किए जा सकते हैं। यह सुनकर वह उत्प्रव्रजित मुनि अपने स्थान पर गया और आचार्य द्वारा निर्दिष्ट द्रव्यों का संयोजन कर अनेक भैंसे बनाए। उसने उन भैंसों को एक गृहस्थ के द्वारा बिकवा दिया। आचार्य को यह बात जैसे-तैसे ज्ञात हो गई। वे उससे मिले। उसने सारा सत्य उगल दिया। आचार्य ने तब उसको कहा—यदि अमुक-अमुक द्रव्यों का विषम मात्रा में संयोजन किया जाए तो प्रचुर स्वर्ण और रत्न उत्पन्न हो सकते हैं। उसने वैसा ही किया। उन द्रव्यों का संयोजन होते ही एक दृष्टिविष सर्प पैदा हुआ और उसने तत्काल उस व्यक्ति को डस लिया। वह व्यक्ति मर गया। (गा. ६४६ टी. प. ५८)

३६. कांटे से मरण

एक व्याध खुले पैर वन में गया। उसके पैर कांटों से बिंध गए। उसने न स्वयं उन कांटों को निकाला और न अपनी भार्या से उन्हें निकलवाया। एक बार वह वैसे ही वन में गया। हाथी ने उसे देखा और वह उसके पीछे दौड़ा। भयभीत होकर व्याध दौड़ने लगा। परन्तु जो कांटे पैरों में पहले चुभे हुए थे, वे दौड़ने के कारण और अधिक गहरे मांस तक पहुंच गए। वह अत्यंत पीड़ित होकर छिन्नमूल वृक्ष की भांति जमीन पर गिर पड़ा, बेहोश हो गया। पीछे से हाथी आया और उसे रौंदकर मार डाला। (गा. ६६२, ६६३ टी. प. ६२, ६३)

३७. शल्योद्धरण से बचाव

एक व्याध, जूते पहने बिना ही, वन में गया। वहाँ उसके पैरों में अनेक कांटे चुभे। वह उनको निकालने लगा। अनेक कांटे निकल गए पर कुछेक कांटों को वह निकाल नहीं सका। वह घर गया। अपनी पत्नी से सारे कांटे निकलवाकर पूरे पैर पर अंगुष्ठ आदि से मर्दन करवाया। फिर जहां-जहां कांटे चुभे थे वहां-वहां दंतमल अथवा कानों कि मिट्टी से उन छेदों को भर दिया। वह स्वस्थ हो गया। एक बार वह पुनः वन प्रदेश में गया। एक जंगली हाथी ने उसे देखा। वह व्याध हाथी के भय से भागा और सुरक्षित घर आ गया। (गा. ६६२, ६६३ टी. प. ६३)

३८. अंतःपुर का प्रमादी रक्षक

एक राजा ने कन्याओं के अंतःपुर की रक्षा के लिए एक व्यक्ति को रखा। वे राजकन्याएं गवाक्ष से इधर-उधर देखती थीं। वह रक्षक उनका वर्जन नहीं करता था। धीरे-धीरे वे कन्याएं अग्रद्वार से बाहर जाने-आने लगीं। तब भी वह उनको निषेध नहीं करता था। इस प्रकार वर्जित न करने के कारण कुछेक कन्याएं किसी धूर्त के साथ भाग गईं। यह बात किसी ने राजा के कानों तक पहुंचाई। राजा ने उस रक्षक का सर्वस्व हरण कर उसे मार डाला और अंतःपुर के लिए दूसरा रक्षक नियुक्त कर दिया। (गा. ६६७, ६६८ टी. प. ६३, ६४)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९. जागरूक संरक्षक

अंतःपुर के एक दूसरे संरक्षक ने एक बार देखा कि एक राजकुमारी गवाक्ष में बैठी देख रही है। उसने उसको अपने पास बुलाकर विनयपूर्वक शिक्षा देते हुए गवाक्ष में न बैठने के लिए कहा। शेष कन्याओं को भी निषेध कर दिया। सब में भय व्याप्त हो गया। उस दिन के पश्चात् किसी भी कन्या ने गवाक्ष में आने का साहस नहीं किया। धूर्तों के द्वारा कन्याओं के अपहरण का भय नहीं रहा। राजा ने यह कहकर अंतःपुर पालक का सम्मान किया कि उसने अन्तःपुर का सम्यक् संरक्षण किया है। (गा. ६६७, ६६८ टी. प. ६४)

४०. नंदवंश का समग्र उच्छेद

चाणक्य ने नंद राजा को राज्यच्युत कर चंद्रगुप्त का राज्याभिषेक किया और नंद के सामन्तों को तिरस्कृत कर पदच्युत कर दिया। वे सभी सामंत अपनी आजीविका में बाधा उपस्थित जानकर चंद्रगुप्त के आरक्षकों से सांठ-गांठ कर नगर में सेंध आदि लगाकर चोरी करने लगे। चाणक्य को नगर में होनेवाली चोरी की वारदातें ज्ञात हुईं। उसने दूसरे आरक्षकों की नियुक्ति कर दी। वे सामंत इनसे भी सांठ-गांठ कर पूर्ववत् चोरी करने लगे। चाणक्य ने सोचा, ऐसा कौन आरक्षक मिलेगा जो इन चोरों के साथ न मिलकर सभी चोरों को पकड़वा सके। अब चाणक्य प्रतिदिन परिव्राजक का वेश बनाकर नगर के बाहर घूमने लगा। एक दिन उसने देखा, तंतुवायशाला में नलदाम नामक तंतुवाय बैठा है। उस समय उसका पुत्र खेल रहा था। एक मकोड़े ने उसे काट खाया। वह रोता हुआ अपने पिता के पास आकर बोला— पिताजी ! मकोड़े ने मुझे काट खाया। नलदाम बोला—मुझे वह स्थान बता, जहाँ मकोड़े ने काटा है ? बालक ने वह स्थान बताया। नलदाम मकोड़े के बिल के पास गया और जो मकोड़े बिल से बाहर निकले हुए थे, उन सबको उसने मार डाला। फिर उसने बिल को खोदा और उसमें जो मकोड़े तथा उनके अंडे थे, उन पर घास डालकर जला डाला। चाणक्य ने यह सब देखकर पूछा—तुमने बिल को खोदकर अंदर आग क्यों लगाई ? नलदाम बोला—'अंडों से मकोड़े पैदा होकर कभी और भी काट सकते हैं।' चाणक्य ने सोचा, यदि इसे कोतवाल के रूप में नियुक्त किया जाए तो यह मकोड़ों के समूल नाश की भांति चोरों का समूल नाश कर पाएगा। चाणक्य ने उसे कोतवाल के रूप में नियुक्त कर दिया। नंद के पक्ष वाले चोरों को यह ज्ञात हुआ। वे नलदाम के पास आए और बोले—हम तुम्हें चोरी के धन का बहुत बड़ा भाग देंगे। तुम हमारी रक्षा करना। नलदाम ने कहा—ठीक है। अब तुम सभी चोरों को विश्वास दिलाकर मेरे पास ले आओ। एक दिन सभी चोर नलदाम के पास एकत्रित हुए। नलदाम ने उनका सत्कार-सम्मान किया और दूसरे दिन सभी चोरों के लिए विशाल भोज की तैयारी की। सभी चोर अपने-अपने पुत्रों को साथ ले वहां पहुंचे। नलदाम ने तब अवसर देखकर सभी चोरों तथा उनके पुत्रों का शिरच्छेद करवा डाला। (गा. ७१६ टी. प. ७७)

४१. सहस्रयोधी योद्धा की परीक्षा

अवंती जनपद में महाराज प्रद्योत राज्य करते थे। उनके मंत्री का नाम था—खंडकर्ण। एक बार एक योद्धा राजा के समक्ष आकर बोला—राजन् ! मैं सहस्रयोधी हूँ, हजारों योद्धाओं को युद्ध में जीत सकता हूँ। आप मुझे अपनी सेवा में रखें। राजा ने स्वीकृति दे दी। वह बोला —राजन् ! आप जो हजार योद्धाओं को मासिक देते हैं, उतनी राशि मुझे देनी होगी। तब मंत्री खंडकर्ण ने सोचा, मुझे इसकी शक्ति की परीक्षा करनी चाहिए। 'यदि यह वास्तव में ही सहस्रयोधी होगा तो इसे सहस्रयोधी की सारी सुविधाएं देनी चाहिए।

एक दिन मंत्री ने उसे एक बकरा और मद्य का घड़ा देकर कहा—आज कृष्णा चतुर्दशी है। आज रात को महाकाल नामक श्मशान में जाकर इसे खाना है। वह सहस्रयोधी महाकाल श्मशान में गया, बकरे को मारा और उसके मांस को पकाकर खाने लगा और मदिरा पीने लगा। उस समय ताल-पिशाच वहां आया और मांस के लिए अपना हाथ फैलाकर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बोला—मुझे भी दो। तब वह सहस्रयोधी भयभीत न होता हुआ पिशाच को भी देने लगा और स्वयं भी खाने लगा। राजा ने वृत्तांत को जानने के लिए गांव के बाहर रहने वाले पुरुषों तथा प्रतिचारकों को भेजा। उन्होंने श्मशान में जो देखा, वह यथावत् राजा को और मंत्री को बता दिया। मंत्री ने सोचा, यह वास्तव में ही सहस्रयोधी है। उसे राज्य में रख लिया।

एक दूसरा योद्धा भी अपने आपको सहस्रयोधी बताता हुआ राजा के पास आया और स्वयं को वृत्ति देने की प्रार्थना की। राजा ने उसी प्रकार उसकी परीक्षा की। वह श्मशान में गया। ज्योंहि तालपिशाच उसके सामने आया वह भयभीत होकर वहां से भाग गया। लोगों ने राजा को और मंत्री को सारी बात कही। राजा ने उसे सहस्रयोधी मानने से इंकार कर दिया। (गा. ७८४ टी. प. ९३)

४२. आंखों का प्रत्यारोपण

एक तपस्वी मुनि एकल विहार-प्रतिमा की साधना कर रहा था। वह प्रतिमा में स्थित होकर सूत्र और अर्थ का परावर्तन करता था। एक दूसरा मुनि अल्पश्रुत था। उसने आचार्य से कहा, मैं भी एकल विहार-प्रतिमा की साधना करना चाहता हूँ। आचार्य बोले, तुम अभी श्रुत से अपर्याप्त हो, अतः इस प्रतिमा की साधना करने के योग्य नहीं हो। आचार्य ने बार-बार उसे समझाया और निषेध किया। वह शिष्य निषेध को न मानकर, उस क्षपक के पास ही प्रतिमा में स्थित हो गया। देवता ने सोचा, यह आज्ञा के विपरीत चल रहा है। देवता ने आधी रात के समय भी उसे प्रभात का आभास करा दिया। प्रतिमा को संपन्न कर उस तपस्वी मुनि से बोला—प्रभात हो गया है। प्रतिमा को संपन्न करो। तब देवता ने उसके एक चपेटा मारा। उसकी दोनों आंखें बाहर आ गिरीं। तब उस तपस्वी अनगार ने अनुकंपा के वशीभूत होकर सघन कायोत्सर्ग किया। देवता आया। पूछा—तपस्वी ! बोलो, मैं तुम्हारे लिए क्या करूं ? तपस्वी ने कहा—'तुमने इस मुनि को क्यों कष्ट दिया ? अब इसकी आंखें पूर्ववत् करो।' देवता बोला, इसकी आंखें अब आत्म-प्रदेशों से शून्य हो गई हैं। तपस्वी बोला, कुछ भी करो। देवता ने तब तत्काल मारे गए एडक की आंखें, जो आत्म-प्रदेशों से युक्त थीं, लाकर उस मुनि के लगा दीं।

(गा. ७९५, ७९६ टी. प. ९६)

४३. अपना-अपना काम

एक राजा ने दूसरे राजा के नगर पर आक्रमण कर दिया। उस समय राजा नगर के भीतर अंतःपुर में था। पटरानी ने राजा से कहा—मैं युद्ध लडूँगी। राजा ने वर्जना की। रानी नहीं मानी। वह राजा का वेश पहन सेना के साथ युद्ध करने निकली और शत्रुसेना से लड़ने लगी। वह सैनिक वेश में थी, इसलिए उसे पहचान पाना कठिन था, परंतु शत्रु राजा ने जान लिया कि यह महिला है। चांडालों को भेजकर उसे पकड़वा दिया। उसकी दुर्दशा कर उसे मार डाला।

(गा. ८१२ टी. प. १०१)

४४. देवता और साधु

एक मुनि प्रतिमा में स्थित था। उसे प्रतिबोध देने के लिए एक सम्यक्दृष्टि देवता ने स्त्री का रूप बनाया। वह अपने साथ अनेक छोटे-छोटे बच्चों को लेकर वहां मुनि के पास बैठ गयी। कुछ समय बाद बच्चे रोने लगे। उन्होंने मां से कहा—'मां हमें भोजन दो, भूख लगी है।' मां ने कहा—'अभी भोजन बनाकर देती हूं, रोओ मत।' उसने दो पत्थरों को रख, उनके बीच आग जलाई और उन पत्थरों पर पानी से भरा पिठर रखा। तीसरे पत्थर के बिना संतुलन नहीं रहा और वह पानी का पिठर लुढ़क गया। अग्नि उस पानी से बुझ गई। उसने तीन बार अग्नि जलाई और तीनों बार वह बुझ गई। तब प्रतिमा-स्थित मुनि बोला—क्या तुम इस विधि से अपने इन बच्चों को भोजन बनाकर खिला सकोगी ? तब देवरूप उस स्त्री ने कहा—स्वयं को देखो। तुमने इतने अल्पश्रुत का अध्ययन कर यह प्रतिमा क्यों स्वीकार की है ? क्या तुम इसमें सफल हो सकोगे ? जाओ, अपने गच्छ में शीघ्र चले जाओ। अन्यथा तुम किसी प्रान्त देवता से छले जाओगे।

(गा. ८२० टी. प. १०३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४५. पिता की संपत्ति के हकदार

एक किसान था। उसके तीन पुत्र थे। तीनों कृषिकर्म करते थे। एक पुत्र कृषिकर्म यथावत् करता था। दूसरा पुत्र वन में जाता और एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमता रहता और तीसरा पुत्र देवमंदिरों में जाता रहता था। कालांतर में उनके पिता की मृत्यु हो गई। अब तीनों ने पिता की संपत्ति को बराबर बांटकर ले ली। इस प्रकार एक पुत्र द्वारा अर्जित संपत्ति तीनों ने बराबर बांट ली। (गा. ८२६, ८३० टी. प. १०५)

४६. कौन कितना अपराधी ?

एक राजा था। उसके नगर को घेरने के लिए दूसरा राजा, अपनी सैन्य शक्ति के साथ आ रहा था। यह बात सुनकर नगर-स्वामी ने अपने सुभटों को युद्ध करने भेजा। उन सुभटों में से एक सुभट शत्रुसेना के विस्तार को देखते ही भागकर अपने स्थान पर आ गया। दूसरे सुभट ने लंबे समय तक युद्ध किया। उसका शरीर घायल हो गया। फिर वह भी भागकर आ गया। तीसरा सुभट युद्ध में लड़ा, घायल नहीं हुआ, फिर भी दौड़कर आ गया। तीनों सुभटों में पहला सुभट घोर अपराधी है, दूसरा और तीसरा सुभट उससे कम अपराधी है। (गा. ८२६, ८३० टी. प. १०५)

४७. नारी के परवश

एक राजा था। उसकी रानी और पुरोहित की पत्नी—दोनों सगी बहनें थीं। एक बार राजपत्नी ने कहा—राजा मेरे वश में है। पुरोहित की पत्नी बोली—पुरोहित मेरे वश में है। दोनों ने परीक्षा करने का निश्चय किया। एक बार पुरोहित पत्नी ने राजपत्नी, जो बहिन थी, को भोजन के लिए निमंत्रित किया। रात में पुरोहित-पत्नी ने पुरोहित से कहा—मैंने एक प्रण किया था कि यदि अमुक कार्य संपन्न हो जाएगा तो मैं अपनी भगिनी के साथ तुम्हारे सिर पर थाली रखकर भोजन करूंगी। मेरा वह प्रण पूरा हो गया। अब मैं तुम्हारा अनुग्रह चाहती हूं। पुरोहित बोला—जैसी तुम्हारी इच्छा। मेरा अनुग्रह है। राजपत्नी ने राजा से कहा—आज रात को मैं तुम्हारी पीठ पर सवार होकर पुरोहित के घर जाना चाहती हूं। राजा बोला—मेरे पर अनुग्रह होगा। वह रात में राजा की पीठ पर पलाण रखकर उस पर सवार हुई। वह पुरोहित के घर पहुंचकर, यह मेरा वाहन है, यह सोचकर उसे एक खंभे से बांध दिया। फिर दोनों बहिनों ने पुरोहित के सिर पर थाली रखकर भोजन किया। खंभे से बंधा हुआ राजा अश्व की भांति हिनहिनाने लगा। भोजन कर चुकने पर रानी पुनः राजा की पीठ पर सवार होकर चली गई। राजा ने यह सोचा कि पुरोहित के द्वारा मैं अपमानित और तिरस्कृत हुआ हूं, उसने उसको मुंडित करा दिया। अमात्य को इस वृत्तांत का पता चला। उसने राजा और पुरोहित दोनों को बुरा-भला कहा।
(गा. ८३२ टी. प. १३०)

४८. अपायों का वर्जन : सुरक्षा का कवच

एक गो-रक्षक नगर की गायों को चराने के लिए ले जाता था। वह जानकार था। खेतों का बचाव करता हुआ वह गायों को ले जाता और लाता था। वह उनको ऐसे स्थान पर चराता जहां चोरों का भय न हो। एक बार दो अन्य व्यक्ति आए और बोले—हम गायों की रक्षा करेंगे। तब नागरिकों ने सोचा, इतनी गायों की रक्षा एक व्यक्ति कर नहीं सकता। इसलिए गायों को बांटकर तीन रक्षकों को दे दी जाए। उन्होंने उन दोनों व्यक्तियों को गो-रक्षक के रूप में रख लिया। उन दोनों में से एक रक्षक पहले गोरक्षक की निश्रा में गायों को ले जाने-लाने लगा। मैं अजान हूं—यह सोचकर वह उसी के मार्ग से आने-जाने लगा। दूसरे गो-रक्षक ने सोचा—मैं दूसरे व्यक्ति की निश्रा में अपनी गाएं क्यों चराऊं जबकि मैं स्वयं स्वतंत्र रूप से चराने में समर्थ हूं। किंतु वह मूर्ख रास्तों से अजान था। वह गोचारी के स्थानों को भी नहीं जानता था। खेतों से संकीर्ण प्रदेशों तथा नगर के प्रवेश और निर्गमन योग्य मार्गों से वह सर्वथा अनभिज्ञ था। वह उन्हीं मार्गों से गायों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को ले जाता और ले आता। रास्ते में धान बोए हुए अनेक खेत आते थे। मार्ग से आती-जाती गाएं उन बोए हुए धान के पौधों को खा लेतीं। गोरक्षक उनका निवारण करता, फिर भी वे इधर-उधर मुंह मारकर खा लेतीं। उस स्थिति में खेतों के स्वामी गायों का निग्रह कर, खेतों में हुई हानि के लिए हर्जाना मांगते। राज्य के अधीनस्थ खेतों की भी हानि होती। राज्य-रक्षक हर्जाना मांगते। वह अज्ञानी गोरक्षक गायों को चराने के लिए जंगल में जाता। वहां भील आदि लोग गायों को मार डालते। वह गायों को पानी पिलाने के लिए नदी आदि पर ले जाता। वहां नदी में विद्यमान जलचर प्राणी गायों को घसीटकर ले जाते। वह सघन जंगल में गाएं ले जाता। वहां हिंस्र पशु गायों को भयभीत करते, मार डालते। वह गायों को निकुंजों में ले जाता। वहां चोर गायों का अपहरण कर ले जाते। इस प्रकार वह अज्ञानी गोरक्षक गायों का विनाश कर देता। जो जानकार था वह स्वयं विपदाओं के सारे स्थानों का वर्जन करता और जो उसकी निश्रा में कार्यरत था उसे भी आपदाओं के स्थानों का वर्जन कराता। (गा. १००० टी. प. ७, ८)

४९. सांप ने डस लिया

एक व्यक्ति ने नगर में जाने के लिए घर से प्रस्थान किया। दूसरे लोगों ने उसे मनाही करते हुए कहा —तुम इस मार्ग से मत जाओ, रास्ते में सांप है। वह दौड़कर डस लेता है। उसने कहा—मैं भाग जाऊंगा। सर्प मुझे नहीं पकड़ पाएगा। वह उसी मार्ग से चला। सर्प ने उसे देखा और पीछे दौड़ा। वह मनुष्य भी तीव्रता से भागा। भागते-भागते उसके पैर में कांटा चुभा और वह वहीं रुक गया। दौड़ता हुआ सर्प आया, उसे डसा। डसते ही वह मर गया।

(गा. १०२१ टी. प. १३)

५०. हरिण की बुद्धिमत्ता

ग्रीष्म ऋतु। प्यास से आकुल-व्याकुल एक मृग पानी की टोह करने लगा। एक सरोवर के पास उसने देखा कि एक व्याध धनुष-बाण लिये बैठा है। मृग ने सोचा, यदि मैं पानी नहीं पीऊँगा तो शीघ्र ही मर जाऊंगा। पानी पीने के बाद सुखपूर्वक तो मरूंगा और संभव है पानी पीने के बाद शारीरिक शक्ति के संवर्धन से मैं पलायन भी कर जाऊं। यह सोचकर वह मृग दूसरी ओर गया और शीघ्रता से पानी पीने लगा। जब तक कि व्याध उस स्थान तक पहुंचे तब तक मृग लंबी छलांगें भरता हुआ भाग गया। (गा. १०३८-१०४० टी. प. १८)

५१. योद्धाओं का प्रतिशोध

एक राजा था। वह शत्रु-सेना से अभिभूत हो गया। उसने योद्धाओं को लड़ने के लिए आदेश दिया। वे योद्धा युद्ध करते-करते शत्रु-सैनिकों के प्रहारों से प्रताड़ित होकर पलायन कर गए। वे पलायन कर अपने राजा के पास आए। राजा ने वचन-प्रहारों से उनकी ताड़ना करते हुए कहा—तुम सब मेरे यहां आजीविका कमा रहे हो, फिर प्रहारों से भयभीत होकर क्यों लौट आए ? तब उन योद्धाओं ने सोचा—हम शत्रु-सैनिकों का पराभव करने में समर्थ नहीं हैं। युद्ध करते हुए आयुधों के प्रहारों से भयभीत होकर संग्राम से हम यहां आ गए। यहां भी वचन-बाणों के प्रहार तथा बंधन, मृत्यु आदि का सामना करना पड़ रहा है। हमने अपने आपको युद्ध में क्यों नहीं समाप्त कर दिया ? यह सोचकर खिन्न होते हुए उन्होंने राजा को बांधकर शत्रु-राजा को सौंप दिया, क्योंकि उनके मन में प्रतिशोध जाग गया था। (गा. १०४२, १०४३ टी. प. १९)

५२. प्रोत्साहन का चमत्कार

एक राजा शत्रुसेना से अभिभूत हो गया। उसने अपने योद्धाओं को पुनः युद्ध में भेजा। वे योद्धा शत्रुसेना के प्रहारों से छिन्न-भिन्न होकर अपने राजा के पास आ गये। तब राजा ने उन्हें नामग्राहपूर्वक संबोधित किया। उनके गोत्र, अन्वय तथा पूर्व कार्यों की स्मृति कर उनकी प्रशंसा की। वे योद्धा उस प्रशंसा-सत्कार से प्रहारों से लगे अपने घावों को भूल गए और फिर स्वस्थ होकर प्रबल शत्रुसेना पर विजय प्राप्त कर ली। (गा. १०४२, १०४३ टी.प. १९)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३. युक्ति से लाभ

खेतों में शाली बोई गई। खेत के स्वामी ने चारों ओर बाड़ लगा दी, आने-जाने के लिए एक द्वार रखा, एक बार एक सांड उस द्वार से खेत में घुस गया। इतने में ही खेत का स्वामी वहां आ पहुंचा। वृषभ को खेत में देखकर उसने द्वार वंद कर दिया और फिर लकड़ी, बाण आदि से वृषभ को परितप्त करने लगा, प्रहारों से घबराकर वृषभ खेत में इधर-उधर दौड़ने लगा, उसके इस प्रकार दौड़ने से जो शालि के अंकुर रौंदे नहीं गए थे, वे भी सारे रौंद डाले गए और इस प्रकार सारा खेत ही नष्ट हो गया। (गा. १०४५ टी. प. २०)

५४. सूझबूझ

एक-दूसरे व्यक्ति के भी शालि का खेत था। वृषभ खेत में घुस गया। स्वामी ने देख लिया। वह खेत की बाड़ के द्वार पर बैठकर शब्द करने लगा। वह वृषभ शब्द से भयभीत होकर द्वार की ओर भागा। तब मालिक ने पत्थर फेंककर प्रहार किया। वृषभ उस द्वार से बाहर निकल गया। उसका खेत वृषभ के पैरों से रौंदा नहीं गया।

(गा. १०४५ टी. प. २०)

५५. विक्षिप्तता का कारण

जितशत्रु राजा ने स्थविरों के पास दीक्षा ग्रहण कर ली। प्रव्रज्या के अनंतर वह ग्रहणशिक्षा और आसेवन शिक्षा में निपुण हो गया। कालांतर में वह विदेशी नगर पोतनपुर में पहुंचा। वहां पर तीर्थिकों के साथ वाद किया। उनको पराजित कर देने पर जिन-शासन की प्रतिष्ठा हुई। मुनि उसी नगरी में निर्वाण को प्राप्त हो गए।

जितशत्रु राजा का एक छोटा भाई था। वह भी अपना राज्य त्यागकर, बड़े भाई की प्रव्रज्या के कुछ वर्षों बाद, प्रव्रजित हो गया। जब उसने सुना कि ज्येष्ठ-भ्राता मुनि पोतनपुर में निर्वाण को प्राप्त हो गए हैं, वह विक्षिप्त हो गया।

(गा. १०८१, १०८२ टी. प. २८)

५६. अति हर्ष : पागलपन का कारण

गोदावरी नदी-तट पर प्रतिष्ठान नाम का नगर था। वहां शातवाहन नाम का राजा राज्य करता था। उसके मंत्री का नाम था खरडक। एक बार राजा ने अपने दंडनायक को बुलाया और कहा— जाओ, मथुरा नगरी को हस्तगत कर शीघ्र लौट आओ। वह शीघ्रता के कारण और कुछ जानकारी किए बिना ही अपने सैनिकों के साथ चल पड़ा। रास्ते में उसने सोचा, मथुरा नाम के दो नगर हैं। एक है दक्षिण मथुरा और दूसरा है उत्तर मथुरा। किस नगर को हस्तगत करना है ? उस राजा की आज्ञा बहुत कठोर होती थी। उससे पुनः पूछना संभव नहीं था। तब उस दंडनायक ने अपनी सेना को दो भागों में बांट दिया। सैनिकों की एक टुकड़ी दक्षिण मथुरा की ओर गई और दूसरी टुकड़ी उत्तर मथुरा की ओर। दोनों नगरों पर सैनिकों का अधिकार हो गया । तब सैनिकों ने दंडनायक के पास शुभ समाचार प्रेषित किया। दंडनायक स्वयं राजा के पास आकर बोला—देव ! हमने दोनों नगरों पर अधिकार कर लिया है। इतने में ही अंतःपुर से एक दूती ने आकर राजा को वर्धापित करते हुए कहा —राजन् ! पट्टदेवी ने पुत्ररत्न को जन्म दिया है। एक अन्य सदस्य ने आकर कहा—देव ! अमुक प्रदेश में विपुल निधियां प्राप्त हुई हैं। इस प्रकार एक के बाद एक शुभ संवादों से राजा का हृदय हर्षातिरेक से आप्लावित हो गया। वह परवश हो गया। उस अति हर्ष को धारण करने में असमर्थ राजा अपनी शय्या को पीटने लगा, खंभों को आहत करने लगा, भींत को तोड़ने लगा तथा अनेक असमंजसपूर्ण प्रलाप करने लगा। तब अमात्य खरडक राजा को प्रतिबोधित करने के लिए स्वयं खंभों को, भींत को फोड़ने लगा। राजा ने पूछा—ये सारी चीजें किसने नष्ट की है ? अमात्य बोला—आपने। राजा ने कहा —तुम मेरे समक्ष झूठ बोल रहे हो। ऐसा कहकर कुपित होकर राजा ने अमात्य को पैरों से ताडित किया। अमात्य मूर्च्छित होकर भूमि पर गिर पड़ा। इतने में ही उसके द्वारा पूर्व निर्दिष्ट पुरुष

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दौड़े-दौड़े वहां आए और अमात्य को उठाकर ले गए। और उसे अज्ञात स्थान पर रख दिया।

एक बार विशेष प्रसंग पर राजा ने अपने व्यक्तियों से पूछा—अमात्य कहां है ? पुरुषों ने कहा —देव ! आपने उसे अविनीत मानकर मरवा डाला है। यह सुनते ही राजा शोक-विह्वल होकर विलाप करने लगा कि अरे ! मैंने अकार्य कर डाला। लोगों ने कुछ नहीं बताया। जब राजा स्वस्थ हुआ तब उन लोगों ने कहा—देव ! हम खोज करते हैं कि जिन चांडालों को आपने अमात्य को मार डालने का आदेश दिया था, कहीं उन्होंने उसे छिपाकर तो नहीं रखा है ? उन लोगों ने कुछ दिन गवेषणा का बहाना करते हुए, एक दिन अमात्य को राजा के समक्ष उपस्थित कर दिया। अमात्य को देखकर राजा संतुष्ट हुआ। अमात्य ने तब सारा वृत्तांत सुनाया। प्रसन्न होकर राजा ने उसे विपुल धन दिया।

(गा. ११२५-११३१ टी. प. ३६)

५७. व्यंतरी का प्रतिशोध

एक श्रेष्ठी था। उसके दो पत्नियां थीं। एक प्रिय थी, दूसरी अप्रिय। वह दूसरी पत्नी अकाम-मरण से मरकर व्यंतरी बनी। श्रेष्ठी भी स्थविरों के पास धर्म-श्रवण कर प्रव्रजित हो गया। वह व्यंतरी पूर्वभव के वैर के कारण मुनि के छिद्र देखने लगी। एक बार मुनि प्रमत्त थे। व्यंतरी ने उन्हें ठग लिया। (गा. ११४३ टी. प. ३६)

५८. कामभोगों में आसक्ति

एक गांव में दो भाई साथ-साथ रहते थे। बड़े भाई की पत्नी छोटे भाई में अनुरक्त थी। वह उससे भोग की प्रार्थना करती। छोटा भाई उससे भोग भोगना नहीं चाहता था। उसने कहा—यदि बड़ा भाई जान लेगा तो जीवित नहीं छोड़ेगा। तब उसने सोचा—जब तक मेरा पति जीवित रहेगा तब तक यह मेरा देवर मेरा नहीं होगा। अब वह प्रतिदिन पति के छिद्र देखने लगी, अवसर की प्रतीक्षा करने लगी। एक दिन उसने भोजन में विष मिलाकर पति को मार डाला। अब वह अपने देवर से बोली—जिसका भय था वह मर गया। अब तुम मेरी मनोकामना पूरी करो। छोटे भाई ने सोचा—निश्चित ही इसी ने मेरे बड़े भाई को मारा है। धिक्कार है ऐसे कामभोगों को ! वह विरक्त होकर प्रव्रजित हो गया। वह दुःख से संतप्त होकर बाल-मरण कर व्यंतरी बनी। उसने अवधिज्ञान का प्रयोग कर जान लिया कि उसका देवर श्रामण्य में स्थित है। उसने सोचा, इसने मुझे नहीं चाहा था। वह पूर्वभव के वैर का स्मरण करती हुई उस मुनि के पास आई और उसे प्रमत्त देखकर ठग लिया। (गा. ११४४ टी. प. ४०)

५९. व्यंतरी ने ठगा

एक कौटुंबिक था। वह बलिष्ठ और सुंदर था। एक कर्मकरी उसके प्रति आसक्त हो गई और उसने भोग की प्रार्थना की। कौटुंबिक ने उसे स्वीकार नहीं किया। वह अत्यंत दुःखी होकर, मरकर व्यंतरी बनी। वह कौटुंबिक प्रव्रजित हो गया। एक बार वह श्रामण्य में प्रमत्त हुआ। व्यंतरी ने पूर्वभव के वैर के कारण उसे ठग लिया। (गा. ११४५ टी. प. ४०)

६०. स्त्रियों की विमुक्ति

मथुरा नगरी में एक स्तूप महोत्सव था। उसकी पूजा के निमित्त श्राविकाएं श्रमणियों के साथ बाहर गईं। साथ में राजपुत्र भी साधु के वेश में निकट में ही आतापना के लिए बैठा था। इतने में ही लोगों के अपहर्त्ता चोर श्राविकाओं और श्रमणियों का अपहरण कर उन्हें ले जाने लगे। वे राजपुत्र की ओर शीघ्रता से आगे बढ़ रहे थे। स्त्रियों ने साधु (राजपुत्र) को देखकर आक्रंदन किया। राजपुत्र ने चोरों के साथ युद्ध कर उन स्त्रियों को छुड़ा दिया। (गा. ११६१ टी. प. ४३)

६१. अपरिग्रही गणिका

एक गणिका थी। उसके पास कुछ भी परिग्रह नहीं था। वह अपरिग्रही गणिका के नाम से प्रसिद्ध थी। एक बार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसने एक राज-सेवक से बातचीत की और उसे वह अपने घर ले आई। वह एक विशेष प्रयोजन से उस राज-सेवक के प्रति अत्यधिक अनुरक्त हुई और उसको प्रसन्न रखने का प्रयत्न करने लगी। राजपुरुष ने गणिका के सौंदर्य की बात राजा से कही। एक बार राजा अपने सैन्यदल के साथ कहीं जा रहा था। उसने गणिका को अत्यंत रूपवती जानकर अपने कटक के साथ ले लिया। इधर वह राज-सेवक अपनी प्रिया गणिका के वियोग से पीड़ित और अत्यधिक दुःखी होकर स्थविरों के पास प्रव्रजित हो गया।

कालांतर में वह गणिका राजा के साथ लौट आई। उसने उस राज-सेवक को नहीं देखा। वह उसकी खोज करने लगी। तब उसने सुना कि वह राज-सेवक स्थविरों के पास दीक्षित हो गया है। वह उन स्थविरों का अता-पता जानकर वहां पहुंच गई। स्थविरों से वह बोली—जो राज-सेवक आपके पास दीक्षित हुआ है, उसने मेरे धन का प्रचुर उपभोग किया है। यदि आप मुझे वह धन दे देते हैं, दिलवा देते हैं, तो मैं इसे आपके पास छोड़ सकती हूं, अन्यथा इसे मैं जबरन अपने साथ ले जाऊंगी।

ऐसी स्थिति में स्थविरों को, तथा उस मुनि को जो करना है, वह इस प्रकार है—

- स्थविर मुनि गुटिका के प्रयोग से उस व्यक्ति का वर्ण बदल दे या स्वरों में परिवर्तन कर दे जिससे कि वह पहचाना न जा सके।
- अथवा उसे अन्यत्र कहीं भेज दे।
- अथवा ऐसी औषधियों का प्रयोग करें जिससे कि उस व्यक्ति को अत्यधिक विरेचन हो और वह ग्लान की भांति परिलक्षित हो। वह कष्ट से जीवन-यापन करता है यह सोचकर, गणिका उसे छोड़ देगी।
- अथवा वह मुनि स्वयं मृतक की भांति उच्छ्वास-निःश्वास को रोककर, सूक्ष्म श्वास लेते हुए रहे। उसे मृत जानकर गणिका छोड़ देगी।
- अथवा वह मुनि यदि ध्यान-साधना में प्रवीण हो, तो ध्यानावस्था में बैठकर शरीर और श्वास को निश्चल कर दें। वह इस प्रकार अडोल रहे, जिससे देखने वाले को मृत-सा प्रतीत हो।
- अथवा गणिका के मित्रों, स्वजनों को सारी बात बताए और गणिका पर प्रभाव डालने का प्रयत्न करे।

भाष्यकार ने अन्यान्य प्रयत्न भी उल्लिखित किए हैं। (गा. ११७५-११७६ टी. प. ४६, ४७)

६२. दासत्व से मुक्ति

मथुरा नगरी में एक वणिक् अपने छोटे पुत्र को अपने मित्र के घर सौंपकर प्रव्रजित हो गया। वह मित्र कालगत हो गया। उस समय दुर्भिक्ष हुआ और मित्र के सभी पुत्र उस बालक की अवज्ञा करने लगे। वह बालक इधर-उधर घूमने लगा। इस प्रकार आवारा घूमते हुए वह एक सेठ के घर दास के रूप में रह गया। विहरण करते-करते उसके मुनि-पिता उसी नगर में आए। उन्होंने अपने पुत्र के विषय में सब कुछ जान लिया।

भाष्यकार ने उस पुत्र को दासत्व से मुक्त कराने के अनेक उपाय निर्दिष्ट किए हैं।

(गा. ११८०-११९० टी. प. ४७, ४९)

६३. मिथ्या आरोप

एक तरुणी अनेक स्वजनों के साथ प्रव्रजित हुई। एक बार उसने आचार्य से कामभोग की याचना की। आचार्य ने उसे स्वीकार नहीं किया। तरुणी साध्वी अपने मन में आचार्य के प्रति प्रद्वेषभाव रखने लगी। उसने अपने प्रव्रजित स्वजनों से कहा—आचार्य मुझे बार-बार कष्ट देते हैं। उन स्वजनों के मन में भी आचार्य के प्रति प्रद्वेष जाग गया। वें बोले—ये आचार्य पारांचित प्रायश्चित्त के योग्य हैं। इनको गृहस्थ वेश दे देना चाहिए। आचार्य को यह ज्ञात हुआ। उन्होंने दूसरे गण के गीतार्थ मुनियों को अपना सारा वृत्तांत बताया। उन स्थविरों ने यह जान लिया कि आचार्य पर मिथ्या आरोप आया है। वे उन प्रद्विष्ट मुनियों की भावना को जान गए। समागत आचार्य को क्षेत्र के बाहर रखकर, स्वयं उनकी सार-संभाल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के लिए वहीं उनके पास ठहर गए। उन्होंने सोचा, प्रद्विष्ट मुनियों का अभ्याख्यान सफल न हो, इसलिए प्रच्छन्नरूप से समागत आचार्य को उपस्थापना देकर अपने ही गण में रख लिया। (गा. १२३०, १२३१ टी. प. ५७)

६४. आचार्य को प्रायश्चित्त

एक आचार्य का शिष्य परिवार बहुत बृहद् था। एक बार आचार्य ने प्रतिसेवना की, दोष का आचरण किया। उनको गृहस्थ वेष करने का प्रायश्चित्त आया। वे अन्य गण में प्रायश्चित्त के लिए गए। उस गण के आचार्य ने उन्हें गृहीभूत मानकर उनका पराभव किया। तब उस प्रायश्चित्तार्ह आचार्य के शिष्यों ने अन्य गण के आचार्य से कहा—आप हमारे गुरु को गृहीभूत न करें। यदि हमारे गुरु की इस प्रकार भर्त्सना की जाएगी तो हम सब गण छोड़कर अन्यत्र चले जाएंगे। तब उस गण के आचार्य ने सोचा, इन शिष्यों के मन में प्रव्रज्या के प्रति अविश्वास न हो, यह सोचकर आचार्य को गृहीभूत का प्रायश्चित्त न देकर अन्य प्रकार से उनकी उपस्थापना की। (गा. १२३२, १२३३ टी. प. ५७)

६५. दो गण : दो आचार्य

दो गण थे। दोनों गणों के साधु अगीतार्थ थे। एक बार दोनों गणों के गुरुओं को उपस्थापनार्ह प्रायश्चित्त प्राप्त हुआ। उनमें एक को अगृहीभूत उपस्थापनार्ह प्रायश्चित्त तथा दूसरे को गृहीभूत उपस्थापनार्ह प्रायश्चित्त आया। तब दोनों गणों के मुनियों ने यह विमर्श किया कि एक गुरु दूसरे गण में चले जाएं और दूसरे गुरु उसी गण में रह जाएं। दोनों गणों के अगीतार्थ मुनि अपने-अपने आचार्य को प्रायश्चित्त वहन करते देख, परस्पर कहते—तुम हमारे गुरु को क्या प्रायश्चित्त दोगे ? उनको गृहीभूत करोगे या अगृहीभूत ? तब एक गण वाले स्थविरों ने कहा—जिनको गृहीभूत उपस्थापना प्राप्त है उसको गृहीभूत करेंगे। तब दूसरे गण के स्थविर बोले—तब हम भी तुम्हारे आचार्य को गृहीभूत करेंगे। तब परस्पर विवाद हुआ और यह निर्णय हुआ कि दोनों को अगृहीभूत ही रखना है। तब दोनों आचार्य बोले—हमारा दोष अगृहीभूत रहने से शुद्ध नहीं होगा। इसलिए हमको गृहीभूत ही करना होगा। यद्यपि यह बात एक गण को मान्य नहीं थी, फिर दोनों गणों के सामंजस्य के लिए दोनों आचार्यों को अगृहीभूत उपस्थापना ही दी गई। (गा. १२३४-१२३६ टी. प. ५८)

६६. झूठे आरोप का अनावरण

दो मुनि थे। बड़े मुनि को बड़े होने का गर्व था। वह छोटे मुनि को आचार-विचार में अस्खलित होने पर भी कषायोदय के कारण तर्जना देता रहता था। वह कहता—अरे दुष्ट शिष्य ! यह स्खलना क्यों करता है ? उसको उच्चारण के लिए भी टोकता रहता था। दूसरे साधुओं ने बड़े साधु को ऐसा न करने के लिए प्रेरित किया। परंतु वह कषाय के वशीभूत होकर हाथ भी उठा लेता था। तब उस छोटे मुनि ने सोचा, यह बड़े होने के गर्व से गर्वित होकर मुझे लोगों के समक्ष ताड़ना-तर्जना देता है। अब मैं ऐसा कोई कार्य करूं कि यह मेरे से छोटा हो जाए।

एक बार दोनों भिक्षा के लिए गए। भूख-प्यास से पीड़ित होकर उन्होंने सोचा—अब हम देवकुल या वृक्षों के झुरमुट में बैठकर कलेवा कर पानी पीयेंगे। दोनों उस ओर चले। इतने में ही छोटे मुनि ने देखा कि एक परिव्राजिका उसी देवकुल की ओर आ रही है। उस अवसर का लाभ उठाने के लिए उसने बड़े मुनि से कहा—आर्य ! अब आप प्रथमालिका करें और पानी पीएं। मैं संज्ञा से निवृत्त होकर आता हूं। यह कहकर वह शीघ्रता से उपाश्रय में आया और बड़े मुनि पर मैथुन का झूठा आरोप लगाया। रत्नाधिक मुनि से पूछा गया। उन्होंने कहा—मेरे पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। आचार्य ने उसके आरोप को सुना। उन्होंने नाना प्रकार से उस घटना की अन्वेषणा की। अंत में आचार्य ने दोनों मुनियों से कहा—आज तुम दोनों इस बस्ती को छोड़कर अन्यत्र चले जाओ। हम इस घटना का निर्णय करने के लिए कायोत्सर्ग कर देवता को पूछेंगे कि सत्यवादी कौन है और अलीकवादी कौन है ?

दोनों मुनि अन्यत्र बस्ती में चले गए फिर रात्रि वेला में आचार्य तथा एक वृषभ मुनि कापालिक का वेष कर, वहां गए जहां दोनों मुनि रह रहे थे। दोनों मुनि सो गए। आचार्य तथा वृषभ मुनि भी झूठी नींद में सो गए। दोनों मुनि परस्पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बात करने लगे। रत्नाधिक मुनि बोले—अरे ! तुमने मुझ पर झूठा आरोप क्यों लगाया ? मैंने तुम्हारा क्या बिगाड़ा था ? वह छोटा मुनि बोला— आप प्रतिदिन मुझे डांटते रहते थे। मैं सम्यक् क्रिया करता, फिर भी आप कहते—हे दुष्ट शिष्य! यह क्या करते हो ? मैंने भी फिर क्षुब्ध होकर आप पर झूठा आरोप लगाया। कपट वेश में आए हुए आचार्य ने यह जान लिया कि आरोप झूठा है या सच। (गा. १२३६-१२४७ टी. प. ५६ से ६१)

६७. परस्परता का लाभ

दो ग्वाले सगे भाई थे। दोनों गाएं चराते थे। कालांतर में दोनों में कलह हो गया और वे दोनों अलग-अलग अपने-अपने वेतन पर गाएं चराने लगे। एक बार उनमें से एक भाई व्याधिग्रस्त हो गया। उसने गायों का संरक्षण नहीं किया। वे गायें इधर-उधर भाग गईं। एक बार दूसरा भाई भी बीमार पड़ा और गायों का संरक्षण नहीं हो सका। उसकी गाएं भी तितर-बितर हो गईं। दोनों को बड़ी हानि हुई। दोनों ने सोचा कि एकाकी रहना उचित नहीं है। यह सोचकर दोनों ने परस्पर प्रीति उत्पन्न की और साथ रहने लगे। जब एक भाई किसी प्रयोजन वश गायों को नहीं संभाल पाता तो दूसरा भाई उसकी गायों का संरक्षण करता। इस प्रकार उन्हें लाभ होता गया। (गा. १३३१, १३३२, टी.प.७८, ७६)

६८. शक्तिहीन राजकुमार

एक राजकुमार था। न उसमें बुद्धि-बल था और न सैन्यबल। वह प्रत्यन्त देश में रहकर देश-विप्लव करता था। तब दायाद (पैतृक सम्पत्ति में भागीदार) राजा ने उसे बुद्धि और सैन्यबल से रहित समझकर उसका निग्रह करने के लिए अल्पसंख्यक सैनिकों को भेजा और उसे पकड़कर मौत के घाट उतार दिया। (गा. १३७८ टी.प.६)

६६. देखादेखी की हानि

एक बार अटवी में दावानल सुलगा। वह चारों ओर से सब कुछ भस्मसात् करता हुआ आगे बढ़ रहा था। तब मृग आदि वन्य-पशु ने दावानल से भयाक्रान्त होकर, पलायन कर, लघु जलाशय से परिवेष्टित सूखे स्थान (बेंट) में प्रविष्ट हो गए। दावानल दहन करता हुआ वहां आ पहुंचा। वहां एक सिंह भी आया हुआ था। भयभीत मृगों ने सोचा कि दावानल वेंट में भी प्रवेश कर जाएगा। तब वे सिंह के पैरों में गिरकर प्रार्थना करने लगे—आप हमारे राजा हैं, मृगराज हैं। आप हमें यहां से उबारें। सिंह बोला—तुम सब मेरी पूंछ को दृढ़ता से पकड़ लो। सभी ने सिंह की पूंछ पकड़ ली। सिंह ने छलांग भरी और सोलह हाथ विस्तीर्ण उस गढ़े के बाहर आ गया। सभी सुरक्षित हो गए।

कुछ समय पश्चात् उसी वन में पुनः दावानल सुलगा। मृग आदि उसी प्रकार वेंट में प्रविष्ट हुए। वहां एक सियार भी आया जो पूर्व दावानल में सिंह के द्वारा बचाया गया था। उसे सिंह की युक्ति याद आई। उसने सोचा, मैं भी तो सिंह ही हूं। मैं मृग आदि सभी पशुओं को इस दावानल से बचा लूं। उसने मृग आदि पशुओं से कहा—तुम सब मेरी पूंछ को मजबूती से पकड़ लो। सबने सियार की पूंछ पकड़ ली। सियार कूदा। वह उन सभी पशुओं के साथ उस गढ़े में गिरा। सभी मर गये। (गा. १३८० टी.प.६)

७०. चन्द्रमा का उद्धार

जेठ का महीना। भयंकर गर्मी। प्यास से व्याकुल कुछ सियार आधी रात के समय एक कुएं पर आए। कुएं की मेढ पर बैठकर वे कुएं के भीतर देखने लगे। उन्होंने ज्योत्सना के प्रकाश में कुएं के पानी में चन्द्रबिम्ब को देखा। उन्होंने सोचा, बेचारा चन्द्रमा कुएं में गिर गया है। वहां एक सिंह आया। तब सियारों ने सिंह से प्रार्थना की—तुम मृगाधिपति हो और वह ग्रहाधिपति चन्द्रमा है। यह कुएं में गिर गया है। इसी के पुण्य प्रताप से हमारी रातें दिन के समान हो जाती हैं और हम सब सुखपूर्वक इधर-उधर विहरण कर सकते हैं। इसलिए तुमको चाहिए कि तुम ग्रहाधिपति को कुएं से निकालो। सिंह बोला—तुम सब पंक्तिबद्ध होकर एक-दूसरे की पूंछ पकड़ कर मेरी पूंछ पकड़ लो और कुएं में उतरो। अंतिम सियार चन्द्रमा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को पकड़ लेगा। तब मैं उछलकर सभी का निस्तरण कर दूंगा। तब सभी सियार पंक्तिबद्ध होकर सिंह की पूंछ पकड़कर कुएं के बीच उतरे। सिंह ने उछलकर सभी सियारों को कुएं से बाहर निकाल दिया। सभी सियारों ने ऊपर देखा। गगन में चन्द्रमा को देखकर वे प्रसन्न हुए। कुएं में देखा तो पानी के विलोडन के कारण चन्द्रबिम्ब न दिखने पर उन्होंने सोचा कि हमने चन्द्रमा का उद्धार कर दिया है।

कुछ समय पश्चात् ऐसी ही घटना दुबारा घटी। उन सियारों में से एक सियार वहां कूप पर था। उसने सोचा, मैं भी सिंह की भांति चांद का उद्धार करूं। उसने अन्य सियारों से कहा—सभी मेरी पूंछ को पंक्तिबद्ध होकर पकड़ लें और कुएं में उतर जाएं। सभी सियार पूंछ पकड़कर कुएं में उतर गए। सियार ने सबके निस्तरण के लिए छलांग लगाई। वह असमर्थ था। सभी कुएं में गिरकर मर गये। (गा. १३८२ टी.प.७)

७१. नीलवर्णी सियार

एक सियार रात में एक घर में घुसा। घरवालों ने उसे देख लिया। वे उसे बाहर निकालने लगे। उसे देख कुत्ते भौंकने लगे। वह भयभीत होकर इधर-उधर भागते हुए एक नीले रंग के कुंड में गिर पड़ा। ज्यों-त्यों उससे वह बाहर निकला। नीले रंग के कारण वह नीलवर्ण वाला हो गया था। उसको देखकर हाथी, शरभ, तरक्ष तथा अन्य सियार आदि पशुओं ने पूछा—तुम इस वर्ण वाले कौन हो ? उसने कहा—सभी वन्य पशुओं ने मुझे 'खसद्रुम' नाम से मृगराज बना दिया है। इसलिए मैं यहां आकर देखता हूं कि मुझे कौन प्रणाम नहीं करता है ? उन पशुओं ने सोचा, इसका वर्ण अपूर्व है, निश्चित ही यह देवता द्वारा अनुगृहीत है। वे बोले—देव ! हम सब आपके किंकर हैं। आप आज्ञा दें। हम आपके लिए क्या करें ? खसद्रुम बोला—मुझे हाथी की सवारी उपलब्ध कराओ।' उन्होंने आज्ञा का पालन किया। अब वह खसद्रुम हाथी पर चढ़कर घूमने लगा। एक बार उसे एक सियार मिला। वह आकाश की ओर मुंह कर 'हूं हूं' करने लगा। खसद्रुम भी अपने सियार स्वभाव के कारण उसी प्रकार आकाश की ओर मुंह करके 'हूं हूं' की आवाज करने लगा। तब हाथी, जिस पर वह चढ़ा हुआ था, ने जान लिया कि यह भी सियार ही है, उसने सूंड से उस खसद्रुम को धरती पर पटक कर मार डाला। (गा. १३८३ टी.प.७)

७२. शशक ने सिंह को मार डाला

एक सिंह था। वह हरिणजाति में आसक्त था। वह प्रतिदिन हरिणों को मारकर खा लेता था। एक बार हरिणों ने सिंह से प्रार्थना की—वनराज ! आप केवल हरिणजाति पर आश्रित हैं। आप प्रसाद करें। सभी मृगजातीय अर्थात् अरण्य पशुओं को प्रतिदिन एक-एक के क्रम से खाइए। सिंह ने सोचा, इनका कहना युक्तियुक्त है। तब सिंह ने सभी मृगजातीय पशुओं को एकत्रित कर कहा —तुम सब यह निर्णय करो कि अपने-अपने कुल के औचित्य से, अपने-अपने क्रम के अनुसार प्रतिदिन एक पशु मेरे स्थान पर आ जाए। मुझे कहीं जाना न पड़े। उन पशुओं ने सिंह की शर्त स्वीकार कर ली। अब वन्य पशु बारी-बारी से सिंह के पास जाने लगे। एक बार शशक जाति की बारी आई। सभी शशक एकत्रित हुए, आपस में मंत्रणा की। पूछा गया—आज सिंह के पास कौन जाएगा ? एक वृद्ध शशक बोला—मैं जाऊंगा। सभी वन्य पशुओं के लिए शांति कर दूंगा। वह बूढ़ा शशक वहां से चला। मार्ग में एक कुआँ था। वह मरुप्रदेश के कुओं की भांति बहुत गहरा था। वह शशक वहां बैठ गया और संध्या के समय सिंह के पास पहुंचा। सिंह बोला—अरे ! तुम सायं यहां आए हो ? इतना विलंब क्यों ? शशक बोला—प्रभो ! मैं प्रातः ही यहां पहुंच जाता, परन्तु मार्ग में एक सिंह ने मेरा मार्ग रोककर पूछा—कहां जा रहे हो ? मैंने कहा—मृगराज के पास जा रहा हूं। तब वह बोला—मृगराज तो मैं हूं। दूसरा कौन होता है मृगराज ? तब मैंने कहा—यदि मैं अपने मृगराज के पास नहीं जाऊंगा तो वह कुपित होकर शशक जाति का ही उच्छेद कर देगा। इसलिए मैं उसके पास जाता हूँ और सारी बात बताता हूँ। दोनों में जो बलवान् होगा, हम उसकी आज्ञा मानेंगे। तब उस मृगराज ने मुझे कहा—जाओ। अपने मृगराज को कहो कि यदि उसमें शक्ति है तो मेरे सामने आए। तब मृगराज बोला—तुम उस सिंह को मुझे दिखाओ। तब शशक सिंह को साथ ले उस कूप की ओर चला। दूर स्थित होकर शशक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बोला —मृगराज ! वह सिंह इस कुएं में रहता है। यदि तुमको विश्वास न हो तो कुएं की मेंढ पर तुम गर्जन करो, वह भी गर्जन करेगा। सिंह ने गर्जना की। गर्जना की प्रतिध्वनि सुनाई दी। सिंह वहां क्षण भर रुका। पुनः गर्जना नहीं सुनाई दी, तब सिंह ने सोचा—यह सिंह मेरे भय से संत्रस्त हो गया है। न यह गर्जना करता है और न सामने आता है। तो अच्छा है कुएं में उतरकर उसे मार डालूं। वह कुएं में उतरा। सिंह को वहां न देखकर सोचा—वह बेचारा मेरे भय से छुप गया है। तब सिंह ने गर्जना की, जोर से दहाड़ा। कोई प्रत्युत्तर नहीं आया, तब सोचा—वह मेरे साथ लड़ना नहीं चाहता। यह सोचकर सिंह अपनी भरपूर शक्ति से छलांग मार कर कुएं से बाहर आने के प्रयास में कुएं में गिरकर मर गया।

एक सियार घूमता हुआ उसी कुएं पर आया, उसने पानी में झांका। सियार का प्रतिबिम्ब देखकर उसने 'हुंकार' किया। प्रतिध्वनि हुई। उसको सुनकर सियार ने सोचा—मेरे सामने हुंकार करता है! वह तत्काल कुएं में कूद पड़ा। पुनः बाहर छलांग भरने में असमर्थ होने के कारण वह वहीं मर गया। (गा. १३८५, १३८६ टी.प.८)

७३. मन के लड्डू

एक भिखारी था। एक बार वह गोकुल में गया। वहां ग्वालिन ने उसे दूध पिलाया। कुछ समय पश्चात् उसे वहां दूध से भरा घड़ा मिला। वह उसे लेकर घर गया, अपने पलंग के सिरहाने के पास उसे रखकर बैठ गया। अब वह सोचने लगा—इस दूध का दही जमाऊंगा। उसे बेचकर मुर्गियां खरीदूंगा। वे अंडे देंगी। उन्हें बेचूंगा। मूल धन को ब्याज में दूंगा। जब मेरे पास पर्याप्त धन हो जाएगा तब समानकुल या अन्यकुल की कुलीनकन्या के साथ विवाह करूंगा। वह अपने कुल के मद से मेरे सिरहाने से शय्या पर चढ़ेगी। तब 'तू मेरे सिरहाने से शय्या पर चढ़ती है'—यह कहता हुआ मैं उस पर एड़ी से प्रहार करूंगा। उसने पैर का प्रहार किया। वह प्रहार घड़े पर लगा और वह दूध का घड़ा फूट गया। उसका सपना बिखर गया। (गा. १३८८ टी.प.९)

७४. अनर्थ चिंतन

एक ग्वाला गायों को चराता था। एक बार उसने सोचा, गायों को चराने के बदले जो धनराशि मिलेगी, मैं उससे नई ब्याई हुई गाय खरीदूंगा। धीरे-धीरे उसका परिवार बढ़ेगा। मेरे पास बड़ा गोवर्ग हो जाएगा। उस गोवर्ग में अनेक बछड़े होंगे। मैं उनके लिए मयूरांगचूलिका—आभरण विशेष बनवाऊंगा। यह सोचकर उसने अपने पास के धन से अनेक आभूषण बना डाले। सारा धन खर्च हो गया। अब उसके पास कुछ नहीं रहा। यह असत् कल्पना से घटित अनर्थ है। (गा १३९०, १३९१ टी.प.१०)

७५. सक्रियता, निष्क्रियता

दो भाई थे। दोनों अलग-अलग हो गए। एक भाई कृषिकर्म करने लगा। वह स्वयं कृषि में तत्पर रहता और अन्यान्य कर्मकरों से भी काम लेता। वह कर्मकरों को उनके श्रम के अनुसार उचित धन देता, भोजन देता। इस प्रकार उसकी कृषि बढ़ी और सभी उसको साधुवाद देने लगे।

दूसरा भाई आलसी था। वह कृषि कार्य में नहीं जुटता था। जो कर्मकर काम करते, वह उनके कार्य का लेखा-जोखा भी नहीं लेता था। न वह उन कर्मकरों के मध्य रहकर काम करता और न उनसे काम करवाता। कर्मकरों को वह समय पर न धनराशि देता, न समय पर भोजन देता। सारे कर्मकर उससे रुष्ट होकर उसकी नौकरी छोड़ चले गए। उसकी कृषि चौपट हो गई और लोग उसकी निन्दा करने लगे। (गा. १४०९ टी.प.१४)

७६. वज्रभूति आचार्य

भरुकच्छ नगर में नभवाहन राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम था पद्मावती। उसी नगर में वज्रभूति आचार्य रहते थे। वे महान् कवि थे। उनके कोई शिष्य नहीं था। वे साधारण रूपवाले तथा अत्यंत कृशकाय थे। उनका काव्यगान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तःपुर में गूंजने लगा। रानी पद्मावती उस काव्यगान से अत्यंत प्रभावित हुई। काव्य ने उसके हृदय को छू लिया। उसने सोचा, जिसका यह काव्य है, मैं उसे कैसे देख सकती हूं ? उसने राजा से प्रार्थना की और वह दासियों से परिवृत होकर, मूल्यवान उपहार लेकर वज्रभूति आचार्य के उपाश्रय की ओर गई। वज्रभूति उस समय दरवाजे पर बैठे थे। रानी को देखकर आचार्य स्वयं का आसन लेकर बाहर आए। रानी ने पूछा—आचार्य वज्रभूति कहां हैं ? बाहर जाते हुए आचार्य ने कहा—वे बाहर गए हैं। दासी ने रानी से कहा —यही आचार्य वज्रभूति हैं। आचार्य को देखकर रानी को विरक्ति हो गई। उसने सोचा—ओह ! 'कसेरू' (एक नदी) तेरा नाम प्रसिद्ध है, परंतु तूं दर्शनीय नहीं है। [कसेरु नदी अति प्रसिद्ध है। परंतु उसका पानी पीने योग्य नहीं है।] रानी ने उपहार वहां रखे और कहा—ये उपहार आचार्य को दे देना। इतना कहकर रानी चली गई। (गा. १४१४, १४१५ टी.प.१४, १५)

७७. लोभ का परिणाम

एक अंगारदाहक (कोयला बनानेवाला) था। वह अंगारों के योग्य लकड़ियां लाने के लिए नदीकूल पर गया। उस नदी के तट पर एक गड्डर पानी के प्रवाह में बहता हुआ आया। उसने उसे निकाला। वह गोशीर्ष चंदन का गड्डर था। वह उसे लेकर वहां बैठ गया। इतने में ही एक वणिक् वहां आया। उसने गड्डर को देखा और जान लिया कि यह चन्दन है। सामान्य लक्कड़ नहीं है। उस वणिक् ने उस अंगारदाहक से कहा—अरे तुम इस काष्ठ का क्या करोगे ? उसने कहा—मैं इसे जलाकर कोयला बनाऊंगा। वणिक् ने सोचा—यदि मैं अभी इससे इस गड्डर को मांगूंगा तो यह बहुत मूल्य बतायेगा। अच्छा है जब यह इसको जलाने लगेगा तब मैं इसे कम मूल्य में खरीद लूंगा। यह सोचकर वणिक् घर चला गया। और जब वह लौटकर आया तब तक अंगारदाहक ने उस गड्डर को जला डाला था। वणिक ने आकर पूछा—अरे ! वह गड्डर कहां है ? उसने कहा—मैंने उसे जला डाला। वणिक् ने उसे बुरा-भला कहा। उसने भी वणिक् की मूर्खता पर खेद प्रकट किया।

अंगारदाहक और वणिक् दोनों ऐश्वर्य से चूक गये। (गा. १४४४-१४४६ टी.प.२०)

७८. पांचों एक साथ प्रव्रजित

एक राजा था। वह अमात्य, पुरोहित, सेनापति और श्रेष्ठी के साथ राज्य का पालन कर रहा था। उन पांचों के एक-एक पुत्र था। राजा का पुत्र राजा बनेगा, अमात्य का पुत्र अमात्य, पुरोहित का पुत्र पुरोहित, सेनापति का पुत्र सेनापति और सेठ का पुत्र सेठ बनेगा, ऐसी सम्भावना की जाती थी। ये पांचों साथ-साथ रहते और क्रीड़ा करते। एक बार राजपुत्र विरक्त हुआ और उसने अपने चारों मित्रों के साथ प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। सभी स्वाध्याय में रत हुए और पांचों ग्रहण और आसेवन-शिक्षा में निपुण होकर बहुश्रुत बन गए। वे पांचों ऊंचे कुलों के थे। गण के आचार्य ने उनकी ओर ध्यान दिया और राजपुत्र को आचार्यपद, अमात्यपुत्र को उपाध्याय पद, पुरोहितपुत्र को स्थविर पद तथा श्रेष्ठिपुत्र को गणावच्छेदक पद पर नियुक्त कर दिया। राजा, अमात्य आदि के कोई दूसरे पुत्र नहीं थे। अतः वे आचार्य के पास आकर बोले—हम सभी अपने-अपने पुत्रों को घर ले जाना चाहते हैं, फिर हम सब इनके साथ प्रव्रजित हो जायेंगे। आचार्य ने अनुज्ञा दे दी। उन पांचों को तब आचार्य ने शिक्षा देते हुए कहा—तुम सब अपने सम्यक्त्व को दृढ़ रखना और निरंतर अप्रमत्त रहना।

राजकुमार आदि घर में चले गए। वहां भी वे प्रासुक आहार करते, प्रतिदिन सूत्रपौरुषी और अर्थपौरुषी करते, लोच करवाते और ब्रह्मचर्य का पालन करते थे।

पांचों के माता-पिता ने सोचा कि ये यदि पुनः प्रव्रजित हो जाएंगे तो हमारी कुल-परंपरा का व्यवच्छेद हो जाएगा। उन्होंने पुत्रों को पुत्रोत्पत्ति की प्रेरणा दी। अब वे लक्षणपाठकों को पूछते कि किस महिला के ऋतुकाल में गर्भ रह सकता है। तब लक्षणपाठकों ने बताया कि इस प्रकार की लक्षणयुक्त महिला के ऋतुकाल में निश्चित ही गर्भ रह सकता है। तब

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऋतुकाल के औचित्य के अनुसार वे अपनी-अपनी महिलाओं के पास एक बार गए और संभोग से बीज-वपन किया। कालावधि के परिपाक होने पर पांचों महिलाओं ने एक-एक पुत्र का प्रसव किया। जब वे बालक युवा हुए तब अपने-अपने स्थान पर उनकी नियुक्ति कर वे पांचों व्यक्ति प्रव्रजित होने के लिए उद्यत हुए। आचार्य ने उन्हें उचित प्रायश्चित्त देकर प्रव्रजित कर दिया। (गा. १५४६-१५५२ पत्र ४०, ४१)

७६. व्यस्तता : अपाय-वर्जन का उपाय

एक सेठ था। उसका पुत्र धनार्जन करने परदेश गया। उसकी पत्नी घर पर ही रही। वह निरंतर प्रसाधन में रत रहती। अच्छा भोजन करना, तंबोल चबाना, विलेपन आदि करना इनमें ही प्रवृत्त रहती थी। घर का काम-काज नहीं करती, निठल्ली बैठी रहती। वह उन्मत्त हो गई। उसने अपनी दासी से कहा—किसी पुरुष को ले आओ। दासी ने सेठ से कहा। सेठ ने सोचा, यह कुमार्ग पर न जाए इसलिए उपाय करना चाहिए। सेठ घर गया। उसने सेठानी से कहा—तुम मेरे से कलह कर पीहर चली जाओ। फिर बहू स्वयं घर का काम करेगी, अन्यथा यह कुमार्ग में चली जाएगी। दूसरे दिन सेठ घर आया। सेठानी से भोजन की थाली परोसने के लिए कहा। सेठानी ने भोजन नहीं परोसा। सेठ ने बहुत कलह किया और सेठानी को घर से निकाल दिया। पुत्रवधू कलह का शब्द सुनकर दौड़ी-दौड़ी वहां आई। सेठ ने कहा—वधूरानी ! अब तू ही घर की मालकिन है, सेठानी कौन होती है ? अब आज से तुझे ही सारे घर का कामकाज करना है। पुत्रवधू वैसा ही करने लगी। घर-व्यापार में व्यापृत होने के कारण वह भोजन भी समय पर नहीं कर पाती थी। मंडन और प्रसाधन की तो बात ही क्या? दासी ने आकर वधूरानी से कहा— आपने पुरुष लाने के लिए कहा था। वह आया हुआ है। आप कब मिलेंगी ? उसने कहा—मरने की भी फुरसत नहीं है तब फिर पुरुष के संगम के लिए कहां अवकाश है? (गा. १६०१ टी.प.५२)

८०. प्रमादी अजापालक

कुछेक तीर्थयात्री गंगा की यात्रा पर जा रहे थे। एक अजापालक ने पूछा—कहां जा रहे हैं ? उन्होंने कहा—हम गंगा-यात्रा पर निकले हुए हैं। उसने कहा—मैं भी यात्रा पर चलूंगा। वह बकरियां वहीं छोड़कर उन यात्रियों के साथ चल पड़ा। उन बकरियों को स्वतंत्र रूप से चरते देखकर कुछेक बकरियों को हिंस्र पशुओं ने मार डाला, कुछेक को चोर उठा ले गए और कुछ इधर-उधर चली गईं। वह अजापालक गंगा में स्नान कर लौटा और बकरियों के स्वामियों के पास जाकर बोला—मैं आ गया हूं। आपकी बकरियों को मैं चराता रहा हूं। पुनः वही काम करने का इच्छुक हूं। बकरियों के स्वामियों ने उसको बांधकर कहा —लाओ, हमारी बकरियों का मूल्य। सारी बकरियां नष्ट हो गईं। उसको मूल्य चुकाना पड़ा। उसको अजारक्षक के रूप में पुनः रखने के लिए उन्होंने इन्कार कर दिया। (गा. १६१२, १६१३ टी.प.५५)

८१. बुद्धिमान् अजापालक

एक अजापालक था। उसने कार्पटिक आदि व्यक्तियों को तीर्थयात्रा में जाते देखा। उसने पूछा —आप सब कहां जा रहे हैं ? हम गंगा की यात्रा करने निकले हैं। उस अजापालक का मन भी गंगायात्रा के लिए उत्सुक हुआ। उसने सारी अजाओं को उन-उन मालिकों को सौंप दिया अथवा अपने स्थान पर दूसरे अजापालक की व्यवस्था कर गंगा-यात्रा पर निकला। वह गंगा-स्नान कर लौटा और अजास्वामियों ने पुनः उसे अजारक्षक के रूप में नियुक्त कर दिया।
(गा. १६१२, १६१३ टी.प.५५)

८२. प्रमादी भंडारी

एक सेठ ने अपने भंडार की रक्षा के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त किया। एक बार उसने तीर्थयात्रियों को देखकर पूछा—आप सब कहां जा रहे हैं ? उन्होंने कहा—हम गंगा की यात्रा पर जा रहे हैं। वह भंडारी भी सेठ को बिना पूछे ही उनके साथ गंगा-यात्रा पर प्रस्थित हो गया। लोगों ने श्रीघर (भंडारगृह) को सूना देखकर लूट लिया। वह भंडारी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गंगा-स्नान कर घर लौटा और सेठ के पास गया। सेठ ने उसे बांधकर श्रीघर में जो हानि हुई थी, उसका मूल्य उससे वसूला और उसे भंडारी के काम से मुक्त कर दिया। (गा. १६१४ टी.प. ५५)

८३. श्रीघर का रक्षक

एक सेठ ने श्रीघर की रक्षा के लिए एक व्यक्ति की नियुक्ति की। एक बार उसने गंगायात्रा पर निकले एक सार्थवाह को देखा। वह भी गंगा-यात्रा करना चाहता था। उसने श्रीघर के स्वामी को पूछा अथवा अपने स्थान पर एक विश्वस्त व्यक्ति की व्यवस्था कर वह गंगा-यात्रा पर निकल पड़ा। गंगा-स्नान कर वह लौटा। सेठ को कुछ भी हानि नहीं हुई। सेठ ने उसे पुनः भंडारी के रूप में रख लिया। (गा. १६१४ टी.प. ५५)

८४. संघ-समवाय और आचार्य

एक आचार्य अपने शिष्य परिवार के साथ एक नगर में रह रहे थे। संघ के मुनियों में सचित्त आदि के प्रसंग में विवाद उत्पन्न हो गया। वे किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाए। एक बार उसी नगर में एक बहुश्रुत आचार्य अपने बृहद् शिष्य परिवार के साथ वहां आए। तब नगर वास्तव्य मुनियों ने प्रार्थना की कि आप बहुश्रुत हैं। आप हमारे विवाद का समाधान दें। तब आचार्य ने न्याय विधि से श्रुतोपदेश के आधार पर उनका विवाद समाप्त कर दिया। कुल, गण और संघ ने उसे प्रमाण माना। लोगों ने सोचा, ये आचार्य श्रुत-पारगामी हैं।ये श्रुत से विलग कुछ नहीं कहते, इसलिए इनका कथन प्रमाण है। विवाद की समाप्ति पर लोग आचार्य की आहार आदि के दान से सेवा करने लगे। आचार्य उनके द्वारा दीयमान आहार आदि ग्रहण करने लगे।

कालान्तर में जब कभी विवाद का प्रसंग आता तब आचार्य एक पक्ष की ओर झुककर विवाद निपटाते। तब जो व्यक्ति उन्हें आहारादि नहीं देते, वे आचार्य के प्रत्यनीक माने जाते। वे आचार्य पर पक्षपात का आरोप लगाते। तब उन लोगों ने सोचा, ऐसा कौन दूसरा गीतार्थ गुरु हो जो पक्षपात से शून्य हो और न्याय से विवाद शान्त करे। इसके लिए उन्होंने संघ समवाय की ओर से घोषणा करवायी कि ऐसे गीतार्थ मुनि की यहां प्रयोजनीयता है। यह घोषणा सुनकर एक अतिथि आचार्य जो सूत्र और अर्थ—दोनों में निपुण थे, वहां आये।

जैन परम्परा में यह स्थिर तथ्य है कि संघसमवाय का प्रयोजन उपस्थित होने पर धूलिधूसरित पैरों वाला भी जैन मुनि सभी कार्य को गौण कर संघ कार्य के लिए उपस्थित हो जाए। यदि वह प्रमाद करता है तो वह प्रायश्चित्त का भागी होता है। उसे कुलसमवाय, गणसमवाय और संघसमवाय के कार्य को प्रधानता देनी होती है। वह अतिथि आचार्य वहां आकर स्थिति का पूरा अध्ययन करे और सूत्र में निर्दिष्ट विधि से कलह का निवारण करे।

आंगतुक अथिति आचार्य ने विवाद का उचित निपटारा कर दिया। (गा. १६५०-६० टी.प. ६२-६४)

८५. जूते पहने पैर ने मारा है

एक व्यक्ति जूते पहनकर जा रहा था। उसने दूसरे व्यक्ति को पैर से आहत किया। आहत व्यक्ति ने राजदरबार में जाकर शिकायत की। राजपुरुषों ने उसे बुलाया और पूछा—क्या तुमने इस पर प्रहार किया है ? उसने कहा—मैंने इस पर प्रहार नहीं किया। मेरे जूते पहने हुए पैर ने प्रहार किया था। (गा. १६६८ टी. प. ६६)

८६. लाट देशवासी की माया

लाट देश का एक व्यापारी गाड़ी लेकर एक गांव में प्रवेश कर रहा था। बीच में ही महाराष्ट्र का एक व्यापारी मिल गया। उसने लाट देशवासी से पूछा—लाटवासी कैसे मायावी होते हैं ? उसने कहा—बाद में बता दूंगा। दोनों मार्ग में चल रहे थे। जब ठंड कम हुई तब महाराष्ट्रवासी ने अपनी कंबल गाड़ी पर रख दी। लाटवासी ने उस कंबल की फलियां गिन लीं। नगर आ जाने पर महाराष्ट्रिक ने गाड़ी से अपना कंबल लेना चाहा। लाटवासी ने कहा—अरे ! तुम मेरा कंबल क्यों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ले रहे हो ? कंबल के कारण दोनों में विवाद छिड़ गया। महाराष्ट्रिक ने राजकुल में शिकायत की। लाटवासी को राजकुल में बुलाया। उसने कहा—यदि कंबल महाराष्ट्रिक का है तो उसे पूछा जाए कि इस कंवल की फलियां कितनी हैं ? महाराष्ट्रिक कंबल की फलियां नहीं बता सका। लाटवासी ने संख्या बता दी। महाराष्ट्रिक पराजित हो गया। राजकुल से बाहर आकर लाटवासी ने महाराष्ट्रिक को बुलाकर उसका कंबल सौंप दिया। उसने कहा—मित्र ! तुमने पहले पूछा था कि लाटदेश के मायावी कैसे होते हैं ? अब तुम समझ गये कि वे कैसे होते हैं। (गा. १७००, १७०१ टी.प.६६, ७०)

८७. मूलदेव की अनुशासना

एक राजा था। वह स्वयं के पश्चात् राज्य का क्या होगा, इस चिंता से निरपेक्ष था। उसके राज्य में मूलदेव नाम का चोर था। एक वार आरक्षकों ने उसे चोरी के अपराध में पकड़कर राजा के समक्ष उपस्थित किया। राजा ने चोर समझकर उसके वध की आज्ञा दे दी। राजा तत्काल अपने निवास स्थान पर आया और सहसा मृत्यु को प्राप्त हो गया। पीछे उसने किसी को युवराज नहीं बनाया था। इसलिए 'राजा मर गया', इस रहस्य को छुपाया गया। इसे केवल दो ही व्यक्ति जानते थे—वैद्य और अमात्य। राजा निःसन्तान था। अतः राजा की खोज में एक अश्व की पूजा कर उसको नगर के तिराहे, चौराहे तथा अन्य चौकों में घुमाया गया। राज्य कर्मचारी इसी चिन्ता में थे कि राजा के लक्षण वाला पुरुष हमें कैसे मिले। वध-स्थान की ओर ले जाया जाता हुआ मूलदेव उसी रास्ते से गुजर रहा था। अश्व ने मूलदेव के पास जाकर अपनी पीठ नीची की। उसे लेकर राज्यकर्मचारी वहां आये, जहां मृत राजा का शव एक पर्दे के पीछे रखा हुआ था। उस पर्दे के पीछे वैद्य और अमात्य बैठे हुए थे। उन दोनों ने मृत राजा के हाथ को ऊपर उठाकर हिलाया और बोले—राजा बोल नहीं सकते अतः अपना हाथ हिलाकर यह अनुमति दे रहे हैं कि मूलदेव का राजा के रूप में अभिषेक किया जाए। मूलदेव राजा बन गया।

कुछ सामंत इस घटना को असाधारण मानकर राजा का पराभव करने लगे। वे राजा के योग्य विनय-व्यवहार नहीं करते, तब मूलदेव ने सोचा कि ये मुझे मूर्ख मानकर मेरा पराभव कर रहे हैं। आज तो ये केवल मूर्ख मान रहे हैं, भविष्य में स्वयं मेरे पर आरोप लगाकर राज्यच्युत भी कर सकते हैं। मुझे इन पर अनुशासन करना चाहिए।

दूसरे दिन राजा मूलदेव अपने सिर पर तिनकों के तीक्ष्ण अग्रभागों को रखकर सभा-मंडप में आ बैठा। वे सामन्त आए और राजा की मूर्खता की परस्पर कानाफूसी करने लगे। उन्होंने कहा—देखो, यह अभी भी चोरी की आदत नहीं छोड़ रहा है, अन्यथा मुकुट में तृण शूक लगाने वाले ऐसे व्यक्ति का ऐसे सभा-मंडप में क्या काम ! निश्चित ही यह तृणघरों में चोरी करने गया है और वहां तिनके सिर पर लगे हैं। यह बात मूलदेव ने सुन ली। वह अत्यन्त रुष्ट होकर बोला—है कोई मेरी चिन्ता करनेवाला, जो इन सामन्तों को दण्डित करे। इतना कहते ही उसके पुण्य-प्रभाव से राज्य देवता से अधिष्ठित, चित्रगत प्रतिहार, जिनके हाथ में तीखी तलवारें थीं, प्रकट हुए और कुछेक सामन्तों के सिर काट डाले। शेष सामन्तों ने राजा के समक्ष आकर प्रणत होकर आज्ञानुसार चलने का वादा किया। (गा. १८६५, १८६६ टी.प.३२)

८८. संरक्षक अच्छा हो

एक वणिक् था। उसके घर में मृत्यु-दायक रोग का प्रसार हुआ। सारे सदस्य उसकी चपेट में आ गए। केवल एक लड़की बची। वह सेठ निर्धन था। वह अपनी पुत्री का विवाह करने में समर्थ नहीं था। वह यात्रा पर प्रस्थित हुआ। उसने सोचा, कन्या स्वभावतः अपना संरक्षण करने में समर्थ है। किंतु इतने बड़े घर में एकाकी कन्या को देखकर लोग इसके शील-आचरण पर अंगुली उठायेंगे। यह सोचकर वणिक् अपने मित्र वणिक् के यहां कन्या को छोड़कर देशान्तर चला गया। उस मित्र वणिक् के घर में भी 'मारि' का प्रकोप हुआ और उसका सारा कुटुम्ब मृत्यु का कवल बन गया। वह वणिक् भी मर गया। उसकी एक कन्या मात्र बची। वह उस वणिक् की पुत्री की सखी थी। वह स्वयं का तथा उस वणिक्-कन्या का संरक्षण करने में समर्थ थी। फिर भी वह अपनी विश्वस्तता के लिए सखी को लेकर राजा के पास गई, चरणों में प्रणाम कर बोली—देव ! आप अपनी कन्याओं की रक्षा, पालन-पोषण करते हैं। उसी प्रकार मेरी और मेरी सखी की भी आपको रक्षा करनी है। हम भी आपकी ही कन्याएं हैं। राजा ने संतुष्ट होकर कहा—ठीक है, ऐसा ही होगा। दोनों कन्याओं को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपने अंत:पुर में भेज दिया और अंत:पुर की संरक्षिका महत्तरिका को बुलाकर कहा—जैसे तुम मेरी कन्याओं की रक्षा करती हो उसी प्रकार इन दोनों कन्याओं की भी मृत्युपर्यन्त रक्षा करना। उस महत्तरिका ने विनयावनत होकर कहा—देव ! इनका अत्यधिक ध्यान रखूंगी। इतना कहकर वह दोनों कन्याओं को लेकर अंत:पुर में चली गई।

मूलवणिक् पुत्री ने महत्तरिका से कहा—जैसे तुम राजकन्याओं की रक्षा करती हो, वैसे ही मेरी भी रक्षा करना। जैसे मेरी रक्षा करो, वैसे ही मेरी सखी की भी रक्षा करना। महत्तरिका उनका उचित संरक्षण करने लगी। कुछ काल व्यतीत हुआ और वह संरक्षिका महत्तरिका कालगत हो गईं। उसकी मृत्यु के पश्चात् वे कन्याएं दु:शील हो गईं। उनको दु:शील देखकर श्रेष्ठीपुत्री ने राजा से कहा—आप अन्य महत्तरिका को नियुक्त करें। राजा ने दूसरी महत्तरिका की नियुक्ति कर दी। उसने कन्याओं को दु:शील देखकर उपालंभ दिया, उनकी भर्त्सना की।

कुछ समय पश्चात् वणिक् देशाटन कर लौट आया। उसने राजा के पास जाकर प्रार्थना की—देव ! मैं अपनी पुत्री को घर ले जाना चाहता हूं। वणिक् की प्रार्थना को स्वीकार कर राजा ने दोनों कन्याओं को ससम्मान घर भेज दिया और कुलीन घरों में उनका विवाह कर दिया। दहेज में विपुल सामग्री दी। (गा. १६०१-१६०८ टी. प. ३३,३४)

८६. चावल के पांच दाने

राजगृह नगर में धन नामक श्रेष्ठी रहता था। उसके चार पुत्रवधुएं थीं। एक दिन उसने सोचा, मेरी कौन-सी पुत्रवधू घर की वृद्धि करेगी। उसने उनकी परीक्षा करने अपने स्वजन वर्ग को निमंत्रित किया। भोज के अनन्तर सेठ ने चारों पुत्रवधू को बुला भेजा और प्रत्येक को पांच-पांच शालिकण देकर कहा, इनको सुरक्षित रखना। जब मैं मांगूं तब लौटा देना। पहली पुत्रवधू ने सोचा, इस बूढ़े सेठ को अपने स्वजन वर्ग के समक्ष हमें चावल के पांच-पांच दाने देते लज्जा नहीं आई। यह कुछ नहीं जानता। जब मांगेगा तब चावल के दूसरे पांच दाने ला दूंगी। यह सोचकर उसने पांचों शालिकण फेंक दिये। दूसरी पुत्रवधू ने उन्हें खा लिया। तीसरी ने उन शालिकणों को आभूषणों की पेटी में सुरक्षित रख दिया। चौथी ने अपने भाई के खेत में उन शालिकणों का वपन कराया और एक वर्ष में उनकी वृद्धि हो गई।

एक वर्ष बीता। सेठ ने पुनः स्वजनों को भोज के लिए निमंत्रित किया। भोजन कर चुकने पर पुत्रवधुओं को बुलाकर कहा—मेरे पांचों शालिकण मुझे वापस दो। पहली पुत्रवधू ने दूसरे स्थान से पांच शालिकण मंगाकर दे दिए। सेठ ने सबको सुनाते हुए कहा—ये वे ही शालिकण हैं या दूसरे ? उसने कहा—मैंने तो उन्हें उसी समय फेंक दिये थे। ये दूसरे हैं। दूसरी पुत्रवधू से पूछा। उसने कहा—मैंने उनको खा लिया था। तीसरी पुत्रवधू ने शालिकणों को समर्पित करते हुए कहा—यह वही शालिकण हैं। मैंने इन्हें आभूषण की पेटिका में सुरक्षित रख छोड़ा था। चौथी पुत्रवधू बोली—सेठ जी, आप शकटों को भेजें। मैं शालिकण मंगवा देती हूं। सेठ ने आश्चर्यचकित होकर इसका कारण पूछा। उसने सारा वृत्तान्त बता दिया। उनके दीर्घपरिमाण की बात कही। सेठ ने तब कहा—इस पुत्रवधू ने पांच शालिकणों का इतना विस्तार कर डाला। यह मेरे घर की मालकिन बनने योग्य है। तीसरी पुत्रवधू को भंडार का काम सौंपा। दूसरी पुत्रवधू जिसने चावल खा डाले थे, उसे रसोई घर का भार सौंपा और चौथी को घर की सफाई का भार दिया। (गा. १६१० टी.प. ३४, ३५)

६०. शक्तिशाली का परीक्षण

एक राजा था। उसके अनेक पुत्र थे। राजा ने सोचा, इनमें से जो शक्तिशाली होगा, उसको राज्य दूंगा। उसने कुमारों की परीक्षा प्रारंभ की। अपने कर्मकरों से कहा—एक स्थान पर दही से भरे घड़ों को रखो। उन्होंने घड़े रखकर राजा को निवेदन कर दिया। अमात्य को बुलाकर कहा— तुम दही के घड़ों के पास बैठ जाओ। फिर राजा ने कुमारों को बुलाकर कहा—जाओ, एक-एक दही से भरा घड़ा ले आओ। कुमार गए। इधर-उधर देखा। घड़ों को वहन कर ले जाने वाला कोई न दीखा, तब वे स्वयं एक-एक घड़ा उठाकर चले। एक कुमार घड़ों के पास गया। सभी ओर देखा, पर घड़ा उठाने वाला एक भी नजर नहीं आया, तब उसने अमात्य से कहा— दही के घड़े को उठाओ। अमात्य उठाना नहीं चाहता था।। कुमार ने म्यान से तलवार निकालते हुए कहा—यदि घड़े को उठाने की इच्छा नहीं है तो मैं अभी तुम्हारा सिरच्छेद कर देता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हूं। अमात्य डरा और दही का घड़ा उठाकर चला। कुमार उसको लेकर राजा के पास गया। राजा ने सोचा, यह कुमार शक्तिशाली है। उसका राज्याभिषेक कर दिया। (गा. १६६४ टी. प. ४६)

६१. पुत्र का राज्याभिषेक

एक राजा था। उसका नाम था दंडिक। उसका राज्य चला गया। तब वह अपने पुत्र के साथ एक अन्य राजा के आश्रय में रहने लगा। वह राजा उस पुत्र के प्रति अतीव आकृष्ट हो गया। उसने उसका राज्याभिषेक करना चाहा। क्या उसका पिता उसे अनुमति नहीं देगा ? अवश्य ही वह पिता अपने पुत्र के राजा बनने पर बहुत प्रसन्न होगा।

(गा. २०४६ टी.प.६०)

६२. प्रमाद से हानि

एक अजापालक था। वह अजाओं की रक्षा करता था। उसने वट्टग—गोली आदि खेलने के प्रमाद से सारी अजाओं का नाश कर डाला। उसे भान हुआ। वह दूसरी बार बोला—अब मैं ऐसा प्रमाद नहीं करूंगा। अब उसे यावज्जीवन वह कार्य नहीं मिल सकेगा।

एक अजारक्षक शूल,ज्वर आदि से ग्रस्त हो गया। अजाएं सारी नष्ट हो गईं। परंतु दुबारा उसे अजारक्षक का भार मिल सकता है। प्रमादी को नहीं। (गा. २३२३ टी. प. ६)

६३. वैद्य का प्रमाद

एक वैद्य था। वह राजा के यहां नियुक्त था। वह द्यूत और विषय-प्रमाद में अनुरक्त था। उसने वैद्य-विद्या का नाश कर डाला। जो वैद्यक शास्त्र तथा कोश आदि प्रच्छन्न थे, गुप्त रखे हुए थे, वे कीड़ों द्वारा काट डाले गए। एक बार राजा को वैद्य की आवश्यकता हुई। उसने वैद्य को बुलाया। वह क्रिया करने में समर्थ नहीं था। राजा ने पूछा—ऐसा क्यों ? उसने कहा—राजन् ! मेरे सारे वैद्यक शास्त्र चोरों ने चुरा लिये। मेरे पास 'पाडिपुच्छग' —सहायक भी नहीं है। इसलिए मेरे सारे वैद्यक ग्रन्थ नष्ट हो गए। मेरा ऐसा कोई प्रमाद नहीं है कि जिससे वैद्यक शास्त्रों का नाश हो। तब राजा ने राजपुरुषों को भेजा और कहा—यदि इसके शास्त्र नष्ट हो गए हों तो तुम शास्त्रकोश को देखो। वे गए, शास्त्रकोश को लाकर राजा को समर्पित कर दिया। राजा ने देखा कि उसमें सारी पुस्तकें कीड़ों द्वारा काटी हुई हैं। राजा ने तब जान लिया कि वैद्य के द्यूत आदि के प्रमाद से सारे वैद्यक ग्रन्थ नष्ट हुए हैं। राजा ने उसे निकाल दिया। वह वैद्य अन्यत्र गया और वैद्यक शास्त्रों का पुनः उज्जीवन कर राजा के समीप आया और पुनः नियुक्ति की याचना की। राजा ने मनाही कर दी।

(गा. २३२४ टी. प. ६)

६४. अभ्यास के बिना विद्या को जंग

एक योद्धा अपने गुरु के पास धनुर्वेद सीख रहा था। उसका अभ्यास इतना गहरा हो गया था कि लक्ष्य को देखे बिना ही शब्द के आधार पर उसको बाण से बींध डालता था। राजा ने उसे प्रचुर वेतन पर रख लिया। कालान्तर में वह विषय-प्रमाद में फंस गया। इससे उसकी धनुर्वेद विद्या और अभ्यास का अन्त आ गया, सभी नष्ट हो गए। युद्ध का प्रसंग उपस्थित हुआ। रण में वह योद्धा न कुछ बींध सका और न शत्रु सेना को पराजित कर सका। राजा ने पूछा—ऐसा क्यों हुआ ? उसने कहा—मेरा कोई प्रमाद नहीं है। तब राजा ने कहा—यदि प्रमाद न करने पर भी यह शब्दभेदी विद्या से चूक गया है तो इसके तरकश में तीरों को देखो कि वे सारे तीर मूलरूप में हैं अथवा जंग से नष्ट हो गए हैं ? यह भी देखो कि इसका धनुष्य टूटा हुआ है या अखंड है। राजपुरुषों ने देखा। उसके सारे तीर जंगयुक्त थे, धनुष्य भी टूट गया था। राजा ने जान लिया कि यह सारा प्रमाद के कारण हुआ है। उसकी वृत्ति का छेद कर डाला। वह अन्यत्र गया और पुनः धनुर्विद्या का अभ्यास कर लौटा। किंतु राजा ने उसे नियुक्ति नहीं दी। (गा. २३२५ टी.प. ७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९५. प्रमादी माली

एक बाड़ी थी, उसमें अनेक प्रकार के फलदायी वृक्ष और शाक-सब्जी आदि उगाई जाती थी। एक माली को वहां रखा। वह विषय प्रमाद और द्यूतप्रमाद में फंस गया। वह वृक्षों की सार-संभाल नहीं करता, न उन्हें पानी पिलाता। उस बाड़ी को लोगों ने तथा गाय आदि पशुओं ने नष्ट कर डाला। वह सूख गयी। उससे कोई फल-साग-सब्जी आदि प्राप्त नहीं होते। बाड़ी के स्वामी ने पूछा—बाड़ी का नाश कैसे हुआ ? उस माली ने कहा—मैं तो इसकी पूरी पालना करता था। मेरा कोई प्रमाद नहीं है। स्वामी ने गवेषणा की और यह ज्ञात किया कि बाड़ी भग्न हो गई है, गाय आदि पशुओं के कारण तथा पानी न सींचने के कारण सूख गई है। बाड़ी के स्वामी ने उस माली को नौकरी से हटा दिया। उसने हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि वह भविष्य में कभी प्रमाद नहीं करेगा। परंतु स्वामी ने उसे काम पर रखने से इनकार कर दिया।

(गा. २३२६ टी.प. ७)

९६. स्तूप के लिए विवाद

मथुरा नगरी में एक तपस्वी था। वह आतापना लेता था। उसकी इस कठोर चर्या को देखकर एक देवता उसका सम्मान करते हुए वन्दना कर बोला—भगवन् ! मुझे जो करना है उसके लिए आप आज्ञा दें। तपस्वी ने कहा—क्या मेरा कार्य असंयती से होगा ? यह सुनकर देवता के मन में तपस्वी के प्रति अप्रीति हो गई। फिर भी उसने कहा—मुझसे आपका कार्य सम्पन्न होगा। तब देवता ने एक सर्वरत्नमय स्तूप का निर्माण किया। वहां भगवे वस्त्रधारी भिक्षु आये और बोले—यह स्तूप हमारा है। इस स्तूप के कारण संघ का उनके साथ छह माह तक विवाद चला। संघ ने पूछा—इस संघर्ष के लिए कौन समर्थ है ? एक व्यक्ति बोला—अमुक तपस्वी इसके लिए समर्थ है। तब संघ ने तपस्वी को बुलाकर कहा— तपस्विन्! आप आराधना कर देवता का आह्वान करें। तपस्वी ने आराधना की। देवता उपस्थित होकर बोला—आदेश दें, मैं आपके लिए क्या करूं ? तपस्वी बोला—वैसा कार्य करो जिससे संघ की विजय हो। तब देवता ने क्षपक की भर्त्सना करते हुए कहा—'आज मेरे जैसे असंयती से कार्य कराने का प्रयोजन उपस्थित हो गया है। अब एक उपाय बताता हूँ। आप राजा के पास जाकर कहें—यदि यह स्तूप इन भिक्षुओं का है तो कल इस स्तूप पर लाल पताका फहराएगी और यदि यह स्तूप हमारा होगा तो सफेद पताका दिखेगी।' वे राजा के पास गए। सारी बात कही। राजा ने यह उक्ति स्वीकार कर ली। राजा ने दोनों पक्षों को बात बता दी और स्तूप की रक्षा के लिए अपने विश्वस्त व्यक्तियों को नियुक्त कर दिया। देवता ने रात ही रात स्तूप पर सफेद पताका फहरा दी। प्रभात में सभी ने स्तूप पर सफेद पताका लहराते देखी। संघ जीत गया।

(गा. २३३०, २३३१ टी. प. ८)

९७. कूप की पेयता, अपेयता

एक गांव की एक दिशा में मीठे पानी के अनेक कूप थे। उनमें से कई कूप आगंतुक दोषों तथा विस्वाद के कारण अपेय बन गए थे। कुछ कूप उस जमीन से उत्थित खार-लवण आदि विषम पानी के स्रोतों के कारण नष्ट हो गए। कुछ कुओं के पानी पीने से कोढ़ आदि रोग तथा शरीर में दोष उत्पन्न हो जाता था। कुछेक कुओं का पानी मृत्यु का कारण बनता था। कुछ कूपों का पानी स्नान और आचमन में काम आता था और कुछेक का नहीं। लोगों को इन कुओं के दोष ज्ञात थे, इसलिए पानी लाने वालों को पूछते—यह पानी कहां से लाए हो ? यदि निर्दोष होता तो वे लोग उसे पीने के काम में लेते और सदोष होता तो उसका वर्जन करते थे। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर सदोष पानी लाता तो वे उसकी भर्त्सना करते, उसे ताड़ना देते। यदि व्यक्ति अजान में लाता तो उसे सावधान करते हुए कहते—फिर कभी सदोष पानी मत लाना।

(गा. २३५७ टी.प. १३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९८. पृच्छा का प्रवर्तन सकारण

भोजकुल के सेवक दो भाई थे। राजा ने उन्हें ससम्मान अपने यहां रख लिया। राजकुल में उनका सर्वत्र आना-जाना था। कहीं रोक-टोक नहीं थी। छोटे भाई ने अन्तःपुर में अनाचार का सेवन कर डाला। राजा ने उसका प्रवेश निषिद्ध कर दिया। अब बड़ा भाई भी राजा की आज्ञा के बिना प्रवेश नहीं कर पाता था। प्रतिहार के कहने पर राजा पूछता—आज कौन आया है छोटा भाई या बड़ा भाई ? प्रतिहार कहता—बड़ा भाई आया है, तब राजा उसके प्रवेश की आज्ञा देता। यह पूछताछ पहले नहीं होती थी, परंतु छोटे भाई के दुराचार के पश्चात् यह पृच्छा होने लगी। (गा. २३५८ टी.प. १४)

९९. पृच्छा क्यों ?

(क) एक नगर था। वहां सभी दुकानों पर अच्छे तिल और अच्छी किस्म के चावल मिलते थे। कालान्तर में एक वणिक् के मन में कपट उत्पन्न हुआ। उसने खराब तिल बेचने के लिए रखे। इसी प्रकार दूसरे वणिक् ने खराब किस्म के चावल दुकान पर बेचने हेतु रखे। अब लोग पूछने लगे— तुम्हारी दुकान पर तिल कैसे हैं ? चावल कैसे हैं ? पहले कभी ऐसी पूछताछ नहीं होती थी।

(ख) एक नगर की एक दिशा में अनेक मंदिर थे। वहां अनेक शैव भिक्षु रहते थे। वे सुशील थे। लोग उन सबकी पूजा करते थे। कालान्तर में कुछेक मंदिरों के भिक्षु दुःशील हो गए। अब निमंत्रण देने की वेला में लोग पूछने लगे, कौन कैसा है ? पहले यह पृच्छा नहीं थी।

(ग) एक गांव में गाएं बहुत थीं। एक बार वहां पशुओं की बीमारी फैली और वहां के पशु उसकी चपेट में आ गए। अब कोई व्यक्ति गाएं लाता तो लोग पूछते—ये गाएं किस गांव से लाए हो ? ये किस गोवर्ग की हैं ? पहले ऐसी पृच्छा नहीं होती थी। (गा. २३५८ टी. प. १४)

१००. कपटी उपासक

भिक्षुओं का एक उपासक विषमिश्रित भोजन भिक्षुओं को देता था। वह कभी-कभी मदकारक कोद्रव का भोजन भी दान में देता था। इस विषम भोजन के कारण समूचे भिक्षुगण में मारि का प्रकोप हुआ। इस कारण से सारा संघ छिन्न-भिन्न हो गया। लोगों ने विषयुक्त भोजन देने वाले भिक्षु उपासक को जान लिया। एक बार वह भिक्षु उपासक लोगों के बीच वाद में पराजित हो गया। वह कपटपूर्वक आचार्य के पास जाकर बोला—आप मुझे अर्हत् धर्म का उपदेश दें। आचार्य ने उपदेश दिया। वह कपटपूर्वक बोला—आज से मैंने आपके पास अर्हत् धर्म स्वीकार कर लिया है। मैंने भिक्षुओं के निमित्त एक बड़ा जीमनवार किया है। वहां बड़ी मात्रा में परमान्न पकाया गया है। उसको असंयत व्यक्ति न ले जाएं, न खाएं, इसलिए आप मुझ पर अनुग्रह कर मुनियों को गोचरी के लिए भेजें। साधुओं ने सोचा, यह सच कह रहा है। हमें वहां भिक्षा के लिए जाना चाहिए। उस कपट उपासक ने भोजन में विष मिला दिया और साधुओं को पर्याप्त भोजन दिया। उस भोजन से कुछेक साधु मर गए और कुछेक बेहोश हो गए। (गा. २३८२ टी.प. १८)

१०१. युद्ध और वैद्य

दो राजाओं में युद्ध छिड़ गया। एक राजा के पास कुछ वैद्य उपस्थित हुए और साथ में रहने की प्रार्थना की। राजा ने कहा—युद्ध के प्रसंग में वैद्यों का कोई काम नहीं है। तुम युद्ध विद्या में कुशल नहीं हो। तुम्हारा युद्ध-स्थल में क्या प्रयोजन है ? वे वैद्य बोले—राजन् ! यद्यपि हम युद्ध विद्या में निपुण नहीं हैं फिर भी युद्ध में घायल हुए सैनिकों के लिए हमारी वैद्यक्रिया अत्यन्त उपयोगी है। इसलिए हम साथ में जाना चाहते हैं। आप अनेक प्रकार की औषधियां, अनेक प्रकार के व्रणपट्ट तथा विविध तैल साथ में ले लें। यह कहने पर राजा ने कहा—आप अनागत अमंगल की भावना न करें। आप अपने घर चले जाएं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दूसरे राजा के पास भी वैद्य गए। राजा ने उन्हें पूछा—संग्राम के लिए क्या-क्या उपयोगी द्रव्य आवश्यक होंगे ? यह पूछने पर वैद्यों ने कहा—'व्रणसंरोहण तैल, अत्यन्त पुराना घी तथा औषधियां मंगाएं। उनमें तैल और घी को पचाया जा सकेगा। व्रणसंरोहण चूर्ण तथा व्रणलेप वाली औषधियां साथ में लें।' राजा ने अपने सेवकों से सारी सामग्री एकत्रित करने के लिए कहा।

दोनों राजाओं में युद्ध छिड़ा। जिस राजा के साथ वैद्य थे। उन वैद्यों ने मुद्गर आदि से आहत भटों को औषधियों से स्वस्थ कर दिया तथा जो भट घायल हुए थे, उनके व्रणों को सीकर औषधियों का लेप कर दिया। इस प्रकार व्रणित और प्रहारित सभी योद्धा दूसरे दिन के युद्ध के लिए तैयार हो गए। वैद्यों ने दूसरे और तीसरे दिन भी उपचार किया। वह राजा वैद्यों के परामर्श से अपने भटों को स्वस्थ करता हुआ युद्ध जीत गया।

दूसरे राजा के योद्धा मारे गए और जो घायल और आहत हुए थे, वे भी युद्ध के लिए अयोग्य ही रहे। वह राजा पराजित हो गया। (गा. २४०३-२४०६ टी. प. २१, २२)

१०२. सूपकार और बकरी

राजा के सूपकार ने राजा के लिए मांस पकाने के लिए रखा। इतने में ही एक बिल्ली आई और मांस के खण्ड को उठाकर ले गई। सूपकार भयभीत हो गया। वह मांस की खोज करने लगा, इतने में ही अचानक एक बकरी वहां आ गई। उसके गले में एक पोटली बंधी हुई थी। उसमें भोजन के काम में आने वाले उपस्कार थे। सूपकार ने उस बकरी को मार डाला, यह सोचकर कि यह स्वतः आई हुई बकरी है। उसे मारने में कोई अपराध नहीं होगा। राजा का उपालंभ भी नहीं आएगा और मेरा भी काम बन जाएगा। (गा. २४५३, २४५४ टी प २)

१०३. अकाल में संज्ञाभूमि जाने से हानि

इन्द्रपुर नगर में इन्द्रदत्त राजा था। उसके पुत्र ने पुतली के अक्षिचन्द्रक का वेध कर यश प्राप्त किया। राजा की प्रसिद्धि हुई। ऐसे व्यक्तियों का आगमन आचार्यों के पास होता रहता है। यदि वे अकाल में संज्ञाभूमि में जाते हैं और उस समय यदि राजा आदि महान् व्यक्ति दर्शनार्थ आते हैं तो उन्हें दर्शन किए बिना ही लौटना पड़ता है। यदि अकाल में संज्ञाभूमि में न जाएं तो आने वाले विशिष्ट व्यक्ति धर्मकथा सुनकर, विरक्त हो सकते हैं, प्रव्रज्या ग्रहण कर सकते हैं। उनकी प्रव्रज्या से प्रवचन की प्रभावना होती है। कुछेक श्रावक भी बन सकते हैं, कुछ धर्मरुचि भी हो सकते हैं और इन सबसे संघस्थ साधुओं पर महान् उपकार होता है। अकाल में संज्ञाभूमि में जाने पर इन गुणों की हानि होती है। (गा. २५४६ टी.प. १६)

१०४. बलवान् कौन ? लोकोत्तर विनय या लौकिक विनय ?

एक राजा और दंडिक धर्म श्रवण के लिए आचार्य के पास गए। आचार्य ने प्रवचन प्रारंभ किया। प्रवचन के मध्य राजा अनेक बार मूत्र-विसर्जन के लिए उठा। आचार्य प्रच्छन्न रूप से मूत्र-विसर्जन करते और साधु उसे ले जाते। राजा के मन में प्रश्न हुआ—मैं प्रणीत आहार करता हूं, फिर भी मुझे मूत्र-विसर्जन के लिए बार-बार उठना पड़ता है और आचार्य रूखा आहार करते हैं फिर भी मूत्र-विसर्जन के लिए नहीं उठते। ऐसा प्रतीत होता है कि पास में जो मुनि बैठा है, वह वस्त्र में छिपाकर मात्रक आचार्य को देता है। आचार्य उसमें मूत्र-विसर्जित करते हैं। किंतु यह पूछना अविनय होता है, इसलिए उपाय से पूछना चाहिए। वह आचार्य के पास गया और बोला —भगवन् ! लौकिक विनय बलवान होता है या लोकोत्तर विनय ? आचार्य बोले—तुम इसकी परीक्षा करो। मैं मानता हूं कि लोकोत्तर विनय बलवान होता है।

राजा ने परीक्षा प्रारंभ की। आचार्य ने कहा—जिस शिष्य पर तुम्हारा विश्वास हो और आकृति से जिसे तुम मानते हो कि यह विनयभ्रंशी नहीं है, उसे तुम यह जानने के लिए भेजो कि गंगा किस ओर बहती है, इसकी जानकारी कर हमें बताओ। राजा ने विश्वस्त और आकृतिमान मुनि से कहा—जाओ, यह ज्ञात कर आओ कि गंगा किस ओर बहती है। वह गया नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वहीं बैठे-बैठे उसने राजा से कहा—गंगा पूर्व की ओर बहती है। यह तो दूसरे लोग भी जानते हैं।

तब आचाय ने राजा से कहा—मेरे शिष्यों में से जिसे तुम विषम चरित्रवाला मानते हो, विनयभ्रंशी मानते हो, उसे भेजो। राजा ने आचार्य के कथनानुसार अविनीत दीखने वाले श्रमण से कहा—जाओ, यह ज्ञात कर बताओ की गंगा किस दिशा में बहती है ? निर्देशानुसार वह श्रमण आचार्य की आज्ञा ले वहां गया और लौटकर आ गया। पहले उसने ईर्यापथिकी कायोत्सर्ग किया, गुरु के समक्ष आलोचना की। गुरु ने पूछा—अभी आलोचना कैसे ? वह बोला—भगवन्! आपकी आज्ञा से मैं गंगा तट पर गया और वहां सूर्य की ओर देखा, क्योंकि सूर्य के आधार पर दिशा का निर्धारण किया जाता है। मैंने देखा कि गंगा के प्रवाह में बहने वाले तृण आदि पूर्व दिशा की ओर बहे जा रहे हैं। इसमें कभी दिग्मोह भी हो सकता है। दिग्मोह न हो, इसलिए मैंने दो-चार व्यक्तियों को पूछा। उन्होंने भी वही उत्तर दिया कि गंगा पूर्वाभिमुख बह रही है। राजा ने अपने विश्वास के लिए प्रच्छन्न रूप से विश्वस्त व्यक्तियों को मुनि के पीछे भेजा था। उन्होंने भी वही कहा जो मुनि ने कहा था।

राजा ने आचार्य से कहा—भगवन् ! जो हमारी आज्ञा को भंग करता है, उसका हम निग्रह करते हैं। उसे मारते हैं, पीटते हैं, हाथ-पैर-कान आदि का छेदन करते हैं, मृत्युदंड देते हैं, सारा धन लूट लेते हैं, फिर भी कुछेक व्यक्ति आज्ञा का भंग कर देते हैं। लोकोत्तर क्षेत्र में आज्ञा भंग करने वालों को ऐसे दंड का भय नहीं रहता, फिर भी वे आज्ञा का पालन करते हैं, ऐसा क्यों ?

आचार्य बोले—लोकोत्तर क्षेत्र में भवदंड का भय रहता है। जो भगवान् की, गणधर आदि की आज्ञा का उल्लंघन करता है उसे जन्मान्तर में अनेक प्रकार के दंड भोगने पड़ते हैं। वह भय उन्हें आज्ञा-भंग से बचाता है। इस प्रकार लोकोत्तर विनय बलवान् होता है। (गा. २५५२-२५५७ टी. प. २०, २१)

१०५. दो प्रतिमाएं

एक रत्न वणिक् सामुद्रिक यात्रा पर जा रहा था। प्रवास के मध्य एक दिन उपद्रव उपस्थित हुआ। वणिक् भयभीत हो गया। उसने तब देवता की मनौती की कि यदि यह उपसर्ग शान्त हो जाएगा और मैं सकुशल पार पहुंच जाऊंगा तो एक रत्नमय और एक मणिमय—दो प्रतिमाएं कराऊंगा। मनौती से देवता प्रसन्न हुआ और उसके प्रभाव से उपसर्ग शान्त हो गया। वह निर्विघ्न रूप से समुद्र के पार पहुंच गया। पार पहुंचने के पश्चात् वणिक् का मन लोभ से भर गया और उसने केवल एक प्रतिमा बनवाई। तब देवता ने स्वयं दूसरी प्रतिमा बनवाई। फिर वणिक् दोनों प्रतिमाओं की भक्ति से पूजा करने लगा। उन दोनों प्रतिमाओं का यह प्रभाव था कि जब उनके पास दीपक रखा जाता, तब दीपक के कारण वे दृश्य होती थीं। जब दीपक नहीं होता तब प्रकाश में भी मणि और रत्न का प्रकाश ही दीख पाता था, प्रतिमाएं नहीं। प्रतिमाओं का यह चमत्कार सुनकर राजा तोसलिक ने उन दोनों को अपने श्रीगृहक भांडागार में रखवा दिया। तब मंगलबुद्धि से तथा परम भक्ति और यत्न से उनकी पूजा होने लगी। जिस दिन से राजा के भांडागार में वे प्रतिमाएं स्थापित की गईं, उसी दिन से राजा का कोष बढ़ता गया। (गा. २५६०-२५६४ टी. प. २१, २२)

१०६. सहयोग से लाभ

एक कौटुम्बिक था। वह किसानों को ब्याज पर अनाज देता था। उस ब्याज के द्वारा प्राप्त धान्य से कौटुम्बिक के सारे अन्न-भंडार भर गए। एक बार आग लगी और कौटुम्बिक के एक अन्न-भंडार का सारा धान जलकर राख हो गया। आग लगने की बात समूचे गांव में फैल गई। कुछेक किसान आग बुझाने के लिए आए और कुछेक किसानों ने सोचा—हम आग बुझाने क्यों जाएं ? यह कौटुम्बिक क्या हमें धान्य मुफ्त में देता है जो आज हम आग बुझाने जाएं ?

दूसरे कृषकों ने सोचा—इस कौटुम्बिक के प्रभाव से हम जी रहे हैं, यह सोचकर वे सब मिलजुल कर वहां आए और आग को बुझाने में सहयोग करने लगे। कौटुम्बिक उन सब पर प्रसन्न होकर अब उनको ऋण में धान्य बिना ब्याज के देने लगा। जिन्होंने आग बुझाने में मदद नहीं की, उनको कौटुम्बिक ने कहा— 'अब मेरे पास ऋण रूप देने के लिए धान्य नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। सब जलकर भस्म हो गया है।' उस दिन से वे कृषक दुःख से जीवन बिताने लगे। (गा. २६१०-२६१३ टी. प. ३०)

१०७. पशुसिंह : नरसिंह

भगवान् वर्द्धमान के जीव ने त्रिपृष्ठ वासुदेव के जन्म में एक सिंह का वध कर डाला। सिंह को अधृति हुई। उसने सोचा, यह मेरा पराभव है, क्योंकि मैं एक छोटे व्यक्ति से मारा गया हूं। गौतम का जीव त्रिपृष्ठ का सारथी था। उसने कहा—अधृति मत करो। तुम पशुसिंह हो। तुमको नरसिंह ने मारा है, फिर पराभव कैसे ? सिंह मर गया। वह संसार में नाना योनियों में परिभ्रमण करता हुआ चरम तीर्थंकर भगवान् महावीर के समय में राजगृह नगर के कपिल ब्राह्मण के घर में पुत्ररूप में उत्पन्न हुआ। एक बार भगवान् महावीर राजगृह नगर में समवसृत हुए। वह बटुक भी समवसरण में आया। भगवान् को देखकर वह 'धम-धम' करने लगा। तब भगवान् ने उसको उपशांत करने के लिए गौतम स्वामी को भेजा। गौतम स्वामी गए और उसको उपदेश देते हुए बोले—ये महान् आत्मा तीर्थंकर हैं। जो इनके प्रतिकूल होता है, वह दुर्गति में जाता है। यह सुनकर वह शांत हो गया। गौतम स्वामी ने कालान्तर में उसे प्रव्रजित किया। (गा. २६३८ टी. प. ३५)

१०८. राजाज्ञा का मूल्य कब ?

एक राजा था। तीन व्यक्तियों ने उसकी आराधना की। राजा ने संतुष्ट होकर अमुक नगर के आयुक्त को आदेश देते हुए लिखा—प्रत्येक को एक-एक सुंदर मकान और एक-एक लाख दीनार दे दें। राजा का यह संदेश सुनकर तीनों प्रसन्न हुए। एक व्यक्ति इस संदेश को एक पट्ट पर लिखाकर ले गया। दूसरा केवल मुद्रांकित पट्ट लेकर गया। तीसरे ने पट्ट पर आज्ञा लिखाई और उस पर राजमुद्रा का अंकन कराया। पहला व्यक्ति जो केवल पट्ट पर आज्ञा लिखाकर ले गया था तथा दूसरा व्यक्ति जो केवल राजमुद्रांकित पट्ट ले गया था, दोनों आयुक्त के पास गए। एक ने आज्ञा लिखे पट्ट और दूसरे ने राज-मुद्रांकित पट्ट दिखाया। आयुक्त ने पहले व्यक्ति से कहा—आज्ञा लिखित है, पर राजमुद्रा नहीं है तो फिर मैं तुम्हें कैसे दूं ? दूसरे से कहा—राजमुद्रांकित पट्ट तो है पर मैं नहीं जानता कि राजा की आज्ञा क्या है ? दोनों निष्फल हुए। तीसरे का पट्ट आज्ञांकित और मुद्रांकित भी था। वह सफल हुआ। उसे सुन्दर घर और एक लाख दीनार मिल गए।

(गा. २६४१, २६४२ टी. प. ३६)

१०९. पट्टरानी पृथिवी की उक्ति

महाराजा शातवाहन की अग्रमहिषी का नाम था—पृथिवी। एक बार राजा को कार्यवश अन्यत्र जाना पड़ा। पट्टरानी पृथिवी तब अन्तःपुर की अन्य रानियों से परिवृत होकर, महाराजा शातवाहन का वेश पहनकर आस्थानिका मंडप में जा बैठी। वह महाराज की तरह प्रवृत्ति करने लगी। राजा अचानक उसी स्थान पर आ गया। महारानी ने राजा को आते हुए देख लिया, परंतु वह अपने आसन से नहीं उठी। उसके बैठे रहने पर अन्यान्य रानियां भी बैठी ही रहीं, उठीं नहीं। राजा रुष्ट होकर बोला—पृथिवी ! तुम महारानी हो, इसलिए नहीं उठी परन्तु तुमने दूसरी रानियों को भी बैठे रहने के लिए कहा, यह उचित नहीं है। राजा के इस प्रकार कहने पर पृथिवी महारानी बोली—'महाराज! आपकी आस्थानिका में बैठे हुए दास-दासी भी नाथ होते हैं। वे स्वामी को देखकर भी नहीं उठते। यह आपके आस्थानिका का ही प्रभाव है। आप भी जब यहां बैठते हैं तब गुरु को छोड़कर किसी व्यक्ति के आने पर नहीं उठते। मैं भी इस समय आपकी आस्थानिका में राजा बनकर बैठी थी। इसलिए सपरिवार नहीं उठी। यदि मैं राजा नहीं बनती तो अवश्य उठती।' पटरानी की बात सुनकर राजा संतुष्ट हो गया।

(गा. २६४५-२६५७ टी. प. ३६, ३७)

११०. दृष्टि-विक्षेप से हानि

(क) एक किसान था। उसने शालि के दो खेत काटने के लिए दैनिक वेतन पर कर्मकरों को रखा। वे सब खेत में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शालि काटने लगे। इतने में ही एक सुन्दर सफेद हाथी उधर दृष्टिगत हुआ। किसान ने सभी कर्मकरों को हाथी दिखाया। वे सभी शालि काटना छोड़कर हाथी के आगे-पीछे भागे। खेत तक उसके साथ आए और बहुत समय तक देखते रहे। फिर हाथी का वर्णन करने लगे। धान काटना बन्द हो गया। समय व्यतीत हो गया। किसान को हानि उठानी पड़ी।

१११. (ख) एक दूसरा किसान था। उसकी दासी शालि काटने खेत में गई। दासी ने सुन्दर सफेद हाथी देखा। उसने सोचा यदि मैं कर्मकरों को हाथी की बात कहूंगी तो वे सब कटाई छोड़कर बातों में लग जायेंगे। किसान को हानि होगी। लोग इसके वर्णन में लग जायेंगे। जब पूरे खेत की कटाई हो गई, तब दासी ने अपने स्वामी किसान तथा कर्मकरों से हाथी की बात कही। उन्होंने कहा— पहले क्यों नहीं बताया ? दासी बोली—कटाई में बाधा उपस्थित होती, इसलिए नहीं बताया। इस बात पर किसान प्रसन्न हुआ और दासी को दासत्व से मुक्त कर दिया। (गा. २६५३, २६५४ टी. प. ३८)

११२. प्रमाद का फल

एक गांव था। गांववासियों ने राजकुल के लिए एक शकट बनवाया। जब कभी राजा की ओर से आदेश आता कि घृत-घट आदि लाने हैं अथवा अन्यत्र ले जाने हैं, तो वे ग्रामीण लोग उसी शकट में लाते-ले जाते थे। इस शकट का कोई स्वामी नहीं है, यह सोचकर वे उसी शकट से अपना प्रयोजन भी सिद्ध कर लेते थे। अस्वामित्व की बुद्धि से वे शकट का संरक्षण नहीं करते थे। कालान्तर में वह शकट टूट गया। अस्त-व्यस्त हो गया। कुछ दिनों बाद राजा ने ग्रामीणों को आज्ञापित किया कि इतना धान्य शकट से राजभवन में पहुंचा दो। ग्रामीणों ने आज्ञा सुनी, परंतु शकट के अभाव में वे धान्य नहीं पहुंचा सके। राजा ने उसे अपनी आज्ञा का भंग जानकर उन ग्रामीणों को दंडित किया। अब अपने प्रयोजन के लिए भी वे शकट का उपयोग नहीं कर पा रहे थे। वे दुःखी हो गए। (गा. २६६६, २६६७ टी. प. ४०)

११३. आचार्य द्वय : आर्यसमुद्र और मंगु

जैन परंपरा में आर्यसमुद्र तथा आचार्य मंगु प्रभावक आचार्य हुए हैं। आर्यसमुद्र दुर्बल थे। उन्होंने अतिरिक्तता का उपभोग नहीं किया। वे योगसंधान करने के लिए भी अशक्त हो गए। उनके शिष्य उनके लिए प्रतिदिन विश्रामणारूप तीन कृतिकर्म करते थे। दो सूत्रार्थपौरुषी के समय और तीसरा चरम पौरुषी के समय। आर्यसमुद्र के लिए श्रावक उनके योग्य आहार आदि देते थे। शिष्य उस आचार्य प्रायोग्य आहार को अलग पात्र में लाते थे।

आचार्य मंगु के लिए न कृतिकर्म होता था और न उनके प्रायोग्य आहार अलग पात्र में लाया जाता था। यद्यपि श्रद्धालुओं से उत्कृष्ट भक्तपान प्राप्त होता था, फिर भी शिष्य उसे एक ही पात्र में ले लेते थे। आचार्य मंगु अलग पात्र में लाया हुआ आहार ग्रहण नहीं करते थे।

वे दोनों आचार्य एकदा साथ-साथ विहार करते हुए सोपारक नगर में आए। वहां दो श्रावक थे। एक शाकटिक और दूसरा वैकटिक—सुरा संधानकारी। उन दोनों ने देखा कि आचार्य आर्यसमुद्र के लिए प्रणीत भोजन भिन्न पात्र में लाया जा रहा है और आचार्य मंगु के लिए सामान्य पात्र में लाया जा रहा है। यह देखकर उन्हें विस्मय हुआ। वे आचार्य मंगु के पास आए और बोले—भंते ! आर्यसमुद्र की भांति आपके लिए विशिष्ट आहार अलग पात्र में क्यों नहीं आता ? आचार्य बोले —अहो शाकटिक ! देखो, जब तुम्हारा शकट दुर्बल हो जाता है तब तुम उसे रस्सी आदि से बांधकर ठीक कर देते हो। तब उस शकट में तुम माल आदि ले जा सकते हो। यदि तुम शकट का उचितरूप में परिकर्म नहीं करते हो तो वह शकट टूट जाता है, नष्ट हो जाता है। और जो शकट वहन करने के लिए योग्य है, उसका तुम परिकर्म नहीं करते।

फिर वैकटिक से कहा—वैकटिक ! सुरा रखने की तुम्हारी कुंडिका यदि दुर्बल है, क्षीण हो गई है तो तुम उसे बांस की खपचियों से बांधकर उसमें सुरा रखते हो। जो कुंडी यथावत् है उसके लिए कुछ भी बंधन नहीं देते। वह तुम्हारी काम की होती है।

आर्यसमुद्र वृद्ध हैं, दुर्बल हैं, इसलिए उनके शरीर-धारण के लिए योग्य आहार अत्यंत अपेक्षित है। इसलिए वैसा आहार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृथक् लाया जाता है। मैं दृढ़ शकट या कुंडी के समान हूं। शरीर का अप्रतिकर्म करता हुआ भी मैं योगसंधान करने में समर्थ हूं। इसलिए मुझे विशेष आहार की आवश्यकता नहीं होती। (गा. २६८५-२६६२ टी. प. ४३, ४४)

११४. उस समय की परिव्राजिकाएं

एक गांव में पति-पत्नी आराम से रह रहे थे। एक बार पत्नी के मन में यह संदेह हुआ कि मैं अपने पति के लिए अप्रीतिकर हो गई हूं। पति मुझे नहीं चाहता। यह सोचकर वह आर्यिका के पास प्रव्रजित हो गई । उसके शरीर का लावण्य अद्भुत था। वह भिक्षा के लिए घूमती। एक बार पूर्व पति ने उसे देख लिया। वह उसमें लुब्ध हो गया। वह साध्वी अकेली नहीं थी। उसके साथ अन्य साध्वियां भी रहती थीं, इसलिए पति को एकान्त में अपनी पत्नी-साध्वी से बातचीत करने का अवसर नहीं मिलता था। तब उसने एक परिव्राजिका से परिचय किया। उसकी दान, सन्मान आदि से आराधना की। परिव्राजिका ने पूछा—बताओ, मैं तुम्हारा कौन-सा काम कर सकती हूं ? उसने कहा—अमुक साध्वी को तुम इस प्रकार प्रभावित करो कि वह पुनः गृहस्थी में आ जाए।

एक दिन वह परिव्राजिका उस साध्वी के पास आकर बोली—मैं भी दीक्षित होना चाहती हूँ। आप मुझे प्रव्रजित करें। वह प्रव्रजित हो गई। एक दिन पाक्षिक के उपलक्ष में सभी आर्यिकाएं चैत्यवंदन के लिए गईं। उस शैक्ष साध्वी ने कहा—आर्य! मैंने स्वजनों से गुप्त रूप से दीक्षा ली है। वे यदि मुझे देखेंगे तो मुझे घर ले जाएंगे। इसलिए आप सब जाएं। मैं उपाश्रय की रक्षा में यहीं रहूंगी। तब एक साध्वी को वहीं छोड़कर सभी आर्यिकाएं चैत्यवंदन के लिए चली गईं। सबके जाने के पश्चात् उस परिव्राजिका साध्वी ने उस तरुण साध्वी से कहा—पहले तुम्हारा पति तुमसे वितृष्ण हो गया था। अब उसके मन में तुम्हारे प्रति अत्यधिक स्नेह उभरा है और वह तुम्हें पाने के लिए उत्कंठित है। ऐसा कहकर वह उसे प्रव्रज्या से च्युत कर देती है। (गा. २८४८, २८६२, २८६३ टी. प. ३,५,६)

११५. जम्बूवृक्षवासी और वटवृक्षवासी

एक नगर में दो गृहस्थों के घर दो भिन्न-भिन्न वृक्ष थे। एक के घर में वटवृक्ष और दूसके के घर में जम्बूवृक्ष था। एकदा एक आचार्य अपने शिष्य परिवार के साथ वहां आए और वटवृक्षवासी गृहस्थ को शय्यातर का लाभ दिया। दोनों गृहस्थों ने अपना-अपना दूसरा मकान बनाया। उन दोनों मकानों में कापोत रहने लगे। दोनों ने उसे अमंगल माना। उन्होंने नैमित्तिक से पूछा कि इस अमंगल का निवारण कैसे हो सकता है ? नैमित्तिक ने कहा—वटवृक्षवासी जम्बूवृक्षवासी के घर में रहने लग जाए और जम्बूवृक्षवासी वटवृक्षबासी के घर में रहने लग जाए तो दोनों के अमंगल का निवारण हो जाएगा। फिर कुछ दिन वहां रहकर अपने-अपने मूल घर में चले जाएं। उन दोनों ने वैसे ही किया। अब वे सुखपूर्वक रहने लगे।
(गा. २८८०, २८८१ टी. प. ६)

११६. कोशलदेश के आचार्य

कोशलदेश के एक आचार्य अपने सद् अनुष्ठान से एक श्राविका को उपशांत कर अपने देश लौट गये। श्राविका एक अन्य गच्छ के आचार्य के पास निष्क्रमण करने के लिए उपस्थित हुई और बोली—आप मुझे प्रव्रजित करें, किन्तु मेरे तो वे ही कोशलदेशवासी आचार्य होंगे। आचार्य ने उसे दीक्षित कर दिया। वह कोशलदेश के आचार्य के पास जाना चाहती थी। आचार्य ने उसका निषेध किया। वह आज्ञा का उल्लंघन कर कोशलदेशवासी आचार्य के पास चली गई। उस कोशलक ने उसे स्वीकार कर लिया। वह नष्ट हो गई। (गा. २६५६, २६५७ टी. प. २४)

११७. राजाज्ञा की अवमानना

एक राजा था। उस राज्य में म्लेच्छ सैनिकों का भय था। वे राज्य को नष्ट-भ्रष्ट कर देंगे, इस भय से राजा ने अपने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जनपद में यह घोषणा कराई कि म्लेच्छ सैनिक आकर जनपद को लूटना चाहते हैं इसलिए जनता सारी दुर्ग में आ जाए। जिन लोगों ने राजाज्ञा का पालन किया, वे म्लेच्छों के भय से मुक्त हो गए। जिन्होंने राजाज्ञा को नहीं माना, जनपद में ही रहे, म्लेच्छों ने उन्हें लूटा, मारा और जो बच गए थे उनको राजा ने राजाज्ञा न मानने के अपराध में दंडित किया।

(गा. ३१०३ टी. प. ४६)

११८. राजा का पारितोषिक

एक राजा था। उसके पांच मुख्य सेवक थे। एक बार उन पांचों ने राजा को दुर्ग से बचाया था। पांचों में से एक ने परम साहस का परिचय देकर राजा को संतुष्ट किया था। राजा पांचों के साहस से प्रसन्न होकर इस एक सेवक के अतिरिक्त चारों सेवकों से कहा—मैं तुम पर प्रसन्न हूं। इस नगर की गलियों में, दुकानों में तथा अन्यान्य मार्गों में जहां कहीं से भी तुमको जो आहार, वस्त्र आदि लेने हों, वे लो, उनका मूल्य राज्य से चुकाया जाएगा। वे चारों सेवक बहुत प्रसन्न हुए। और अब अपनी आवश्यकतानुसार वस्त्र, भोजन, सामग्री आदि प्राप्त करने लगे। राजा उन-उन व्यापारियों की वस्तुओं का मूल्य चुका देता। एक अति साहसी सेवक पर परम प्रसन्न होकर राजा ने कहा—तुम कहीं से भी आहार-वस्त्र आदि ले सकते हो। केवल वीथि या दुकानों से ही नहीं, घरों से भी वस्तुएं ले सकते हो। मूल्य राजकोष से चुका दिया जाएगा। वह सेवक अतिरिक्त पारितोषिक पा प्रसन्न हुआ।

(गा. ३१०६-३१०८ पत्र ४७)

११६. राजा का विवेक

एक वणिक् था। उसकी पत्नी गर्भवती थी। वह वणिक् अचानक मर गया। किसी ने जाकर राजा से कहा—देव ! पतिविहीन उस गर्भवती स्त्री के पास धन है। राजा ने कहा—उसका धन उसी के पास रहने दो। यदि उसके लड़का होगा तो वह धन उसका हो जाएगा और यदि कन्या होगी तो उसके भरण-पोषण योग्य तथा विवाह योग्य धन उसके काम आ जाएगा।

(गा. ३२५१ टी. प. ७१)

१२०. क्षुल्लक की युक्ति और साहस

एक गांव था। वहां मालव देश के शबरजातीय सैनिकों ने पड़ाव डाला। वहां मनुष्यों का अपहरण करने वाले कुछ चोरों ने एक आर्यिका का और एक क्षुल्लक मुनि का अपहरण कर लिया। वे दूसरे चोर को उन्हें सौंप, स्वयं अन्य के अपहरण के लिए निकल पड़े। वह चोर प्यास से आकुल-व्याकुल हो गया। वह पानी की खोज करने निकला। एक कुएं में पानी निकालने उतरा। क्षुल्लक ने सोचा—हम इतने सारे मुनि हैं और यह चोर अकेला है। क्या हम इसको नहीं जीत सकते ? यह सोचकर उसने आर्यिकाओं से कहा कि हम इस चोर पर पाषाण बरसाएं और उसे पत्थरों से ढक दें। आर्यिकाओं ने क्षुल्लक का समर्थन नहीं किया। तब क्षुल्लक ने सोचा, चोर हम सबको मार न डाले इसलिए उसने एक बड़ा पत्थर चोर पर लुढ़काया। यह देखकर सभी आर्यिकाओं ने एक साथ पाषाण लुढ़काए। पाषाणों से आक्रान्त होकर वह चोर मरण को प्राप्त हो गया। क्षुल्लक ने सभी आर्यिकाओं को सुरक्षित कर डाला।

(गा. ३२५२ टी. प. ७२)

१२१. लोभी अमात्य

एक राजा ने अमात्य को आज्ञा दी कि वह एक प्रासाद का शीघ्र ही निर्माण कराए। उसने प्रासाद बनाने के लिए कर्मकरों को नियुक्त किया। वह अमात्य अत्यंत लोभी था। वह कर्मकरों को द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से संक्लेश देता था। द्रव्य से—वह उन्हें असंस्कारित और लवणरहित सूखे चनों का थोड़ा-सा भोजन देता था। क्षेत्र से—वह उनसे अग्नि से संबंधित कार्य करवाता, पर अनुचित भक्त-पान देता था। काल से—भोजन भी वह सायंकाल देता। भाव से—उन कर्मकरों को विश्राम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने नहीं देता। उन्हें कठोर वचनों से ताड़ना देता और कर्मकरों को पूरा वेतन भी नहीं देता था। इन सब दुःखों से पीड़ित होकर सभी कर्मकर काम छोड़कर भाग गए। प्रासाद अर्धनिर्मित ही रह गया। राजा ने सारा वृत्तान्त जाना और अमात्य को दंडित किया। उसे अमात्यपद से हटाकर उसका सर्वस्व अपहृत कर लिया। (गा. ३६६२-६४ टी. प. ५६)

१२२. अट्टण मल्ल

उज्जयिनी नगरी में अट्टण नामक मल्ल रहता था। वह मल्ल विद्या में अत्यंत निपुण था। वह सदा विजयी होता था। समय बीता। वह वृद्ध हो गया। एक बार वह सोपारक नगर में मल्ल युद्ध करने गया और वहां पराजित हो गया। उसने प्रतिशोध की भावना से फलही नामक व्यक्ति को मल्लविद्या में निपुण किया। वह सोपारक नगरी में गया और मात्सिक मल्ल के साथ मल्लयुद्ध लड़ा। उस दिन जय-पराजय का निर्णय नहीं हो सका। दोनों मल्ल अपने-अपने स्थान पर गए। फलही मल्ल के परिचारकों ने पूछा —कहां-कहां चोट आई है। हम परिकर्म कर उसे ठीक कर देंगे। फलही मल्ल ने सब कुछ बता दिया। परिचारकों ने उचित विधि से शरीर का परिकर्म कर उसे स्वस्थ कर दिया। मात्सिक मल्ल गर्व से उन्मत्त हो उठा। परिचारकों के पूछने पर भी उसने कुछ नहीं बताया। उसने शरीर की पीड़ा को छुपा लिया। शरीर का परिकर्म नहीं हुआ। तीसरे दिन मल्लयुद्ध में वह पराजित हो गया। (गा. ३८४० टी. प. ३)

१२३. संस्कारदात्री मां ही है

एक बालक अधूरा नहाकर बाहर खेलने चला गया। वह खेलते-खेलते एक तिलों के ढेर पर पहुंचा और उस ढेर में घुस गया। लोगों ने उसे बालक समझ कर नहीं रोका। शरीर गीला था, इसलिए उस पर तिल लग गए। वह तिलों सहित घर आया। मां ने तिल देखे। उसके शरीर से सारे तिल झाड़ दिए और उन्हें एक पात्र में संगृहीत कर लिया। मां के मन में तिलों का लोभ जागा और उसने पुनः बालक को अधूरा स्नान करा कर भेजा। वह पुनः तिलों के ढेर पर गया और गीले शरीर से उस ढेर में प्रवेश कर तिलों सहित घर आ गया। मां ने उसे नहीं डांटा, न मनाही की। वह धीरे-धीरे तिल चुराने वाला बड़ा चोर बन गया। एक बार चोरी करते हुए उसे राजपुरुषों ने पकड़ लिया। राजा ने उसके वध की आज्ञा दे दी। वह मारा गया। राजा ने सोचा, यह बालक मां के दोष से चोर हुआ है। राजपुरुषों ने माता को दंडित करने के लिए उसके स्तन काट डाले। मां को दंड मिल गया। एक बार एक दूसरा बालक भी अपूर्ण स्नान कर तिलों के ढेर में जा छिपा। उसके गीले शरीर पर तिल चिपक गए। वह घर गया। मां ने उसे डांटते हुए कहा, पुनः ऐसा मत करना। उसने तिल शरीर से झाड़ कर मूल स्वामी को दे दिए। उस बालक में चोरी की आदत नहीं पड़ी। वह सुखपूर्वक अपना जीवन व्यतीत करने लगा। मां को भी स्तनछेद जैसी पीड़ा सहन नहीं करनी पड़ी। (गा. ४२०८ टी. प. ५२)

१२४. दूध रक्त बन गया

कलिंग जनपद में कांचनपुर नाम का नगर था। वहां अनेक बहुश्रुत आचार्य रहते थे। उनका शिष्य परिवार बृहद् था। एक बार वे अपने शिष्यों को सूत्र और अर्थ की वाचना देकर संज्ञाभूमि में गए। अन्तराल में उन्होंने एक विशाल वृक्ष के नीचे एक स्त्री को रोते हुए देखा। दूसरे, तीसरे दिन भी यही देखा। आचार्य को आशंका हुई। उन्होंने उस स्त्री से पूछा—तुम क्यों रो रही हो ? उसने कहा— मैं इस नगर की अधिष्ठात्री देवी हूं। यह नगर शीघ्र ही जल-प्रवाह से आप्लावित होकर नष्ट हो जाएगा। यहां अनेक मुनि स्वाध्यायशील हैं। उनके विनाश को सोचकर मैं रो रही हूं। आचार्य ने पूछा —इस बात का प्रमाण क्या है ? उसने कहा—अमुक तपस्वी मुनि के पारणक में लाया हुआ दूध रक्त बन जाएगा। जहां जाने से वह पुनः स्वाभाविक रूप में आएगा वहां सुभिक्ष होगा और वहां सुखपूर्वक रहा जा सकेगा।

दूसरे दिन तपस्वी मुनि के पारणक में लाया हुआ दूध रक्त में बदल गया। तब संघ के प्रमुख व्यक्ति एकत्रित हुए, पर्यालोचन किया और समूचे संघ के साधुओं ने अनशन कर डाला। (गा. ४२७८ टी. प. ६१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२५. संलेखना की या नहीं ?

एक बार एक शिष्य आचार्य के पास भक्त प्रत्याख्यान अनशन की आज्ञा लेने उपस्थित हुआ। आचार्य ने पूछा—अनशन से पूर्व तुमने संलेखना की या नहीं ? शिष्य ने सोचा—आचार्य मेरे शरीर को देख रहे हैं जो केवल हड्डियों का ढांचा मात्र रह गया है फिर भी ये मुझे संलेखना की बात पूछ रहे हैं। यह सोचकर क्रोध के आवेश में उसने अपनी अंगुली तोड़कर दिखाते हुए कहा—क्या तुम्हें कहीं रक्त और मांस दिखता है ? सोचो, मैंने संलेखना की है या नहीं ? शिष्य को सुनकर आचार्य बोले—मैंने द्रव्य संलेखना के विषय में नहीं पूछा था। यह तो तुम्हारे शरीर को देखकर प्रत्यक्षतः जान लिया है। मैंने भाव-संलेखना के विषय में जानना चाहा था और यह स्पष्ट दीखता है कि तुमने भाव-संलेखना—कषायों का उपशमन नहीं किया है। जाओ, भाव संलेखना का अभ्यास करो और फिर अनशन की बात सोचना। (गा. ४२६०, ४२६१ टी. प. ६३)

१२६. आज्ञाभंग : मृत्यु का वरण

एक राजा ने अमात्य और कोंकण देशवासी नागरिक इन दोनों को अपराधी मानकर यह आज्ञा दी कि यदि दोनों पांच दिन के भीतर देश को छोड़कर नहीं जाएंगे तो उनका वध कर दिया जाएगा। दोनों ने आदेश सुना। कोंकण देशवासी नागरिक के पास तुम्बे और कांजी के पानी से भरे बर्तन थे। वह तत्काल तुम्बे और कांजी जल को छोड़कर उस देश से निकल गया। मंत्री घर पर आया। गाड़ी, बैल आदि की व्यवस्था कर घर को समेटने लगा। उस व्यवस्था में उसके पांच दिन निकल गए। छठे दिन राजा ने उसे शूली पर चढ़ा दिया। अमात्य मृत्यु को प्राप्त हो गया। (गा. ४२६२, ४२६३ टी. प. ६३)

१२७. आचार्य स्कंदक का प्रतिशोध

कुम्भकार नगर में दंडकी नाम का राजा राज्य करता था। उसकी पटरानी का नाम था पुरंदरयशा। पुरोहित का नाम था पालक। एक बार मुनि सुव्रत स्वामी के अंतेवासी शिष्य मुनि स्कंदक ग्रामानुग्राम विहार करते हुए वहां आए। राजा ने द्वेषवश उनके पांच सौ शिष्यों को कोल्हू में पील कर मार डाला। जब अंत में छोटे मुनि को पीलने लगे, तब आचार्य स्कंदक अत्यंत कुपित हो गए। उन्हें भी कोल्हू में पील डाला। वे मरकर अग्निकुमार देव के रूप में उत्पन्न हुए और अपने पूर्वभव का स्मरण कर दंडकी राजा के समस्त देश को भस्म कर डाला। आचार्य को छोड़ शेष सारे शिष्य समाधि-मरण से मरकर उच्च गति में गए। (गा ४४१७ टी. प. ७६)

१२८. राजसेवा का अवसर किसको ?

आचार्य कालक शकों को यहां लाए, उज्ञयिनी नगरी में शक राजा हो गया। शकों ने सोचा, राजा हमारी जाति का ही है। यह सोचकर वे गर्व से उन्मत्त हो राजा की उचित सेवा नहीं करते। तब राजा ने उन्हें अपने पास से हटा दिया। अब वे शक चोरी करने लगे, नगरवासियों ने राजा से शिकायत की। राजा ने उन सबको देश-निष्कासन का दंड दिया। वे उस देश से निकल गए। देशान्तर में जाकर वे एक राजा की उपासना करने लगे।

उनमें से एक व्यक्ति राजा के गमन-आगमन पर स्वयं आगे चलता, पार्श्ववर्ती होकर कभी दौड़ता। जब राजा खड़ा होता या बैठता तब वह भी सामने खड़ा रहता। राजा बैठने के लिए कहता तो वह नीचे भूमि पर बैठ जाता। कभी राजा के सामने भूमि पर बैठ जाता। राजा के इंगित को जानकर राजा की आज्ञा के बिना भी वह राजा के प्रयोजन को साध लेता। एक बार राजा पानी और कीचड़ के मध्य से गया। शेष सारे लोग सूखे तथा बिना कीचड़ वाले रास्ते से चले, किंतु वह सेवक घोड़े के आगे पानी और कर्दम के बीच ही चला। राजा उस पर तुष्ट हुआ और उसे बहुत धन देकर संतुष्ट किया।

दूसरे व्यक्ति के मन में यह गर्व था कि वह भी शक है, राजवंशीय है। इस गर्व से उन्मत्त होकर वह राजा का कार्य नहीं करता। जाति और कुल के अभिमान से वह स्वयं का बहुत सम्मान करता, भूमि पर नीचे नहीं बैठता था और न राजा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के आगे-आगे चलता था।

तीसरा व्यक्ति पहले व्यक्ति की भांति राजा की उपासना करता, पर वह राजा के अश्व के आगे नहीं चलता, किंतु उसके पीछे-पीछे चलता था। जब घोड़ा खड़ा रह जाता तब वह राजा की सेवा करता। वह सदा आसन पर ही बैठता, भूमि पर नहीं। राजा के भेजने पर वह प्रयोजन सिद्ध करता, न भेजने पर वह ऐसे ही बैठे रहता। रण में राजपुत्र की हैसियत से युद्ध करता।

चौथे व्यक्ति में न अर्थ का आकर्षण था और न मान-सम्मान था। इन चार में से दूसरे और चौथे व्यक्ति को राज-सेवा का अवसर नहीं दिया गया। (गा. ४५५७-५६ टी. प. ६४, ६५)

१२६. यथाकृत भोजन

एक गांव में अनेक साधुओं का आगमन हुआ। एक मुनि एक घर से रोटियां लाया। दूसरे मुनि ने भी वहीं से रोटी ग्रहण की। इसी प्रकार तीसरे, चौथे और पांचवें मुनि ने भी वहीं से आहार लिया। सभी आचार्य के पास आए। गोचरी दिखाई। गुरु ने देखा सभी के पात्रों में समान रोटियां हैं। उन्होंने सोचा, यह भिक्षा उद्गम आदि दोषों से युक्त तो नहीं है ? एक मुनि को उस घर में निरीक्षण करने भेजा। वह मुनि वहां गया और गृहस्वामी से पूछा—क्या आज आपके घर में कोई उत्सव विशेष है या कोई मेहमान आए हैं जो आपने इतना आरंभ-समारंभ किया है ? आपने मुनियों के लिए यह भोजन सामग्री बनाई है अथवा क्रीत की है ? मैं इस भिक्षा-वेला में किसी अतिथि को नहीं देख रहा हूं। मुनि ओजस्वी था। गृहस्वामी उससे प्रभावित हुआ और उसने कहा—यह भोजन यथाकृत है, औद्देशिक नहीं। मुनि को विश्वास हो गया। आचार्य के पास आकर उसने वस्तुस्थिति निवेदित कर दी। आचार्य ने उस घर को सब के लिए खोल दिया। (गा. ४५७६ टी. प. ६७)

१३०. समता का उत्कृष्ट उदाहरण

चिलातीपुत्र व्युत्सृष्ट-त्यक्तदेह होकर कायोत्सर्ग में थे। उसके शरीर पर लगे रक्त के गंध से पिपीलिका आदि जन्तु शरीर पर चढ़े और उसको चालनी बना डाला। परन्तु वह क्षण भर के लिए भी विचलित नहीं हुआ।

१३१. साधना की परम कसौटी

कालादवैश्य मौद्गलशैल शिखर पर साधना रत था। एक प्रत्यनीक देव शृगाल का विकराल रूप बनाकर उसको खाने लगा। उसने उस उपद्रव को समभाव से सहा।

१३२. बांसों का झुरमुट

एक मुनि प्रायोपगमन अनशन में स्थित था। उसे अनशन में देखकर कुछ प्रत्यनीक व्यक्तियों ने उसे उठाकर बांस के झुरमुट पर बिठा लिया। बांस फूटने लगे। उन बढ़ते हुए बांसों ने मुनि को बींध डाला और ऊपर उछाल दिया। पर मुनि ने उस वेदना को समभाव से सहा।

१३३. पिता-पुत्र और शृगाली

अवंतीसुकुमाल अपने बाल पुत्र के साथ साधना में थे। शृगाली ने उन्हें तीन रात तक खाया।

(गा. ४४२५ टी. प. ८०)

१३४. अनशन में उत्कट वेदना

कुछ मुनि पादपोपगमन अनशन में स्थित थे। वे प्रदेश विशेष में नदी के किनारे एक स्थान पर अपने शरीर का त्याग कर साधना में संलग्न हो गए। पानी बरसा। उफनती नदी के पानी में बहते हुए वे नदी के एक संकरे स्रोत में फंस गए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदना को समभाव से सहकर दिवंगत हो गए। (गा. ४४२६ टी. प. ८०)

१३५. म्लेच्छ की मनोकामना

बत्तीस मित्र एक साथ पादपोपगमन अनशन कर स्थित हो गए। उस द्वीप में म्लेच्छ रहते थे। एक तृप्त म्लेच्छ ने देखा और सोचा, ये कल मेरे भोजन के लिए काम आयेंगे। यह सोचकर उसने उनको एक वृक्ष पर लटका दिया। वे उस वेदना को समभावपूर्वक सहन कर दिवंगत हो गए। (गा. ४४२८ टी. प. ८०)

व्यवहार भाष्य की कुछ कथाएं अन्य ग्रन्थों में भी मिलती हैं। यहां हम तुलनात्मक चार्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

संख्या	व्यभा	अन्य ग्रंथ
४.	६३ टी. प. २४	निभा. १२ चू. पृ. ८।
५-६.	६३ टी. प. २४-२५	निभा. १३ चू. पृ. ६, १० दशनि[1] ४६ अचू. पृ. २३।
७.	६३ टी. प. २५	निभा. १४ चू. पृ. १०, ११ दशनि १५८ अचू. पृ. ५२
८.	६३ टी. प. २५, २६	निभा. १५ चू. पृ. ११ दशनि १५८ अचू. पृ. ५२।
९.	६३ टी. प. २६	निभा. १६ चू. पृ. १२, दशनि १५८ अचू. पृ. ५३।
१०.	६४ टी. प. २७	निभा. ३२ चू. पृ. २०, दशनि १५७ अचू. पृ. ५०।
११.	६४ टी. प. २७	निभा. ३२ चू. पृ. २०, दशनि १५७ अचू. पृ. ५०५१।
१२.	३२१ टी. प. ४४	निभा. ६३६६ चू. पृ. ३०४।
१३.	३२३ टी. प. ४५	निभा. ६३६६ चू. पृ. ३०६।
१४.	३२३ टी. प. ४६	निभा. ६३९६ चू. पृ. ३०६।
१५.	३२६, ३३० टी. प. ४६	निभा. ६४०५, ६४०६ चू. पृ. ३१०।
१६.	३२३ टी. प. ४६	निभा. ६३६६ चू. पृ. ३०६।
१७.	३३३, ३३४ टी. प. ५१	निभा. ६४०८-६४०६ चू. पृ. ३११।
१८.	३३७, ३३८ टी. प. ५२	निभा. ६४१२, ६४१३ चू. पृ. ३१२।
१९.	४४८, ४४६ टी. प. ६२	निभा. ६५१३, ६५१४ चू. पृ. ३४२।
२०.	४५० टी. प. ६४	निभा. ६५१५ चू. पृ. ३४२।
२१.	४५२ टी. प. ६४	निभा. ६५१७ चू. पृ. ३४३।
२२.	४५४ टी. प. ६५	निभा. ६५२२ चू. पृ. ३४५।
२३, २४.	४५४, ४५५ टी. प. ६५	निभा. ६५२१ चू. पृ. ३४४।
२५.	४८१ टी. प. ३	निभा. ६५४१ चू. पृ. ३५०।
२६.	५१७ टी. प. १७	निभा. ६५७५ चू. पृ. ३६१, ३६२।
२७.	५५५ टी. प. ३२	निभा. ६६०१ चू. पृ. ३७४।
२८.	५८० टी. प. ४०	निभा. ६६२४ चू. पृ. ३८०।
२९.	५८१ टी. प. ४०	निभा. ६६२५ चू. पृ. ३८०।

१. दशवैकालिक निर्युक्ति की संख्या संपादित एवं अप्रकाशित निर्युक्ति की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०, ३१.	५८०, ५८१ टी. प. ४०	निभा. ६६२५ चू. पृ. ३८१।
३२, ३३.	५८१ टी. प. ४०,४१	निभा. ६६२५ चू. पृ. ३८१।
३४.	५८६ टी. प. ४२	निभा. ६६२८ चू. पृ. ३८२।
५६.	११२५-११३१ टी. प. ३६	बृभा. ६२४३-४६।
७६.	१६०१ टी. प. ५२	निभा. ५७५ चू. पृ. २२।
११७.	३१०३ टी. प. ४६	निभा. ६०७६ चू. पृ. २२६।
१२४.	४२७८ टी. प. ६१	निभा. ३८४६।
१२५.	४२६०, ४२६१ टी. प. ६३	निभा. ३८५८।
१२६.	४२६२, ४२६३ टी. प. ६३	निभा. ३८५६ चू. पृ. २६६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिभाषाएं

अंजलिप्रग्रह—अंजलिप्रग्रहो गुरुमुखे दृष्टिर्बुद्ध्युपयुक्तता। (गा. २६५५ टी. प. ३८)

अकुत्कुच—अकुत्कुचो हस्तपादमुखादिविरूपचेष्टारहितः। (गा. १४८२ टी. प. २६)

अणिकेत—अणिययचारि अणिययवित्ती अगिहितो वि होति अणिकेतो। (गा. ४०८६)

अदम्भग—अदम्भको वञ्चनानुगतवचनविरहितः। (गा. १४८२ टी. प. २६)

अध्यवसायी—या कर्त्तव्ये व्यवसायाधिकारिणी नालस्येनोपहता तिष्ठति साध्यवसायिनी। (गा. २३८७ टी. प. १८)

अनवक—यः प्रव्रज्यापर्यायेण त्रिवर्षोत्तीर्णः सोऽनवक उच्यते। (गा. १५७८ टी. प. ४७)

अनाभोग—अनाभोगो नाम एकान्तविस्मरणम्। (गा. ३६७६ टी. प. ५६)

अनिश्रित—अनिश्रितं नाम यत्र पुस्तके लिखितमपेक्षते अभाषितं वा परैर्व्याजेन उदीरितं वा यदवगृह्णाति तदनिश्रितम्।
(गा. ४१०८ टी. प. ४०)

अनुकम्पा—अनुकम्पनं दुःखार्त्तस्यानुकम्पाकरणं बालवृद्धासहान् यथादेशकालमनुकम्पते। (गा. १५०७ टी. प. ३३)

अनुज्ञा—सूत्रार्थयोरन्यप्रदानं, प्रदानं प्रत्यनुमननम्। (गा. ११४ टी. प. ४०)

अनुशासन—सामाचारीतः प्रतिभज्यमानान् कथंचिद् रुष्टान् वा यदनुशास्ति तदनुशासनम्।
- यदि वा यो यथोक्तकार्येऽपि सन् कथंचिन्न कुरुते तत्कस्यचिच्छिक्षणमेतत्तदकृत्यमिति खग्गूडान्वानुशास्ति एतदनुशासनम्।

(गा. १५०७ टी. प. ३३)

अनुशिष्टि—उपदेशप्रदानमनुशिष्टिः स्तुतिकरणं वा अनुशिष्टिः। (गा. ५६० टी. प. ३४)

अबहुश्रुत—अबहुश्रुतो नाम येनाचारप्रकल्पो निशीथाध्ययननामकः सूत्रतो अर्थतश्च नाधीतः। (गा. १६४७ टी. प. ६२)

अभिनिचरिका—अभिनिचरिका आभिमुख्येन नियता चरिका सूत्रोपदेशेन बहिर्व्रजिकादिषु दुर्बलानामाप्यायननिमित्तं पूर्वाह्ले काले समुत्कृष्टं समुदानं लब्धुं गमनं अभिनिचरिका। (गा. २०७५ टी. प. ६६)

अभिनिर्वगडा—अभि प्रत्येकं नियतो वगडा परिक्षेपो यस्यां सा अभिनिव्वगडा। (गा. २७२६ टी. प. ५०)

अभिन्नाचार—अभिन्नेन केनचिदप्यतिचारविशेषेण अखण्डित आचारो ज्ञानाचारादिको यस्यासावभिन्नाचारः।
(गा. १४७८ टी. प. २८)

अभिवर्धित (मास)—अभिवड्ढिए य तत्तो इति ततश्चतुर्थादादित्यान् मासादनंतरपंचमो मासोऽभिवर्द्धितः।
(गा. १६८ टी. प. ७)

